सीकर	10 27	10 07	10 19	10 02	09 03	08 36	08 31	08 07	09 00	08 59	08 55	09 55	09 49
हरिद्वार	10 20	10 01	10 12	09 52	08 51	08 21	08 13	07 48	08 42	08 43	08 41	09 45	09 41
हिसार	10 28	10 09	10 20	10 01	09 01	08 32	08 25	08 00	08 54	08 54	08 52	09 54	09 50
होशियारपुर	10 33	10 15	10 24	10 02	09 00	08 29	08 19	07 53	08 49	08 51	08 50	09 56	09 54

गण्डमूल नक्षत्रों का प्रारम्भ एवम् समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.)

(1 जनवरी, सन् 2010 से 3 अप्रैल, सन् 2011 ई. तक)

प्रारम्भ		समाप्त		प्रारम्भ		समाप्त		प्रारम्भ		समाप्त		प्रारम्भ		समाप्त	
2010 ई.	घं. मि.	2010 ई.	घं. मि.	2010 ई.	घं. मि.	2010 ई.	घं. मि.	2010 ई.	घं. मि.	2010 ई.	घं. मि.	2010 ई.	घं. मि.	2010 ई.	घं. मि.
3 जन.	1 12	4 जन.	20 23	1 मई	3 23	3 मई	5 36	28 अग.	5 45	30 अग.	10 27	24 दिसं.	12 21	26 दिसं.	9 02
11 जन.	20 18	14 जन.	1 02	10 मई	23 43	13 मई	1 52	6 सितं.	8 37	8 सितं.	2 55	(सन् 2011 ई.)			
21 जन.	21 05	23 जन.	23 50	19 मई	20 44	21 मई	17 54	14 सितं.	13 41	16 सितं.	16 12	2 जन.	1 57	4 जन.	2 46
30 जन.	12 28	1 फर.	6 31	28 मई	12 10	30 मई	14 15	24 सितं.	11 36	26 सितं.	16 07	11 जन.	18 29	13 जन.	23 34
8 फर.	2 05	10 फर.	6 57	7 जून	8 16	9 जून	10 49	3 अक्तू.	17 49	5 अक्तू.	13 19	20 जन.	21 18	22 जन.	16 34
18 फर.	3 01	20 फर.	6 21	16 जून	3 05	17 जून	23 26	11 अक्तू.	22 25	13 अक्तू.	23 40	29 जन.	7 47	31 जन.	9 25
26 फर.	23 45	28 फर.	17 57	24 जून	19 23	26 जून	21 58	21 अक्तू.	18 07	23 अक्तू.	22 11	8 फर.	1 54	10 फर.	7 33
7 मार्च	9 08	9 मार्च	13 20	4 जुला.	16 27	6 जुला.	19 52	31 अक्तू.	0 37	1 नवं.	21 35	17 फर.	8 14	19 फर.	2 46
17 मार्च	8 52	19 मार्च	11 52	13 जुला.	11 36	15 जुला.	6 38	8 नवं.	8 28	10 नवं.	8 42	25 फर.	13 22	27 फर.	14 56
26 मार्च	8 53	28 मार्च	4 19	22 जुला.	1 15	24 जुला.	4 25	18 नवं.	1 46	20 नवं.	5 41	7 मार्च	8 21	9 मार्च	14 08
3 अप्रै.	17 54	5 अप्रै.	20 58	31 जुला.	23 36	3 अग.	3 54	27 नवं.	5 59	29 नवं.	3 32	16 मार्च	18 59	18 मार्च	14 04
13 अप्रै.	15 42	15 अप्रै.	18 06	9 अग.	21 57	11 अग.	16 06	5 दिसं.	18 09	7 दिसं.	18 14	24 मार्च	20 44	26 मार्च	21 06
22 अप्रै.	15 22	24 अप्रै.	12 09	18 अग.	6 52	20 अग.	10 07	15 दिसं.	10 11	17 दिसं.	14 31	3 अप्रै.	14 22	— — —	— — —

पंचकों का प्रारम्भ एवम् समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.)

(1 जनवरी, सन् 2010 से 3 अप्रैल, सन् 2011 ई. तक)

प्रारम्भ		समाप्त		प्रारम्भ		समाप्त		प्रारम्भ		समाप्त		प्रारम्भ		समाप्त	
2010 ई.	घं. मि.	2010 ई.	घं. मि.	2010 ई.	घं. मि.	2010 ई.	घं. मि.	2010 ई.	घं. मि.	2010 ई.	घं. मि.	2011 ई.	घं. मि.	2011 ई.	घं. मि.
17 जन.	23 35	22 जन.	22 48	3 जून	10 55	8 जून	9 53	20 सितं.	13 36	25 सितं.	14 00	7 जन.	20 32	12 जन.	21 14
14 फर.	5 43	19 फर.	4 55	30 जून	18 32	5 जुला.	18 29	17 अक्तू.	20 13	22 अक्तू.	20 20	4 फर.	4 00	9 फर.	4 51
13 मार्च	12 05	18 मार्च	10 33	28 जुला.	1 22	2 अग.	2 00	14 नवं.	3 49	19 नवं.	3 57	3 मार्च	10 18	8 मार्च	11 18
9 अप्रै.	19 09	14 अप्रै.	17 08	24 अग.	7 33	29 अग.	8 16	11 दिसं.	12 11	16 दिसं.	12 36	30 मार्च	16 07	— — —	— — —
7 मई	2 54	12 मई	1 05												

रविवार कैलेण्डर (1 जनवरी, सन् 2010 से 31 मार्च सन् 2011 ई. तक)

2010 ई.	रविवार की तारीखें					2010 ई.	रविवार की तारीखें					2010 ई.	रविवार की तारीखें					2011 ई.	रविवार की तारीखें				
जनवरी	3	10	17	24	31	मई	2	9	16	23	30	सितंबर	5	12	19	26	—	जनवरी	2	9	16	23	30
फरवरी	7	14	21	28	—	जून	6	13	20	27	—	अक्तूबर	3	10	17	24	31	फरवरी	6	13	20	27	—
मार्च	7	14	21	28	—	जुलाई	4	11	18	25	—	नवंबर	7	14	21	28	—	मार्च	6	13	20	27	—
अप्रैल	4	11	18	25	—	अगस्त	1	8	15	22	29	दिसंबर	5	12	19	26	—						

14 अप्रैल, सन् 2010 ई. को हरिद्वार में 'कुम्भ-महापर्व'

(कुम्भपर्व का माहात्म्य और उसकी स्नान–तिथियां)

लेखक –प्रियव्रत शर्मा,

समुद्रमन्थन से प्राप्त अमृतकलश को इन्द्र का पुत्र जयन्त राक्षसों से दूर देवताओं की अनुमति से लेकर भागा तो राक्षसों और देवताओं के मध्य अमृतप्राप्ति के लिए बारह दिव्य दिन (बारह सौर वर्ष) तक घमासान युद्ध हुआ। इस युद्ध के दौरान अमृतकलश को राक्षसों से बचाने के लिए उसे कभी प्रयाग, कभी उज्जैन, कभी हरिद्वार और कभी गोदावरी तट पर नासिक में छिपाया गया। इन चारों स्थलों पर अमृतकलश से अमृत के बिन्दु छलक कर गिरे। इसीलिए इन चारों स्थलों पर बारह सौर वर्षों में एक–एक बार कुम्भपर्व मनाया जाता है। इस अमृतकलश को देवासुरसंग्राम के दिनों में सूर्य ने फूटने से बचाया और गुरु (बृहस्पति) ने इसकी देखभाल (सुरक्षा) की। यही कारण है, कि– इन दोनों की विशेष राशियों में स्थिति के समय इन चार स्थलों पर कुम्भपर्व मनाये जाते हैं। कहीं ऐसा भी लिखा है कि– दैत्य–देवों की छीना–झपटी में अमृतकलश से अमृत की चार बूंदें हरिद्वार आदि में गिरीं, इसलिए इन स्थलों पर कुम्भपर्व मनाये जाते हैं।

कुम्भ राशिस्थ बृहस्पति के समय जिस दिन सूर्यदेव मेषराशि में प्रवेश करते हैं, उस दिन हरिद्वार में कुम्भपर्व मनाया जाता है। इस दिन हरिद्वार में गंगास्नान से मोक्ष की प्राप्ति होती है –

'' कुम्भराशिगते जीवे मेषराशिगते रवौ।
हरिद्वारे कृतं स्नानं पुनरावृत्ति–वर्जनम्।।''

इसवर्ष (सं. 2067 वि. में) 14 अप्रैल, 2010 ई. के दिन भा. स्टैं. टा. अनुसार 6 बजकर 57 मिनट पर सूर्यदेव मेष राशि में प्रविष्ट होंगे। इस समय बृहस्पति कुम्भराशि में होगा। इसलिए इस दिन (14 अप्रैल को) शास्त्रानुसार हरिद्वार में कुम्भ–महापर्व पर गंगास्नान एवं दान, जप से महापुण्य प्राप्त होगा। **मेषसंक्रान्ति का पुण्यकाल 14 अप्रैल, 2010 ई. को हरिद्वार में मध्याह्न(12 बजकर 18 मिनट)** तक रहेगा–" **मध्यरात्रात् परतः संक्रांतौ परदिनस्य पूर्वार्धं पुण्यम्।**"–(*धर्मसिन्धु*) (अर्थात् यदि संक्रान्ति अर्धरात्रि के बाद हो तो उसका पुण्यकाल दूसरे दिन के पूर्वार्ध में रहता है)।क्योंकि संक्रान्ति के पुण्यकाल में ही तीर्थस्थानों, पवित्र नदियों में स्नान एवं दान–जप आदि का विशेष महत्त्व शास्त्रों में स्थान–स्थान पर वर्णित है, अतः हरिद्वार **के कुम्भपर्व पर एकत्रित धार्मिक लोगों को 14 अप्रैल, सन् 2010 ई. को मेष संक्रान्ति के पुण्यकाल में (सूर्योदय से पहले अरुणोदयकाल से लेकर दोपहर के 12 बजकर 18 मिनट तक) हरिद्वार में गंगास्नान करने से चूकना नहीं चाहिए।** शास्त्रीय निर्देश के अनुसार हरिद्वार के इस कुम्भपर्व का वास्तविक योग 14 अप्रैल, सन् 2010 ई. को मेषसंक्रान्ति के पुण्यकाल में ही बनता है। प्रमुख शाही स्नान (जिसमें पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य एवं अखाड़ों के प्रमुख साधु–सन्त, महन्तश्री आदि गंगा में स्नान करते हैं)।14 अप्रैल को ही होगा।

जो लोग किसी कारणवश संक्रान्ति–पुण्यकाल में स्नान न कर सकें, वे उसके बाद भी स्नान कर सकते हैं, क्योंकि संक्रान्ति–पुण्यकाल से रहित काल को भी कुम्भपर्व पर स्नान–दानार्थ समानरूप से माहात्म्य वाला माना गया है।

कुम्भपर्व पर स्नान का माहात्म्य

कुम्भपर्व पर समस्त भारत ही नहीं, विश्व के विभिन्न देशों से असंख्य ब्रह्मनिष्ठ, तपोधन महात्मा लोग हरिद्वार में एकत्र होकर गंगा में स्नान करने के लिए अपने–अपने सम्प्रदाय के महात्माओं के साथ विशिष्ट साज–सज्जा के साथ शोभायात्रा के रूप में निकलते हैं, जिनके दर्शन से धार्मिक लोग अपने जीवन को कृत–कृत्य करते हैं। इस अवसर पर तपःपूत मूर्धन्य महान् आत्माओं का यह अपूर्व सम्मेलन वस्तुतः दर्शनीय होता है। इस महापर्व पर श्रीगंगा जी में स्नान से मोक्ष की प्राप्ति तथा सभी प्रकार की लौकिक कामनाओं की उपलब्धि की शास्त्रों में चर्चा है। शास्त्र कहते हैं– इस पर्व पर गंगास्नान से उपलब्ध होने वाले माहात्म्य का बखान करना तो ब्रह्मा जी के लिए भी संभव नहीं–

" कुम्भराशिगते जीवे यद्दिने मेषगो रविः।
हरिद्वारे कृतं स्नानं पुनरावृत्ति– वर्जनम्।।"
" लोके 'कुम्भ' इति ख्यातः जानीयात् सर्वकामदः।
गंगायां स्नानमाहात्म्यं नालं वक्तुं चतुर्मुखः।।"

एक परम्पराप्राप्त वाक्य में तो कुम्भपर्व पर किए गए गंगास्नानजन्य फल को हज़ारों अश्वमेध एवं सैकड़ों वाजपेय यज्ञों तथा समस्त पृथ्वी की लाख बार की गई प्रदक्षिणा से प्राप्त फल से भी कहीं बढ़कर बतलाया गया है,–

"अश्वमेधसहस्राणि वाजपेयशतानि च। लक्षं प्रदक्षिणा भूमेः कुम्भस्नानेन तत्फलम्।।"

सन् 2010 ई. में हरिद्वार कुम्भ–महापर्व के विशेष स्नानदिन

कुम्भपर्व पर स्नान–दान से पुण्यार्जन करने के इच्छुक असंख्य श्रद्धालु लोग तो

कुम्भ– पर्व के प्रधान स्नान–दिन से दो–अढाई मास पूर्व ही श्रीगंगा के तट पर आ बसते हैं। ऐसे श्रद्धालुओं के लिए पुण्यार्जन–निमित किए जा रहे तीर्थप्रवास के इन दिनों में अनेक विशेष पर्व आते हैं, जिनमें गंगास्नान का परम्परया बहुत विशेष माहात्म्य माना गया है। इन स्नान–दिनों को कुम्भपर्व का ही अङ्ग माना गया है। इस वर्ष हरिद्वार के इस कुम्भ–पर्व का प्रमुख स्नान तो 14 अप्रैल को ही होगा, लेकिन इसके अङ्गभूत अन्य स्नानदिन (जिनमें धार्मिक लोग गंगास्नान करके परमपुण्य प्राप्त कर सकेंगे) इस प्रकार हैं–

(i) माघी अमा (15 जन.)। इस दिन सूर्य ग्रहण भी है, जिससे इस स्नान का माहात्म्य और भी बढ़ जाता है। इस दिन हरिद्वार में ग्रहण के स्पर्श–मोक्षकाल की अवधि में स्नान–दानादि से अभीष्ट फलप्राप्ति की विशेष चर्चा शास्त्रों में की गई है। हरिद्वार में इसदिन सूर्य ग्रहण का प्रारम्भ (स्पर्श)11 घं. 58 मि.30 से. और समाप्ति (मोक्ष)15 घं. 11 मि. 59 से. (भा. स्टैं. टा.) पर है। ग्रहण की इस अवधि में स्नान–दानादि से धर्मनिष्ठ सज्जनों को बिल्कुल चूकना नहीं चाहिए।

(ii) वसन्त पंचमी (20 जनवरी)।
(iii) आरोग्य(रथ)सप्तमी (22 जनवरी)।
(iv) भीष्माष्टमी (23 जनवरी)।
(v) माघी पूर्णिमा (30 जनवरी)।
(vi) श्रीमहाशिवरात्रि व्रतदिन एवं कुम्भ–संक्रान्ति (12 फरवरी)। यह कुम्भपर्व का विशेष स्नानदिन है। इस दिन **प्रथम शाही स्नान** होगा, जिसमें दशनाम सम्प्रदाय के संन्यासी स्नान करते हैं। इस दिन कुम्भ संक्रान्ति भी है। संक्रान्तिदिन होने से इसदिन स्नान–दानादि का विशेष माहात्म्य शास्त्रप्रतिपादित है। संक्रान्ति–पुण्यकाल (जो अगले दिन यानी 13 फरवरी को मध्याह्न तक है) में भी स्नान–दान से धर्मप्रवृत्त लोगों को पुण्यार्जन अवश्य करना चाहिए।
(vii) **शनैश्चरी अमा** (13 फरवरी)।
(viii) मीन–संक्रान्ति (14 मार्च)।
(ix) चैत्री अमावस/सोमवती अमावस (15 मार्च)। यह भी कुम्भपर्व का **विशेष स्नानदिन** है। इस दिन कुम्भपर्व का **द्वितीय शाही स्नान** होगा, जिसमें षड्दर्शन के संन्यासी स्नान करते हैं।
(x) चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, नवरात्र एवं नववर्ष प्रारम्भ (16 मार्च)।
(xi) महाविषुवदिन (20 मार्च)।
(xii) श्रीरामनवमी (24 मार्च)।
(xiii) चैत्री पूर्णिमा (30 मार्च)।
(xiv) मेष–संक्रान्ति (14 अप्रैल)। कुम्भपर्व का यह प्रमुख स्नानदिन है, जहां तृतीय(प्रमुख)शाही स्नान होगा। इस स्नान में षड्दर्शन के शंकराचार्यादि सन्त–महात्मा अपने विद्वान् शिष्यों सहित शान–शौकत से भाग लेते हैं। ध्यान रहे– इस दिन अमा भी है, जिससे इस कुम्भपर्व के स्नानादि का माहात्म्य और भी बढ़ जाता है।
(xv) वृषसंक्रान्ति एवं अमावस्या (14 मई)।
(xvi) श्रीपरशुराम जयन्ती एवं अक्षय तृतीया (16 मई)।
(xvii) श्रीशंकराचार्य जयन्ती (18 मई)।
(xviii) श्रीगंगा–जन्म (20 मई)।
(xix) वैशाखी पूर्णिमा (कुम्भपर्व का अन्तिम स्नान) (27 मई)।

इन स्नानदिनों के अतिरिक्त कुम्भपर्व पर हरिद्वार में प्रवास करने वाले धार्मिक जनों को सभी एकादशी व्रतों के दिनों में भी गंगास्नान का पुण्य प्राप्त करना चाहिए।

कुम्भपर्व पर गंगास्नान–पूजन–विधि

(प्रियव्रत शर्मा द्वारा रचित "व्रत–पर्व विवेक" से उद्धृत)

नित्य स्नान, पूजा आदि के पश्चात् प्रमुखस्नान के दिन (14 अप्रैल, 2010 ई. को) अरुणोदयकाल में स्नान से पूर्व स्नानकर्ता यह संकल्प करे–

ओम् विष्णुः विष्णुः विष्णुः, अद्य ब्रह्मणो वयसो द्वितीयपरार्धे श्रीश्वेतवाराहकल्पे जम्बूद्वीपे भारतवर्षे शोभन–नामसंवत्सरे मेषसंक्रान्तिपर्वणि, कुम्भस्थे गुरौ बुधवासरे अमुकगोत्रः अमुकनामाऽहम् अद्यावधि बोधाबोधपूर्वं कृतानां पापानां मार्जनाय जन्म–मरणावर्त्तान्मुक्तये च भगवत्या गङ्गायाः श्रीशिवस्य च षोडशोपचारपूजनं विधाय गंगायाः पावनधारायां इह हरिद्वारे स्नानमाचरिष्यामि।

इस संकल्प के अनन्तर भगवत्स्मरणपूर्वक गंगास्नान करे। इस कुम्भ महापर्व के पर्वदेव 'शिव और गंगा' हैं, अतः इस दिन पापापहारिणी भगवती गंगा एवं जगद्रक्षक भगवान् शिव की षोडशोपचार पूजा करके गंगा में पुष्पाञ्जलि अर्पणपूर्वक स्नान करते हुए यह मन्त्र पढे–" ओम् पापानि हर मे गंगे मुक्तिं देहि परां गतिम्"।

(ध्यान रहे– कुम्भपर्व की अन्य तिथियों में भी उक्त विधि का ही अनुसरण धर्मनिष्ठ व्यक्ति को करना चाहिए। यदि स्नान अरुणोदय में न किया जा सके तो दिन के किसी भी भाग में स्नान किया जा सकता है किंवा स्नानकर्ता षोडशोपचार पूजा करने में यदि उस समय असमर्थ हो तो पंचोपचार अथवा मानसिक पूजा ही उसे उस समय कर लेनी चाहिए।)

स्नानानन्तर गंगा के तट पर बैठकर "ॐ नमः शिवाय" का जाप तथा "गंगालहरी" एवं 'शिव–स्तोत्र' आदि का पाठ करना चाहिए। अगले पृष्ठ पर दिए जा रहे भगवान् शिव के 'पंचाक्षरस्तोत्र' एवं 'श्रीगंङ्गाष्टक' का पाठ भी इस दिन अभीष्ट फलप्रद माना जाता है।

श्रीशिव-पञ्चाक्षर स्तोत्र

(श्रीमच्छङ्कराचार्य विरचित)

नागेन्द्रहाराय त्रिलोचनाय भस्माङ्गरागाय महेश्वराय।
नित्याय शुद्धाय दिगम्बराय तस्मै 'न' काराय नमः शिवाय॥१॥
मन्दाकिनीसलिलचन्दनचर्चिताय नन्दीश्वरप्रमथनाथमहेश्वराय।
मन्दारपुष्पबहुपुष्पसुपूजिताय तस्मै 'म' काराय नमः शिवाय॥२॥
शिवाय गौरीवदनाब्जवृन्दसूर्याय दक्षाध्वरनाशकाय।
श्रीनीलकण्ठाय वृषध्वजाय तस्मै 'शि' काराय नमः शिवाय॥३॥
वसिष्ठ- कुम्भोद्भव- गौतमार्य- मुनीन्द्रदेवार्चितशेखराय।
चन्द्रार्कवैश्वानरलोचनाय तस्मै 'व' काराय नमः शिवाय॥४॥
यक्षस्वरूपाय जटाधराय पिनाकहस्ताय सनातनाय।
दिव्याय देवाय दिगम्बराय तस्मै 'य' काराय नमः शिवाय॥५॥
पञ्चाक्षरमिदं पुण्यं यः पठेच्छिवसन्निधौ।
शिवलोकमवाप्नोति शिवेन सह मोदते॥६॥

श्रीगङ्गाष्टक

(महर्षि वाल्मीकिकृत)

मातः शैलसुतासपत्नि वसुधाशृङ्गारहारावलि
स्वर्गारोहणवैजयन्ति भवतीं भागीरथि प्रार्थये।
त्वत्तीरे वसतस्त्वदम्बु पिबतस्त्वद्वीचिषु प्रेङ्खत-
स्त्वन्नाम स्मरतस्त्वदर्पितदृशः स्यान्मे शरीरव्ययः॥१॥
त्वत्तीरे तरुकोटरान्तरगतो गङ्गे विहङ्गो वरं
त्वन्नीरे नरकान्तकारिणि वरं मत्स्योऽथवा कच्छपः।
नैवान्यत्र मदान्धसिन्धुरघटासङ्घट्टघण्टारण-
त्कारत्रस्तसमस्तवैरिवनितालब्धस्तुतिर्भूपतिः॥२॥
उक्षा पक्षी तुरग उरगः कोऽपि वा वारणो वा
वारीणः स्यां जननमरणक्लेशदुःखासहिष्णुः।
न त्वन्यत्र प्रविरलरणत्कङ्कणक्वाणमिश्रं
वारस्त्रीभिश्चमरमरुता वीजितो भूमिपालः॥३॥
काकैर्निष्कुषितं श्वभिः कवलितं गोमायुभिर्लुण्ठितं
स्रोतोभिश्चलितं तटाम्बुलुलितं वीचीभिरान्दोलितम्।
दिव्यस्त्रीकरचारु-चामर-मरुत्संवीज्यमानः कदा
द्रक्ष्येऽहं परमेश्वरि त्रिपथगे भागीरथि स्वं वपुः॥४॥
अभिनवबिसवल्ली पादपद्मस्य विष्णो-
र्मदनमथनमौलेः मालतीपुष्पमाला।
जयति जयपताका काप्यसौ मोक्षलक्ष्म्याः
क्षपितकलिकलङ्का जाह्नवी नः पुनातु॥५॥
एतत्ताल-तमाल-सालसरल-व्यालोलवल्लीलता-
च्छन्नं सूर्यकरप्रतापरहितं शङ्खेन्दु-कुन्दोज्ज्वलम्।
गन्धर्वामर-सिद्ध-किन्नरवधूतुङ्ग-स्तनास्फालितं
स्नानाय प्रतिवासरं भवतु मे गाङ्गं जलं निर्मलम्॥६॥
गाङ्गं वारि मनोहारि मुरारिचरणच्युतम्।
त्रिपुरारिशिरश्चारि पापहारि पुनातु माम्॥७॥
पापापहारि दुरितारि तरङ्गधारि
शैलप्रचारि गिरिराजगुहाविदारि।
झङ्कारकारि हरिपादरजोऽपहारि
गाङ्गं पुनातु सततं शुभकारि वारि॥८॥
गङ्गाष्टकं पठति यः प्रयतः प्रभाते
वाल्मीकिना विरचितं शुभदं मनुष्यः।
प्रक्षाल्य गात्र- कलिकल्मष- पङ्कमाशु
मोक्षं लभेत्पतति नैव नरो भवाब्धौ॥९॥

ग्रहण-विवरण (सं. 2067 वि.)

प्रियव्रत शर्मा

इस वर्ष सं. 2067 वि. (16 मार्च, 2010 ई. से 3 अप्रैल, सन् 2011 ई. तक की अवधि) में भूगोल पर निम्नांकित चार ग्रहण दिखाई पड़ेंगे–

(i) खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (26 जून, 2010 ई.)
(ii) खग्रास सूर्यग्रहण (11/12 जुलाई, 2010 ई.)
(iii) खग्रास चन्द्रग्रहण (21 दिसम्बर, 2010 ई.)
(iv) खण्डग्रास सूर्यग्रहण (4 जनवरी, 2011 ई.)

इनमें से 11/12 जुलाई, 2010 ई. वाला खग्रास सूर्यग्रहण और 21 दिसम्बर, 2010 ई. वाला खग्रास चन्द्रग्रहण– ये दोनों भारत में कहीं भी दिखाई नहीं पड़ेंगे। शेष दोनों ग्रहण भारत के कुछ प्रान्तों में देखे जा सकेंगे।

भारत में अदृश्य (दिखाई न देने वाले) ग्रहणों का संक्षिप्त विवरण

(i) खग्रास सूर्यग्रहण (11/12 जुलाई, 2010 ई.)–

यह ग्रहण आषाढ़ी अमा रविवार (11 जुलाई, 2010 ई.) के दिन भूगोल पर भा. स्टैं. टा. के अनुसार 22 घं. 40 मि. पर प्रारम्भ होकर 12 जुलाई, 2010 ई. को 3 घं. 27 मि. पर समाप्त हो जाएगा। यह ग्रहण दक्षिणी अमेरिका के चिल्ली और बोलेविया प्रान्तों तथा पैसिफिक महासागर में दिखाई देगा। इसकी खग्रास आकृति पैसिफिक महासागर में ही दृश्य होगी।

(ii) खग्रास चन्द्रग्रहण (21 दिसंबर, 2010 ई.)–

यह ग्रहण मार्ग. पूर्णिमा मंगलवार, 21 दिसम्बर, 2010 ई. के दिन घटित होगा। भा. स्टैं. टा. अनुसार इसके स्पर्शादि–काल इस प्रकार हैं–

	घं.	मि.	
ग्रहणप्रारम्भ	12	02	21 दिसंबर, 2010 ई. (I.S.T)
खग्रासप्रारम्भ	13	10	
ग्रहणमध्य	13	47	
खग्रास समाप्त	14	23	
ग्रहणसमाप्त	15	31	

ग्रहण का परमग्रास = 1.26 (चन्द्रबिम्ब =1.00)

इस ग्रहण के समय भारत में दिन होगा यानि इस समय चन्द्रमा भारत में सर्वत्र अधःकपाल (अदृश्य अधोवर्ती आकाश) में होगा। जिससे यह ग्रहण यहां (भारत में) दिखाई नहीं पड़ेगा। जहां ग्रहण के समय चन्द्रमा ऊर्ध्व कपाल (दृश्य ऊर्ध्व आकाश) में होगा, वहीं इसे देखा जा सकेगा।

भारत में दृश्य ग्रहणों का विस्तृत विवरण

(i) खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (26 जून, 2010 ई.)–

यह ग्रहण भारत में ज्येष्ठ पूर्णिमा शनिवार (26 जून, 2010 ई.) के दिन पूर्वी भारत के अरुणाचल, मेघालय, नागालैण्ड मिज़ोरम, त्रिपुरा, मणिपुर, आसाम तथा पूर्वी बिहार और पश्चिमी बंगाल में सायंकाल के समय ग्रस्तोदय के रूप में दिखाई देगा। इस ग्रहण के प्रारम्भादि के काल भा. स्टैं. टा. में इस प्रकार हैं–

	घं.	मि.	
ग्रहणप्रारम्भ	15	47	26 जून, 2010 ई. (भा. स्टैं. टा.)
ग्रहणमध्य	17	08	
ग्रहण समाप्त	18	30	

पर्वकाल = 2 घं. 43 मि.

परमग्रासमान = 54 प्रतिशत

पृष्ठ 23 पर ग्रहणचित्र (1) में स्पष्टतापूर्वक बतलाया गया है कि– यह ग्रहण भारत के किस भाग में दिखाई देगा, किस भाग में नहीं। इस चित्र में दी गई 'च–छ' रेखा से दाईं ओर (पूर्वी भारत में) स्थित अरुणाचल आदि प्रदेशों में ही यह ग्रहण सायंकाल के समय ग्रस्तोदय के रूप में थोड़ी ही देर के लिए दिखाई पड़ेगा। इस रेखा से पश्चिम में स्थित किसी भी भारतीय स्थल पर यह ग्रहण दिखाई नहीं देगा, क्योंकि वहां सर्वत्र चन्द्रमा ग्रहण–समाप्ति के बाद ही उदय होगा। यह 'च–छ' रेखा दर्शाती है कि– इस रेखा–स्थल पर चन्द्रमा का उदय ठीक उस समय होगा, जब ग्रहण समाप्त हो रहा होगा। इससे यह स्पष्ट है कि इस रेखा से पश्चिम में स्थित सभी स्थलों पर चन्द्रोदय ग्रहणसमाप्ति के अनन्तर होगा। इस रेखा से पूर्व की ओर अरुणाचल आदि प्रदेशों में चन्द्रोदय के समय

चन्द्रमा कितना, किस ओर से ग्रस्त दीखेगा– यह दर्शाने के लिए 8–8 मिनटान्तर पर तीन और रेखाएं अंकित की गई हैं।

पृष्ठ **21** पर अलग से एक कोष्ठक में अरुणाचल आदि उन प्रदेशों के, जहां यह ग्रहण ग्रस्तोदय के रूप में दृश्य होगा, प्रसिद्ध–प्रसिद्ध नगरों का चन्द्रोदयकाल भा.स्टैं.टा. में दिया गया है।

ध्यान रहे– जहां ग्रहण दृश्य नहीं होता, वहां उसका पर्व भी नहीं माना जाता। इसीलिए वहां स्नान–दान–जप का कोई माहात्म्य भी नहीं होता।

जहां ग्रहण ग्रस्तोदय हो, वहां ग्रहण का पर्वकाल ग्रस्त सूर्य/चन्द्र के उदयकाल से ही प्रारम्भ माना जाता है। अतः वहां ग्रस्त सूर्य–चन्द्र के उदय के समय ही धार्मिक लोगों को ग्रहण का प्रथमस्नान करना चाहिए।

चन्द्रग्रहण का सूतक– इस ग्रहण का सूतक 26 जून, 2010 ई. को प्रातः 6 घं. 47 मि. भा.स्टैं.टा. पर ही शुरू हो जाएगा। यह सूतक केवल उन्हीं अरुणाचल, आसाम आदि प्रदेशों में माना जाएगा, जहां यह ग्रहण दृश्य होगा, अन्यत्र नहीं।

ग्रहण का राशिफल– यह ग्रहण मूल नक्षत्र एवं धनुराशि में घटित हो रहा है। अतः मूल नक्षत्र एवं धनु राशि वाले व्यक्तियों के लिए यह ग्रहण विशेषरूप से कष्टप्रद रहेगा।

विभिन्न राशिवाले व्यक्तियों के लिए इस ग्रहण का फल नीचे कॉलम में दिया जा रहा है;–

जन्म/नाम राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	अपमान	मृत्यु	स्त्री/पतिकष्ट	सुख	चिन्ता	कष्ट	धनलाभ	हानि	घात(दुर्घटना)	हानि	लाभ	सुख

शनिवार का ग्रहण – तेल, तिलहन, गुड़, घी, सोना, तांबा एवं शस्त्रक्षेत्र में भारी तेज़ी करेगा।

ग्रहण का अन्यफल – क्योंकि, यह चन्द्रग्रहण ज्येष्ठ शुक्ल पूर्णिमा को होगा, इसलिए यह ग्रहण शासकवर्ग– शासिकाओं, बड़े गणराज्य प्रदेशों एवं प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के लिए विशेष घटनापूर्ण रहेगा। कहीं विशिष्ट राजनीतिज्ञ के निधन से शोक व्याप्त हो सकता है। राहज़नी में लूटपाट की घटनाएं भी अधिक होंगी–

> "ज्येष्ठे नरेन्द्र–द्विजराजपत्न्यः सस्यानि वृष्टिश्च महागणाश्च।
> प्रध्वंसमायान्ति नराश्च सौम्याः साल्वैः समेताश्च निषाद–संघाः।।"

किञ्च– यह चन्द्रग्रहण धनुराशि में घटित होगा। अतः प्रधानपुरुष, मन्त्रिवर्ग, घोड़े, मिथिला, पांचालदेश, मल्ल, वैद्य, चिकित्सक, व्यापारी, क्रूरलोगों एवं हथियारों के विशेष तकनीकज्ञ लोगों को भारी कष्ट होगा–

> "धन्विन्यमात्यवर–वाजि– विदेह– मल्लान् पांचाल–वैद्य–वणिजो विषमायुधज्ञान् हन्यात्.......... ।"

(ii) खण्डग्रास सूर्यग्रहण (4 जनवरी, 2011 ई.)–

यह ग्रहण पौषी अमा मंगलवार (4 जनवरी, 2011 ई.) को पश्चिमोत्तर भारत के दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू–काश्मीर, राजस्थान, गुजरात, उत्तराखण्ड तथा पश्चिमी उत्तरप्रदेश में मध्याह्नोत्तर लगभग 2 से 4 बजे के मध्य स्वल्पग्रास के रूप में दिखाई पड़ेगा। अत्यल्प ग्रास के कारण यह ग्रहण सामान्यतः दृष्टिग्राह्य नहीं होगा।

यह ग्रहण भारत के किन प्रदेशों में दृश्य और किन प्रदेशों में अदृश्य होगा– इसे स्पष्टतापूर्वक जानने के लिए पृष्ठ **24** पर दिया गया ग्रहणचित्र (2) देखिए। यहां दी गई 'क–ख' रेखा से ऊपर स्थित प्रदेशों में ही यह ग्रहण दीखेगा। शेष भारत में यह दिखाई नहीं पड़ेगा। इस चित्र में 'क–ख' रेखा के इधर–उधर पार्श्ववर्ती प्रसिद्ध नगरों को भी अंकित किया गया है, जिससे इस रेखा का वास्तविक निर्गम–स्थल पूरी तरह स्पष्ट हो जाता है। इस रेखा से नगर जितना अधिक पश्चिमोत्तर में हटा होगा, उस नगर में इस ग्रहण का परमग्रासमान उतना ही अधिक होगा।

पृष्ठ **25–26** पर ग्रहणचित्र (3) और ग्रहणचित्र (4) में इस ग्रहण की क्रमशः स्पर्श(प्रारम्भ)काल–निर्देशक एवम् मोक्ष(समाप्ति)कालनिर्देशक रेखाएं 5–5 मिनटों के अन्तराल पर दी गई हैं। अपने अभीष्ट नगर के अक्षांश–रेखांश द्वारा इन चित्रों में अभीष्ट नगर की स्थिति जानकर उस नगर में ग्रहण का स्पर्श एवम् मोक्षकाल (भा.स्टैं.टा.) पार्श्वस्थ रेखाओं द्वारा आसानी से जाना जा सकता है।

पृष्ठ **22** पर एक कोष्ठक में भारत के प्रसिद्ध–प्रसिद्ध नगरों में (जहां यह ग्रहण दृश्य होगा) इस ग्रहण का स्पर्श, मध्य एवम् मोक्षकाल भा.स्टैं.टा. में दिया गया है। यहां ग्रहणमध्यकाल ग्रहण के परमग्रासमान का काल बतलाता है।

खण्डग्रास सूर्यग्रहण (4 जनवरी, 2011 ई.)

कुछ नगरों में ग्रहण की स्पर्श–मोक्षदिशाएं तथा ग्रहण–मध्यकालीन(परम)ग्रास (भा. स्टैं. टा.)

दिल्ली	कुरुक्षेत्र	जयपुर	चण्डीगढ़
 शीर्ष मोक्ष स्पर्श	 शीर्ष मोक्ष स्पर्श	 शीर्ष मोक्ष स्पर्श	 शीर्ष मोक्ष स्पर्श
ग्रहणमध्य 15 घं. 32 मि. (परमग्रास 3 प्रतिशत)	ग्रहणमध्य 15 घं. 32 मि. (परमग्रास 6 प्रतिशत)	ग्रहणमध्य 15 घं. 30 मि. (परमग्रास 1 प्रतिशत)	ग्रहणमध्य 15 घं. 32 मि. (परमग्रास 8 प्रतिशत)
शिमला	**हरिद्वार**	**जम्मू**	**अमृतसर**
 शीर्ष मोक्ष स्पर्श	 शीर्ष मोक्ष स्पर्श	 शीर्ष मोक्ष स्पर्श	 शीर्ष मोक्ष स्पर्श
ग्रहणमध्य 15 घं. 32 मि. (परमग्रास 8 प्रतिशत)	ग्रहणमध्य 15 घं. 34 मि. (परमग्रास 4 प्रतिशत)	ग्रहणमध्य 15 घं. 30 मि. (परमग्रास 17 प्रतिशत)	ग्रहणमध्य 15 घं. 30 मि. (परमग्रास 13 प्रतिशत)

पृष्ठ 19 पर हरिद्वार आदि तीर्थ–स्थलों तथा कुछ अन्य स्थलों पर भी ग्रहण के मध्यकालीन(परम)ग्रास तथा ग्रहण की स्पर्श–मोक्ष दिशाओं का भी निर्देश है।

ग्रहण का सूतक– इस ग्रहण का सूतक 4 जनवरी, 2011 ई. को सूर्योदय से पहले रात्रि के 2 बजे से ही प्रारम्भ हो जाएगा। यह सूतक भी पंजाब, हरियाणा आदि प्रान्तों के उन्हीं नगरों में माना जाएगा, जहां यह ग्रहण दृश्य होगा।

ग्रहण का राशिफल– क्योंकि, यह सूर्यग्रहण पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र एवं धनुराशि में घटित हो रहा है। अतः यह ग्रहण पू. षा. नक्षत्र एवं धनुराशि वाले लोगों के लिए विशेष नेष्टफलप्रद रहेगा। विभिन्न राशि वाले व्यक्तियों के लिए इस सूर्यग्रहण का फल नीचे कॉलम में दिया गया है;–

जन्म/ नाम राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	अपमान	मृत्युतुल्यकष्ट	स्त्री/पतिकष्ट	सुख	चिन्ता	कष्ट	धनलाभ	हानि	घात(दुर्घटना)	हानि	लाभ	सुख

ग्रहण का अन्यफलः– यह खण्डग्रास सूर्यग्रहण भौमवती अमावस वाले दिन घटित होगा। अतः "भौमवारे ग्रहे भानोरन्योन्यं नृपतिक्षयः"– देश के किसी गण्यमान्य व्यक्ति का पद रिक्त होगा। क्योंकि, यह ग्रहण धनुराशि एवं पौषमास में घटित हो रहा है अतः मन्त्रियों, प्रधानपुरुषों, व्यापारियों, शस्त्रास्त्र– निर्माण में विशेषज्ञ, वैज्ञानिकों के लिए भयावह है।

पौषमास में ग्रहण होने से ब्राह्मणों, क्षत्रियों को पीड़ा व उपद्रवग्रस्त होना पड़ेगा। सिन्धप्रदेश, कुकुरप्रदेश एवं मिथिला में प्राकृतिक आपदा से हानि हो। वर्षा की कमी से कहीं दुर्भिक्ष रहे–

> "पौषे द्विज–क्षत्रजनोपरोधः ससैन्धवाख्याः कुकुरा विदेहाः।
> ध्वंसं व्रजन्त्यत्र च मन्दवृष्टिं भयं च विन्द्यादसुभिक्ष–युक्तम्।।"

मंगलवारी ग्रहण तेल, तिलहन, रुई, सोना, तांबा, चान्दी में आगे तेज़ी करेगा। औषधियां, घी, गुड़, खाण्ड भी तेज रहेंगे।

चन्द्रमा का उपच्छाया ग्रहण

(जो वस्तुतः चन्द्रग्रहण नहीं होता)

पृथ्वी की आकाश में दो प्रकार की छायाएं होती हैं– मन्द और घनी। मन्दछाया को उपच्छाया, इंग्लिश में Penumbra और घनी छाया को भूभा, इंग्लिश में Umbra कहा जाता है। चन्द्रग्रहण से कुछ समय पहिले चन्द्रमा पृथ्वी की उपच्छाया में अवश्य प्रवेश करता है। इसके बाद ही वह पृथ्वी की वास्तविक छाया (जिसे भूभा कहा जाता है) में प्रविष्ट होता है। भूभा में जब वह प्रवेश करता है, तभी उसका बिम्ब काला पड़ता है। भूभा में चन्द्रमा की स्थितिकाल को ही चन्द्रग्रहण कहा जाता है।

कई बार चन्द्रमा पूर्णिमा के दिन केवल उपच्छाया में ही प्रविष्ट होकर भूभा में प्रविष्ट हुए बिना ही थोड़ी देर बाद उपच्छाया से बाहिर निकल जाता है। पृथ्वी की उपच्छाया में प्रविष्ट चन्द्रमा का बिम्ब काला नहीं पड़ता। उस समय उसका प्रकाश केवल कुछ धुंधला (मन्द) हो जाता है। चन्द्रमा के प्रकाश का यह धुंधलापन सामान्यतः दृष्टिग्राह्य नहीं होता।

गतवर्ष एक T.V. Channel ने 9 फरवरी, 2009 ई. को उपच्छाया में चन्द्रमा के प्रवेश को चन्द्रग्रहण के रूप में प्रसारित करने का व्यर्थ प्रयास किया, जिससे भ्रान्त सैकड़ों लोगों की Telephone-calls हमें मिलीं। हमनें उन्हें यथाशक्य कालाल्पता के कारण अत्यन्त संक्षेप में स्पष्ट करने का प्रयास किया कि उपछाया में चन्द्र का प्रवेश चन्द्रगहण नहीं होता। इस विषय पर और अधिक स्पष्टता के लिए पृष्ठ.. **265** ...पर 'चन्द्रमा का उपच्छाया ग्रहण' लेख पढें।

इसवर्ष चन्द्रमा पृथ्वी की उपच्छाया में निम्नांकित तारीखों को निर्दिष्ट काल में रहेगा–

(i) 26 जून 2010 ई. को चन्द्रमा भा.स्टैं.टा. अनुसार 14 घं. 26 मि. से 15 घं. 47 मि. तक तथा 18 घं. 30 मि. से 19 घं. 51 मि. तक उपच्छाया में और 15 घं. 47 मि. से 18 घं. 30 मि. तक भूभा में विचरण करेगा। यहां भूभा में चन्द्र का विचरणकाल ही चन्द्रग्रहणकाल है।

(ii) 21 दिसम्बर, 2010 ई. को चन्द्रमा भा.स्टैं.टा. अनुसार 10 घं. 58 मि. से 12 घं. 02 मि. तक तथा 15 घं. 31 मि. से 16 घं. 36 मि. तक उपच्छाया में रहेगा। इस दिन चन्द्रमा का भूभा में स्थितिकाल (चन्द्रग्रहणकाल) 12 घं. 02 मि. से 15 घं. 31 मि. तक है।

खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (26 जून, 2010 ई.)

[पूर्वोत्तरी भारत के प्रसिद्ध कुछ नगरों का चन्द्रोदयकाल (भा.स्टैं.टा.)]

नगर /राज्य	घं. मि.	नगर /राज्य	घं. मि.	नगर /राज्य	घं. मि.	नगर /राज्य	घं. मि.
करीमगंज (आसा.)	18 13	अनिनि (अरुणा.)	18 08	जुन्हेबोटो (नागा.)	18 08	थिम्फू (भूटान)	18 31
कोकराझार (आसा.)	18 26	ईटानगर (अरुणा.)	18 13	फेक (नागा.)	18 07	गंगटोक (सिक्किम)	18 35
गुवाहाटी (आसा.)	18 19	एलांग (अरुणा.)	18 11	मोन (नागा.)	18 08		
गोलघाट (आसा.)	18 11	खोंसा (अरुणा.)	18 05	मोकोकचुंग (नागा.)	18 08	कूचबिहार (प. बंगाल)	18 29
गोलपाड़ा (आसा.)	18 24	चांगलांग (अरुणा.)	18 05	वोखा (नागा.)	18 09	कोलकाता (प. बंगाल)	18 25
घेमाजी (आसा.)	18 11	ज़िरो (अरुणा.)	18 14	जोवई (मेघा.)	18 15	जलपाईगुड़ी (प. बंगाल)	18 32
धुबुरी (आसा.)	18 26	डापोरिजो (अरुणा.)	18 13	तुरा (मेघा.)	18 24	दार्जिलिंग (प. बंगाल)	18 36
जोरहाट (आसा.)	18 10	तेजु (अरुणा.)	18 04	नोंगपोह (मेघा.)	18 18	पुरुलिया (प. बंगाल)	18 35
डिब्रूगढ़ (आसा.)	18 09	तवांग (अरुणा.)	18 22	बाघमारा (मेघा.)	18 21	पुरनिया (प. बंगाल)	18 36
तेजपुर (आसा.)	18 16	पासिघाट (अरुणा.)	18 09	शिलांग (मेघा.)	18 17	बालूरघाट (प. बंगाल)	18 29
तिनसुकिया (आसा.)	18 07	बोम्डिला (अरुणा.)	18 19	ऐज़ावल (मिज़ो.)	18 10	रायगंज (प. बंगाल)	18 33
दिसपुर (आसा.)	18 19	बोम्डो (अरुणा.)	18 12	चम्पई (मिज़ो.)	18 06	वर्धमान (प. बंगाल)	18 29
दीमापुर (आसा.)	18 10	यिंगकाग (अरुणा.)	18 13	लांगतलै (मिज़ो.)	18 06	शिलिगुड़ी (प. बंगाल)	18 34
दीफू (आसा.)	18 11	सेप्पा (अरुणा.)	18 16	साहा (मिज़ो.)	18 06		
नागाओं (आसा.)	18 15	उदयपुर (त्रिपुरा)	18 14			कटिहार (बिहार)	18 35
नालवाड़ी (आसा.)	18 21	अगरतला (त्रिपुरा)	18 16	इम्फाल (मणि.)	18 06	किशनगंज (बिहार)	18 35
मंगलदै (आसा.)	18 18	कैलाशहर (त्रिपुरा)	18 14	उखरूल (मणि.)	18 06		
शिवसागर (आसा.)	18 09			चन्देल (मणि.)	18 05	दुमका (झार.)	18 34
हैलाकण्डी (आसा.)	18 12	कोहिमा (नागा.)	18 08	बिश्नुपुर (मणि.)	18 07	धनबाद (झार.)	18 35

"श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" संक्षिप्तरूप में "श्री बटुक पञ्चांग" के नाम से प्रकाशित होता है। "श्री बटुक पञ्चांग" पॉकेट साईज़ में है और इसमें प्रमुख-प्रमुख एवम् वर्गीकृत व्रत-पर्व, गण्डमूल, पंचक, ग्रहणविवरण, राशिफलादेश, वर्षराजादि फलविचार, २४ पक्ष, तिथ्यादि पंचांग, दैनिक- लग्नसारणी, विवाहादि मुहूर्त्त और मेलापक सारणी आदि वह सभी कुछ उपलब्ध है, जिसकी देवज्ञों/आम लोगों को हर समय ज़रूरत रहती है। आज ही अपनी प्रति बुकसेलर से सुरक्षित कराएं।

खण्डग्रास सूर्यग्रहण (4 जनवरी, 2011 ई.)

[भारत के विभिन्न नगरों में ग्रहण का स्पर्श (प्रारम्भ), मध्य (परमग्रास) एवं मोक्ष (समाप्ति) काल (भा.स्टैं.टा.)]

स्थान	स्पर्श घं. मि.	मध्य घं. मि.	मोक्ष घं. मि.	स्थान	स्पर्श घं. मि.	मध्य घं. मि.	मोक्ष घं. मि.	स्थान	स्पर्श घं. मि.	मध्य घं. मि.	मोक्ष घं. मि.	स्थान	स्पर्श घं. मि.	मध्य घं. मि.	मोक्ष घं. मि.
अजमेर	15 14	15 28	15 43	गुरदासपुर	14 46	15 30	16 12	नैनीताल	15 22	15 35	15 48	मुज़फ्फर नगर	15 09	15 33	15 56
अनन्तनाग(का.)	14 40	15 30	16 16	चण्डीगढ़	14 57	15 32	16 05	पंचकूला	14 57	15 32	16 05	मुरादाबाद	15 23	15 34	15 45
अनूपशहर(उ.प्र.)	15 25	15 33	15 42	चम्बा	14 47	15 31	16 12	पटियाला	14 57	15 31	16 04	मेरठ	15 12	15 33	15 53
अमरोहा (उ.प्र.)	15 19	15 34	15 48	चूरु	15 01	16 29	15 57	पठानकोट	14 46	15 31	16 12	मोगा	14 50	15 30	16 08
अमृतसर	14 46	15 30	16 11	जम्मू	14 42	15 30	16 14	पानीपत	15 05	15 32	15 58	रतनगढ़	15 00	15 29	15 56
अम्बाला	14 59	15 32	16 03	जयपुर	15 20	15 30	15 40	पालमपुर	14 50	15 32	16 11	रामपुर बुशहर	14 58	15 33	16 07
अर्की (हि.प्र.)	14 56	15 32	16 07	जालन्धर	14 49	15 30	16 09	पाली	15 09	15 26	15 43	रिवाड़ी	15 12	15 31	15 50
अलवर	15 19	15 31	15 44	जालौर	15 07	15 25	15 43	पिलानी	15 03	15 30	15 56	रोपड़	14 55	15 32	16 06
अल्मोड़ा	15 21	15 35	15 50	जींद	15 02	15 31	15 59	पुंछ	14 36	15 29	16 18	रोहतक	15 06	15 31	15 56
आबू	15 19	15 25	15 30	जैसलमेर	14 46	15 23	15 58	फरीदकोट	14 48	15 29	16 08	लुधियाना	14 52	15 31	16 07
ऊधमपुर (का.)	14 42	15 30	16 15	जोधपुर	15 02	15 26	15 49	फरीदाबाद	15 15	15 32	15 49	शाहदरा	15 13	15 32	15 52
ऊना	14 51	15 31	16 09	झुंझुनु	15 04	15 30	15 54	फाज़िल्का	14 46	15 28	16 08	शिमला	14 57	15 32	16 06
कठुआ (का.)	14 46	15 31	16 12	डीडवाना	15 04	15 28	15 52	फिरोज़पुर	14 47	15 29	16 09	श्रीनगर (का.)	14 38	15 30	16 18
कपूरथला	14 48	15 30	16 10	थानेसर	15 01	15 32	16 01	फुलेरा	15 14	15 29	15 44	संगरूर	14 55	15 31	16 04
करनाल	15 03	15 32	16 00	दिल्ली	15 12	15 32	15 52	बाड़मेर	14 55	15 23	15 51	सरहिन्द	14 56	15 31	16 05
कांगड़ा	14 49	15 31	16 11	देवबन्द	15 07	15 33	15 58	बिजनौर	15 12	15 23	15 54	सहारनपुर	15 05	15 33	16 00
कारगिल	14 41	15 31	16 18	देवप्रयाग	15 09	15 34	15 58	बिलासपुर(हि.प्र.)	14 55	15 32	16 07	सांगानेर	15 21	15 30	15 39
कालका	14 56	15 32	16 05	देहरादून	15 05	15 33	16 00	बीकानेर	14 53	15 27	15 59	सिरसा	14 54	15 30	16 03
किशनगढ़(रा.)	14 40	15 23	16 03	द्वारिका	15 09	15 17	15 26	बुलन्दशहर	15 20	15 33	15 46	सीकर	15 07	15 29	15 51
कुराली (पं.)	14 56	15 32	16 06	धर्मशाला	14 49	15 31	16 11	बठिण्डा	14 51	15 30	16 06	सूरतगढ़	14 50	15 28	16 04
कुरुक्षेत्र	15 01	15 32	16 02	धूरी	14 54	15 31	16 05	भिवानी	15 05	15 31	15 56	सोलन	14 58	15 32	16 05
कुल्लू	14 53	15 32	16 09	नरैना	15 06	15 28	15 49	भीनमाल	15 08	15 24	15 41	हमीरपुर(हि.प्र.)	14 52	15 32	16 09
कैथल	15 00	15 31	16 01	नवलगढ़	15 05	15 29	15 53	भुज (गु.)	15 02	15 19	15 36	हरिद्वार	15 08	15 34	15 58
कोटखाई	14 59	15 33	16 05	नागौर	15 00	15 27	15 53	मण्डी (हि.प्र.)	14 53	15 32	16 09	हापुड़	15 16	15 33	15 50
खन्ना	14 55	15 31	16 06	नाभा	14 55	15 31	16 05	मसूरी	15 05	15 33	16 01	हांसी	15 01	15 31	15 59
खुर्जा	15 21	15 33	15 44	नारनौल	15 10	15 31	15 51	महेन्द्रगढ़	15 08	15 31	15 53	हिसार	15 00	15 30	16 00
गाजियाबाद	15 13	15 32	15 51	नालागढ़	14 55	15 32	16 07	मारवाड़ जं.	15 13	15 26	15 40	होशियारपुर	14 50	15 31	16 09
गुड़गांव	15 13	15 32	15 51	नाहन	15 00	15 33	16 03	मालेरकोटला	14 54	15 31	16 06				


87
88°
89
90°
91°
92°
93°
94°
95°
96°
97°
30°
29°
28°
27°
26°
25°
24°
23°
22°
21°
छ
च
चन्द्रोदय के समय ग्रहणमोक्ष
चन्द्रोदय 18घं. 30मि.
चन्द्रोदय 18घं. 22मि.
चन्द्रोदय 18घं. 14मि.
चन्द्रोदय 18घं. 06मि.
तिब्बत
भूटान
अरुणाचल प्रदेश
सिक्किम
नेपाल
आसाम
नागालैण्ड
मेघालय
बिहार
मणिपुर
म्यानमार
त्रिपुरा
बंगलादेश
प. बंगाल
बंगाल की खाड़ी

ग्रहणचित्र (1)

सर्वत्र भा.स्टैं.टा. दिया गया है।

चन्द्रग्रहण

(26 जून, 2010 ई.)

यह ग्रहण भारत के पूर्वी प्रान्तों में 'च छ' रेखा से दाईं ओर ग्रस्तोदय के रूप में दीखेगा।

परिलेखक–प्रियव्रत शर्मा

सूर्यग्रहण (4 जन., 2011 ई.)


ग्रहण चित्र (2)
68°
70°
72°
74°
76°
78°
80°
82°
84°
86°
30°
28°
26°
24°
22°
क
ख
पाकिस्तान
नेपाल
भारत
दिल्ली
गंगानगर
कुरुक्षेत्र
मुजफ्फरनगर
पानीपत
रोहतक
मुरादाबाद
भिवानी
बरेली
बीकानेर
चूरू
अलीगढ़
सीकर
मथुरा
लखनऊ
नागोर
जयपुर
आगरा
इटावा
धौलपुर
कानपुर
जोधपुर
अजमेर
टोंक
ग्वालियर
इलाहाबाद
वाराणसी
जालोर
सिरोही
भीलवाड़ा
कोटा
झांसी
बांदा
उदयपुर
गुना
झालावाड़
पालनपुर
पाटन
रतलाम
उज्जैन
भोपाल
अहमदा.
गोधा
वडोदरा
इन्दौर
होशंगाबाद
राजकोट
सूरत

यह ग्रहण 'क ख' रेखा से बाईं ओर ही खण्डग्रास के रूप में दीखेगा।

परिलेखक– प्रियव्रत शर्मा

सूर्यग्रहण (4 जनवरी, 2011 ई.) (स्पर्श रेखाएं)

ये रेखाएं जहां से गुज़र रही हैं वहां ग्रहण का प्रारम्भकाल (भा. स्टैं. टा.) इन रेखाओं पर अंकित है।


ग्रहण चित्र (3)
60°
62°
64°
66°
68°
70°
72°
74°
76°
78°
80°
82°
84°
86°
88°
90°
92°
34°
32°
30°
28°
26°
24°
22°
20°
14 घं. 30 मि.
14 घं. 35 मि.
14 घं. 40 मि.
14 घं. 45 मि.
14 घं. 50 मि.
14 घं. 55 मि.
15 घं. 00 मि.
15 घं. 05 मि.
15 घं. 10 मि.
15 घं. 15 मि.
15 घं. 20 मि.
अफ़ग़ानिस्तान
पाकिस्तान
तिब्बत
नेपाल
भारत
परिलेखक--प्रियव्रत शर्मा

सूर्यग्रहण (4 जनवरी, 2011 ई.) (मोक्ष रेखाएं)

ये रेखाएं जहां से गुज़र रही हैं वहां ग्रहण का समाप्तिकाल (भा. स्टैं. टा.) इन रेखाओं पर अंकित है।


ग्रहणचित्र (4)
60°
62°
64°
66°
68°
70°
72°
74°
76°
78°
80°
82°
84°
86°
88°
90°
92°
36°
34°
32°
30°
28°
26°
24°
22°
20°
16 घं. 20 मि.
16 घं. 15 मि.
16 घं. 10 मि.
16 घं. 05 मि.
16 घं. 00 मि.
15 घं. 55 मि.
15 घं. 50 मि.
15 घं. 45 मि.
15घं. 40मि.
ख
क
तिब्बत
नेपाल
भारत

परिलेखक—प्रियव्रत शर्मा

शनि की साढेसाती (बृहत्कल्याणी), ढैय्या (लघुकल्याणी) और गुरु–राहु का गोचरफल (सं. 2067 वि.)

जन्मकुण्डली में शनैश्चर का शुभग्रह से सम्बन्ध हो अथवा महादशा का अंतर शुभ चल रहा हो, तो ढैय्या और साढेसाती का अशुभफल कम होता है। यदि चन्द्र, शनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हों तो साढेसाती व ढैय्या महान् अशुभ, चिंता, अवनति, धनहानि, झगड़ा, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह एवं रोग, पशु–पीड़ा आदि का कारण बनती है। यदि जन्मकुण्डली में शनि अष्टमेश या मारकेश हो तो भी ढैय्या, साढेसाती विशेष अनिष्ट फलप्रद होती है। यदि जन्म में शनि लग्नेश, पंचमेश, नवमेश होकर 3, 6, 11 में स्थित हो तो सुख–सम्पत्ति मिलती है, व्यापारादि में लाभ होता है। शनि के अष्टकवर्ग में अधिक रेखाएं हों तो शुभ, कम रेखाएं हों तो अशुभ फल निश्चित होता है। शनिग्रहजन्य नेष्टफल शान्त्यर्थ सतनाजा को तेल का हाथ लगाकर पक्षियों को डालना चाहिए या शनिवार को तेल में मुख देखकर उसमें मिष्ठान्न, गुलगुले आदि बनाकर गरीबों को, भैंसे या कुत्ते को दें या बन्दरों को गुड़–चने डालते रहें। अष्टगंध से शुभमुहूर्त में बना हुआ शनियंत्र धारण करना विशेष शांतिप्रद है।

साढेसाती में प्रत्येक राशि के लिए शनि का अशुभ फल इस प्रकार है–

मेष राशि वालों को बीच के अढाई वर्ष खराब हैं। वृष को पहिले अढाई वर्ष, मिथुन को अंत के अढाई वर्ष, कर्क को बीच के अढाई वर्ष, सिंह को पहिले 5 वर्ष, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष खराब हैं। कन्या को पहिले 5 वर्ष, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। तुला को आखिर के अढाई वर्ष, वृश्चिक को अंतिम 5 वर्ष नेष्ट हैं, उसमें भी मध्य के अढाई वर्ष विशेष अशुभ हैं। धनु को प्रारंभ के अढाई वर्ष, मकर को पहिले 5 वर्ष, उसमें भी पहिले अढाई वर्ष विशेष खराब हैं। कुंभ को आदि एवं अन्त के पांच वर्ष, विशेषतः अन्त के अढाई वर्ष अधिक अशुभ हैं। मीन को पूरे साढेसात वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी अन्त के अढाई वर्ष विशेष अशुभफल देने वाले होते हैं। नोटः– नीचे दिए गए कोष्ठकों में जिन राशियों का निर्देश नहीं किया गया है, उन राशि वाले जातकों के लिए कन्याराशिस्थ शनि की कालावधि में साढ़ेसाती या ढैय्या नहीं है,– यह समझ लें।

9 सितंबर, सन् 2009 ई. को भरणी नक्षत्र एवं मेष राशिस्थ चन्द्र के समय 24 घं. 00 मि. (भा.स्टैं. टा.) पर शनिदेव कन्या राशि में प्रविष्ट होकर संवत् 2067 वि. के अन्त तक कन्या राशि में ही विचरण करेंगे।

कन्या राशिस्थ शनि की साढ़ेसाती एवं ढैय्या का फल

(9 सितंबर, 2009 ई. से सं. 2067 वि. के अन्त तक के लिए)

राशि	ढैय्या या साढेसाती	पाद	साढेसाती		फल
			किस अंग पर	चढ़ती या उतरती	
सिंह	साढेसाती	रजत	पाद	उतरती	व्यापार में प्रगति, धनधान्य–समृद्धि, प्रभावक्षेत्र बढ़े, सम्मान प्राप्त हो, सुखसम्पदा–लाभ, घर में मांगलिक कृत्य हों।
कन्या	साढेसाती	लौह	हृदय	– –	शारीरिक कष्ट, रक्तपित्त विकार, स्त्रीकष्ट, पशु एवं सन्तान को कष्ट, व्यापार में हानि, राजभय।
तुला	साढेसाती	ताम्र	मस्तक	चढ़ती	धन-धान्य–समृद्धि, स्त्री-पुत्र–सुख,सुख-सम्पत्ति–लाभ, व्यवसाय में प्रगति,शारीरिक सुख।
कुम्भ	ढैय्या	ताम्र	– –	– –	धन-धान्य–समृद्धि, स्त्री-पुत्र–सुख, सम्पत्ति लाभ, कारोबार में प्रगति,शारीरिक सुख।
मिथुन	ढैय्या	सुवर्ण	– –	– –	निजीजन–विरोध, शत्रु बढ़ें, गृहक्लेश, अनेकविध रोगों से परेशानी, वृथा व्यय, धननाश।

शनि–शान्त्यर्थ शास्त्रीय उपाय

शनि की साढ़ेसाती/ढैय्या के नेष्टफल की शान्ति के लिए शनि के बीज मन्त्र या वैदिक मन्त्र का 23,000 की संख्या में विधिपूर्वक जाप करें। तदुपरान्त दशांश हवनादि करें। शनिवार के दिन सतनाजा दान, लौहपात्र में तैलदान, शनिस्तोत्र का पाठ करना/कराना भी श्रेयस्कर रहता है। इसके अतिरिक्त शुभवेला में 'नीलम' रत्न एवं 'शनियन्त्र' धारण करना भी आश्चर्यजनक रूप से लाभप्रद रहता है। परन्तु रत्नधारण करने से पूर्व शनि के अंशादि का अध्ययन करवाकर किसी दैवज्ञ का परामर्श ले लेना श्रेयस्कर रहेगा।

शनि का बीज मन्त्र– "ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः"।

शनि का वैदिक मन्त्र– "ॐ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये,
शंय्योरभिस्रवन्तु नः, शं ॐ"।

शनिजन्य नेष्टफल शान्त्यर्थ शनैश्चर स्तोत्र

पिप्पलाद उवाच–

"ऊँ नमस्ते कोण–संस्थाय पिंगलाय नमोऽस्तु ते। नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तु ते।।
नमस्ते रौद्र – देहाय नमस्ते चांतकाय च। नमस्ते यम–संज्ञाय नमस्ते सौरये विभो।।
नमस्ते मन्द – संज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च।।"

इस स्तोत्र को प्रातः पढ़ने से साढेसाती व ढैया की दुःखद पीड़ा नहीं होती– अनुभूत है।

गुरु के संचार का शुभाशुभ फल

सं. 2066 वि. में 13 अक्तूबर को गुरु मार्गी होकर 20 दिसम्बर, सन् 2009 ई. को 0 घं. 15 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर उ.षा. नक्षत्र एवं मकरस्थ चन्द्र के समय गुरुदेव पुनः कुम्भ राशि में प्रविष्ट होकर संवत् 2067 वि. में 2 मई 2010 ई. तक कुम्भ राशि में ही विचरण करेंगे।

कुम्भ–राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

(20 दिसम्बर, सन् 2009 ई.से 2 मई सन् 2010 ई. तक के लिए)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	प्रगति	धनहानि	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शरीरकष्ट	धनलाभ	भय	आधि–व्याधि

संवत् 2067 वि. में 2 मई, सन् 2010 ई. को 8 घं. 07 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर मूल नक्षत्र एवं धनु राशिस्थ चन्द्र के समय गुरुदेव मीन राशि में प्रविष्ट होकर 1 नवंबर, सन् 2010 ई. तक मीनराशि में ही संचार करेंगे।

मीन–राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

(2 मई से 1 नवंबर, सन् 2010 ई. तक के लिए)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	व्याधि	प्रगति	धनहानि	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शरीरकष्ट	धनलाभ	भय

संवत् 2067 वि. में 1 नवम्बर, सन् 2010 ई. को 12 घं. 53 मि. (भा.स्टैं.टा.) पर मघा नक्षत्र एवं सिंह राशिस्थ चन्द्र के समय गुरुदेव वक्री होकर पुनः कुम्भ राशि में प्रविष्ट होंगे तथा 6 दिसंबर, सन् 2010 ई. तक गुरुदेव कुम्भ राशि में रहेंगे।

कुम्भ–राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

(1 नवम्बर से 6 दिसंबर, सन् 2010 ई. तक के लिए)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	प्रगति	धनहानि	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शरीर–कष्ट	धनलाभ	भय	आधि–व्याधि

संवत् 2067 वि. में 6 दिसंबर, 2010 ई. को 9 घं. 08 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर ज्येष्ठा नक्षत्र एवं वृश्चिक राशिस्थ चन्द्र के समय गुरुदेव पुनः मीनराशि में प्रविष्ट होकर संवत् 2067 वि. के अन्त तक मीन राशि में ही रहेंगे।

मीन–राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

(6 दिसंबर, सन् 2010 ई. से संवत् 2067 वि. के अन्त तक के लिए)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	व्याधि	प्रगति	धनहानि	धनलाभ	धननाश	सम्मान	रोग	सुख	धनहानि	शरीरकष्ट	धनलाभ	भय

राहु के संचार का शुभाशुभ फल

सं. 2066 वि. में 17 नवम्बर, सन् 2009 ई. को 12 घं. 09 मि.(भा.स्टैं.टा.) पर अनुराधा नक्षत्र एवं वृश्चिकस्थ चन्द्र के समय राहु धनु राशि में प्रविष्ट होकर संवत् 2067 वि. के अन्त (किंवा आगे 6 जून, सन् 2011 ई.) तक धनु राशि में ही संचरण करेगा।

धनु–राशिस्थ राहु का शुभाशुभ फल

(17 नवंबर, सन् 2009 ई. से संवत् 2067 वि. के अन्त तक के लिए)

राशि→	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
फल	दुःख	धननाश	राजभय	महासुख	धनहानि	अपमान	सौभाग्य	कलह	भय	विनाश	धनलाभ	कलह

अथ नवग्रह स्तोत्रम्

जपाकुसुम–संकाशं काश्यपेयं महाद्युतिम्।
तमोऽरिं सर्वपापघ्नं प्रणतोऽस्मि दिवाकरम्।।
दधिशंखतुषाराभं क्षीरोदार्णव–संभवम्।
नमामि शशिनं सोमं शम्भोर्मुकुटभूषणम्।।
धरणीगर्भसंभूतं विद्युत्कान्तिसमप्रभम्।
कुमारं शक्तिहस्तं च मंगलं प्रणमाम्यहम्।।
प्रियंगु–कलिकाश्यामं रूपेणाप्रतिमं बुधम्।
सौम्यं सौम्यगुणोपेतं तं बुधं प्रणमाम्यहम्।।
देवानां च ऋषीणां च गुरुं कांचन–सन्निभम्।
बुद्धिभूतं त्रिलोकेशं तं नमामि बृहस्पतिम्।।
हिमकुन्द–मृणालाभं दैत्यानां परमं गुरुम्।
सर्वशास्त्रप्रवक्तारं भार्गवं प्रणमाम्यहम्।।

नीलांजनसमाभासं रविपुत्रं यमाग्रजम्।
छायामार्त्तण्डसंभूतं तं नमामि शनैश्चरम्।।
अर्धकायं महावीर्यं चन्द्रादित्यविमर्दनम्।
सिंहिकागर्भसंभूत तं राहुं प्रणमाम्यहम् ।।
पलाशपुष्पसंकाशं तारकाग्रहमस्तकम् ।
रौद्रं रौद्रात्मकं घोरं तं केतुं प्रणमाम्यहम्।।
इति व्यासमुखोद्गीतं यःपठेत्सुसमाहितः ।
दिवा वा यदि वा रात्रौ विघ्नशांतिर्भविष्यति।।
नर –नारी–नृपाणां च भवेद् दुःस्वप्ननाशनम् ।
ऐश्वर्यमतुलं तेषामारोग्यं पुष्टिवर्धनम् ।।

आकाशी कौंसिल का विचार(सं. 2067 वि.)

(ग्रहपरिषद् एवं ग्रहगोचर के आधार पर विश्व की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति का सर्वेक्षण)

❖ संवत् 2067 वि. की ग्रहपरिषद् का राजा मंगल होने से अग्निकाण्ड, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप एवम् कहीं उग्रवादजन्य घटनाओं से देश में यदा–कदा अशान्ति बने। संवत् का मन्त्री बुध होने से देश में महंगाई बढ़े, जनता में आक्रोश रहे।

❖ संवत् के मध्य शनि–राहु–मंगल के समसप्तक एवम् षडष्टकयोग शासनतन्त्र एवम् विशिष्ट राजनीतिज्ञों के लिए भयावह परिणामों वाले हैं।

❖ इसवर्ष की ग्रहस्थिति भारत को शक्तिसम्पन्न देशों की कोटि में स्थापित करने वाली है। अणुशक्तिसम्पन्न देश होकर भारत प्रगति की राह पर अग्रेसर रहे।

❖ विश्व की महाशक्तियों में अग्रगण्य अमेरिका के प्रधान के लिए संवत् 2067 वि. की ग्रहस्थिति भारी कठिन एवम् संकटापन्न स्थिति को लेकर उपस्थित हो रही है।

❖ पाकिस्तान एवम् अन्य मुस्लिमराष्ट्रों में विशेष घटनाचक्र चलेगा। किसी यावन–देशविशेष की शासनसत्ता में अचानक परिवर्तन; कहीं उग्रवादियों द्वारा प्रधाननेता की हत्या के प्रयास।

❖ जुलाई, 2010 ई. से संवत् के अन्त तक भूकम्प, समुद्री तूफान आदि प्राकृतिक प्रकोप से कहीं भारी जनधनहानि की संकेतक ग्रहस्थिति।

❖ भारतीय जनता पार्टी संकट में, पार्टी में आवश्यक संशोधन–संवर्धन के लिए मन्थन।

❖ भारत में महंगाई से केन्दीय एवम् प्रान्तीय शासक परेशान।

❖ भारतीय शासनप्रणाली एवम् प्रमुख नेताओं के जन्माङ्ग पर ज्योतिष–शास्त्र के आधार पर विश्लेषण।

❖ देश–विदेश में घटित होने वाले घटनाचक्र पर ज्योतिष–दृष्ट्या चर्चा एवम् भारत के साथ अन्य प्रमुख देशों के सम्बन्धों का चित्रण।

" जो रहस्य साधारणतः इन्द्रियों की पहुंच से बाहर हैं अथवा भूत–भविष्य के गर्भ में निहित हैं, वे भी ज्योतिषशास्त्र द्वारा प्रत्यक्ष जान लिए जाते हैं।" हमारे ऋषियों ने उसी ज्योतिष–शास्त्र की रचना की है, जोकि भारत के लिए गौरव की बात है;–

" ज्योतिषामयनं साक्षाद् यत्तद्ज्ञानमतीन्द्रियम्।
प्रणीतं भवता येन पुमान् वेद परावरम्।।" – (श्रीमद्भागवतपुराण)

ग्रहगतिजन्य प्रभाव से प्रताडित समस्त समाज, व्यक्ति किंवा देश की स्थिति ठीक उस तिनके की भान्ति ही अनुभव की गई है, जो वायुवेग से प्रताड़ित होकर अपने अस्तित्व को खोकर इधर–उधर भागता फिरता है। नैषधचरित में स्पष्ट लिखा है–

"अवश्य भव्येष्वनवग्रह ग्रहा यया दिशा धावति वेधसः स्पृहा।
तृणेन वात्येव तयानुगम्यते लोकस्य चित्तेन भृशाऽवशात्मनः।।"

स्पष्ट है कि– उस परोक्ष–अज्ञात–अलौकिक शक्ति के परिचायक अनन्तकोटि तारों एवं ग्रहों के अदृश्य संकेत से संचालित ब्रह्माण्ड में कभी भूकम्प, समुद्री–बर्फानी तूफान, ज्वालामुखी विस्फोट एवं जनजीवन में उग्र–विनाशक घटनाएं स्पष्ट अनुभव की गई हैं।

इस प्रकार जगत्पिता की अदृश्य अलौकिक शक्ति ही ब्रह्माण्ड को प्रभावित करती है, संचालित करती है। ग्रहगतिजन्य इस परिणाम को हम "भवितव्यता" किंवा "ईश्वरेच्छा" कहकर स्वीकार करते हैं।

श्री वि संवत् 2067 की ग्रहस्थिति के अनुसार विश्वजनीन घटनाओं की भविष्यवाणी प्रस्तुत करने से पहिले हम अपने विद्वान् प्रबुद्ध पाठकों का आभार व्यक्त कर देना उचित समझते हैं, जिन्होंने लगातार 82 वर्षों तक हमारी भविष्यवाणियों का सही मूल्यांकन करके हमें आज 83 वें वर्षप्रवेश पर भी इस बारे में कुछ लिखने को प्रोत्साहित किया है। पाठको ! आपका यह पंचांग अपनी सर्वांगशुद्ध गणित एवं आश्चर्यजनक भविष्यवाणियों के लिए भारत में ही नहीं, विदेशों में भी विश्रुत हो चुका है।

आपके इस लोकप्रिय पंचांग में प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली आश्चर्यजनक अव्यभिचरित्त भविष्यवाणियों में साधारणवर्ग के व्यक्ति से लेकर भारतरत्न श्री जवाहरलाल नेहरु, श्रीमती इन्दिरा गांधी, प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद एवं अन्य गण्यमान्य प्रतिष्ठित ऐतिहासिक महापुरुषों की अभिरुचि रही है। आज भी यह पंचांग अपनी सफल आश्चर्यचकित

कर देने वाली भविष्यवाणियों के कारण तथा ग्रहण आदि पंचांग–गणित की सूक्ष्मता एवं शुद्धि के कारण भारत में ही नहीं, विदेशों में भी लोकप्रिय है और भारत में अग्रणी स्थान प्राप्त कर चुका है।

यह बात भी नितांत सत्य है, कि ग्रहों की प्राकृतिक व्यवस्था में तनिक भी रूपान्तरण होने से दिग्दाह, उल्कापात, भूकम्प, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, युद्ध, महामारी, अराजकता आदि उपद्रवों से संसार त्रस्त हो जाता है। अतः स्पष्ट है, कि– आकाशीय पिण्डों (ग्रहों) का विश्वजनीन घटनाचक्र से कुछ सम्बन्ध अवश्य है;– इस तथ्य को वैज्ञानिक, विचारक एवं बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग स्पष्ट स्वीकार करता है।

इस पृथ्वी पर जो कुछ भी घटित होता अनुभव करते हैं, वह सब ग्रहों के वक्र–मार्ग आदि का ही परिणाम है। इस ग्रहगतिजन्य संकेत के आधार पर ही अपनी मति के अनुसार विश्व में जो भी प्रतिवर्ष घटित होता है, " श्रीमार्त्तण्ड पंचांग " के माध्यम से प्रिय पाठकों के समक्ष उपस्थित करते रहते हैं और यह इस प्रकाशन का 83वां गौरवपूर्ण वर्ष प्रारम्भ हो रहा है।

भारत–पाक विभाजन; बंगलादेश का अस्तित्व में आना; श्री जवाहरलाल नेहरु, श्रीलालबहादुर शास्त्री, श्रीमती इन्दिरागांधी के शासन का अंत एवं मृत्यु की सूचना; भारत–पाक युद्ध; भारत–चीन युद्ध; विदेशों में घटित होने वाले महत्त्वपूर्ण घटनाचक्र; समय–समय पर भारत की राजनीति में विशेष परिवर्तनों एवं अन्य घटनाचक्र की सूचना किंवा ऐतिहासिक भूकम्प; गुजरात सरकार का अपदस्थ होना, भाजपा सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होना; पाक में श्री नवाज़शरीफ की सरकार का तख्तापलट; अमेरिका में वर्ल्डट्रेड सेंटर एवं पेंटागन पर उग्रवादियों का हमला, अमरीका की कोलम्बिया आन्तरिक्ष यान दुर्घटना; इराक पर अमरीकी हमला और सद्दाम हुस्सैनशासन का अन्त; नेपाल में माओवाद से अशान्ति एवं राजशाही का अन्त; अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री रीगन की मृत्यु; संवत् 2061 वि. में भाजपा एवम् N.D.A. शासन का तख्तापलट एवम् भारत के लोकसभानिर्वाचनों में त्रिशंकु शासनसत्ता की भविष्यवाणी के अतिरिक्त 26 दिसंबर 2004 ई. को तामिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश एवं अण्डेमान–निकोबार में समुद्री सुनामी लहरों से प्रलयंकारी तबाही की सटीक भविष्यवाणी, 30 अगस्त, 2004ई. को अमरीका में भूकम्प एवं सं. 2065 वि. में नेपाल में राजाशाही के समाप्ति की भविष्यवाणी एवम् अन्य अनेकों अवाक् कर देने वाली सफल भविष्यवाणियां कर देने का शीर्षस्थ स्थान केवल 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' को ही प्राप्त हुआ है।

संवत् 2063 वि. में ईराक के तानाशाह की फांसी की घोषणा, 20 दिसम्बर, 2006 ई. को समुद्रीतूफान, जहाज डूबा, 865 यात्री मारे गए– इस घटना की भविष्यवाणी, भारत–अमेरिका परमाणुकरार में बाधा एवम् प्रधानमन्त्री श्रीमनमोहन सिंह जी के निर्णय में बाधक स्थिति की सूचना, मई से जुलाई 2007 ई. के मध्य पाक आदि मुस्लिम राष्ट्रों में घटित घटनाओं का चित्रण, 30 जून, 2007 ई. को देहली के भूतपूर्व मुख्यमन्त्री श्रीसाहिब सिंह के दुर्घटनाग्रस्त होने की भविष्यवाणी, 16 अगस्त, 2007 ई को पीरू के भयंकर भूकम्प, 21 अगस्त, 2007 ई. में मैक्सिको के भयंकर तूफान, 12 सितम्बर, 2007 को सुमात्रा–इण्डोनेशिया में 7.9 स्केल के भूकम्प; *संवत् 2064 वि.* की भविष्यवाणी के अनुसार उत्तर प्रदेश में बसपा सरकार की स्थापना, नेपाल में माओवादियों के प्रभाव की घोषणा, 27 दिसम्बर, 2007 ई. को पाक में श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो की हत्या की भविष्यवाणी, 12 मई, 2008 ई. को चीन में भयंकर भूकम्प, 3 मई, 2008 ई. को म्यांमार में भूकम्प, 10 अगस्त के लगभग नेपाल में राजतन्त्र की समाप्ति की भविष्यवाणी एवम् अन्य अवाक् कर देने वाली सहस्रों सफल भविष्यवाणियों का श्रेय "श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाग" को ही जाता है।

इस प्रकार अव्यभिचरित भविष्यवाणियों के लिए यह पंचांग सम्पूर्ण भारत किंवा विदेशों में भी ख्यातनामा हो चुका है।

सं. 2067 वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर भावी घटनाओं पर विचार करने से पूर्व सभी स्तब्ध कर देने वाली भविष्यवाणियों की चर्चा करना तो स्थानाभाव के कारण यहां संभव नहीं है, लेकिन गत एक–दो वर्षों की कुछ भविष्यवाणियों की चर्चा करना प्रासंगिक समझते हैं, ताकि फलितशास्त्र की प्रामाणिकता को स्थापित किया जा सके।

(1) भविष्यवाणी– "21 जून को मंगल सिंहराशि में आकर शनि के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाएगा। इस प्रकार शनि–मंगल 9/10 अगस्त, 2008 ई. तक एक–साथ चलेंगे। ग्रहस्थिति से स्पष्ट संकेत मिलता है कि– नेपाल में राजशाही के लिए सन् 2008 ई. का समय बहुत ही चिन्ताजनक परिस्थिति बना देगा। यहां जन–असन्तोष से अराजकता की स्थिति को संभालना कठिन होगा। माओवादियों में बढ़ रहे असन्तोष से नेपाल की तराई में स्थित मधेशियों के विरुद्ध हिंसा एवं जनधनहानि के योग संवत्–मध्य में स्पष्ट दिखाई देते हैं। सन् 2008 ई. की ग्रहस्थिति नेपाल में गणतन्त्र के पक्ष में जाती है।"

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 24, कॉलम 2, स्टैंज़ा 3)

इस भविष्यवाणी की सत्यता सर्वविदित है। ठीक, 21 जून से 10 अगस्त के मध्य नेपाल में ऐतिहासिक राजतन्त्र समाप्त हुआ और गणतन्त्र की स्थापना का श्रीगणेश हो गया। इसी बारे पृ. 29 पर की गई भविष्यवाणी भी कम आश्चर्यजनक नहीं। पढ़ें–

(2) भविष्यवाणी– "सरकार और माओवादियों के बीच राजशाही और चुनावप्रणाली पर सहमति में कठिनाई आएगी। यहां माओवाद फिर देश को कठिन परिस्थितियों में लाकर खड़ा कर देगा। माओवादियों के हिंसक काण्ड भारत सरकार के लिए चिन्ता का कारण बनेंगे। *इसवर्ष सन् 2008 ई. की प्रारम्भिक ग्रहस्थिति के अनुसार नेपाल में राजशाही की समाप्ति और एक स्वतन्त्र लोकतन्त्र की स्थापना सुनिश्चित है। लेकिन माओवाद यहां की शासनसत्ता पर किसी न किसी तरह काब्ज़ रहेगा।* "

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 29, कॉलम 1, स्टैंज़ा 2)

आज भी नेपाल में लोकतन्त्र के नाम पर शासन–सूत्र माओवादियों के अधीन है। इन उल्लिखित दो भविष्यवाणियों की सत्यता पर हमें नेपाल से भी अनेकों पत्र प्राप्त हुए हैं।

(3) भविष्यवाणी– "मुम्बई में ताज होटल पर सब से बड़ा उग्रवादी हमला"– संवत् 2065 वि. के श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग के पृ. 29, कॉलम 2 पर पहला स्टैंजा पढ़ें–

" ध्यान दें– 27 नवम्बर के लगभग सू. बु. चं. मं.– ये चारों ग्रह अनुराधा नक्षत्र में होंगे, जोकि मार्गशीर्ष मास में किसी विशेष दुर्घटना का संकेत देते हैं। इस समय सरकार को

शत्रु की गतितिधि से सावधान रहना होगा। इसवर्ष मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष में द्वितीया तिथि का क्षय होने से किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति किंवा राजनीतिज्ञ का पद खाली होने का संकेत मिलता है–

" मार्गशीर्षादि मासेषु शुक्लपक्षे तिथिक्षयः।
छत्रभंगं प्रजापीड़ां दुर्भिक्षं च समादिशेत्।।"

कहीं दुर्भिक्ष व कहीं रोगजन्य व उग्रवादी गतिविधियों के कारण जनता परेशान रहे।

ध्यान दें– 26/27 नवम्बर के पाक्षिक फलादेश में भी मुम्बई में उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले का संकेत स्पष्ट शब्दों में इस प्रकार किया गया था–

" शनिवारी संक्रान्ति एवम् पक्षमध्य में सू. बु. चं. मं. का वृश्चिक राशि एवं एक नक्षत्र में रहना देश में किसी अघटित घटना को जन्म देगा। ..... कहीं उग्रवादजन्य गतिविधि से जनधन की हानि भी हो।"

(देखें– 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' 2065 वि., पृ. 120 का पाक्षिक फलादेश)

जब पिछले वर्ष 26 नवम्बर, सन् 2008 ई. को मुम्बई में आतंकवादी हमला हुआ था तो भारतीय पुलिस, सुरक्षाबलों तथा एन.एस.जी. कमांडोज़ को पाकिस्तानी हमलावरों का सफाया करने में 60 घंटे लगे थे।

आतंकवादियों ने 163 लोगों की हत्या तथा 370 लोगों को जख्मी किया था। इसका मुकाबला करते हुए आतंकवादनिरोधक सैल (ए. टी. ऐस.) के प्रमुख हेमन्त करकरे व उनके सहयोगी 2 अधिकारी, पुलिस के 15 जवान, सेना के मेजर उन्नी कृष्णन तथा एन.एस.जी. का एक कमांडो शहीद हो गए थे। सुरक्षाबलों व कमांडोज ने 8 आतंकवादियों को मार गिराया था।

उस समय होटल ताज, होटल ओबराय व नरीमन हाऊस में घुसे आतंकवादियों का सफाया करने में लगे 60 घंटों की सभी ओर से आलोचना हुई थी तथा तत्कालीन केंद्रीय गृहमंत्री शिवराज पाटिल को इस्तीफा देना पड़ा था।

(4) भविष्यवाणी– " 14 नवम्बर, 2008 ई. को भारतीय यान चन्द्रमा पर पहुंचा, तिरंगा फहराया, भारत चौथी विश्वशक्ति के रूप में उभरा" – एतत् संबन्धी भविष्यवाणी पढ़ें –

"('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 27, कॉलम 1, स्टैंज़ा 2 पर)

" स्वतन्त्र भारत के 62वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार धनस्थानेश गुरु धनस्थान में भाग्येश चन्द्र के साथ मिलकर 'गजकेसरीयोग' बना रहा है, जोकि भारत की आर्थिक सम्पन्नता में भारी अभ्युदय का संकेत देता है।"

'श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2065 वि., पृ. 27, कॉलम 2, स्टैंज़ा 1, लाईन 13 में भी स्पष्ट घोषणा की गई है, कि गणतन्त्र–वर्षाङ्क में 'बुधादित्ययोग' गणतन्त्र की महिमा एवं वर्चस्व को उत्तरोत्तर प्रगतिपथ पर ही रखेगा।

(5) भविष्यवाणी– "संवत् 2066 में मुस्लिम (हिजरी) सन् 1431 का बादशाह शनि ही है। कुछ मुस्लिम राष्ट्रों में युद्धमय वातावरण या आन्तरिक क्रान्ति से विश्व के प्रमुख राष्ट्रों में चिन्ता रहे। जनधनहानि किंवा प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि भी हो। विश्व के कुछ देशों में भूकम्प, समुद्री तूफान किंवा राजनैतिक हत्याकाण्ड से हानि की सम्भावना है। देश में नानाप्रकार के रोग फैलेंगे। शनि–मंगल–इतवार एवम् गुरुवार वाले दिन किसी विशिष्ट व्यक्ति की मृत्यु से शोक व्याप्त हो।"

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2066 वि., पृ. 38 कॉलम 1, स्टैंज़ा 3)

(i) ठीक इस भविष्यवाणी के अनुसार 'स्वाइन फ्लू' रोग से शासनतन्त्र चिन्तित हो रहा है।

(ii) पाक में आन्तरिक अशान्ति, विस्फोट, स्वातघाटी में उग्रवादियों के साथ सैन्य संघर्ष भी इस भविष्यवाणी की सफलता का स्पष्ट निदर्शन है।

(6) भविष्यवाणी–" *श्री बराक ओबामा की जन्मकुण्डली में भाग्येश बुध कर्मस्थान में अपने मित्र सूर्य के साथ स्थित है, इस पर गुरु–शनि की दृष्टि भी है। गुरु की कर्मस्थान पर उच्चदृष्टि महत्त्वपूर्ण है। ध्यान दें– जनवरी 2009 ई. में जब अमेरिका में राष्ट्रपतिपद का निर्वाचन होगा, उस समय गुरु मकर राशि में स्थित होकर उच्चदृष्टि से श्री बराक ओबामा के कर्मस्थान को देखेगा और कर्मेश चन्द्र (जोकि इनके जन्माङ्ग में उच्चहोकर अष्टम भाव में स्थित है) पर भी गुरु की विशेष दृष्टि पड़ेगी। शनि में गुरु का अन्तर मई 2009 ई. के लगभग तक प्रभावित करेगा। आगे बुध (श्रीबराक ओबामा के भाग्येश) की दशा निश्चितरूप से कुछ कर दिखलाने की क्षमता देगी एवं यशप्रद रहेगी।*

उल्लिखित यथालब्ध दोनों प्रतिद्वन्द्वियों की कुण्डलियों के विश्लेषण से श्री बराक ओबामा राष्ट्रपतिपद के समर्थ दावेदार सिद्ध होंगे–ऐसा विचार है। सर्वज्ञ तो प्रभु ही है।

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2066 वि., पृ. 40, कॉलम 1, अन्तिम स्टैंज़ा)

ठीक, इस घोषणा के अनुसार श्री बराक ओबामा अमेरिका के नए राष्ट्रपति बने।

(7) भविष्यवाणी– "यू.पी.ए. की कुण्डली का चिन्तन करने से स्पष्ट ज्ञात होता है, कि–राहु की महादशा में शुक्रान्तर चल रहा है। इस पार्टी के प्रधान श्री मनमोहन सिंह जी की कुण्डली के अनुसार राहु की महादशा में केत्वन्तर राजनैतिक दृष्टि से कठिन परिस्थितियों वाला ही रहेगा। सत्ता में रहने के लिए भारी प्रयास करने होंगे। लेकिन अन्ततः गोचर में मकरस्थ गुरु की कर्मस्थान पर दृष्टि इन्हें पुनः सफलता प्रदान करने वाली होगी, सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।"

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2066 वि., पृ. 44, कॉलम 1, स्टैंज़ा 3)

ठीक, इस भविष्यवाणी के अनुसार **U.P.A.** के प्रधान श्रीमनमोहन सिंह जी को पुनः प्रधानमन्त्रित्व प्राप्त हुआ।

(8) श्रीराहुल गान्धी जी के बारे में भविष्यवाणी–

"राजनैतिक दृष्टि से 4 मार्च, 2010 ई. तक की ग्रहस्थिति इनके (श्रीमती सोनिया गांधी के) एवं श्रीराहुल गांधी जी के लिए भारी प्रगतिप्रद होगी। सबल–सशक्त राजनीतिज्ञ एवं पार्टी– सुप्रीमो की दृष्टि से इन्हें भारी मान्यता प्राप्त होगी। श्रीराहुल गांधी को आगे सम्मान्यपद उपलब्ध होने का योग भी है।"

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2066 वि., पृ. 44, कॉलम 1, स्टैंज़ा 5)

यह भविष्यवाणी अक्षरशः सत्यापित होती जा रही है। जोकि सार्वजनिक रूप से स्पष्ट है।

श्रीलालकृष्ण आडवानी जी के बारे में की गई भविष्यवाणी भी पढ़ें–

(9) भविष्यवाणी– " **श्रीलालकृष्ण आडवानी** की जन्मकालिक ग्रहस्थिति के अनुसार कर्मेश सूर्य का भाग्येश चन्द्र के साथ समसप्तकयोग बनना इन्हें पार्टी के प्रमुख पद पर स्थापित करता है, लेकिन कर्मेश सूर्य नीच होकर द्वादशस्थ होकर षष्ठेश मंगल एवं आयेश बुध के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाता है। यह ग्रहस्थिति देश के प्रधानपदप्राप्ति में बाधक है।"

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2066 वि., पृ. 44, कॉलम 2, स्टैंज़ा 3)

भाजपा ने श्रीलालकृष्ण आडवानी जी को देश के भावी प्रधानमन्त्री के रूप में स्थापित करना चाहा था। उक्त भविष्यवाणी के अनुसार यह सम्भव न था। इस प्रकार यह भविष्यवाणी शत–प्रतिशत सत्य सिद्ध हुई।

हिमाचल प्रदेश में श्री प्रेमकुमार धूमल जी की प्रतिष्ठा बढ़ी, लोकसभानिर्वाचनों में भाजपा को बहुमत–

(10) भविष्यवाणी– " **हिमाचल प्रदेश**–इस प्रदेश की नामराशि कर्क एवं प्रभावराशि मीन है। प्रारम्भिक ग्रहस्थिति यहां के प्रमुख शासक श्रीप्रेम कुमार धूमल के शासनकाल में इस प्रान्त को ऐतिहासिक कार्य–कलापों एवं चीन आदि से सुरक्षा की दृष्टि से अपनाए गए नए आयामों, रेलमार्ग आदि के प्रोग्रामों से भारी यश एवं सफलता प्रदान करने वाली है। '**कुछ कर दिखाने की क्षमता**'– इनको श्रेय एवं जनता का प्रेय प्रदान करेगी। वर्षप्रवेश कुण्डली में सप्तमस्थ उच्चशुक्र एवं गोचरस्थ मकर का गुरु, राहुयुत होकर धूमल जी की नामराशि से पंचमभाव में होने से मई, 2009 ई. तक इनकी यश–प्रतिष्ठा एवं विरोधी ग्रुप को हतप्रभ कर देने वाली ग्रहस्थिति बनाता है। लोकसभानिर्वाचनों में भाजपा की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

('श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग' सं. 2066 वि., पृ. 45 कॉलम 1, स्टैंज़ा 4)

पाठको ! श्रीमार्त्तण्ड पंचांग के माध्यम से की गई या की जा रही भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय जो आप हमें दे रहे हैं, वह सब पूर्वाचार्यों एवं ज्योतिष शास्त्र के मर्मज्ञ गुरुचरणों की कृपा ही है या जनताजनार्दन के सौहार्द का परिणाम। हम उन पाठकों के भी आभारी हैं, जो विभिन्न प्रान्तों से पत्राचार द्वारा भविष्यवाणियों की सफलता पर बधाई भेजकर हमें भावी वर्षों में ग्रहगतिजन्य संकेतों के आधार पर कुछ न कुछ लिखने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

संवत् 2067 वि. की ग्रहपरिषद् के अधिकारियों का विश्व पर प्रभाव

विज्ञान 'कार्य–कारण के सिद्धान्त' पर आधारित है। परन्तु असंख्य घटनाएं ऐसी हैं, जिनका कारण समझने एवं समझाने में चोटी के वैज्ञानिक अपने आपको सर्वथा असमर्थ पा रहे हैं। सिद्धांतों के व्यभिचारमात्र से ज्योतिषशास्त्र की वैज्ञानिकता का प्रतिवाद नहीं किया जा सकता। ज्योतिष चिरन्तन सत्य–सिद्धांतों पर आधारित एक विज्ञान है, जिसमें अभी अत्यधिक अनुसंधान की आवश्यकता है।

जिस तरह पृथ्वी पर लोकतांत्रिक राज्य की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री आदि के चुनाव होते हैं और उन निर्वाचित व्यक्तियों के गुण–कर्म–स्वभाव–योग्यता का प्रभाव उनके अधिकृत क्षेत्रों एवम् शासनतंत्र पर पड़ता है, उसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिषद् में संसारचक्र को चलाने के लिए प्रतिवर्ष दिव्य एवं अद्भुत शक्तिमती 'आकाशी कौंसिल' का निर्माण होता है। इस आकाशीय कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलट–फेर एवं अघटित घटनाएं घटित होती हैं, इस घटनाचक्र को त्रिकालज्ञ दैवज्ञों द्वारा लिखित ग्रन्थों के आधार पर वि. सं. 2067 की ग्रहस्थिति के अनुसार कुछ लिखने की चेष्टा कर रहे हैं।

शुभ संवत् 2067 वि. का राजा क्रूर ग्रह 'मंगल' है। इस संवत् की ग्रहपरिषद् में पांच पद क्रूरग्रहों को एवं 5 पद सौम्य ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। इस ग्रहपरिषद् में महाक्रूरग्रह शनि को कोई भी औहदा उपलब्ध नहीं है।

इस संवत् का राजा किसान एवं औद्यौगिक क्षेत्र का प्रतिनिधि ग्रह 'मंगल' है। मंगल को भौम नाम से जाना जाता है, क्योंकि यह 'भूमि का पुत्र' है। संवत् का राजा होने के साथ–साथ मंगल को वर्षा–पानी अर्थात् मेघेश का पद भी इस ग्रहपरिषद् में प्राप्त है। संवत् के राजा को स्वभावतः संवत् की संवैधानिक शक्तियां उपलब्ध होती हैं। संवत् 2067 वि. का मन्त्री बालग्रह बुध है। बुध ग्रह वर्षेश–मंगल का शत्रु होने से यह वर्ष शासनतन्त्र में कुछ विशिष्ट घटनाक्रम को प्रदर्शित करेगा। न्याय–संवैधानिक प्रणाली में इसवर्ष विशेष संशोधन होंगे। गतवर्ष सं. 2066 वि. के श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग के पृ. 37, कॉलम 1, स्टैंज़ा 1 में हमने लिखा था कि– " इसवर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार न्यायपालिका और शासनप्रचालक पद्धति में काफी मतभेद उजागर हो सकते हैं। इस प्रकार कार्यपालिका और न्यायपालिका में मतभेद से देश की स्थिति का सुधार करने के लिए विशेष कानून बनाने पड़ेंगे।"

गतवर्ष सं. 2066 वि. में न्यायपालिका एवम् व्यवस्थापिका के अदारे में कुछ प्रमुख न्यायाधीश चर्चा में आए एवम् न्यायपालिका की कार्यप्रणाली में तीव्रता लाने तथा न्याय में पारदर्शिता हेतु सुप्रीमकोर्ट एवम् वरिष्ठ नेताओं को विशेष विचार–गोष्ठी का आयोजन करना पड़ा।

इसी प्रकार इसवर्ष की ग्रहपरिषद् की कार्यप्रणाली भी न्यायपालिका एवम् व्यवस्थापिका को सुधारात्मक पक्ष की ओर ले जाने वाली है। जिससे ग़रीब–अमीर सहज में न्याय पा सके, ऐसी प्रणाली या ऐसी व्यवस्था वाली तथा जजों पर अंकुश रखने वाली व्यवस्था लागू होगी।

संवत् का राजा मंगल होने से इसवर्ष में अग्निकाण्ड, बम–विस्फोट, प्राकृतिक उत्पात, चोरी–रोगों से परेशानी आदि की घटनाएं अधिक होंगी। शासकों एवम् विरोधी(विपक्षी)दलों में विधानसभा–लोकसभा में भारी विरोध रहे।

इसवर्ष चीन, नेपाल व पाक की तरफ से उग्रवादजन्य विभीषिका किंवा सीमाप्रान्तों पर भारी आतंक, सैन्य–हलचल से अचानक परेशानी बनेगी। सैन्यबल को सचेष्ट रहना होगा।

बुध के मन्त्रित्व में इसवर्ष खाद्य पदार्थों की महंगाई भयंकर रूप धारण करेगी, जिससे साधारण जनमानस में शासन के प्रति रोष उभरेगा।

शुक्र के सस्येश एवम् नीरसेश होने से गेहूं, चावल, ईख की फसल अच्छी हो; अगर, कपूर, सोना आदि में मूल्यवृद्धि बनी रहे।

इसवर्ष धान्येश एवम् धनेश– ये दो पद गुरु को प्राप्त हैं। खाद्य पदार्थों की फसल उत्तम हो, किसानवर्ग में धनधान्य–समृद्धि रहे।

इसवर्ष का रसेश सूर्य को एवम् फलेश–दुर्गेश– ये दो पद चन्द्र को प्राप्त हैं। चन्द्र दुर्गेश होने से सैन्यबल को सुसन्नद्ध नहीं रख सकेगा। सेना में कहीं मनमानी की भावना किंवा कहीं स्वेच्छाचारित्व का प्रदर्शन शासन को चिन्तित कर सकता है।

ग्रहपरिषद् के मन्त्री बुध के अतिरिक्त सभी पदाधिकारी मंगल (वर्षेश) के मित्र होने से शासनतन्त्र में परस्पर तालमेल अच्छा बना रहेगा। भारत किंवा विश्व के अन्य प्रगतिशील देश प्रगतिपथ पर अग्रेसर रहेंगे।

संवत् 2067 वि. की गोचर ग्रहस्थिति एवं जगत् लग्न कुण्डली के अनुसार विश्वजनीन घटनाओं पर एक नज़र

जगत्लग्नकुण्डली में लग्नेश मंगल नीच होकर चतुर्थ भाव में स्थित है। चतुर्थेश चन्द्र व्ययस्थान में शनि की दृष्टि में है। शनि सारा वर्ष कन्याराशि में ही रहेगा एवम् इसकी नज़र दक्षिणदिशा की तरफ रहेगी। स्पष्ट है, कि– यह वर्ष विश्व के विशेषतः पाक, अमेरिका एवम् भारत के प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञों एवम् राजनैतिक महाशक्तियों के लिए बहुत दुर्धर परिस्थितियों को लेकर उपस्थित हो रहा है। पाकिस्तान एवं अन्य मुस्लिम–राष्ट्रों के नायकों के लिए भी यह संवत् 2067 संकटापन्न स्थितियों को लेकर उपस्थित हो रहा है। उग्रवादजन्य हत्याकाण्ड, विस्फोट कुछ राष्ट्रों की शान्ति को भंग करेंगे। प्रधान नेतृत्व के लिए यह योग विशेष चिन्ताकारक हैं।

वर्षेश (जगत) लग्न कुण्डली



14 अप्रैल, 2010 ई., 6 घं. 57 मि.

जगत्लग्नकुण्डली में द्वितीयेश (धनेश) शुक्र, बुध एवं सूर्य के साथ द्वितीयभाव से व्ययस्थान में स्थित है; अतः विश्व के राष्ट्रों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए प्रमुख राष्ट्र कुछ नई राजनैतिक प्रतिक्रिया में निरत रहेंगे, जिससे अन्तर्राष्ट्रीय प्रव्रजन प्रभावित होगा। वर्षेश–कुण्डली में दशमभाव पर नीचशनि की दृष्टि एवम् कर्मेशशनि की शत्रु (छठे) भाव में स्थिति उग्रवादजन्य परेशानियों को बृहत्तर करेगी, जिससे भारत–अमेरिका आदि देश उग्रवाद– समापनार्थ प्रमुख भूमिका निभाने के लिए विवश होंगे। चतुर्थ भावेश चन्द्र गुरु के क्षेत्र में (व्ययस्थान) में शनि से दृष्ट होने से अनेकों विपरीत परिस्थितियों में भी समृद्ध किंवा प्रभावशाली देश अपनी सम्प्रभुता को तो बनाए रखेंगे, लेकिन इसवर्ष अमेरिका का प्रधान नेतृत्व उग्रवादजन्य विभीषिका से अछूता नहीं रहेगा; एतदर्थ विशेष सुरक्षाप्रबन्धन अनिवार्यतः करने चाहिएं। जग्त्लग्नकुण्डली में मकर राशि पर मंगल की उच्चदृष्टि भारत के प्रभावक्षेत्र को सुदृढ रखेगी। उग्रवाद–विभीषिका के बिरुद्ध प्रबुद्ध देशों को एकमञ्च पर उतरना होगा,– तभी जनजीवन प्रगति की ओर बढ़ सकेगा।

वर्षेश–कुण्डली के अनुसार यह वि. संवत् 2067 भारत, अमेरिका, पाक एवम् अन्य देश विशेष के लिए वरिष्ठ नेताओं के जीवन के लिए विशेष संकटापन्न ऐतिहासिक घटनाओं वाला रहेगा,– ऐसा संकेत मिलता है,– सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

जगत्लग्नकुण्डली में सप्तमेश शुक्र की सप्तमभाव पर पूर्णदृष्टि है एवम् मंगल की विशेष दृष्टि भी सप्तमभाव पर है। अतः मुस्लिम राष्ट्र–विशेष के लिए मुस्लिम –उग्रवाद कैंसर सिद्ध होगा और यह समाप्त नहीं होगा तथा उग्रवादजन्य दुष्परिणाम चिन्ताजनक रहेंगे। जगत्लग्नकुण्डली के अनुसार श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, पौष एवम् फाल्गुन मास विशेष घटनापूर्ण सिद्ध होंगे।

स. 2067 वि. 'शोभन' नामक संवत्सर के नाम से जाना जाएगा। इसवर्ष नानाविध रोगों किंवा दुर्घटना, प्रकृतिक प्रकोपजन्य कष्टों से अनेकत्र जनता कष्ट में रहे। लेकिन कुछ भूभाग पर जनता में सुख एवम् धन–धान्यसमृद्धि रहे, वर्षा पर्याप्त हो–

" शोभने वत्सरे धात्री प्रजानां रोग–शोकदा।
तथापि सुखिनो लोकाः बहु–सस्यार्घ–वृष्टिभिः।।"

इस संवत् का 'राजा मंगल' है। मंगल अग्नितत्त्व प्रधान ग्रह है। भूमिहरों (किसानों) एवम् औद्यौगिक क्षेत्रों को विशेष सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। सैन्यबल में प्रगति के विशेष पथ प्रशस्त होंगे। बड़े नगरों में कहीं अग्निकाण्ड, प्राकृतिक उत्पात (भूकम्प आदि)

व कहीं उग्रवाद से भारी जनधनहानि के योग बनते हैं। चोरी, ठगी किंवा जातीय उपद्रव, हत्याकाण्ड भी मंगल कराता है। प्रधान राजनैतिक पार्टियों में परस्पर कलह रहे।

इसवर्ष सं. 2067 वि. में भारत–पाक एवम् चीन–भारत सीमाओं पर सैन्यजमावड़ा एवम् युद्धजन्य विभीषिका से जनमानस एवम् शासनतन्त्र को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सीमाप्रान्तों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखना होगा। राजा मंगल होने से प्रजा में नए–नए रोग फैलें, वर्षा की अनेकत्र कमी अनुभव होगी। इसवर्ष का मन्त्री बालग्रह बुध होने से प्रधान नेता की मनमानी चले एवम् विशेष प्रभाव बना रहेगा।

सं. 2067 वि. का दुर्गेश (सेनापति) स्त्रीग्रह चन्द्र होने से इस संवत् के पूर्वार्ध में अच्छे किंवा प्रतिष्ठित पदों पर मातृशक्ति (स्त्रीजाति) का वर्चस्व प्रखर रहेगा। आगे कानूनन स्त्रीजाति को गरिमा प्रदान करने के लिए वैधानिक तौर पर लगभग 20 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के योग भी हैं। इसवर्ष के दुर्गेश को दृष्टि में रखते हुए भारत के सैन्य–समृद्धीकरण में विशेष ध्यान दिया जाएगा। अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, पाक, इराक, ईरान में विशेष घटनाएं घटेंगी। कहीं नस्लभेद, कहीं उग्रवादजन्य हत्याकाण्ड, कहीं राजनैतिक–धार्मिक उलझनें कठिन परिस्थिति में देशविशेष को लाकर खड़ा कर देंगी। समुद्र–तटवर्ती देशों में कहीं समुद्री तूफान, भयंकर भूकम्प व चक्रवात आदि प्राकृतिक आपदा से भारी जनधनहानि के योग इसवर्ष के मध्य के लगभग घटित होने के संकेत मिलते हैं।

16 मार्च से 14 अप्रैल तक सूर्य–शनि का समसप्तक योग बनेगा। दोनों प्रबल–शत्रुग्रह हैं। नक्सली अपनी शक्तिसत्ता का विस्तार करेंगे। भारत के आसाम–त्रिपुरा–नागालैण्ड–झारखण्ड आदि में इनकी शक्ति को नज़र अन्दाज़ करना आगे चलकर भयानक परिणामों वाला सिद्ध होगा। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार अप्रैल, सन् 2010 ई. में धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखना होगा, क्योंकि इस समय उग्रवादजन्य किसी घटना किंवा किसी दुर्घटना से जनधनहानि के योग बनते हैं।

17 अप्रैल को बुध वक्री होकर 20 अप्रैल को अस्त होगा एवम् 20 अप्रैल को शुक्र वृषराशि में आ जाएगा। धन–धान्यसमृद्धि रहे। कहीं वायुवेग के साथ हानि के योग भी बनते हैं।

2 मई को गुरु मीनराशि में आकर शनि के साथ समसप्तकयोग बनाएगा एवम् इसी समय बुध–सूर्य का शनि के साथ षडष्टकयोग बन रहा है। इस समय बुध एवम् शनि वक्री हैं। महाराष्ट्र, उडीसा आदि में कहीं प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो। जल–अग्नि–वायुजन्य प्रकोप से भी हानि संभव है।

15 मई को शुक्र मिथुन में आकर केतु के साथ मेल करेगा। इस समय शुक्र–केतु ये दोनों शनि की दृष्टि में हैं। 20 मई को शुक्र आर्द्रा नक्षत्र में एवम् 24 मई को केतु भी आर्द्रा नक्षत्र में आ जाता है। 26 मई को मंगल सिंह राशि में आकर गुरु के साथ षडष्टकयोग बनाएगा। यह सारी ग्रहस्थिति मई मास में किसी विशेष प्राकृतिक आपदा का संकेत देती है। ध्यान रहे;– **द्वितीय (शुद्ध) वैशाख शुक्लपक्ष 13 दिन का पक्ष है एवम् वैशाख अधिकमास भी है।** कहीं दुर्भिक्ष एवम् कहीं सीमाप्रान्तों पर युद्धाग्नि प्रज्वलित हो। कहीं विस्फोट आदि दुर्घटना से जनधनहानि भी हो।

शनि 13 जनवरी, 2010 ई. को वक्री होगा और 30 मई, 2010 ई. को यह मार्गी हो रहा है। 10 जून को शुक्र कर्कराशि में आकर गुरु की दृष्टि में आ जाएगा। यह स्थिति प्रगतिशील देशों के लिए शुभ है। नए–नए कार्यक्रम प्रगतिप्रद रहेंगे।

15 जून को सूर्य एवम् 22 जून को बुध भी मिथुन राशि में आकर शनि के साथ दशम–चतुर्थसम्बन्ध बनाएंगें। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान में कुछ अप्रिय घटनाएं घटित होंगी। 19 जून से 5 जुलाई तक बुध का अतिचारी होना भी देशविशेष में किसी विशिष्ट घटना का संकेत देता है।

5 जुलाई को शुक्र मघा सिंह में आकर मंगल के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाएगा। कहीं वर्षा के अवरोध से खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी एवम् कहीं बाढ़ से भी भारी हानि सम्भव है। 20 जुलाई को मंगल कन्याराशि में आकर शनि के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाएगा। **23 जुलाई को गुरु वक्री होगा। यह ग्रहस्थिति कहीं बम–विस्फोट, कहीं भूकम्प किंवा समुद्री तूफान व भयंकर बाढ़ से भारी जनधनहानि का संकेत देती है। 21 अगस्त तक यह ग्रहस्थिति विशेष प्रभावी रहेगी।** 8 से 10 जुलाई तक एवम् 16 अगस्त से 5 सितम्बर तक दुर्घटना में किसी विशिष्ट व्यक्ति का पद रिक्त होगा।

5 सितम्बर को मंगल तुलाराशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। 17 सितम्बर को सूर्य कन्याराशि में आकर शनि के साथ एकराशि–सम्बन्ध बना लेगा। 16 अक्तूबर तक यह ग्रहस्थिति प्रभावी रहेगी। इस अवधि में किसी वरिष्ठ व्यक्ति की मृत्यु से शोक व्याप्त होगा।

19 अक्तूबर को शनि उदित होगा एवम् मंगल वृश्चिक राशि में आकर शनि की दृष्टि में आ जाएगा। इस समय मंगल पर गुरु की दृष्टि भी है। ध्यान दें;– 19 अक्तूबर **को ही आश्विन शुक्ल पक्ष में शुक्र पश्चिम में अस्त हो जाता है,** अतः यह राजनीतिज्ञों में मतभेद उजागर करेगा एवम् कहीं किसी अप्रत्याशित घटना से कष्टप्रद समाचार मिलने की संभावना बनाता है। 25 अक्तूबर तक इस ग्रहस्थिति का प्रभाव रहेगा। 1 नवम्बर को वक्री गुरु पू.भा.– 3 कुम्भ में आएगा। 3 नवम्बर को शुक्र पूर्व में उदित होगा।

ध्यान दें;– 19 अक्तूबर से 28 नवम्बर तक मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि रहेगी। " युद्धदौ शनि–माहेयौ"– प्रमाणानुसार सीमाप्रान्तों पर माओवादी, पाक या चीनी सेना की गतिविधि वातावरण को अशान्त कर सकती है। कहीं यानदुर्घटना में जनधनहानि एवम् किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त हो।

29 नवम्बर, 2010 ई. से 7 जनवरी, सन् 2011 ई. तक धनुराशि में मंगल–प्लूटो एवम् राहु एकसाथ चलेंगे। इसी बीच 6 दिसम्बर को गुरु मीनराशि में आ जाता है। भयंकर वर्षा–तूफान एवम् भयंकर भूकम्प से नेपाल, चीन, अमेरिका, जापान, पाक–भारत में कहीं भारी जनधनहानि संभव है।

नोट करें;– 28 दिसम्बर, 2010 ई. से संवत् के अन्त तक मंगल अतिचारी रहेगा एवम् पौष कृष्ण अमा को मंगलवारी खण्डग्रास सूर्यग्रहण है, अतः किसी विशिष्ट प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञ के निधन से किसी देशविशेष में शोक व्याप्त होने का योग है।

26 जनवरी, सन् 2011 ई. को शनि वक्री हो रहा है। 15 फरवरी, 2011 ई. को मंगल कुम्भराशि में आकर शनि को देखेगा और शनि–मंगल का षड्ष्टकयोग भी शुरु हो जाएगा। 13 मार्च से संवत् के अन्त तक गुरु अतिचारी रहेगा। शनि के वक्री होने से कुछ देशों में आन्तरिक कलह से क्रान्ति जैसी स्थिति बनेगी। 25 मार्च को मंगल मीनराशि में आकर शनि के साथ समसप्तकयोग भी बनाएगा। अतः पाक में उग्रवादजन्य विभीषिका से स्थिति नाजुक हो सकती है। सीमाप्रान्तों पर इस समय विशेष सतर्क रहना आवश्यक है।

यूरोप के देश

यूरोपीय देशों की कुण्डली (1)
1 जनवरी, 2010 ई.
(मध्यरात्रि 0 घं. 00 मि.)



यूरोपीय देशों की कुण्डली (2)
1 जनवरी, 2011 ई.
(मध्यरात्रि 0 घं. 00 मि.)



कुण्डली नं. (1) के अनुसार यूरोपीय देशों का नववर्ष चन्द्रग्रहण की छाया में शुरु हुआ है। लग्नेश बुध और धनेश–नवमेश शुक्र– दोनों अस्त हैं। तृतीयेश और अष्टमेश मंगल आमदन भाव में नीच है। यह ग्रहस्थिति इन देशों में व्यापारिक क्षेत्रों की दृष्टि से विशेष प्रगतिप्रद मालूम देती है। क्योंकि धनस्थान पर गुरु की विशेष दृष्टि है और कर्मस्थान पर भी गुरु की दृष्टि है, संघर्षमय स्थिति में भी ये देश अग्रेसर होते नज़र आएंगे। जर्मनी, नॉर्वे, फ्रांस, डेनमार्क, स्पेन, हॉलैण्ड, यूक्रेन आदि यूरोपीय देश ग्रहस्थिति के अनुसार अच्छी प्रगति करेंगे। लेकिन उग्रवाद से कहीं भारी अशान्ति संभव है।

13 जनवरी से 28 अगस्त तक की ग्रहस्थिति–अनुसार यूरोपीय देश काफी अग्रेसर होंगे। यूरो की कीमत में बढ़ोतरी होगी। 6 फरवरी से लेकर संवत् के अन्त तक गुरु, शुक्र का अतिचारी होना एवम् शनि का वक्री होना यूरोपीयं देशों में कहीं संघर्ष की स्थिति पैदा करेगा।

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. (2) के अनुसार लग्नेश बुध नीच चन्द्र के साथ तृतीयभाव में है। इन पर (लग्नेश बुध, आयेश नीच चन्द्र एवम् लग्नस्थ शनि पर) बृहस्पति की दृष्टि है। लेकिन लग्नेश–आयेश पर शनि की भी विशेष दृष्टि है। संकेत मिलता है कि– अमेरिका, ऑस्ट्रिया, जर्मनी, ब्रिटेन एवम् कन्या, वृश्चिक, मेष, तुला तथा मकर नाम–प्रभावराशि वाले देशों में कहीं समुद्री तूफान, भूकम्प किंवा उग्रवादजन्य आपदाओं से कहीं न कहीं भारी जनधनहानि होगी। मंगल–राहु एवम् सूर्य चतुर्थभाव में एकत्र हैं, जोकि जनवरी, 2011 ई. में प्राकृतिक आपदा से कहीं भयंकर जनधनहानि कर सकते हैं। 4 जनवरी (भौमवती अमा) को सूर्यग्रहण किसी वरिष्ठ राजनीतिज्ञ को भारी आपदा में डालकर मृत्युतुल्य कष्ट दे सकता है या किसी वरिष्ठ व्यक्ति का पद रिक्त होगा। 14 जनवरी, 2011 ई. के लगभग मकर राशिस्थ सूर्य–मंगल विश्व में विशेषतः यूरोपीय देशों में आर्थिक सन्तुलन को बिगाड़ सकते हैं। 15 फरवरी को मंगल कुम्भराशि में आकर शनि के साथ षडष्टकयोग बनाएगा। 25 मार्च से शनि–मंगल का समसप्तकयोग यूरोप के देशों में कहीं उग्रवादजन्य भयंकर घटनाओं से भारी परेशानी बढ़ाएगा। अमेरिका, ब्रिटेन आदि विशिष्ट देशों के प्रधान नेताओं को अपनी सुरक्षा पर ध्यान देना होगा। किसी भी विशिष्ट व्यक्ति के साथ दुर्घटना घटित हो सकती है। फ्रांस में नस्लभेद की भावना से भारत के सम्बन्ध कटु हो सकते हैं।

मुस्लिम राष्ट्र

मुस्लिम देशों की कुण्डली (1)
19 दिसं., सन् 2009 ई., शनिवार
17 घं. 20 मि. (सूर्यास्त समय)



हिजरी सन् 1431 (1 मुहर्रम)

मुस्लिम देशों की कुण्डली (2)
8 दिसं., सन् 2010 ई., बुधवार
17 घं. 17 मि. (सूर्यास्त समय)



हिजरी सन् 1432 (1 मुहर्रम)

मुस्लिम राष्ट्रों की कुण्डली नं. (1) के अनुसार– हिजरी सन् 1431 का राजा शनि है। कन्याराशिस्थ शनि की वृश्चिकस्थ शुक्र एवम् लग्नस्थ केतु पर दृष्टि है। कन्याराशि पाकिस्तान की नाम राशि है। कुण्डली (1) में मंगल–गुरु दोनों नीचस्थिति में परस्पर समसप्तकयोग बना रहे हैं। सष्ट है, कि– पाकिस्तान में आतंकी अपनी जड़ें बहुत गहरी जमा चुके हैं। पेशावर से कराची और इस्लामाबाद से लाहौर तक तालिबानी विस्फोटक स्थिति बना देंगे– ऐसा संकेत मिलता है। तालिबानी आतंकवादी अफगानिस्तान में भी वातावरण को अशान्त करते रहेंगे। कबायली क्षेत्रों के निवासी चीनी मुस्लिम–विद्रोही संगठन चीन में भी आतंकवादी हमले करके वहां की शान्ति को भंग कर सकते हैं। अक्तूबर के लगभग की ग्रहस्थिति के अनुसार पाक में आतंकवाद और अधिक बढ़ेगा। 14 मार्च, 2010 ई. से 13 अप्रैल

तक शनि–सूर्य का समसप्तकयोग एवम् मंगल, शनि की गोचरस्थिति के अनुसार मुस्लिम राष्ट्रों में भारी उपद्रव, भूकम्प एवम् अन्य प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि के योग बनते हैं। पाकिस्तान जम्मू–काश्मीर में आतंकवादियों की घुसपैठ व हिंसक गतिविधियों में संलग्न रहेगा। नेपाल के रास्ते जाली भारतीय करंसी, हथियार, ड्रग्स एवम् विस्फोटक भिजवाकर भारत के साथ सम्बन्ध बिगाडेगा। ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है, कि– मुस्लिम राष्ट्रविशेष हिंसक तालिबान व अंन्य आतंकवादियों से ग्रस्त रहेंगे। यह तालिबान, अमेरिका एवम् पाकिस्तान के लिए जल्दी ही भस्मासुर बन जाएगा और पाक फिर विघटन के मार्ग पर आकर खतरनाक संकट में पड सकता है। 20 जुलाई, 2010 ई. से 4 सितम्बर, 2010 ई. तक मुस्लिम राष्ट्रों में से कुछ राष्ट्रों को भारी संकट का सामना करना पड़ेगा। इस संवत् 2067 वि. के मध्य कुछ यावनराष्ट्–नायकों को अपने देश में होने वाली अराजकता का सामना करना कठिन हो जाएगा। कुछ मुस्लिम वरिष्ठ नेता हिंसा के शिकार भी हो सकते हैं। कुण्डली नं. (1) के अनुसार आश्विन तक मुस्लिमराष्ट्रों मे स्थितियां नेतृत्व के लिए कठिन हैं, या पाकिस्ताद आदि में नेतृत्व परिवर्तन के योग हैं।

कुण्डली नं. (2) के अनुसार– वृश्चिकस्थ सूर्य पर शनि की विशेष दृष्टि है। मंगल, राहु, चन्द्र, बुध– ये अष्टमभाव में एकत्र हैं। अफगानिस्तान, पाक, इराक, ईरान, कुवैत एवम् मालदीव आदि मुस्लिमराष्ट्रों में उग्रवाद एवम् आन्तरिक अशान्ति से जनधनहानि के योग बनते हैं। यहां के विशिष्ट व्यक्तियों के जीवन को खतरा है। इन्हें अपने सुरक्षाप्रबन्धों को सुदृढ करना होगा। सेना किंवा सुरक्षात्मक पंक्ति में भी आई. एस. आई. के एजेंट स्थानीय नेतृत्व को परेशानी में डाल सकते हैं। दिसम्बर, 2010 ई. से विशेषत: 15 फरवरी से संवत् के अन्त तक शनि–मंगल की स्थिति किसी मुस्लिमराष्ट्र की शासनसत्ता में अचानक परिवर्तन ला सकती है। यहां के शासकों के लिए ग्रहस्थिति काफी चिन्तनीय मालूम देती है।

अमेरिकी राष्ट्रपति श्री बराक ओबामा

श्रीबराक ओबामा के राष्ट्रपति पद पर सफलता की भविष्यवाणी 19 सितम्बर, 2008 ई. को 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' सं. 2066 वि. में पृष्ठ 40 पर हम स्पष्टरूप से पहले ही कर चुके हैं।

जन्माङ्ग श्रीबराक ओबामा
4th August, 1961 - 13.06 P.M.
at HONOLULU (HAWAI)(U.S.A)



गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार मंगल सप्तमेश एवम् द्वितीयेश होकर सिंहराशिस्थ शनि के साथ चलेगा। 1 मई, 2010 ई. से 15 मई तक, 20 जुलाई से लगभग 19 अक्तूबर, 2010 ई. तक एवम् 15 फरवरी, 2011 ई. से अप्रैल, 2011 ई. तक की ग्रहस्थिति की अवधि में श्री ओबामा को अन्तर्राष्ट्रीय एवम् देशान्तर्गत परिस्थितियों की गहनता को ध्यान में रखकर काम करना होगा। उल्लिखित समयावधियों में इन्हें आत्मसुरक्षा के साधनों को सुदृढ रखना आवश्यक है, अन्यथा उग्रवादजन्य घटना या निजदेशान्तर्गत रंगभेदनीति का दुष्परिणाम दुःखद घटनापूर्ण हो सकता है।

संवत् 2067 वि. की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत एवं भारत–सरकार में घटित होने वाले घटनाचक्र का आकलन

"संसार का प्रत्येक परमाणु एक निर्धारित नियम से विलग नहीं हो सकता। एक सूक्ष्मतम परमाणु में यदि तनिक अव्यवस्था किंवा अनुशासनहीनता आ जाए, तो विराट् ब्रह्माण्ड एक क्षण के लिए भी न टिक सके। एक क्षणिक विस्फोट से अंनन्त प्रकृति अग्नि–ज्वालाओं से अतिरिक्त कुछ न रहे।" इस प्रकार समस्त घटनाचक्र एवं सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को संचालित करने वाला ग्रहपुञ्ज प्रकृति किवा ईश्वर के अनुशासित कार्यक्रम का एक निदर्शन है, जोकि– गोचर ग्रहगति के संकेतानुसार हमें प्रतिवर्ष कुछ लिखने को प्रेरित करता है।

स्वतन्त्र भारत का 63 वां वर्ष

संवत् 2066 वि. में स्वतन्त्र भारत के 63वें वर्ष का उदय 14 अगस्त, 2009 ई. को रात्रि में 21 घं. 28 मि. (भा.स्टै.टा.) पर हो रहा है। 63वें वर्ष की कुण्डली में मंगल की शनि पर विशेष दृष्टि है। मुंथेश चन्द्र एवं द्वितीयेश–अष्टमेश मंगल पर शनि एवम् गुरु की विशेष दृष्टि भी है। 16 अगस्त को सूर्य सिंह राशि में आकर अपने शत्रुग्रह शनि के साथ मेल करेगा और इसी दिन मंगल की नज़र शनि पर से हट जाएगी। यह ग्रहस्थिति भारतीय लोकतन्त्र में कई विषम–परिस्थितियों को स्पष्ट तो करेगी, लेकिन प्रधान सक्षम–नेतृत्व परिस्थिति पर नियन्त्रण रखेंगे और भारत की गरिमा–यश–सम्मान देश–विदेश में उज्जवल रहेगा।

स्वतन्त्र भारत का 63 वां वर्ष
14 अग., 2009 ई. ($21^{h.}$ $28^{m.}$)



9 सितम्बर, सन् 2009 ई. को शनि कन्याराशि में आकर इसवर्ष पुनः मंगल के साथ दशम–चतुर्थसम्बन्ध बनाएगा, जिस कारण भारत में पाक द्वारा संवर्धित उग्रवाद कहीं भारी आतंकपूर्ण वातावरण बना सकता है। पाक की नामराशि में शनि का पदार्पण आगे सीमां प्रान्तों पर भारी अशान्ति पैदा करेगा। 5 अक्तूबर, 2009 ई. से 25 मई, 2010 ई. तक मंगल कर्कराशि में ही चलेगा और 16 नवम्बर, 2009 ई. तक मकरराशिस्थ राहु एवम् गुरु के साथ समसप्तकयोग बनाएगा। 13 जनवरी, 2010 ई. को शनि वक्री हो रहा है। मंगल पहले ही 20 दिसम्बर, 2009 ई. को वक्री हो चुका है। इस प्रकार दोनों क्रूरग्रह 2 मार्च, 2010 ई. तक वक्र ही रहेंगे। भारत में माकपा एवम् वाम मोर्चे का अस्तित्व क्षीण होगा, भाजपा के अन्तर्कलह एवम् सिद्धान्त–मुद्दाविहीन राजनीति से भारत सरकार का विपक्ष क्षीण होगा, जिससे कांग्रेस पार्टी की सरकार कुछ मुद्दों पर मनमानी करेगी। ध्यान दें, कि– 5 अक्तूबर, 2009 ई. से 13 जनवरी, 2010 ई. एवम् 20 जुलाई, 2010 ई. से 16 अगस्त, 2010 ई. तक की समूची ग्रहस्थिति पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है, कि– भारत विश्व के सर्वाधिक आतंकवाद–प्रभावित देशों में से एक होगा। पाक में पनप रही तालिबानी

उग्रवादप्रक्रिया पाक को तो नष्ट करेगी ही परन्तु भारत के कुछ महानगरों में विस्फोट, तथा किसी प्रतिष्ठितव्यक्तिविशेष की हत्या से भारत को भी भारी हानि पहुंचा सकती है। भारतीय शासनतन्त्र अनुभव करने लगेगा कि– भारत आतंक–विरोधी लड़ाई जीतने में अक्षम है। सरकार को आतंकवाद से निपटने के लिए पुलिस एवम् सुरक्षाबलों को आधुनिक शस्त्र, संचार उपकरण, बेहतर प्रशिक्षण से सुसन्नद्ध करना होगा, अन्यथा माओवाद, आतंकवाद एवम् नक्सलवाद भारत के आसाम, त्रिपुरा आदि में पाक जैसी खतरनाक स्थिति बना सकते हैं।

5 अक्तूबर, सन् 2009 ई. से 13 जनवरी, 2010 ई. के लगभग एवम् 20 जुलाई, से 16 अगस्त, 2010 ई. तक की अवधि में भारत के किसी क्षेत्र में भयंकर प्राकृतिक आपदा या विस्फोट आदि से भारी जनधन हानि संभव है किंवा किसी हादसे में व्यक्तिविशेष के निधन से शोक व्याप्त होगा।

स्वतन्त्र भारत का 64वां वर्ष

स्वतन्त्र भारत का 64 वां वर्ष
14 / 15 अग., 2010 ई. (3घं. 37मि.)



स्वतन्त्र भारत के 64वें वर्ष का उदय मिथुन लग्न में हो रहा है। लग्नेश बुध मुन्था के क्षेत्र में लग्न से तृतीयस्थ है। तृतीयेश सूर्य मुन्थेश होकर द्वितीय स्थान में गुरु से दृष्ट है। ग्रहगति से स्पष्ट संकेत मिलता है, कि– आगामी समय एशियन देशों में भारत तेज़ी से आर्थिक प्रगति की ओर अग्रेसर होगा। भारत द्वारा सभी क्षेत्रों में विकास बचत की बढ़ती दर प्रगतिशील देशों को आश्चर्यचकित कर सकती है। दूसरे देशों द्वारा विशेषरूप से पूंजीनिवेश भारत में होगा और देश प्रगतिपथ पर आगे बढ़ेगा। लेकिन 64वें वर्ष की स्वतन्त्र भारत की कुण्डली में चतुर्थ भावस्थ शनि–मंगल एवम् नीच शुक्र कन्या नाम राशि वाले, किंवा मीन, मेष, वृश्चिक राशि वाले देशों में से किसी देश–विशेष, पाक, चीन या नेपाल आदि के साथ सीमांप्रान्तों पर अशान्ति बनेगी। सीमा मुद्दा गरमाएगा, सम्बन्ध तनावपूर्ण होंगे। व्यापारिक सम्बन्ध भी बिगड़ेंगे। 16 अगस्त से 16 अक्तूबर, 2010 ई. तक एवम् 19 अक्तूबर से 28 नवम्बर, 2010 ई. तक भारत के कुछ प्रतिष्ठित नगरों में उग्रवाद से एवम् किसी प्राकृतिक आपदा से भारी जन–धनहानि के योग बनते हैं।

29 नवम्बर, 2010 ई. से 8 जनवरी, सन् 2011 ई. तक मगल राहु का एकराशि–सम्बन्ध एवम् 15 फरवरी, 2011 ई. से संवत् के अन्त तक शनि–मगल का षडष्टकयोग कहीं किसी सम्मान्य वरिष्ठ व्यक्ति के पदरिक्त होने की सूचना देता है। सीमाप्रान्तों पर शत्रुद्वारा सैन्यबल का प्रयोग देश के लिए अशान्ति का कारण बन सकता है। किसी देश विशेष में नेतृत्व–परिवर्तन की संभावना भी इस वर्ष में विशेष घटना के रूप में जानी जाएगी। यह वर्ष सीमावर्ती देशों की कुनीति एवम् उग्रवादजन्य गतिविधि से काफी संकटपूर्ण रहेगा, लेकिन देश की गरिमा, प्रगति एवम् गौरव हमेशा उज्जवल रहेगा।

भारतीय गणतन्त्र का 61वां वर्ष

भारतीय गणतन्त्र का 61 वां वर्ष
26 जन. 2010 ई. (19घं. 30मि.)



भारत के 61वें (इकसठवें) गणतन्त्र की वर्षकुण्डली के अनुसार लग्नेश सूर्य, तृतीयेश–दशमेश शुक्र के साथ मकरराशि (छठे भाव) में स्थित है। इनपर नीच मंगल की दृष्टि भी है। सिंह लग्न, शनि–मंगल से खलाक्रान्त है। मुंथेश गुरु शनिक्षेत्र में सप्तमस्थ है। शनि द्वितीयभाव (कन्याराशि) में है। नवमेश मंगल खर्च खाने में नीच है। इस ग्रहस्थिति के अनुसार आर्थिक संकट व खाद्यपदार्थों की महंगाई के कारण विश्व के बहुत से देशों में लोग भुखमरी के शिकार हो सकते हैं। जिससे कुछ देशों में आन्तरिक शान्ति एवम् सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता है। इस स्थिति का प्रभाव भारत पर भी दिखाई देगा। लेकिन गणतन्त्र की मौजूदा कुण्डली में नवमेश मंगल एवम् कर्मेश शुक्र का समसप्तकयोग भारत की प्रभुसत्ता को अक्षुण्ण रखेगा।

इसवर्ष गणतन्त्र की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार पश्चिमी बंगाल के आदिवासी माओवादियों में भुखमरी के कारण अराजकता एवम् संघर्षात्मक स्थिति बनने के योग हैं। मध्यप्रदेश में चंबल के डकैतों एवम् झारखण्ड, बिहार, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, आन्ध्रप्रदेश, पश्चिमी बंगाल एवम् महाराष्ट्र में नक्सलवादियों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाने को विवश होना पड़ेगा। अन्यथा देश की आन्तरिक सुरक्षा को भारी धक्का लगेगा एवम् अनेकत्र भारी जनधनहानि होने के योग हैं।

भारतीय गणतन्त्र की राष्ट्रपति महामहिमामयी श्रीमती प्रतिभा पाटिल महाभागा के समक्ष 19 जुलाई से 19 अक्तूबर, 2010 ई. तक एवम् 15 फरवरी, 2011 ई. से अप्रैल, 2011 ई. तक की समयावधि मे भारतगणतन्त्र से सम्बन्धित अनेकों समस्याएं आएंगी, लेकिन इन्हें विचारपूर्वक देश को सही दिशा देने का श्रेय प्राप्त होगा।

संवत् 2067 वि. की गोचर–ग्रहस्थिति का भारत पर प्रभाव

सम्पूर्ण विश्व 'कार्य–कारण सिद्धान्त' पर अपनी गतिमत्ता बनाए हुए है। ज्योतिषशास्त्र 'ग्रहस्थिति' को कारण मानकर सम्पूर्ण विश्व में संचालित घटनाचक्र का आकलन करता है।

'श्रीमद् भागवत् पुराण' के चतुर्थ स्कन्ध के 11वें अध्याय के श्लोक नं. 17 में स्पष्टरूप से घोषित किया है कि–निर्गुण परामात्मा तो संसारचक्र को संचालित करने में केवल निमित्तमात्र है। उसी के आश्रय से कार्य–कारणात्मक जगत् उसी प्रकार भ्रमण करता है, जिस प्रकार चुम्बक के प्रभावक्षेत्र में रहता हुआ लौहखण्ड चुम्बक के अनुरूप इधर–उधर संचलित होने पर विवश होता है–

" निमित्तमात्रं तत्रासीन्निर्गुणः पुरुर्षभः।
व्यक्ताव्यक्तमिदं विश्वं यत्र भ्रमति लौहवत्।।"

संवत् (2067 वि.) की नववर्ष प्रवेशकालीन कुण्डलीगत ग्रहस्थिति के अनुसार लग्नेश गुरु तृतीय भाव में शनि के क्षेत्र में है। शनि कन्याराशि में वक्रस्थिति में है एवम् गुरु के साथ षडष्टकयोग बना रहा है। इस समय नीचस्थ मंगल भी गुरु के साथ षडष्टकयोग बना रहा है। स्पष्ट है, कि– कुछ माओवादी माकपा एवम् अन्य ग्रुप जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास नहीं रखते, वे भी सुरक्षाबलों पर प्रहार कर सकते हैं। ये पार्टियां देश के आधादर्जन से भी अधिक राज्यों को दूषित कर रही हैं। इसवर्ष छत्तीसगढ़, बिहार, झारखण्ड, उड़ीसा, महाराष्ट्र, आसाम आदि में भारी उपद्रव होंगे। इन उपद्रवों को कानूनव्यवस्था के नज़रिये से हल करने की नीति असफल रहेगी। जम्मू–काश्मीर भी सरकार के लिए सिरदर्द रहेंगा। इसलिए तेज़ी से बढ़ रही माओवादी किंवा सभी प्रकार की हिंसा पर कन्ट्रोल करने के लिए स्पष्ट व प्रभावशाली कार्यवाही में देरी करना भारी भूल सिद्ध होगी।

संवत् 2067 वि. की नववर्ष प्रवेशकुण्डली



15/16 मार्च, सन् 2010 ई.
(2 घं. 31 मि.)

वर्षप्रवेशकुण्डली की ग्रहस्थिति के अनुसार इसवर्ष कुछ प्रतिष्ठित पोलिस ऑफिसरज, मिलिट्री–जवान एवम् राजनयिक उग्रवादी हिंसा के शिकार होंगे, प्रतिष्ठित नगरों नें प्रमुख स्थानों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा।

नववर्षप्रवेशकालीन कुण्डली की ग्रहस्थिति के अनुसार शनि–राहु का दशम–चतुर्थ, पंचमेश मंगल का अष्टमभाव में नीच होना, सूर्य, चन्द्र, बुध, शुक्र का शनि के साथ समसप्तकयोग इसवर्ष में वैश्विक तापमान में वृद्धि से भयंकर परिणामों का संकेत देता है। इस ग्रहस्थिति का परिणाम इसवर्ष विनाशकारी समुद्रीतूफान, कहीं समुद्रतटवर्ती भूभाग में विनाशलीला का दृश्य उपस्थित कर सकता है। कहीं सूखा, कहीं भयंकर बाढ से भारी जनधनहानि संभव है। जलवायु–परिवर्तन (ऋतुविपर्यय) आदि से भयंकर संक्रामक बीमारियों व जनता की स्वास्थ्यसम्बन्धी अन्य परेशानियों से लाखों जानें जा सकती हैं, क्योंकि उल्लिखित ग्रहथिति वैश्विक तापमान में अचानक तबदीली का संकेत देती है। शनि–राहु आदि की स्थिति/दृष्टि के विचार से एवम् इसवर्ष में क्रूरग्रहों के समसप्तकयोग–चिन्तन से ज्ञात होता है, कि– बिहार, उड़ीसा, मणिपुर, बंगाल, आसाम में किसी प्राकृतिक आपदा से भारी कष्टमयस्थिति का सामना करना पड़ेगा एवम् कहीं उग्रवादजन्य–हिंसक घटनाओं से भारी जनधनहानि का भी संकेत मिलता है। शनि की दृष्टि किसी धार्मिक समारोह/स्थान पर भी हानि करेगी।

संवत् 2067 वि. का प्रारम्भ मंगलवार को हो रहा है। मंगल कर्क राशि में है। वर्षारम्भ में सूर्य–शनि का समसप्तकयोग 13 अप्रैल तक चल रहा है। इसवर्ष गुजरात से जम्मू–काश्मीर तक भारत–नेपालसीमा तथा भारत–बंगलादेशसीमा पर भारत सरकार को अधिक चौकस रहना पडेगा, अन्यथा बॉर्डर एरिया से नकली करंसी, हेरोइन, शस्त्र–सहित आतंकवादी भारत में प्रवेश करके वातावरण को अशान्त कर सकते हैं। शनि कन्या राशि में है, इस दृष्टि से सीमा पर सावधान रहना नितान्त आवश्यक है।

संवत् के आरम्भ से पूर्व ही शनि वक्र स्थिति में है। बुध–शुक्र दोनों 19 अप्रैल तक मेष राशि में ही रहते हैं। लेकिन 20 अप्रैल को वक्री बुध को शुक्र मेष राशि में ही छोड़कर वृषराशि में आ जाएगा, जोकि कहीं प्राकृतिक आपदा से हानि का संकेत देता है।

2 मई को बृहस्पति मीन राशि में आकर वक्री शनि के साथ समसप्तकयोग बनाएगा। 15 मई से 27 मई तक द्वि.(शुद्ध) वैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशदिनात्मक (13 दिन का) है। ध्यान दें; शुक्ल पक्ष का त्रयोदशदिनात्मक होना विशेषरूप से जनकष्टदायक माना गया है। इस त्रयोदशदिनपक्ष का फल ('देहली–दीपक न्याय' से) 12 जून शनैश्चरी अमा तक अनुभव होगा। शास्त्र में 13 दिन के पक्ष का फल इस प्रकार लिखा है–

"यदा च जायते पक्षस्त्रयोदश–दिनात्मकः।
तदा कालो भवेद्घोरो मुण्डमालायुता मही।।
अनेक युग सहस्रेषु दैवयोगाच्च जायते।
त्रयोदश दिनः पक्षस्तदा संहरते जगत्।।"

भारत के कुछ प्रान्तों एवम् विश्व के कुछ राष्ट्रों में कहीं घोर अकाल की स्थिति बने, सीमाप्रान्तों पर कहीं भयंकर युद्ध का वातावरण अशान्ति बनाए। कहीं भयंकर प्राकृतिक आपदा (समुद्री तूफान, विस्फोट, भूकम्प आदि) से भारी जनधनहानि का भी योग बनता है। मई/जून, सन् 2010 ई. में इसवर्ष किसी प्रमुख व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त हो जाना भी त्रयोदश दिनात्मक पक्ष का परिणाम होगा। लिखा है–

" एकत्रपक्षे द्वितिथि–प्रपाते महर्घमन्नं जनमध्य वैरम्।
तत्पक्ष–नाशे मरणं नृपाणाम्"......... इत्यादि।

इस समयावधि में देश में महंगाई जोर पकड़ेगी राजनैतिक पार्टियों में

वातावरण अशान्त रहेगा। इसवर्ष वैशाख अधिकमास होने से खाद्यान्नों में महंगाई की सूचना मिलती है। 15 मई को मिथुनस्थ शुक्र एवम् 26 मई को सिंह राशि का मंगल भी महंगाई को लेकर जनता में भारी रोष पैदा करेगा।

15 जून को सूर्य मिथुन राशि में एवम् 22 जून को बुध के मिथुन राशि में आने पर सूर्य, बुध एवम् केतु शनि की नज़र में आ जाएंगे। 22 जून को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में आकर कहीं अतिवृष्टि, कहीं घोर अकाल की स्थिति बनाएगा, क्योंकि इन पर शनि की दशम दृष्टि है। जून के द्वितीय सप्ताह में अमेरिका, जापान, अफगानिस्तान, पाक आदि में कहीं भूकम्प, समुद्री तूफान आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि के योग बनते हैं।

26 जून, शनिवार को खण्डग्रास चन्द्रग्रहण, जोकि पूर्वी भारत में दृश्य होगा, अनेकत्र दुर्भिक्षकारक प्रतीत होता है।

5 जुलाई को शुक्र मघा नक्षत्र एवम् सिंह राशि में प्रवेश करके अग्नितत्व–प्रधान ग्रह मंगल के साथ मेल करेगा। इस समय वर्षा की कमी अनुभव होगी। कुछ प्रान्तों में फसलें सूखेंगी। पानी की कमी से कुछ प्रान्त अकालग्रस्त होंगे। यह ग्रहस्थिति अगस्त के प्रारम्भ तक प्रभावित करेगी। 20 जुलाई को मंगल कन्या राशि में आकर शनि के साथ एकराशि–एक नक्षत्रसम्बन्ध बना लेगा। यह ग्रहस्थिति अघटित घटनाओं को जन्म देगी। पाक में कट्टरपन्थी समूह रक्तक्रान्ति या रक्तविहीन क्रान्तिकारी योजनाओं से सं. 2067 में सत्तापरिवर्तन कर सकते हैं। इस्लामी कानून वहां विशेषरूप से लागू हो सकते हैं। शनि–मंगल का यह एकराशि–सम्बन्ध 4 सितम्बर तक चलेगा। इस समयावधि (20 जुलाई से 4 सितम्बर, 2010 ई. तक) में नेपाल, पाक एवम् चीन से सटी सीमाओं पर भारतीय सशस्त्र सैनिकों को सचेष्ट रहना अनिवार्य है, अन्यथा सीमाप्रान्तों पर भारतीय नक्सलवादियों को नेपाली माओवादियों, पाकिस्तानी जेहादियों एवम् चीनी उग्रवादियों द्वारा आधुनिक हथियार प्राप्त होंगे, जिससे देश की आन्तरिक स्थिति बिगड़ेगी एवम् हत्याकाण्डों में भारी जनधनहानि के रूप में जनता को कष्ट झेलना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में सैन्यबल का प्रयोग अनिवार्य हो जाएगा।

24 जुलाई को गुरु वक्री होगा। आगे श्रावण चान्द्रमास में (27 जुलाई से 24 अगस्त तक) 5 मंगलवार होने से अगस्त के दूसरे सप्ताह में कहीं भयंकर भूकम्प, तूफान आदि प्राकृतिक प्रकोप से भारी जनधनहानि संभव है। श्रावण में किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति की हत्या व निधन से राजनीतिज्ञों में क्षोभ पैदा होने का योग है। उग्रवादजन्य विभीषिका भी इस समयावधि में राजनीतिज्ञों के लिए सिरदर्द बनेगी।

श्रावण शुक्लपक्ष में प्रतिपदा तिथि का क्षय होने से कार्तिक में कहीं शासनसत्ता में परिवर्तन, किंवा किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त होगा,–

"श्रावणे शुक्लपक्षे च तिथिः कापि क्षया भवेत्।
तदा वै कार्तिके मासे छत्रभंगः प्रजायते।।"

5 सितम्बर, 2010 ई. को मंगल तुला राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा एवम् भाद्रपद कृष्ण चतुर्थी (28 अगस्त को) शनिवारी है– यह ग्रहस्थिति मुस्लिम राष्ट्रविशेष के लिए भारी कठिन परिस्थिति को लेकर आएगी। कहीं उग्रवाद का प्रभाव भीषणरूप धारण करेगा। देश के अन्दर कहीं अराजकता एवम् हिंसा व्याप्त हो। इन दिनों कहीं सत्तापलट भी संभव है। भारत के किसी भाग में दुर्भिक्ष की स्थिति बने।

16 सितम्बर को सूर्य–शनि का मेल प्रजा में कहीं शासकों के विरुद्ध रोष पैदा करेगा। महंगाई बहुत असह्य होगी। भाद्रपदशुक्ल सप्तमी को अनुराधा नक्षत्र होने से आगे वर्षा की बहुत कमी होने से फसल की हानि हो,–

"भाद्रपदे शुक्लपक्षे सप्तमी मैत्र–संयुता।
न वृष्टिर्न च पर्जन्यो जलाशां मुञ्च सर्वथा।।"

19 अकतूबर को मंगल वृश्चिकराशि में दाखिल होगा। शनि की मंगल पर विशेष दृष्टि होगी। 28 नवम्बर, 2010 ई. तक शनि की मंगल पर दृष्टि रहेगी। 19 अक्तूबर को (आश्विन शुक्ल पक्ष में) ही शनि उदित होगा और शुक्र पश्चिम में अस्त होगा। शुक्लपक्ष में शुक्रास्त कहीं युद्धमय वातावरण बना सकता है एवम् किसी देश में आन्तरिक अशान्ति रक्तपात का कारण बनेगी,–

" शुक्लपक्षे यदा शुक्रः समुदेत्यस्तमेति वा।
राजपुत्रसहस्राणां मही पिबति शोणितम्।।"

19 अक्तूबर से 28 नवम्बर, 2010 ई. तक की अवधि में कहीं दुर्भिक्ष व कहीं किसी व्यक्ति का पदरिक्त होगा, कहीं उग्रवादजन्य विस्फोट से जनधनहानि हो। अक्तूबर–नवम्बर में भयंकर भूकम्प, तूफान आदि प्राकृतिक आपदा, यानदुर्घटना आदि से भी जनधनहानि के योग बनते हैं। 29 नवम्बर को मंगल धनुराशि में आकर राहु के साथ 7 जनवरी, 2011 ई. तक एकराशि–सम्बन्ध बनाते हुए विचरण करेगा। इस समय नेपाल में माओवादीनेता विशेष जनान्दोलन चला सकते हैं। इस संवत् 2067 वि. की नेपाल में यह क्रान्ति राष्ट्रविरोधी–अवसरवादी किंवा प्रतिक्रियावादी ताकतों को समाप्त कर सकती है एवम् एक सशक्तराष्ट्र के निर्माण के लिए प्रयास करेगी। इसका राजनैतिक प्रभाव भारतीय गणतन्त्र को प्रभावित करेगा।

ध्यान दें– वि. संवत् 2067 के अन्तिम 3–4 महीनों की ग्रहस्थिति पर दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है, कि– 4 जनवरी, 2011 ई. को मंगलवारी सूर्यग्रहण, 14 जनवरी से मंगल–सूर्य का मकर राशि में चलना, 26 जनवरी को शनि का वक्रत्व, 13 जनवरी, 2011 ई. को सूर्य का कुम्भराशि में आना एवम् 15 जनवरी, 2011 ई. को मंगल का भी कुम्भराशि में आकर सूर्य के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाना तथा शनि के साथ सूर्य–मंगल का षडष्टकसम्बन्ध (जोकि 13 मार्च, 2011 ई. तक चलेगा) इस समयावधि में कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, आन्तरिक सुरक्षा की कमजोरी से सीमावर्ती प्रान्तों में बढ़ रही नक्सलवादी हिंसा से शासनतन्त्र की सशक्तता पर प्रश्नचिह्न लगेगा। चीन देश भारतीय सीमाओं पर अपना

प्रभाव बढ़ाना चाहेगा। भारतीय सीमापंक्ति को इस समय सुदृढ़ रखना होगा, अन्यथा संवत् के अन्त तक चीन कभी भी घात करने की फिराक में रहेगा।

25 मार्च, सन् 2011 ई. को मंगल मीन राशि में आकर सूर्य–गुरु के साथ बैठकर शनि के साथ समसप्तकयोग बनाएगा। इस समय शनि वक्री है, गुरु–मंगल अतिचारी हैं;– यह ग्रहस्थिति सरकार द्वारा महंगाई पर अंकुश लगाने के प्रयासों को विफल करेगी। विपक्ष की कमज़ोरी (जोकि लोकतन्त्र के लिए विघातक है) सत्तारूढ़ पार्टी पर सुधार के लिए किए गए प्रयासों को विफल करती मालूम देगी–

> " यदा क्रूरग्रहो वक्री शुभश्चैवातिचारगः।
> तदा भवति दुर्भिक्षं राज्ञां युद्धं परस्परम्।।"

इस प्रमाणानुसार कहीं राजनीतिज्ञों में मतभेद उजागर हों, कहीं महंगाई से जनाक्रोश भी दिखाई दे।

सितम्बर, 2010 ई. से संवत् के अन्त तक की ग्रहस्थिति का परिशीलन करने से ज्ञात होता है कि– 29 नवम्बर तक शनि की मंगल पर दृष्टि, आगे राहु–मंगल का एकसाथ चलना एवम् 4 जनवरी, 2011 ई. को सूर्यग्रहण, 15 फरवरी से शनि–मंगल का षडष्टक एवम् 25 मार्च से संवत् 2067 वि. के अन्त तक शनि–मंगल का समसप्तक– ये सारे योग भारत के कुछ राजनीतिज्ञों के लिए अग्निपरीक्षा वाले सिद्ध होंगे। कहीं क्षेत्रीय निर्वाचनक्षेत्रों में भारी गहमा–गहमी रहेगी। कहीं राजनैतिक हत्याकाण्ड की घटना से अशान्ति का वातावरण बनेगा। राजनैतिक पार्टियां एक–दूसरे को नीचा दिखाने की नीति के अन्तर्गत घोषणापत्र प्रलोभनों से जनमन को प्रलुब्ध करने में तत्पर रहेंगी। इन दिनों (सितम्बर, 2010 ई. से फरवरी, 2011 ई. तक) उत्तर भारत में कांग्रेस का पलड़ा भारी रहेगा। अधिकतर सचेत देशभक्त एवम् जुझारू युवावर्ग आगे राजनीति की तरफ बढ़ेगा। देश लाभान्वित होगा। जिन प्रान्तों में इन दिनों विधानसभा के निर्वाचन होंगे, वहां विशेषतः हरियाणा में कांग्रेस बहुमत प्राप्त करेगी। महाराष्ट्र–झारखण्ड में भी कांग्रेस की स्थिति मज़बूत रहेगी। इस निर्वाचन में माकपा नेतृत्व को पश्चिमी बंगाल की स्थिति से चिन्तित रहना होगा। यहां तृणमूल कांग्रेस एवम् इंडियन नैशनल कांग्रेस का तालमेल माकपा को राजनैतिक चोट पहुंचा सकता है– ऐसा संवत् के अन्तिम मासों की ग्रहस्थिति से पता चलता है।

संवत् 2067 वि. की समूची ग्रहस्थिति का चिन्तन करने पर यह स्पष्ट भान होता है कि मीन का गुरु भारत की प्रभावराशि के स्वामी शनि पर अक्तूबर तक दृष्टिपात करेगा एवम् आगे 6 दिसम्बर, 2010 ई. से संवत् के अन्त तक भारत की प्रभावराशि पर नजर रखेगा। अतः भारत अनेकविध समस्याओं से जूझने के बावजूद भी हर क्षेत्र में प्रगति करेगा एवम् अणुशक्तिसम्पन्न होकर विश्व की महाशक्तियों में अपना प्रभुत्व स्थापित करने के लिए अग्रेसर रहेगा। भारत में युवाशक्ति एवम् युवानेता का उदय होगा। भारत अपने समर्थ नेतृत्व में अवश्य तरक्की करेगा।

भारत के प्रमुख राजनैतिक दल

कांग्रेस– संवत् 2067 वि. की ग्रहस्थिति के अनुसार कांग्रेस की स्थिति अधिक सुदृढ़ होने के योग हैं। मीन का गुरु कांग्रेस की कुण्डली के नवमेश एवम् दशमेश सूर्य–बुध पर दृष्टिपात करेगा, जोकि पार्टी के अन्तर्गत युवावर्ग को अधिक सशक्त बनाकर देश को राजनैतिक गरिमा प्रदान करेगा। 1 नवम्बर को वक्री गुरु कुम्भराशि में आकर शनि के साथ षडष्टकयोग बनाएगा एवम् आगे यहां 5 दिसम्बर तक कुम्भराशि में ही बना रहेगा। इस समयावधि में केन्द्रीय शासनतन्त्र को भारी आर्थिक एवम् राजनैतिक संकटों से जूझना पड़ेगा। महंगाई एवम् आतंकवाद की समस्याएं विशेषरूप से उभरकर सामने आएंगी। जनता का आक्रोश बढ़ेगा। लेकिन कुम्भस्थ गुरु की कांग्रेसकुण्डली में तुलाराशिस्थ गुरु पर विशेष दृष्टि रहेगी। अतः सुयोग्य प्रधान नेतृत्व स्थिति पर नियन्त्रण पाने में सफल रहेगा। कांग्रेस–कुण्डली में लग्नेश गुरु एवम् द्वितीयेश शनि का समसप्तकयोग एवम् दशमेश बुध के व्ययस्थान में सूर्य के साथ क्षीण अवस्था में होने से 20 जुलाई, 2010 ई. से नवम्बर के लगभग तथा 15 फरवरी, 2011 से संवत् के अन्त तक की समयावधि प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञों के लिए भयावह है, निश्चितरूप से इन्हें सुरक्षा की दृष्टि से सचेत रहना चाहिए।

कांग्रेस पार्टी की कुण्डली



यू.पी.ए. की कुण्डली के अनुसार राहु में केतु, शुक्र, सूर्य के अन्तर इस संगठन को और मजबूत करेंगे। आगामी विधानसभा निर्वाचनों में इस संगठन एवम् कांग्रेसपार्टी का प्रभाव और प्रखर होगा, जिससे तीसरा मोर्चा नगण्य हो जाएगा।

श्रीमती सोनिया गांधी – श्रीमती सोनिया गांधी, (सुप्रीमो कांग्रेस) की जन्मकुण्डली के अनुसार इससमय बुध की महादशा में राहु का अन्तर 4 मार्च, सन् 2010 ई. तक चलेगा। बुध राशीश होकर त्रिकोण में सूर्य–केतु के साथ प्रभावक्षेत्र को बढ़ाता है एवम् राजनैतिक प्रखरता को प्रदान करता है। आगे बुध की महादशा में शनि का अन्तर 13 नवम्बर, 2012 ई. तक श्रीमती सोनिया गाधी को प्रभावित करेगा। क्योंकि, बुध व्ययेश है एवम् शनि सप्तमेश–अष्टमेश होने से इनके स्वास्थ्य को प्रभावित

जन्माङ्ग श्रीमती सोनिया गांधी,
जन्म 9 दिसं.,1946, 21$^{घं.}$ 15$^{मि.}$ (स्टैं.टा.)
TURIN (ITALY)



करेगा। किसी उग्रवादी ग्रुप की कुनीति से भी इस अवधि में इन्हें सचेत रहना आवश्यक है। अचानक कोई परेशानी आ सकती है। राजनीतिक खेमे में इन्हें भारी प्रतिष्ठा प्राप्त होती रहेगी, लेकिन मार्च, 2010 से 13 नवम्बर, 2012 ई. तक इन्हें अपनी सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए– प्रभु कृपा रखें।

प्रधानमन्त्री श्रीमनमोहनसिंह जी– इनकी जन्माङ्गगत ग्रहस्थिति के अनुसार इस समय राहु की महादशा में शुक्र का अन्तर फरवरी, 2011 ई. तक चलेगा। शुक्र षष्ठेश होकर नीचस्थ मंगल एवम् अष्टमेश चन्द्र के साथ अष्टमभाव में स्थित है। इनपर शनि की दृष्टि भी है। यह ग्रहस्थिति सम्मान्य प्रधानमन्त्री जी को स्वास्थ्य की दृष्टि से समस्यात्मक है। ध्यान दें, कि– राहु में मंगलान्तर अगस्त सन् 2014 ई. तक चलेगा। इस समयावधि में इनके स्वस्थ्य का विशेष ध्यान रखना परमावश्यक है, कभी भी स्वास्थ्यसम्बन्धी परेशानी खड़ी हो सकती है। लेकिन गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भाग्येश–कर्मेश का कर्मस्थान में सम्बन्ध एवम् संवत् 2067 वि. में कुम्भ एवम् मीनस्थ गुरु इन्हें भारत की गरिमा को बरकरार रखने एवम् अणुशक्तिसम्पन्न देशों में भारत को सम्मान दिलाने में पूर्ण सफलता देगा। अमेरिका एवम् भारत तथा अन्य कुछ शान्तिप्रिय देशों की प्रगति के साथ विश्वशान्ति सुनिश्चित करने के लिए पारस्परिक स्वस्थसम्बन्धों के नए युग का सूत्रपात करने का श्रेय इन्हें प्राप्त होगा। कुछ प्रतिष्ठित देशों के साथ ससैन्य परमाणु समझौते को भी कार्यान्वित करने एवम् देश को अग्रेसर करने का यश इन्हें प्राप्त होगा। भारत के प्रधानमन्त्रियों के इतिहास में इन्हें हमेशा सम्मानपूर्वक देखा जाएगा। फिर भी ज्योतिष–दृष्ट्या हम लिखना उचित समझते हैं, कि– इनकी जन्मकुण्डली में शनि–मंगल का समसप्तक है, अतः इसवर्ष शनि–मंगल की स्थिति 20 जुलाई से 4 सितम्बर तक, 19 अक्तूबर से 28 नवम्बर तक तथा 15 फरवरी 2011 ई. से संवत् के अन्त तक की ग्रहस्थिति कुछ चिन्तनीय है। इस समय इन्हें स्वास्थ्यरक्षार्थ एवम् शत्रुकृत कुनीति से विशेष सावधान रहना चाहिए, ताकि इनकी छत्रच्छाया में देश प्रगति की ओर अग्रेसर रहे।

जन्माङ्ग प्रधानमन्त्री, डॉ. मनमोहन सिंह
26 सितं., 1932, 14 घं. 0 मि. (गाहा–पाक)



श्रीराहुलगान्धी– उदीयमान युवा नेता श्रीराहुल गांधी जी की जन्माङ्गगत ग्रहस्थिति से ज्ञात होता है, कि–शनि भाग्येश एवम् कर्मेश होकर व्ययस्थान में नीचस्थ है, लेकिन शनि पर बृहस्पति की पूर्ण दृष्टि है और शनि भाग्यस्थान को देख रहा है। ऐसी स्थिति में इन्हें राजनैतिक लाभ तो मिल सकता है। कांग्रेस– सदस्यों की सुधारवादी प्रक्रिया से देश एवम् पार्टी में नई सोच एवम् नई जागृति लाने के कारण इन्हें यशोलाभ होगा। इस समय चन्द्रमा की महादशा में राहु का अन्तर जून, 2010 ई. तक रहेगा। नवांश में भी शनि भाग्यस्थान को देखता है, जोकि इन्हें आगे जाकर उच्चपदाप्तियोग बनाता है। लेकिन चन्द्रमा में राहु के अन्तर में एवम् मंगल की महादशा में शनि के अन्तर तक इन्हें अपनी सुरक्षा को मजबूत रखना चाहिए। इनके प्रयास से पार्टी को बल मिलेगा, जो कि देश के लिए शुभ संकेत है।

जन्मकुण्डली श्रीराहुल गांधी
19 जून, 1970 ई., नई दिल्ली (5-05 A.M)



भारतीय जनता पार्टी– गोचर गणना के अनुसार इस पार्टी की ग्रहस्थिति का पर्यवेक्षण करने पर ज्ञात होता है, कि– पार्टी–सौहार्द एवम् पार्टी की एकता के क्षेत्र में गोचर में इसवर्ष शनि का संचार रहेगा। साथ ही साथ शनि का शत्रुग्रह मंगल भी इस संवत् में 2/3 बार ऐसी स्थिति में आ रहा है, जिससे ज्ञात होता है, कि भाजपा एक के बाद एक अनेक संकटों का सामना कर रही है एवम् इस साल की ग्रहस्थिति से यह संकट इस पार्टी में वैचारिक गुटबन्दी पैदा करेंगे एवम् संगठनात्मक–समस्याएं और पेचीदा हो जाएंगी, क्योंकि भाजपा की कुण्डली में शनि, मंगल, राहु भी संगठन के लिए कोई शुभ संकेत नहीं दे रहे। भाजपा की कुण्डली में चन्द्र छठे भाव में नीच है, एवम् चन्द्र पर मंगल की विशेष नज़र है। स्पष्ट है, कि इस पार्टी में प्राणपण फूंकने के लिए युवावर्ग को पार्टी में प्राथमिकता देनी होगी एवम् अन्तर्विरोधों से जूझ रही इस विपक्षी पार्टी को सबल बनाना देश के हित में होगा, क्योंकि गणतन्त्र में प्रबल–विपक्ष का होना भी देशहित में ही समझते हैं। इस संवत् में बृहस्पति के मीन राशि में आने पर 2 मई के बाद अक्तूबर तक इस पार्टी में मन्थनक्रिया शुरु होकर सदस्यों में आरोप–प्रत्यारोपों का बाज़ार खत्म होगा। गंभीर परिणामों का सामना करने के लिए ऐकमत्य से पार्टी को बल मिलेगा। 6 दिसम्बर, 2010 ई. से संवत् के अन्त तक अन्तर्कलह समाप्त होगा और आगे की सुध पार्टी ले सकेगी। पार्टी के निर्माण में श्रीराजनाथ सिंह, श्री अरुणजेतली एवम् श्रीमती सुषुमा स्वराज सशक्त भूमिका निभाएंगी।

कुण्डली भारतीय जनता पार्टी



श्रीलालकृष्ण आडवानी– भाजपा के प्रतिष्ठित नेता श्रीलालकृष्ण आडवानी जी की जन्मकालिक ग्रहस्थिति एवम् गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार ज्ञात होता है, कि– इनका राजनैतिक दौर अभी समाप्तप्रायः भले ही मालूम दे, लेकिन पार्टीहित में इनका सहयोग अभी बना ही रहेगा। इसवर्ष 23 जुलाई, 2010 ई. से 17 नवम्बर तक की समयावधि इनके स्वास्थ्य के लिए एवम् राजनैतिक जीवन के लिए कठिन परिस्थितियों वाली है। तत्पश्चात्

जन्माङ्ग श्रीलालकृष्ण आडवानी (8-11-27)



संवत् के अन्त तक की ग्रहस्थिति पुनः इन्हें सम्मानित पार्टी सदस्य/नेता की दृष्टि से स्वीकारेगी, क्योंकि गुरु मीनराशि में आकर उच्चदृष्टि से भाग्यस्थान को देखेगा।

भारत के कुछ प्रान्त

पंजाब– इस प्रान्त की प्रभावराशि मीन एवम् नामराशि कन्या है। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार इसवर्ष कन्याराशि के शनि पर मीनस्थ गुरु की दृष्टि काफी समय तक चलेगी, जोकि यहां की शासनसत्ता के लिए शुभ है। लेकिन संवत् के शुरु से ही 29 मई, 2010 ई. तक शनि वक्री रहेगा, जोकि इस प्रान्त में लूटपाट आदि की घटनाएं कराएगा एवम् मंहगाई से जनता में रोष पैदा करेगा। कुछ स्थानीय धार्मिक झगडे और कुछ शहरी एवम् ग्रामीण विकास से सम्बन्धित मसले भी प्रधाननेता को परेशान करेंगे।

23 जुलाई से 5 दिसम्बर, 2010 ई. तक बृहस्पति वक्री रहेगा, जोकि यहां के प्रधाननेता एवम् राजनैतिक दलों के सदस्यों के लिए कहीं संकटमय वातावरण बनाएगा। कहीं प्राकृतिक आपदा, कहीं यानदुर्घटना से हानि के योग बनते हैं। इस प्रान्त मे आने वाले अढ़ाई (2½) वर्षों की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार यहां विपक्षी पार्टी का बल बढ़ेगा। इसवर्ष शिक्षा, चिकित्सा, कृषिविकास एवम् नए शिक्षण संस्थानों की स्थापना पर विशेष खर्च होगा।

हरियाणा– इस प्रान्त की प्रभावराशि मीन एवम् नामराशि मिथुन है। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार मिथुनराशिस्थ केतु यहां जलवायु के कुछ अनुकूल न रहने से कृषकों को परेशान करेगा। यहां के कांग्रेसी नेता श्रीभूपेन्द्र सिंह हुड्डा मीन के गुरु में सशक्त शासक के रूप में सफल सिद्ध होंगे। क्योंकि, धनुराशि का स्वामी ग्रह स्वयं अपनी (मीन) राशि में प्रबल है। संवत् 2067 वि. से पहले की ग्रहस्थिति के अनुसार भी यहां कांग्रेस पार्टी का प्रभुत्व बना रहेगा। नवम्बर 2009 ई. से फरवरी, 2010 ई. तक इस प्रान्त के प्रधान नेता को अपनी पार्टी को भारी सफलता दिलाने एवम् सशक्त नेतृत्व को स्थापित करने का अवसर प्रदान करने वाली ग्रहस्थिति बन रही है। लेकिन श्री ओम्प्रकाश चौटाला साहिब की जन्मकालिक ग्रहस्थिति के अनुसार नवम्बर, 2009 ई. से मार्च, 2010ई. तक की ग्रहस्थिति उनके प्रभावक्षेत्र को मजबूत बनाएगी। दूसरी ओर ह.ज.कां. पार्टी भी अपना प्रभावक्षेत्र बढ़ाने में सफल होगी।

इस प्रान्त के प्रधानशासक (कांग्रेसी नेता) शिक्षा, विद्युत ऊर्जा, एवम् कृषि के क्षेत्र में प्रगति, पेयजल आपूर्ति, गरीबवर्ग को सुविधा एवम् बेरोज़गारी समाप्ति पर विशेष ध्यान देकर लोकप्रियता प्राप्त करेंगे।

हिमाचल प्रदेश– इस प्रान्त की प्रभावराशि मीन एवम् नामराशि कर्क है। संवत् के शुरु से 25 मई, 2010 ई. तक मंगल कर्कराशि में रहेगा किंवा द्वि.शुद्ध वैशाख शुक्ल पक्ष (15 से 27 मई तक) की ग्रहस्थिति के अनुसार यहां यानदुर्घटना से हानि के योग बनते हैं। 20 जुलाई से 4 सितम्बर 2010 ई. तक कन्याराशि के शनि–मंगल भी यहां के प्रधान नेतृत्व के सामने कुछ कठिन परिस्थिति को खडा करेंगे। लेकिन फिर भी श्रीप्रेमकुमार धूमल जी की ग्रहस्थिति के अनुसार इन्हें प्रशासनिक क्षेत्र में भारी यश प्राप्त होने के योग हैं। संवत् 2066 वि. के श्रीमार्त्तण्ड पंचांग में पृ. 45 पर हिमाचल प्रदेश शीर्षक के अन्तर्गत घोषण की गई थी कि– " वर्षप्रवेश कुण्डली में सप्तमस्थ उच्चशुक्र एवं गोचरस्थ मकर का गुरु, राहुयुत होकर धूमल जी की नामराशि से पंचमभाव में होने से मई, 2009 ई. तक इनकी यश–प्रतिष्ठा पद एवं विरोधीग्रुप को हतप्रभ कर देने वाली स्थिति बनाता है। लोकसभा निर्वाचनों में भाजपा की प्रतिष्ठा बढ़ेगी।"

इस वर्ष गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार 23 जुलाई से 6 दिसम्बर तक की ग्रहस्थिति एवम् मेदिनी ग्रहस्थिति के अनुसार यहा प्राकृतिक आपदा, भयंकर हिमपात, भूस्खलन, भूकम्प, दुर्घटना आदि से हानि के योग बनते हैं।

पुनरपि–इस प्रान्त के नेता चीन आदि से सुरक्षा के बारे में विशेष प्रबन्धन पर केन्द्र का विशेष ध्यान आकृष्ट करेंगे। सुरम्य पर्यटनस्थलों को आकर्षक बनाने की योजनाएं बनाई जाएंगी। शिक्षा, कृषि, बाग़बानी (Horticulture), Medicinal Value की जडीबूटियों के संरक्षण पर ध्यानाकर्षण होगा। विद्युत–उत्पादन एवम् दुर्गम स्थानों को साधनसम्पन्न बनाने की योजनाए कार्यान्वित होंगी। यह प्रान्त श्री धूमल जी के नेतृत्व में प्रगतिपथ पर अग्रेसर रहेगा।

जम्मू–काश्मीर– इस प्रान्त की प्रभावराशि तुला है। नामराशि मकर है। इसवर्ष ग्रहपरिषद् का प्रधान मंगल है, जोकि संवत् के शुरु में नीचस्थ है। मकरराशि के स्वामी शनि के साथ मंगल का एकराशिसम्बन्ध, षडष्टक, समसप्तकयोग (26 मई से 19 जुलाई, 2010 ई. तक, 19 अक्तूबर से 28 नवम्बर, 2010 ई.; एवम् 15 फरवरी, 2011 ई. से संवत् 2067 के अन्त तक की अवधि में) यहां पाक–प्रेरित उग्रवाद से भारी जनधनहानि के योग हैं। उल्लिखित समयावधि में किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति क पदरिक्त होने का भी योग है। भारत में विशेषदर्जाप्राप्त इस स्टेट में उग्रवाद की समाप्ति एवम् शान्ति स्थापित करने की नीति इस वर्ष सफल होती नज़र नहीं आ रही। इसवर्ष केन्द्र सरकार स्थानीय सरकार के सहयोग से यहां कुछ विशेष सुविधाएं देकर एवम् उग्रवाद का दमन करके जनमन को प्रभावित करेगी।

भारत का जलवायु एवं वर्षा

संवत् 2067 वि. में मेघेश (वर्षापानी) का मालिक ग्रह मंगल है। यही संवत् का राजा भी है। भूमि का पुत्र मंगल संवत् के आरम्भ से ही नीच स्थिति में 25 मई तक चलेगा, जोकि उत्तरी भारत में वर्षा का अवरोधक है। इसवर्ष रोहिणी का वास पर्वत पर होने से कुछ प्रान्तों में वर्षा की भयंकर कमी रहेगी, दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी।


सूर्य आर्द्राप्रवेश कुण्डली
(22 जून, 2010 ई., 09 घं. 57 मि.)

इसवर्ष जलस्तम्भ का आभाव होने से भी कुछ भूभाग को अकालग्रस्त घोषित करना होगा। इसवर्ष 'पुष्कर' नामक मेघ होने से

'पुष्करे मन्दवृष्टिःस्यात्''–प्रमाणानुसार भी वर्षा कम होने के योग हैं। केवल नवमेघों में 'नील' नामक मेघ पर्याप्त वर्षा की सूचना देता है। द्वादश नागों में 'नन्दसारी नाग' होने से कुछ प्रान्तों में महावृष्टि से बाढ़ की स्थिति संभव है। इस संवत् में समुद्रतटवर्ती देशों में समुद्रीतूफान, भूकम्प आदि से भारी जनधनहानि के योग बनते हैं। वर्षाऋतु में शुक्र सिंह राशि में 5 जुलाई से 31 जुलाई तक रहेगा। इस समय भारत के कुछ प्रान्त सूखाग्रस्त रहेंगे। महाराष्ट्र (मुम्बई), उड़ीसा, गुजरात, बिहार, आसाम आदि में कहीं भारी बाढ़ से हानि भी होगी।

आर्द्रा नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश 22 जून, 2010 ई. को दिन में हो रहा है जोकि वर्षा की कमी का संकेत देता है– " दिवार्द्रा याति चेद्भानुर्जलभक्षणकारकः।"

20 जुलाई से 4 सितम्बर, 2010 ई. तक शनि–मंगल का एकराशिसम्बन्ध अनेक प्रान्तों में भारी सूखा एवम् कुछ प्रान्तों में भारी बाढ़ से तबाही का संकेत देता है।

अब हम गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार वर्षाविचार लिख रहे हैं; जिन तारीखों में हमने वर्षा का निर्देश किया है, उन तारीखों मे वर्षा यत्र–तत्र होगी। स्थानविशेष के लिए वर्षा का विचार करने हेतु सूक्ष्मविचार की आवश्यकता होती है, जोकि– समयाभाव के कारण संभव नहीं है।

मार्च (सन् 2010 ई.) – 2, 4, 5, 9 मार्च को हवा का ज़ोर रहे। 10 एवम् 14 मार्च को वायुवेग के साथ बंगलादेश एवम् दक्षिणी प्रान्तों में बादलचाल एवम् खण्डवृष्टि के योग हैं। 16, 17, 18 मार्च तक उत्तरी भारत में तापमाप बढ़ेगा। 26, 28 और 29 मार्च को भूटान, सिक्किम, बंगलादेश, पूर्वी आसाम, पूर्वी बिहार में बादल–वर्षा के योग हैं, लेकिन उत्तरी भारत में तापमान बढ़े।

अप्रैल– 1, 6, 8 और 14 अप्रैल के लगभग बंगलादेश, हि.प्र., भूटान,सिक्किम और आसाम में खण्डवृष्टि के योग बनते हैं। 16, 17, 18, 20, 21, 26, 27 और 28 अप्रैल को राजस्थान, उ. प्रदेश, हि.प्र., आसाम, महाराष्ट्र विशेषतः मुम्बई में बादलचाल एवम् वर्षा के योग बनते हैं।

मई– 2, 7, 9, 11 और 14 मई को पूर्वी उड़ीसा, विन्ध्यप्रदेश, हि.प्र., मुम्बई, भूटान, सिक्किम एवम् आसाम में वर्षा के योग हैं। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान एवम् मध्यप्रदेश में गर्मी का प्रकोप बढ़े। 15, 20, 23, 24, 25 और 26 मई को मुम्बई, आसाम, उड़ीसा, बिहार में वर्षा के योग हैं।

जून– 4, 6, 8, 9, 11 और 12 जून को भूटान, शिलांग, काठमाण्डू में कहीं वायुवेग के साथ वर्षा हो। उ.प्र. मध्यप्रदेश, आसाम, पंजाब, हरियाणा एवम् हि. प्र. में कहीं आंधी से हानि हो। 13, 15, 17, 19, 20, 22, 23, 25 और 26 जून को हि.प्र., उ. प्र., भूटान, शिलांग, आसाम में ज़ोरदार वर्षा के योग हैं। पंजाब और हरियाणा मे लू तथा गर्मी का जोर रहे।

जुलाई– 1, 5, 6, 8 और 10 जुलाई को पंजाब, हि.प्र., उ.प्र., भूटान, शिलांग, आसाम एवम् अनेकत्र वायुवेग के साथ वर्षा के योग हैं। 13 से 17, 20 और 23 जुलाई को पंजाब, हरियाणा, हि.प्र., दिल्ली, चण्डीगढ़ एवम् उ.भारत में बादल–वर्षा के योग हैं। राजस्थान, उडीसा एवम् आसाम में कहीं सूखे व कहीं बाढ से हानि के समाचार मिलें। 28 और 29 जुलाई को पंजाब, हरियाणा में पर्याप्त वर्षा के योग हैं।

अगस्त– 1, 2, 3, 5 अगस्त को हि.प्र., जम्मू–काश्मीर, पंजाब, हरियाणा एवम् उत्तरी–पश्चिमी भागों में पर्याप्त वर्षा के योग हैं। 11, 16, 20 और 24 अगस्त को हि.प्र., जम्मू–काश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चण्डीगढ, दिल्ली आदि के अधिकांश भागों में वर्षा के योग हैं। कहीं बाढ़ से भी हानि के समाचार मिलें एवम् कहीं बादलचाल और बूंदाबांदी हो। 26, 27, 30 और 31 अगस्त को नेपाल, सूरत, दार्जिलिंग, विध्यप्रदेश एवम् उ.प्र. के कुछ भागों में कहीं बादलचाल व खण्डवृष्टि होगी। उत्तरी भारत में मौसम साफ रहेगा।

सितम्बर– 1, 3, 5 और 7 सितम्बर को नेपाल, सूरत, दार्जिलिंग, विध्यप्रदेश एवम् उ.प्र. के कुछ भागों में कही बादलचाल व खण्डवृष्टि होगी। उत्तरी भारत में मौसम साफ रहेगा। 9, 12, 13, 15, 16 एवम् 18 सितम्बर को आसाम, बंगाल, नेपाल, भूटान व काश्मीर में कहीं वायुवेग के साथ वर्षा हो। उत्तरी भारत में गर्मी का प्रभाव क्षीण होगा और मौसम में बदलाव अनुभव हो। 26 से 30 सितम्बर को उत्तर प्रदेश के कुछ भाग, श्रीलंका, आसाम एवम् बंगाल में वर्षा के योग हैं। उत्तरी भारत में कहीं बादलचाल व खण्डवृष्टि हो।

अक्तूबर– 5 और 6 अक्तूबर को उत्तर प्रदेश के कुछ भाग, श्रीलंका, आसाम एवम् बंगाल में वर्षा के योग हैं। उत्तरी भारत में कहीं बादलचाल व खण्डवृष्टि हो। 8, 9, 10, 13, 17, 19 को हि.प्र., जम्मू–काश्मीर, पंजाब एवम् उ.प्र. के कुछ भागों में वायुवेग के साथ बौछारें पड़ने का योग है। इस पक्ष में हि. प्र., उत्तरी–पूर्वी लंका एवम् चिरापूंजी में अच्छी वर्षा हो। 24, 25 एवम् 29 अक्तूबर को जम्मू–काश्मीर, हि.प्र., उ. भारत में कहीं बादलचाल एवम् खण्डवृष्टि हो।

नवम्बर– 2, 3, 4 और 6 नवम्बर को जम्मू–काश्मीर, हि.प्र., उ.भारत में कहीं बादल–चाल एवम् खण्डवृष्टि होगी। हि. प्र. एवम् काश्मीर के शिखरों पर कहीं हिमपात हो। उ.भारत में शीत का प्रभाव बढ़ने लगेगा। 7, 8, 11, 18, 19 एवम् 21 नवम्बर को जम्मू– काश्मीर एवम् हि.प्र में जोरदार हिमपात के समाचार मिलेंगे। उत्तरी भारत में भी कहीं बादलचाल व बूंदाबांदी रहे। 24, 25, 27 एवम् 29 नवम्बर को उत्तरी भारत शीतलहर की चपेट में आ जाएगा।

दिसम्बर– 1 और 2 दिसम्बर को उत्तरी भारत शीतलहर की चपेट में आ जाएगा। कहीं वायुवेग के साथ खण्डवृष्टि व धुन्ध का वातावरण बने। दिसम्बर 6, 7, 10, 14, 17 और 21 को उत्तरी भारत में भयंकर शीतलहर चलेगी। कहीं शीतलहर से जनहानि के समाचार भी मिलेंगे। कहीं वायुवेग के साथ खण्डवृष्टि हो। कहीं धुन्ध के

कारण यातायात में रुकावट आए। 23, 25, 30 एवम् 31 दिसम्बर को वायुवेग के साथ वर्षा हो।

जनवरी(सन् 2011 ई.)– 1, 3 और 4 जनवरी के लगभग कही वायुवेग के साथ वर्षा हो। उत्तरी भारत में शीतलहर बनी रहे। कहीं से धुन्ध के कारण दुर्घटना के समाचार मिलें। 5, 6, 7, 8, 11, 17 और 19 जनवरी को उत्तरी भारत शीतग्रस्त रहेगा। कुछ स्थानों पर वायुवेग के साथ खण्डवृष्टि भी होगी। काश्मीर व हि.प्र. में कहीं हिमपात होने के समाचार भी मिलेंगे। 20, 24, 26, 28, 29, 30 और 31 जनवरी को उत्तरी भारत में बादलचाल व कहीं बूंदाबांदी हो। ऋतुपरिवर्तन के योग बनते हैं।

फरवरी– 4, 6, 9, 10, 12, 14, 15 और 18 को श्रीलंका के पूर्वी छोर, शिलांग व अन्य कुछ प्रान्तों में बादलचाल व बूंदाबांदी के योग हैं। उत्तरी भारत में हवा का जोर रहेगा एवम् मौसम में परिवर्तन होगा। 19, 22, 23, 24 और 27 फर. को मध्यप्रदेश, बंगाल आदि में कहीं बूंदाबांदी व बादलचाल हो।

मार्च– 1 और 4 मार्च को मध्यप्रदेश, बंगाल आदि में कहीं बूंदाबांदी व बादलचाल हो। उत्तरी भारत में हवा का जोर रहे और तापमान बढ़ने लगे। मार्च 5, 6, 8, 12, 13, 15, 16 और 18 को हवा का ज़ोर रहे। मध्यप्रदेश, बंगाल, आसाम आदि में कहीं बादलचाल व बूंदाबांदी हो। उत्तरी भारत में आसमान साफ रहे और गर्मी अनुभव हो। मार्च 22 और 25 से 31 को पूर्वी आसाम, पूर्वी बिहार, बंगाल और बर्मा के कुछ भागों में बादलचाल एवम् खण्डवृष्टि के योग हैं। उत्तरी भारत में मौसम साफ रहे; तापमान बढ़ने लगे।

पाठकों ! प्रभुकृपा से भूत–भविष्य में जो कुछ (ग्रहगोचरवश) अनुभव किया, आपके सामने रख दिया है। जो घटित हो चुका, वह आपने देख लिया। जो भविष्य है, उस पर आप भूतानुसन्धान के आधार पर विश्वास करें–

"समस्तमेतद् गतमागतं तथा भविष्यमप्यक्षरशो यथोत्तरम्।
निबोधितं शास्त्र–परम्परावशाद् भवादृशां भारत–वासिनां पुरः।।"

लेख पूर्ण होने की तिथि–
7 जुलाई, सन् 2009 ई.
(गुरुपूर्णिमा)

शुभचिन्तक–

इन्दुशेखर शर्मा, संयमी शर्मा,
श्रीमार्त्तण्ड भवन, मु.पो. कुराली,
अजीत नगर (मोहाली), (पंजाब)। **PIN - 140 103**
PHONE – 0160-2641277 FAX-2641577

आभार प्रदर्शन

हमारे परम सहयोगी मित्रवर ज्ञानी श्री करतार सिंह जी 'गढ'

(मालिक, कंवल फोटोस्टेट, चौक माता रानी, कुराली **PH. 0160-2641274**)

श्री करतार सिंह जी ज्ञानी, सन् 1992 ई. से हमारी 'शिरोमणि तिथपत्रिका' (पंजाबी) और 'श्री मार्त्तण्ड आलम जन्त्री' (उर्दू) के अनुवाद, पाण्डुलिपि–लेखन, प्रूफरीडिंग आदि का श्रमसाध्य पूरा कार्य अत्यन्त आत्मीयभाव, तन्मयता, परिश्रम तथा निःस्वार्थभाव से करते चले आ रहे हैं; जिससे ये दोनों प्रकाशन प्रतिवर्ष उत्तरोत्तर समृद्ध कलेवर में हमारे पाठकों को उपलब्ध होने लगे हैं। अब तक श्रीमार्त्तण्डपंचांग (हिन्दी) की ही संस्कार–समृद्धि की ओर हमारा अधिक झुकाव रहा । अतः ज्योतिष से सम्बद्ध विशेष लेखमाला तथा अन्य ज्ञानवर्धक स्तम्भ हम इसी (हिन्दी) पंचांग में प्रकाशित करते रहे हैं। उर्दू एवम् पंजाबी की इन जन्त्रियों में ऐसे लेख एवम् स्तम्भों को समाविष्ट करने से, हम अनुवाद आदि के लिए समय की कमी के कारण, आज तक कतराते रहे हैं । लेकिन अब **प्रियमित्र ज्ञानी करतार सिंह** जी की हमसे निःस्वार्थ घनिष्ठता एवम् उर्दू–पंजाबी भाषाओं में इनकी प्रशंस्य दक्षता के कारण इन दोनों प्रकाशनों को भी हम ऐसे लेख–स्तम्भों से श्री मार्त्तण्डपंचांग की ही भान्ति अलंकृत करने में अपने आप को समर्थ पा रहे हैं। विगत कुछ वर्षो से दिए जा रहे नए–नए आकर्षक, ज्ञानवर्धक विषयों से वर्धमान कलेवर वाली **'शिरोमणि तिथपत्रिका'** का श्रेय आपको ही है। इन उर्दू–पंजाबी जन्त्रियों के अनुवाद आदि के भारी उत्तरदायित्त्व को पूरी तरह निभाते हुए आप जेसै–तैसे समय निकालकर हिन्दी के श्रीमार्त्तण्डपंचांग की प्रूफ–रीडिंग आदि में भी हाथ बंटाने में हर्ष अनुभव करते हैं। अपने प्रति इस निःस्वार्थ सौहार्दातिशय के लिए हम सभी हृदय से ज्ञानी जी के ऋणी है । आप अपने व्यस्त जीवन के क्षणों में भी हमारे लिए प्रचुर पर्याप्त समय सहर्ष निकाल लेते हैं। आपके इस सौहार्दभरे स्पृहणीय सहयोग से हमारा प्रकाशन–कार्यभार काफी कुछ हल्का हुआ है। एतदर्थ हम आपके प्रति विनम्रतापूर्वक आभार प्रकट किए बिना सचमुच नहीं रह सकते।

आपका सहयोग भी हमारे लिए कम महत्त्वपूर्ण नहीं है

श्रीमार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय कुराली के प्रबन्धक, हमारे पूज्य पिताजी के प्रियशिष्य, हमारे अनुजकल्प *चि. प्रेमचन्द्र शर्मा;* चि. *श्रीकृष्णशर्मा,* M.A. (संस्कृत), वेदाचार्य, साहित्याचार्य; नालाबलोग (पंचकूला) के निवासी *चि. सुरेशानन्द शर्मा,* बी.ए., सुपुत्र श्री सुन्दरराम शर्मा तथा *चि. दिलबाग शर्मा* सुपुत्र श्री रामचन्द शर्मा, ग्राम एवं डा. सिनन्द (कैथल–हरि.) भी 'श्रीमार्त्तण्डपंचांग' (हिन्दी) की पाण्डुलिपि लेखन, प्रूफरीडिंग आदि का काम बड़ी तत्परता, सावधानी, अपनापन और आदरभाव से करते हैं। इस पंचांग के प्रकाशनकार्य का हमारा भार इन युवाओं के स्वत्व भरे उत्साहपूर्ण सहयोग से हल्का हुआ है। एतदर्थ इनके निरन्तर प्रगतिमय, परमोज्जवल भविष्य के लिए हमारा इन्हें सस्नेह–आशीर्वाद है।

सम्पादक–मण्डल

व्यापार–विमर्श

(संवत् 2067 वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं में आने वाली तेज़ी एवम् मन्दी का मासिक विवरण)

लेखक :– इन्दुशेखर शर्मा–संयमी शर्मा,

संसार के सभी पदार्थों पर ग्रहों का नियंत्रण है, सभी पदार्थों का समावेश बारह राशियों में है। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशिभोग करता है, तो उस राशि में समाहित सभी व्यापारिक वस्तुएं ग्रह की प्रकृति के अनुसार प्रभावित होती रहती हैं। प्रभावित वस्तुओं में परिवर्तन आते हैं और इन्हीं परिवर्तनों से बाज़ारों में घटाबढ़ी होती है, जिसे हम ' तेज़ी–मंदी ' कहते हैं। व्यापारी 'तेज़ी–मन्दी'– इन दो शब्दों से अपने भाग्य को आजमाता है। परन्तु मनुष्य का भाग्य कर्मफल किंवा ग्रहचाल के मुताबिक आर्थिक स्थिति को कभी बिगाड़ता है तो कभी सुधारता है। रथ के पहिए में लगे आरों की भांति मनुष्य को समाज में कभी ऊपर उठाता है तो कभी नीचे गिराता है – "चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्तिः"। कहने का तात्पर्य यह है कि, जो व्यक्ति आज व्यापार में घाटा खा चुका है, वह सदा के लिए डूबा ही रहेगा–यह धारणा भ्रामक है। व्यापार में बहुत ही आश्चर्यजनक उतार–चढ़ाव आते हैं, न जाने आपको कब शीघ्र उत्तम धनलाभ हो जाए। जो व्यक्ति धनाढ्य होकर सट्टे का काम विचारपूर्वक नहीं करते, वे शीघ्र ही डूब सकते हैं । व्यापार तो किस्मत के सिकन्दर का ही प्रत्यक्ष साथ देता है। अतः किसी भी तरह का व्यापार करने से पहिले आप पत्राचार द्वारा या प्रत्यक्ष मिलकर ग्रहस्थिति पर विचार करा लें। विश्वास रखें, ग्रहस्थिति के आधार पर किए गए व्यापार से आप हानि में न रहेंगे। आप भारी हानि से भी बच सकते हैं।

जीवन में ग्रहस्थिति के प्रभाव का अध्ययन करने से यह निःसन्देह सत्य सिद्ध हो चुका है, जितना लाभ आपको होना है, उतना ही होगा, अधिक नहीं– "यदस्मदीयं नहि तत्परेषाम्" अर्थात् जो मेरा है, वह मिलेगा ही, उसे और कोई नहीं ले सकता। अतः जीवन पर ग्रहों का संकेत समझकर ही व्यापार करना बुद्धिमत्ता है।

खुलकर व्यापार करने से पहिले अप्रत्याशित हानि से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत ग्रहचाल को ध्यान में रखना सतर्कता है । हानिप्रद ग्रह से सम्बन्धित वस्तु का व्यापार न करें। वर्ष में जो ग्रह लाभप्रद हैं, उन ग्रहों के अधिकारक्षेत्र में आने वाली वस्तुओं का ही व्यापार करें, तभी आप लाभ ले सकेंगे। हाज़र एवम् वायदा व्यापारी जो अपने व्यापारिक जीवन से निराश हो चुके हैं, उनके लिए हम यहां 'व्यापार–विमर्श' में ग्रहों का पूर्ण अध्ययन करके तेज़ी–मन्दी का मशवरा देते हैं। **व्यापारियो** ! निराश न हों। हमसे प्रत्यक्ष मिलें, आपकी उलझी हुई व्यापारिक समस्या का समाधान हम करेंगे ।

संवत् 2067 में गुरु, शनि, राहु, मंगल, यूरेनस, नेप्च्यून और प्लूटो आदि के चार एवम् युति–प्रतियुति के आधार पर यह स्पष्ट घोषणा की जाती है कि, इस साल जगत् में विशेष लम्बे तेज़ी एवम् मन्दे के रिएक्शन्ज़ आएंगे। इस वर्ष गुड़, खाण्ड, घी, तेल, तिलहन एवम् रुई में विशेष लाभ के चांस हैं, तुरन्त फीस भेजकर टेलीफोन से सम्पर्क स्थापित करें । विदेशी व्यापारी पत्र द्वारा या टेलीफोन द्वारा सम्पर्क स्थापित करें, उत्तर मिलेगा।

संवत् 2067 वि. में व्यापारिक बन्धु कॉटन(रुई), कपास, चीनी, घी के व्यापार से धनाढ्य बन सकेंगे– यह हम इसवर्ष के योगायोगों के आधार पर घोषणा कर देना चाहते हैं। अतः प्रत्यक्ष मिलकर या वर्षभर की फीस भेजकर टेलीफोन के जरिये समय–समय पर ताजा परामर्श प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त करें। 'व्यापार–विमर्श' लेख में जिस जगह हम ताजा मशवरा हासिल करने की बात लिखते हैं, वहां व्यापारी अगर प्रत्यक्ष मिलकर मशवरा लें, तो अच्छा रहेगा । 'व्यापार–विमर्श 'लेख में हम ग्रहचाल के मुताबिक सभी व्यापारियों को प्रतिवर्ष बाज़ारों के उतार–चढ़ाव से सावधान करते रहे हैं।

संवत् 2066 में वायदा व्यापारी एवम् हाजर का काम करने वाले व्यापारी दालवाना, सरसों, ग्वार, सोना, चान्दी एवम् तांबा में पहले भयंकर तेज़ी से और बाद में आश्चर्यजनक लगातार मन्दे से भरपूर लाभ हमारे ताजा मशवरे से उठा चुके हैं। व्यापारी सज्जनो ! 1 जनवरी, सन् 2010 ई. से यदि आप प्रतिमास किसी भी जिन्स की दैनिक तेजी–मन्दी या वायदा–हाजर बाजार का चांस अर्थात् सोना, चान्दी, कॉपर आदि मैटल्ज़, चना, ग्वार आदि अनाज, तिल, तेल, सरसों किंवा बिनौला आदि तिलहन, जीरा, धनिया, हल्दी, लाल–कालीमिर्च, रुई एवम् कपास में से किसी भी जिन्स की मासिक लिखित रिपोर्ट, चाहते हैं तो फीस 5000/– (पांच हज़ार रु.) प्रतिमास, प्रतिजिन्स के हिसाब से भेजकर **Advance Report** प्राप्त करें। एकवर्ष की प्रतिजिन्स फीस **Rs.** 50,000/– (पचास हज़ार रु.) है।

व्यापारियों से निवेदन है, कि वे अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि के लिए सम्पादक/लेखक जिम्मेदार न होंगे।

नोटः– वायदा व्यापार या हाँजर सौदा के व्यापार की लाईन अगर लिखे या बताए गए विचार के विपरीत चले तो तुरन्त सौदा काटकर नुक्सान से बचें, तुरन्त प्रत्यक्ष मिलकर या टेलीफोन से ताजा मशवरा हासिल करें।

किसी प्रकार के नुक्सान (हानि) की जिम्मेदारी हम नहीं लेते **अर्थात्–** व्यापार में हानि होने पर हम जिम्मेदार न होंगे ।

संवत् 2067 वि. में ग्रहस्थिति के अनुसार तेज़ी–मन्दी का आकलन

संवत् 2067 वि. में तेज़ी–मन्दी का विस्तृत विवरण देने से पहिले हम इस संवत् के नाम, वर्ष के राजा, मन्त्री, सस्येश, धान्येश, मेघेश आदि ग्रहपरिषद् का व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? – इसका संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर देना प्रासंगिक समझते हैं, जोकि निम्नांकित है;–

संवत् 2067 वि. को **'शोभन'** संवत्सर का नाम दिया गया है। इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है–

"शोमने वत्सरे धात्री प्रजानां रोग–शोकदा।
तथापि सुखिनो लोका बहुसस्यार्थ वृष्टिभिः।।"

अर्थात्– प्रजा में नानाविध रोगों से परेशानी रहे, दुर्घटना, आतंकवाद किंवा प्राकृतिक प्रकोप से कुछ स्थानों पर जनता परेशान किंवा शोकाकुल रहे। पुनरपि विश्व के अनेक देशों में जनता में सुख एवं धन–धान्यसमृद्धि रहे। वर्षा अधिक हो।

संवत् 2067 वि. का **राजा मंगल** होने से अग्निकाण्ड से हानि, प्राकृतिक उत्पात, रोगादि किंवा उग्रवादजन्य घटनाओं से जनधनहानि हो। अनैतिक कार्यों की वृद्धि हो। शासकों में परस्पर कलह किंवा देश के सीमाप्रान्तों पर युद्धजन्य विभीषिका रहे। प्रजा रोग, प्रियजन वियोग से दुखी रहे। अनेकत्र वर्षा की कमी अनुभव हो।

इस संवत् का **मन्त्री बुध** होने से वर्षा पर्याप्त हो। जौ, चना, मसूर आदि अनाजों की फसलों को हानि पहुंचने से महंगाई बढ़े।

इस संवत् का **सस्येश शुक्र** होने से वर्षा पर्याप्त हो। गेहूं, चावल एवं ईख की फसल अच्छी हो।

इस संवत् का **धान्येश गुरु** होने से जौ, गेहूं, चावल की उपज उत्तम होगी।

संवत 2067 वि. का मेघेश मंगल होने से कहीं सूखा एवं कहीं बाढ की स्थिति बने।

इसवर्ष **'पुष्कर'** नामक मेघ है, अतः कन्दमूल फल (Underground fruits) अधिक मात्रा में उपलब्ध हों। नवमेघों में **'नील'** नामक मेघ होने से रुई, कपास की फसल उत्तम होगी। वर्षा अच्छी हो।

शरत्सस्यजातक कुण्डली की ग्रहस्थिति के अनुसार चावल, रुई, नरमा की फसल अच्छी होगी। Export होने से लाभ होगा। मूंग, मोठ, मक्का, जीरी, खाण्ड, शक्कर, बाजरा, अरहर, तिल आदि के व्यापारी इसवर्ष विशेष तेजी से लाभ प्राप्त करेंगे।

ग्रीष्मसस्यजातक कुण्डली की ग्रहस्थिति के अनुसार **'रबी की फसल'** काफी अच्छी रहेगी।

इस संवत् में **'अन्नस्तम्भ'** का अभाव होने से चावल, जीरा, धनिया में अच्छी तेजी से लाभ मिलेगा।

ग्रहों के वक्र–मार्ग, युति–प्रतियुति के अनुसार इस वर्ष चावल, गेहूं चना, गुड़, ग्वार, दालवाना, रुई, नरमा, मैंथा, तेल एवम् सरसों आदि तिलहनों में तेज़ी– मन्दी के भयंकर रिएक्शन्ज़ आएंगे। **दूर–दराज से आने वाले व्यापारी टेलीफोन से समय निश्चित करके आएं या चना, ग्वार आदि अनाज, तिल, तेल, सरसों किंवा बिनौला आदि तिलहन जीरा, धनिया, हल्दी, लाल–कालीमिर्च, रुई एवम् कपास; सोना, चान्दी, कॉपर आदि मैटल्ज़ में से किसी भी जिन्स/धातु की एक मास की मासिक लिखित रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए एक मास की फीस 5000/– (पांच हज़ार रु.) प्रति जिन्स/ प्रतिधातु के हिसाब से भेजकर आगामी मास की दैनिक तेज़ी–मन्दी की रिपोर्ट प्राप्त करें।**

अप्रैल (सन् 2010 ई.)

[संवत् 2066 वि. के अन्तिम मासों की ग्रहस्थिति पर विहंगम दृष्टिपात करने से ज्ञात होता है, कि– 6 फरवरी, 2010 ई. से 23 मार्च, 2010 ई. तक गुरु अतिचारी रहेगा। शनि वक्र है। ऐसी स्थिति में सोना, चान्दी, तांबा एवं गेहूं, चना, जौ आदि अनाज; तिल, तेल, सरसों आदि तिलहन; रुई, कपास, घी, गुड, खाण्ड में जोरदार तेजी या मन्दे के झटके आएंगे– सावधानी से काम करें। 26 मार्च को बाजारों में जोरदार मन्दे से एवं 29 मार्च के बाद जोरदार तेजी से लाभ मिल सकता है।]

मासारम्भ अर्थात् 1 अप्रैल को कुम्भराशिस्थ गुरु पू. भा. के दूसरे चरण में दाखिल होगा। गुरु शुभग्रह है, इस ग्रह का प्रभाव वायदा एवं हाजर बाजारों पर जोरदार घटाबढ़ी के रूप में देखा गया है। परन्तु इस समय क्रूर ग्रह शनि की राशि में

यह बाजारों में तेज़ीकारक ही माना गया है। अतः सोना, चान्दी, सूत, रुई में तेजी का ही रुख रहेगा। यह तेजी उत्तम–मध्यमरूप से 5 अप्रैल तक चल सकती है।

6 अप्रैल को शुक्र भरणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। शुक्र का सफेद जिन्सों पर विशेष प्रभाव अनुभव किया गया है। रुई, चान्दी, कपास, सूत आदि बाजारों पर इस ग्रह का वर्चस्व रहा है। मौजूदा ग्रहस्थिति के अनुसार इस समय मेष–राशिस्थ शुक्र सोना, चान्दी, अफीम, कपास, सरसों, तेल, नारियल, घी, अलसी, उड़द, चना, मूंग, मोठ, ज्वार एवं तूअर में घटाबढ़ी एवं रुई में तेजी करेगा।

8 अप्रैल को बुध भरणी नक्षत्र में आएगा। शुक्र–बुध का एकराशि–सम्बन्ध भी बना हुआ है। जब बुध शुक्र के साथ मेल करता है, तब बम्पर फसल होने की अफवाहों से बाजारों में मन्दे के रिएक्शन्ज़ आते हैं, अतः इस समय वायदा व्यापारी समझ से काम करें। चावल, गेहूं आदि अनाजों में मन्दे के बाद तेज़ी बनेगी। तिलहन, तेल, घी के बाजारों में भी अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। लगभग 13 अप्रैल तक घटाबढ़ी से लाभ मिलेगा।

14 अप्रैल को सूर्य अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में दाखिल होकर 20 अप्रैल तक शुक्र–बुध के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाएगा। जब बुध, सूर्य के साथ मेल करता है तो वह क्रूर होकर तेज़ीकारक हो जाता है। अलसी, एरण्ड, तिल, तेल, सोना, चान्दी, लोहा, तांबा, लालचन्दन, नारियल, सुपारी, हींग, सूत, कपड़ा, मेथी, लौंग, इलायची एवं अनाजों में तेजी बनेगी; रुई में पहले मन्दी आकर बाद में तेज़ी बनेगी।

16 अप्रैल को गुरु पू.भा.–3 में दाखिल होगा। इस समय कुम्भराशिस्थ गुरु पर मंगल की विशेष दृष्टि है। अनाज, तिलहन, सूत, कपास, चना, गुड़, सोना, चान्दी एवं लालमिर्च में तेज़ी बनेगी।

17 अप्रैल को शुक्र कृत्तिका नक्षत्र में आएगा। इस समय शुक्र बुध–सूर्य के साथ मेषस्थ है। शुक्र गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, पाट, बारदाना, तिलहन, चान्दी आदि में अच्छी घटाबढ़ी किया करता है। जब शुक्र सूर्य के साथ मेल करता है तो तेज़ीकारक हो जाता है। जौ, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, रुई, सूत, वस्त्र, चान्दी, सोना, हीरा, मणि, मोती एवं जवाहरात में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी।

18 अप्रैल को मेषराशि में बुध वक्री हो रहा है। इस समय बुध सूर्य–शुक्र के साथ है। अफवाहों के साथ 24 दिन में घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेज़ी और जौ, चना आदि अनाजों में मन्दी का झटका आकर तेज़ी बने।

20 अप्रैल को बुध पश्चिम में अस्त होगा और इसी दिन शुक्र वृष राशि में आएगा। वृष राशि शुक्र की अपनी राशि है, शुक्र का प्रभाव चान्दी, सोना, रुई, कपास, चीनी, चावल, घी पर तेज़ी–मन्दी के रूप में देखा गया है। रुई, कपास में जोरदार मन्दी के झटके आएंगे। सोना–चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी एवं अनाज मन्दे रहेंगे। बाजारों का यह Trend 25 अप्रैल तक चलेगा।

26 अप्रैल को मंगल आश्लेषा में पदार्पण करेगा। मंगल कर्क राशि में नीच माना जाता है। मंगल ग्रह का प्रभाव मौसम, हवा, बरसात के रूप में अनुभव किया गया है। मंगल तेलवाना, रुई, कपास, जूट, चान्दी, सोना एवं शेयर बाजारों को प्रभावित करता है। चान्दी, रुई में मन्दा; अनाजों में तेज़ी बने।

नोट–26, 27 अप्रैल तक जोरदार तेज़ी के Reactions आएंगे। ग्वार, चना आदि के व्यापारी तेज़ी से लाभ लें। चान्दी, रुई, चावल, चीनी के व्यापारी मन्दे में खरीदें, तेज़ी में बेचकर लाभ लेते रहें।

27 अप्रैल को सूर्य भरणी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। इस समय बुध भी मेष राशि एवं भरणी नक्षत्र के प्रथम चरण में ही है। इस प्रकार बुध–सूर्य का एकराशि एवं एकनक्षत्र– सम्बन्ध व्यापार को प्रभावित करेगा। सोना, चान्दी, तांबा, मूंगा, पीतल, गेहूं, जौ, चना, चावल, मोठ, सरसों एवं गुड़, खाण्ड, घी में तेज़ी बनेगी।

28 अप्रैल को शुक्र रोहिणी में आएगा। 12 दिन में चान्दी, सोना आदि धातु तथा अलसी, एरण्ड, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, दाख, छुहारा, सुपारी, नारियल एवं ऊन में मन्दी आएगी। अफीम में तेज़ी का वातावरण रहेगा।

30 अप्रैल को बुध वक्री पोजीशन में अश्विनी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। यहां बुध मेषराशिस्थ सूर्य के साथ मेल करेगा। यह मेल अनाजों में तेज़ी करेगा। गेहूं, ज्वार, बाजरा, जौ, चना, अलसी, मूंग, मोठ, में तेज़ी बनेगी। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों, तिल, तेल में अचानक मन्दी आकर बाद में तेज़ी बनेगी– सावधानी से काम करें।

मई (सन् 2010 ई.)

मासारम्भ में (2 मई को)गुरु पू.भा. के चतुर्थ चरण और मीन राशि में दाखिल होगा। इस समय मीन राशिस्थ गुरु पर शनि की पूर्ण दृष्टि है। अतः रुई में 6 मास तक बड़ी भयंकर तेज़ी आकर बाद में मन्दी आती है। घी, तिल, तेल, सरसों में पहले 5/6 माह तक मन्दी आकर बाद में तेज़ी बने। गेहूं, गुड़, शक्कर, खाण्ड, उड़द, मोठ, सुपारी, नारियल, हाथीदांत, कपूर एवम् नमक में तेजी बनती है।

नोट–रुई में अगर पहले मन्दी आने लगे तो जोरदार मन्दी के बाद तेज़ी बनेगी। अगर पहले तेज़ी आने लगे तो रुई में जोरदार मन्दी बनेगी; इसलिए सावधानी से काम करें। गुरु ग्रह अपनी राशि मीन में आकर गुड़, खाण्ड, चान्दी, सोना, रुई, तेलवाना आदि प्रमुख बाज़ारों में बड़ी मन्दी का कारण माना गया है।

7 मई को बुध पूर्व दिशा में उदित होगा। इस समय बुध उच्चस्थ सूर्य के साथ है, अतः रुई में पहले मन्दी आने के बाद तेज़ी बनेगी। गेहूं, चना आदि अनाजों में 40 दिन के अन्दर तेज़ी बन सकती है। इस समय तिल, घी, पाट, हैसियन एवम् लालमिर्च में भी तेज़ी का योग बनता है।

9 मई को शुक्र मृगशिरा नक्षत्र में दाखिल हो रहा है। गेहूं, चना, ज्वार में मन्दा और गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेज़ी बनेगी।

11 मई को कृत्तिका नक्षत्र में सूर्य प्रवेश करेगा। 15 दिन में घी, रुई, सोना, चान्दी, अलसी, एरण्ड, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, चावल, राई, सरसों में तेज़ी बनेगी। इसी दिन बुध मार्गी हो रहा है, जोकि कपूर, चन्दन, अगर आदि में तेज़ी करेगा।

14 मई को सूर्य वृष राशि में आकर शुक्रवार वाले दिन शुक्र के साथ मेल करेगा। सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तेल, तिल, सरसों तेज हों। जौ, चना, गेहूं, मटर, अरहर, चावल में कुछ मन्दी का वातावरण बने।

15 मई को शुक्र मिथुन राशि में आकर केतु के साथ मेल करेगा। इस समय केतु और शुक्र पर शनि की विशेष दृष्टि होगी। मिथुन राशि का शुक्र रुई, कपास, सूत, वस्त्र, पाट, बारदाना, एरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार आदि में काफी मन्दी लाता है और अलसी, गुड़, घी में अच्छी घटाबढ़ी बाज़ारों में आती है। गेहूं, चना, मटर, अरहर में भी मन्दे का योग बनता है। **लेकिन यहां शुक्र पर शनि की दृष्टि होने से हमें बाज़ारों में मन्दे की जगह तेज़ी ही मालूम देती है–**

"मिथुने च यदा शुक्रो महर्घ तत्र जायते।
यव–गोधूम–चणकाः शालिश्चैव विशेषतः।।"

इसलिए व्यापारी बाज़ार के रुख को देखकर ही काम करें। क्योंकि इस दिन चन्द्रदर्शन भी होगा, इसलिए हमें सभी अनाजों और दालवाना में तेज़ी का ही रुख मालूम देता है। 19 मई तक उत्तम–मध्यमरूप से अनाजों में तेज़ी चल सकती है।

20 मई को गुरु उ.भा. के प्रथम चरण में एवम् शुक्र आर्द्रा में प्रवेश करेगा। रुई, चान्दी, गेहूं, चना, दालवाना, ग्वार आदि में अचानक ज़ोरदार मन्दे का झटका आ सकता है।

23 मई को बुध भरणी नक्षत्र में, 24 मई को राहु पू.षा. के द्वितीय चरण और केतु आर्द्रा के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। चावल, चना, ग्वार, गेहूं आदि अनाजों, तेल व तिलहन में तेज़ी बनेगी। पू.षा. नक्षत्र का राहु फसलों के खराब हो जाने की खबरों से तेलवाना, खल, बिनौला, रुई, कपास और सोना, चान्दी में भी तेज़ी करता है।

25 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में दाखिल होगा, जोकि तिल, तेल, एरण्ड, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, ऊन, सूत, वस्त्र, सण, सुपारी और लालमिर्च में तेज़ी करेगा। इस समय चान्दी में कुछ मन्दी आ सकती है।

26 मई को मंगल मघा नक्षत्र और सिंह राशि में दाखिल होगा। मंगल का प्रभाव मौसम, हवा, वर्षा पर खास तौर से पड़ता है। यह रुई, तेलवाना, कपास, जूट, चान्दी, सोना और शेयर बाज़ारों पर अपना विशेष प्रभाव रखता है। इस समय मंगल सूर्य की राशि में होने के कारण विशेष तेज़ीकारक हो सकता है। सोना, चान्दी, तांबा, लोहा आदि धातु, शस्त्र, गुड़, शक्कर, खाण्ड, अलसी, रुई, लालमिर्च, मूंग, मोठ, उड़द, तिल, सरसों, मूंगफली, राई और गेहूं आदि अनाजों व खास कर लालचीज़ों में विशेष तेज़ी का योग है–

" यदा सिंहराशि–गतो भौमः काञ्चनं रक्त–ताम्रकम्।
आरक्त– सर्वद्रव्याणि महर्घाणि भवन्ति हि।।"

30 मई को शनि मार्गी हो रहा है। ध्यान दें कि– 13 जनवरी, 2010 से 30 मई तक शनि वक्र ही चला है। शनि कन्याराशि में है एवम् गुरु की इस पर पूर्ण दृष्टि है, अतः रुई, चान्दी, कपास, सूत में मामूली तेज़ी आकर मन्दा बन सकता है। अगर इन दिनों रुई और चान्दी में मन्दा बने तो स्टॉक करें, आगे अच्छा लाभ मिलेगा।

31 मई को शुक्र पुनर्वसु में आएगा और नेप्च्यून वक्री होगा। तिल, तेल, सरसों, हींग, मिर्च, धान्य, बिनौला तेज़ रहेंगे।

जून (सन् 2010 ई.)

मासारम्भ में रुई, चान्दी, सोना, कपास में तेज़ी–मन्दी के रिएक्शन्ज़ बनेंगे। 4 जून को बुध कृत्तिका नक्षत्र में दाखिल होगा, जो कि चान्दी, अफीम में ज़ोरदार घटाबढ़ी के बाद मन्दी बनाएगा। अनाजों में तेज़ी का रुख रहेगा।

6 जून को बुध वृष राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। जब भी बुध का सूर्य के साथ मेल होता है तो यह तेज़ी कारक ही माना जाता है। इसलिए 15 दिन में रुई में अच्छी तेज़ी की सम्भावना है। अगर यहां रुई में मन्दी आती है तो स्टॉक करें, आगे तेज़ी से लाभ मिलेगा। गेहूं, जौ, चावल, मटर, कपास, सूत, अफीम, तिल, तेल आदि के भावों में तेज़ी बनेगी।

8 जून को सूर्य मृगशिरा नक्षत्र में दाखिल होगा। सूर्य ग्रह का प्रत्येक वायदा और हाज़िर बाज़ारों पर विशेष प्रभाव पड़ता है। रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, तेल, सरसों, कपास, अनाज, सोना, चान्दी, हल्दी, कालीमिर्च और शेयर बाज़ारों पर सूर्य का विशेष प्रभाव देखा गया है। हमारे विचार से इस समय रुई, सूत, रेशम, सण, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चान्दी, उड़द, मूंग, मोठ, चना, बाजरा एवम् नारियल आदि में

विशेष तेज़ी का योग बनेगा।

9 जून को शुक्र कर्क राशि में दाखिल होकर गुरु की दृष्टि में रहेगा। कर्क राशि का शुक्र ज़्यादातर मन्दीकारक ही माना गया है। रुई में पहले अच्छी मन्दी के झटके बनेंगे। स्टॉक करने का अच्छा अवसर है। अलसी, एरण्ड, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में अच्छी तेज़ी के झटके आ सकते हैं, लेकिन गुरु की शुक्र पर दृष्टि के कारण यह तेज़ी मन्दी में भी बदल सकती है– सावधानी से काम करें। चान्दी, गेहूं, जौ, चना, अरहर आदि में हमारा विचार मन्दे का ही है।

11 जून को उ.भा. के द्वितीय चरण में गुरु दाखिल होगा। इस समय चान्दी में और मन्दा आ सकता है। रुई व गेहूं आदि अनाजों में कुछ तेज़ी बन सकती है।

(1 से 11 जून तक रुई और चान्दी में मन्दे की चाल नज़र आती है। मोटे अनाज और दाललवाना में कुछ तेज़ी का रुख रहेगा।)

12 जून को शुक्र पुष्य नक्षत्र और बुध रोहिणी नक्षत्र में दाखिल होगा। ध्यान दें– **12 जून को शनैश्चरी अमावस भी है।** 8 दिन में रुई, कपास, सोना, चान्दी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़, खाण्ड में अच्छी तेज़ी का योग है। रुई, सूत, ऊन, अनाज में भी तेज़ी के बाद कुछ मन्दा बन सकता है। राई, तुअर, सण, ऊनी व रेशमी वस्त्र, लाख, चमड़ा, पारा, हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दा सम्भव है।

13 जून को बाज़ारों में अनाज और रुई में तेज़ी बनेगी। 15 जून को सूर्य मिथुन राशि में दाखिल होकर केतु के साथ मेल करेगा। इस समय सूर्य और केतु शनि की विशेष दृष्टि में होंगे। यह योग अच्छी तेज़ी का रहेगा। धरती के अन्दर पैदा होने वाले कन्दमूलफल, पाट, बारदाना, रेशम, सूत, कपास, रुई, सरसों, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, मूंग, उड़द, गेहूं, चना, चावल आदि प्रत्येक अनाज, सोना, चान्दी आदि धातु में अच्छी तेज़ी बनेगी; लाभ लें। यह तेज़ी अधिक देर नहीं चलेगी, इसलिए दो दिन के अन्दर–अन्दर ही लाभ लेना अच्छा रहेगा।

17 जून को बुध पूर्व में अस्त होगा और 19 जून को बुध मृगशिरा नक्षत्र में दाखिल होगा।

नोट करें– कि 19 जून से 5 जुलाई तक बुध अतिचारी रहेगा। यह योग विशेष नोट करने लायक है।

जब बुध अतिचारी होता है तब तिलहन बाज़ारों पर इसका विशेष प्रभाव देखा गया है। रुई में तेज़ी, चान्दी में घटाबढ़ी होकर मन्दी; अनाज, घी में मन्दा, सोने में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बने, तेल और तिलहन के व्यापारी मन्दा आते ही स्टॉक करें, आगे अच्छा लाभ प्राप्त होगा।

20 जून को मंगल पू.फा. नक्षत्र में दाखिल होगा, जोकि तेल, तिल, सरसों, मूंगफली आदि तिलहन, घी, गुड़, खाण्ड और नमक में तेज़ी करेगा। 22 जून को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में और बुध मिथुन राशि में दाखिल होकर सूर्य और केतु के साथ मेल करेगा और इस समय इन पर शनि की विशेष दृष्टि रहेगी। ध्यान दें– इस समय बुध अतिचारी भी है। रुई, सूत, कपास, खल, बिनौला, अलसी, एरण्ड, गेहूं, चावल, चना, जौ, सोना, चान्दी और मोती में तेज़ी रहे। सरसों, तारा–मीरा में घटाबढ़ी के बाद बाज़ार तेज़ी की तरफ बढ़ेंगे।

नोट– तेल, तिलहन में एकतरफा लाईन बनने के योग हैं। मन्दा आते ही स्टॉक करें, आगे तेज़ी से अच्छा लाभ मिले।

23 जून को शुक्र आश्लेषा में दाखिल होकर रुई और चावल में अस्थायी मन्दा करेगा। 25 जून को बुध आर्द्रा में आकर गेहूं, तिल, उड़द, जौ, चना, मूंग, मोठ में अचानक मन्दा ला सकता है। क्योंकि, इस समय सूर्य भी आर्द्रा नक्षत्र में ही है, इसलिए यह मन्दी ठहरेगी नहीं। तेल, तिल और अनाजों में तेज़ी का रुख मास के अन्त तक बना ही रहेगा। **विशेष विचार के लिए ताज़ा मशवरा हासिल करें।**

26 जून को खण्डग्रास चन्द्रग्रहण भी तेज़ी की तरफ ही इशारा करता है। 28 जून को वक्री प्लूटो मूल नक्षत्र के तृतीय चरण में दाखिल होगा। प्लूटो, राहु का सूर्य–बुध और केतु के साथ समसप्तक योग भी अफवाहों के साथ बाज़ारों को तेज़ी की तरफ ले जाएगा।

जुलाई (सन् 2010 ई.)

मासारम्भ में 1 जुलाई को बुध पुनर्वसु में दाखिल होगा। इस समय बुध, सूर्य और केतु पर शनि की खास नज़र है। 8 दिन में चान्दी, रुई, कपास, सूत, सण में खास मन्दी होगी। क्योंकि बुध पर शनि की खास दृष्टि है, इसलिए यह मन्दी तेज़ी में भी बदल सकती है– सावधानी से काम करें।

5 जुलाई को शुक्र मघा नक्षत्र और सिंह राशि में दाखिल होगा। सिंह राशि में शुक्र का मंगल के साथ एकराशिसम्बन्ध बन जाएगा। शुक्र खास तौर से कपास, रुई, गुड़, खाण्ड, तिलहन तथा चान्दी के बाज़ारों में अपना वर्चस्व व अधिकार रखता है। शुक्र और मंगल जब साथ होते हैं, तब लोगों की खरीददारी की मनोवृत्ति बढ़ती है। सोना, तांबा, जौ, चना, गेहूं, लाल चन्दन, मजीठ, लालमिर्च एवम् लाल रंग की चीजें घी, गुड़, खाण्ड में अच्छी तेज़ी बनेगी।

6 जुलाई को सूर्य पुनर्वसु नक्षत्र में दाखिल होगा और उसी दिन बुध कर्क राशि में आकर गुरु की दृष्टि में आएगा। रुई में मन्दे के ज़बरदस्त झटके आएंगे, चान्दी में घटाबढ़ी के बाद कुछ तेज़ी बनेगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, तेल, मूंगफली, सरसों और सोने में पहले कुछ तेजी आकर बाद में मन्दा बने। कपास, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा,

उड़द, चावल, नमक, सज्जी, हरड़, सुपारी, नारियल, माजु, केसर, मजीठ, नील, सौंठ, गुग्गुल आदि पदार्थों और करयाने में तेज़ी बने।

8 जुलाई को पुष्य नक्षत्र का बुध सोना, चान्दी में मन्दी, रुई में घटाबढ़ी से ज़ोरदार मन्दी बनाए। मोती, जवाहरात और ऊनी कपड़े तेज़ हों। 10 जुलाई को बुध का पश्चिम में उदय मन्दे का संकेत देता है। 13 जुलाई को मंगलवारी चन्द्रदर्शन कुछ स्थानों पर वर्षा में रुकावट करेगा।

14 जुलाई को मंगल के उ.फा. में आने पर गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेज़ी बनेगी। 15 जुलाई को बुध आश्लेषा नक्षत्र में आकर तिल, तेल, सरसों आदि तिलहन एवम् गुड़, खाण्ड, उड़द आदि में तेज़ी करेगा।

17 जुलाई को सूर्य कर्क राशि में आकर गुरु की दृष्टि में आ जाएगा। रुई, सूत, बादाम, सुपारी, फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों, चान्दी, सोना आदि तेज़ होंगे। गेहूं, चना, जौ, मटर, अरहर, उड़द, मूंग, चावल में कुछ मन्दा नज़र आएगा। 17 जुलाई को ही शुक्र पू.फा. नक्षत्र में दाखिल होगा। गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, चना के बाज़ार कुछ मन्दे ही मालूम देते हैं।

(14 से 19 जुलाई तक बाज़ारों में अनाज मन्दे रहें।)

20 जुलाई को मंगल कन्या राशि में आकर शनि के साथ एकराशिसम्बन्ध बना लेगा। यह योग बाज़ारों में भारी तेज़ी बनाने वाला है। लेकिन शनि–मंगल पर गुरु की पूर्ण दृष्टि होने से बाज़ारों में बहुत बड़ी तेज़ी की सम्भावना नज़र नहीं आती, फिर भी बाज़ारों का रुख तेज़ी की तरफ ही रहेगा– ऐसा हमारा विचार है। रुई, सोना, चान्दी, तांबा, लोहा, सूती वस्त्र, लालमिर्च, काली मिर्च, हल्दी, ज़ीरा आदि में अच्छी तेज़ी की उम्मीद लेकर काम कर सकते हैं। लेकिन इसी दिन सूर्य पुष्य में दाखिल होगा। जोकि 14 दिन में तिल, तेल, सरसों, मघ, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, सुपारी, गुग्गुल, मोम, हींग, हल्दी, लाख, सण, ऊनी वस्त्र, सिक्का, सोना, चान्दी में तेज़ी करेगा। रुई में पहले तेज़ी होकर बाद में मन्दी बने।

23 जुलाई को बुध मघा नक्षत्र और सिंह राशि में दाखिल होकर शुक्र के साथ मेल करेगा। उसी दिन गुरु मीन राशि में वक्री हो रहा है। गुरु पर शनि और मंगल की पूर्ण दृष्टि भी है। 18 नवंबर तक गुरु वक्र पोजीशन में रहेगा। इस समय रुई, कपास, तेल, तिलहन और शेयर बाज़ारों में बहुत बड़ी तेज़ी का योग समझें। नमक, घी, तेल, अनाज, गुड़, खाण्ड, शक्कर में भी अच्छी तेज़ी से लाभ मिलेगा। रुई, कपास में अप्रत्याशित तेज़ी से व्यापारी बहुत बड़ा लाभ उठा सकेंगे। रुई, कपास के व्यापारियों के लिए यह योग विशेष लाभ देने वाला है। व्यापारी भाइयों से हमारा अनुरोध है कि– जुलाई तक रुई का स्टॉक (**Advance** सौदा) करें तो वे उत्तम लाभ प्राप्त कर सकेंगे–

'मीनराशिंगतो जीवो वक्रतामुपयाति चेत्।
कार्पासस्यार्घ–सम्प्राप्ति लाभस्तस्माच्चतुर्गुणः।।'

ताज़ा मशवरा प्राप्त करने के लिए प्रत्यक्ष मिलें।

26 जुलाई को पू.षा. के पहले चरण में राहु और आर्द्रा 3 में केतु दाखिल होगा, जोकि तेल, तिलहन, अनाज, दालवाना, Mentha oil में अच्छी तेज़ी कर सकता है।

29 जुलाई को शुक्र उ.फा. में और शनि भी उ.फा. के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। इस प्रकार कन्या राशि में शनि, शुक्र, मंगल– ये तीनों उ.फा. नक्षत्र में ही चल रहे होंगे। कपास, रुई, पटसूत्र, सण, लोहा, चान्दी, सोना, तांबा एवम् गेहूं आदि अनाज और दालवाना में अच्छी तेज़ी बनेगी, **जोकि इस मास के अन्त तक किंवा कुछ आगे तक चल सकती है।**

अगस्त (सन् 2010 ई.)

मासारम्भ में शुक्र कन्या राशि में आकर शनि और मंगल के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाएगा। इन दिनों शनि, मंगल एवम् शुक्र पर गुरु की दृष्टि भी है और यह योग तिलहन बाज़ारों में ज़ोरदार घटाबढ़ी करने वाला है। रुई, कपास, तेलवाना, पाट, बारदाना, हल्दी कपास आदि के बाज़ारों में अच्छी तेज़ी सम्भावित है। चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। गेहूं आदि सभी अनाज, गुड़, खाण्ड, पशुचारा, ऊनी व रेशमी वस्त्रों में तेज़ी बनेगी। चावलों में विशेष तेज़ी का योग बनता है।

2 अगस्त को बुध पू.फा. में आकर गुड़, खाण्ड, गेहूं आदि में कुछ मन्दा बना सकता है। 3 अगस्त को सूर्य आश्लेषा में आकर 14 दिन में सोना, चान्दी, रुई, बिनौला, गेहूं, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च, मजीठ, और नील में तेज़ी लाएगा।

5 अगस्त को मंगल हस्त नक्षत्र में आकर 21 दिन में क्षुद्रधान्य(छोटे अनाज), दालवाना, घी आदि में तेज़ी करेगा।

10 अगस्त को भौमवती अमावस होने से तेल, तिलहन, गुड़, खाण्ड, घी एवम् दालवाना के बाज़ारों में ज़ोरदार तेज़ी की सम्भावना बनती है। इन दिनों मैंथा–ऑयल में ज़ोरदार तेज़ी बनेगी।

11 अगस्त को चन्द्रदर्शन होगा एवम् शुक्र हस्त में दाखिल होगा। गुड़, खाण्ड, शक्कर में घटाबढ़ी चले। गेहूं आदि अनाजों में मन्दा हो तो स्टॉक करने से आगे लाभ मिले। सोना तेज़ होगा।

16 अगस्त को सूर्य मघा नक्षत्र और सिंह राशि में दाखिल होगा। सिंह अग्नितत्त्व की राशि है। इस राशि का अधिपति सूर्य है। सिंह राशि के अन्तर्गत सोना

कालीमिर्च, अलसी, गुड़, तेल, तिलहन विशेष रूप से आते हैं। रुई, चान्दी, मूंग, ज्वार, बाजरा, सरसों, तिल, एरण्ड, दाख, लालमिर्च, कालीमिर्च में अच्छी तेज़ी के संकेत हैं।

18 अगस्त को वक्री नेप्च्यून धनिष्ठा–3 में दाखिल होगा। इस पर सूर्य की नज़र भी रहेगी। कहीं जलवायु के खराब होने की अफवाहों से बाज़ार खराब होंगे।

20 अगस्त को बुध वक्री होगा। वक्री बुध के साथ सूर्य का एकराशिसम्बन्ध चल रहा है। सूर्य के साथ जब बुध मेल करता है तो तेलवाना के व्यापार को खास तौर से प्रभावित करता है। इसलिए तेल एवम् तिलहन में ज़ोरदार तेज़ी आ सकती है। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में भी तेज़ी का ही योग है। गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों में या तो ज़ोरदार तेज़ी बनेगी या ज़ोरदार मन्दा बनेगा– सावधानी से काम करें। 24 अगस्त तक बाज़ार तेज़ी–मन्दी के रिएक्शन्ज़ के साथ तेज़ी की तरफ बढ़ेगा।

24 अगस्त को चित्रा नक्षत्र का शुक्र और भौमवती पूर्णिमा भी बाज़ारों में कुछ तेज़ी का संकेत देती है।

26 अगस्त को मंगल चित्रा नक्षत्र में दाखिल होगा। गेहूं, सोना, चान्दी, तांबा, पीतल में तेज़ी बनेगी। 27 अगस्त को बुध पश्चिम में अस्त होगा। बुध और गुरु दोनों वक्री हैं। कहीं वर्षा की कमी तो कहीं अधिकता से फसलों को नुक्सान पहुंचेगा। रुई में झटके के साथ मन्दी आ सकती है। चान्दी तेज़ रहे। पाट, हैसियन और शेयरों में मन्दा रहे।

30 अगस्त को सूर्य पू.फा. नक्षत्र में दाखिल होगा। यह 14 दिन में ज़ीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूं, ज्वार, चावल, ऊनी कपड़ा, रुई और सूत में तेज़ी करेगा। चान्दी में घटाबढ़ी चले।

31 अगस्त को हस्त नक्षत्र में शनि दाखिल होगा, जोकि अनाजों में तेज़ी करेगा।

सितम्बर (सन् 2010 ई.)

1 सितम्बर को शुक्र तुला में आएगा। तुलाराशि शुक्र की अपनी राशि है। अकेला शुक्र कभी–कभी ज़ोरदार मन्दी ला देता है। शुक्र विशेषतः गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, पाट, बारदाना, तिलहन एवं चान्दी आदि में अच्छी घटाबढ़ी करता है। सोना, चान्दी में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। रुई और अफीम में पहले तेज़ी, बाद में मन्दी बने। गुड़, खाण्ड में तेज़ी बनेगी।

3 सितम्बर को वक्री गुरु उ.भा. के प्रथम चरण में दाखिल होगा। गुरु मीन राशि में वक्री है और शनि–मंगल की इस पर दृष्टि भी है। इस समय चान्दी कुछ मन्दी रहे। रुई तेल, तिलहन एवम् गेहूं आदि अनाजों में तेज़ी रहे।

5 सितम्बर को मंगल तुला राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। शुक्र जब तुला राशि में मंगल के साथ मेल करता है तो लोगों की खरीदशक्ति बढ़ जाती है। कपड़ा, सूत की ज़्यादा मांग रहती है। रुई, गुड़, खाण्ड,चान्दी के बाज़ार तेज़ी की तरफ बढ़ते हैं। सरकार सूत का निर्यात (Export) का ऐलान करती है, जिससे कच्ची रुई के हाज़िर बाज़ारों पर इसका ज़ोरदार असर दिखाई देता है और रुई के बाज़ारों में ज़ोरदार तेज़ी बनती है। रुई, कपड़ा, सूत, सण, बारदाना, मूंगफली, गुड़, खाण्ड, गेहूं, उड़द, मूंग, मोठ आदि अनाजों में अच्छी तेज़ी आ सकती है।

7 सितम्बर को वक्री बुध मघा नक्षत्र में आ जाता है। गेहूं, जौ, चना और देवदारु आदि तेज़ हों।

9 सितम्बर को शुक्र स्वाती नक्षत्र में आकर 11 दिन में गुड़, खाण्ड में तेज़ी और अनाजों में मन्दा करे। लेकिन 10 सितम्बर शुक्रवार को चन्द्रदर्शन होने से गेहूं आदि अनाज फिर उठ सकते हैं।

12 सितम्बर को बुध मार्गी होगा। इस समय बुध सूर्य के साथ सिंह राशि में ही है। रुई में पहले मन्दी, बाद में तेज़ी बने। चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बने। 8 दिन में गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों में तेज़ी बनेगी सुगन्धित चीज़ों में कुछ मन्दा बने। 12 सितम्बर को ही बुध पूर्व में उदित होगा। रुई में पहले मन्दी होकर तेज़ी बनेगी। गेहूं, जौ, चना आदि अनाज, घी, तिल, पाट, हैसियन, लालमिर्च में अच्छी तेज़ी का वातावरण बन सकता है।

13 सितम्बर को सूर्य उ.फा. में आएगा। इसी दिन शनि भी अस्त हो रहा है। शनि पर गुरु की दृष्टि है। रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चान्दी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, बांस और नील में तेज़ी बनेगी। अनाज और शेयर बाज़ारों में कुछ तेज़ी–मन्दी के रिएक्शन्ज बनेंगे।

14 सितम्बर के लगभग प्लूटो के मार्गी होने पर जलवायु की Position में परिवर्तन आने से बाजारों में कुछ उठापटक हो सकती है।

15 सितम्बर को मंगल स्वाती में आकर 24 दिन में रुई, वस्त्र, गेहूं, तिल, तेल में तेज़ी करेगा। चान्दी में घटाबढ़ी और सोने में कुछ मन्दा आ सकता है। 16 सितम्बर को सूर्य कन्या राशि में आकर शनि के साथ एकराशिसम्बन्ध बना लेगा। सूर्य और शनि दोनों शत्रु ग्रह हैं। कन्या राशि में ये दो क्रूर ग्रह होने से कई प्रकार के प्राकृतिक प्रकोप, अतिवृष्टि, अनावृष्टि तथा अन्य कई परेशानियां व समस्याएं देश के सामने आएंगी। रुई में भयंकर तेज़ी बने एवम् तेलवाना में भी अच्छी तेज़ी बन सकती है। इस समय सूर्य एवम् शनि पर गुरु की दृष्टि भी है, लेकिन गुरु के वक्री होने के कारण

सोना, चान्दी, कालीमिर्च, रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, सरसों, तोरिया, कपास, अनाज, हल्दी और शेयर बाज़ारों में अच्छी तेज़ी के योग बनते नज़र आते हैं।

18 सितंबर को बुध पू.फा. में दाखिल होगा। गुड़, खाण्ड, गेहूं आदि अनाजों में अचानक मन्दा आ सकता है।

27 सितम्बर को सूर्य हस्त नक्षत्र में दाखिल होगा और इसी दिन शनि हस्त नक्षत्र के दूसरे चरण में आएगा। 27 सितम्बर को ही राहु मूल के चतुर्थ चरण में और केतु आर्द्रा के द्वितीय चरण में दाखिल होंगे। इस प्रकार सूर्य शनि का एकराशि एवम् एक नक्षत्रसम्बन्ध बन रहा है। क्योंकि, केतु शनि की नज़र में भी है, इसलिए फसल और पैदावार की कमी होने की वजह से बाजारों में तूफानी तेज़ी आ सकती है। राहु का राजनीति का व्यापार मे प्रवेश होने से बाज़ारों में ज़ोरदार उठापटक होती है। राहु का मूल नक्षत्र में प्रवेश होने से तेलवाना, खल, बिनौला, रुई, कपास, चान्दी, सोना, तांबा आदि के बाज़ारों मे तेज़ी का रुख रहेगा।

नोट– पहले सभी बाज़ारों में मन्दी के झटके बनेंगे फिर अच्छी तेज़ी से लाभ मिलेगा।

28 सितम्बर को बुध उ.फा. में और 29 सितम्बर को वक्री गुरु पू. भा. के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। 7 दिन में उड़द, मूंग, मोठ, मसर, अरहर में तेज़ी बने। रुई और चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी रहे।

30 सितम्बर को बुध कन्या राशि में आकर अस्त हो रहा है। इस प्रकार यहां बुध, सूर्य और शनि एक राशि में हैं। कन्या राशि बुध की अपनी राशि है। गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी, अनाज, दालवाना, सोना, तेल, तिलहन के बाज़ारों में ज़ोरदार तेज़ी के रिएक्शन्ज़ आएंगे। बाद में अचानक मन्दा बन सकता है– सावधानी से काम करें।

इस माह की अन्तिम ग्रहस्थिति के अनुसार सूर्य शनि के कन्या राशि में होने और शुक्र, मंगल के तुला राशि में होने तथा शनि की केतु पर दृष्टि होने से वायदा और हाज़र बाज़ारों में ज़ोरदार तेज़ी–मन्दी के झटके बनेंगे।

अक्तूबर (सन् 2010 ई.)

मासारम्भ में 1 से 6 अक्तूबर तक शनि, सूर्य, बुध– ये तीनों कन्या राशि में रहेंगे। ये तीनों ग्रह हस्तनक्षत्र में ही चल रहे हैं। इस समय शनि–बुध अस्त हैं। अतः अक्तूबर के पहले सप्ताह में दालवाना,गेहूं, चना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, हल्दी में तेज़ी रहेगी। सोना, चान्दी, तांबा एवं रुई में ज़ोरदार तेज़ी–मन्दी के झटके आएंगे। मन्दे में माल लेकर तेज़ी आते ही निकाल दें, लाभ लेते रहें।

5 अक्तूबर को मंगल विशाखा में एवं इसी दिन बुध हस्त में पदार्पण करेगा। रुई, कपास एवं अनाजों में तेज़ी से लाभ मिलेगा।

8 अक्तूबर को शुक्र वक्री हो जाएगा। 9 अक्तूबर को शनिवारी चन्द्रदर्शन भी हो रहा है। ध्यान दें– इस समय गुरु–शुक्र दोनों वक्री हैं। शुक्र, मंगल– ये दोनों इस समय तुला राशि में ही हैं। शुक्र जब मंगल के साथ मेल करता है तो रुई, चान्दी, तांबा में विशेष तेज़ी की हवा चलती है। इसलिए घी, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, चान्दी, सोना, तेल, तिलहन एवं गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों में अच्छी तेज़ी का झटका आ सकता है।

10 अक्तूबर को सूर्य चित्रा नक्षत्र में दाखिल होगा। इस समय सूर्य, बुध एवम् शनि तीनों कन्या राशि में चल रहे हैं। सूर्य बुध–शनि के साथ मिलकर सोना, कालीमिर्च, अलसी, रुई, एरण्ड, मूंगफली, सरसों, कपास, दालवाना, हल्दी में विशेष तेज़ी कारक माना गया है। इस समय गुड़, खाण्ड, अरहर, चना, तिल, नारियल, सण, केसर, कपूर में भी तेज़ी बनेगी। यह तेज़ी 17 अक्तूबर तक अच्छी बन जाने के योग हैं।

13 अक्तूबर को चित्रा नक्षत्र का बुध रुई व चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी करेगा। अनाज तेज़ रहेंगे।

17 अक्तूबर को सूर्य एवम् बुध दोनों तुला राशि में दाखिल होकर शुक्र के साथ मेल करेंगे। तुला राशि में सूर्य नीच माना जाता है, लेकिन जब सूर्य बुध और शुक्र के साथ मेल करता है तो ज़ोरदार तेज़ी या मन्दे के झटके आते हैं। इसलिए सावधानी से काम करें। रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, तांबा, चन्दन, मजीठ, श्रीफल, सुपारी में तेज़ी रहेगी। चान्दी में कुछ मन्दा बन सकता है।

19 अक्तूबर, मंगलवार को मंगल वृश्चिक राशि में दाखिल होगा। इसी दिन शनि उदित होगा और शुक्र पश्चिम में अस्त होगा। इस समय वृश्चिक राशि के मंगल पर शनि की विशेष नज़र है एवम् शनि पर गुरु की विशेष दृष्टि है। इसलिए यह योग अच्छी तेज़ीकारक मालूम देता है, लेकिन कुछ चीज़ों में मन्दे के अच्छे झटके आ सकते हैं। रुई, सोना, चान्दी, लोहा, तांबा आदि पदार्थ, लकड़ी, लहसुन, चावल, गुड़, खाण्ड, में तेज़ी का विचार है। शेयर बाज़ार, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली आदि तिलहन में मन्दा रहे।

21 अक्तूबर को बुध स्वाती में आकर रुई में मन्दा कर सकता है। 23 अक्तूबर को शनिवारी पूर्णमासी एवम् सायन संक्रान्ति बाज़ारों में तेज़ी का संकेत देती है।

24 अक्तूबर को स्वाती नक्षत्र का सूर्य एवम् अनुराधा नक्षत्र का मंगल रुई,

सण, रेशम, कपड़ा, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, बिनौला, सुपारी, अलसी, सरसों, मिर्च, राई, हींग, गुग्गुल, लाल–चन्दन में अच्छी तेज़ी बनाएगा।

25 अक्तूबर को शनि हस्त नक्षत्र में आकर गुड़, खाण्ड में तेज़ी करेगा। 29 अक्तूबर को बुध विशाखा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। इस समय रुई के भावों में अच्छी मन्दी का झटका आने का योग है– सावधानी से काम करें। यह मन्दी 31 अक्तूबर तक ज़ोर पकड़ सकती है।

नवम्बर (सन् 2010 ई.)

1 नवम्बर को वक्री गुरु पू.भा. के तृतीय चरण में दाखिल होकर फिर से कुम्भ राशि में आ जाता है। कुम्भ–राशिस्थ गुरु पर मंगल की विशेष दृष्टि है। शुक्र, सूर्य के साथ तुला राशि में है। सूर्य भी इस समय स्वाती नक्षत्र में ही है। इस समय प्राकृतिक प्रकोप से फसलों को हानि पहुंचेगी, जिससे बाज़ार तेज़ी की तरफ बढ़ेंगे–

"कुम्भराशि–गते जीवे मेघः स्वल्पाम्बु वर्षति।
कृषिनाशश्च दुर्भिक्षं पूर्वदेशे समर्घता।।"

रुई, चीनी, घी, तेल, तिलहन के स्टॉक से लाभ मिले। आगे भारी तेज़ी से उत्तम लाभ मिलेगा। इस समय सोना, तांबा, कांसा, पीतल, लोहा एवम् सीसा में तीन मास मन्दी रहकर तेज़ी बनेगी। इस समय गुड़, खाण्ड एवम् अन्न के भाव में भी तेज़ी बनेगी।

3 नवम्बर को वक्री शुक्र पूर्व में उदित होगा। शुक्र पर वक्री गुरु की विशेष दृष्टि है। रुई, सूत, चान्दी, चावल, घी, सोना में ज़ोरदार तेज़ी एवं मन्दी के झटके आएंगे;– बाज़ार का रुख देखकर काम करें।

4 नवम्बर को बुध वृश्चिक में आकर मंगल के साथ राशिसम्बन्ध बनाएगा। इस समय बुध–मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि है। घी, तेल, सरसों, सोना, चान्दी, चावल में तेज़ी से लाभ लें।

6 नवम्बर को शनैश्चरी अमा वाले दिन सूर्य विशाखा में पदार्पण करेगा। इसी दिन वक्री शुक्र चित्रा में आ जाता है। सूर्य, शुक्र– दोनों गुरु की दृष्टि में हैं। चावल, मसूर, गेहूं, चना आदि अनाज; गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड एवम् अफीम में तेज़ी बनेगी। सोना, चान्दी में विशेष तेज़ी का योग नहीं बनता।

7 नवंबर को चन्द्रदर्शन वृश्चिक राशि में होगा। इसी दिन बुध अनुराधा नक्षत्र में आएगा एवम् नेप्च्यून मार्गी भी इसी दिन हो रहा है। सूत, सण, रुई, सोना, चान्दी एवं अनाजों में बाज़ार मन्दे रहेंगे।

8 नवम्बर को बुध पश्चिम में उदित होगा। इस समय वृश्चिक राशिस्थ मंगल–बुध पर शनि की खास नज़र है। यह योग तेज़ीकारक है। अफवाहों के कारण बाज़ार तेज़ी की तरफ बढ़ेंगे। सोना, चान्दी, तांबा, सूत, रुई एवं तेलवाना में ज़ोरदार तेज़ी–मन्दी की प्रतिक्रिया बनेगी। मन्दे में खरीदें, 17 नवम्बर तक लाभ मिलेगा। जौ, चावल, गेहूं, मसूर, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड, अफीम में तेजी बनेगी। अलसी और चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो।

11 नवम्बर को मंगल ज्येष्ठा नक्षत्र में आएगा। इस समय मंगल बुध के साथ है और शनि की इस पर दृष्टि है। 12 दिन में चान्दी और रुई में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। सोना, तेल, तिलहन में भी तेज़ी का रुख रहेगा।

16 नवम्बर को सूर्य वृश्चिक राशि में आकर मंगल और बुध के साथ एकराशिसम्बन्ध बना लेगा। इस समय इन पर शनि की खास नज़र रहेगी। बुध का जब सूर्य और मंगल के साथ सम्बन्ध होता है तो यह क्रूर हो जाता है। सूर्य का जब मंगल और बुध के साथ सम्बन्ध होता है, तो बाज़ारों में अच्छी घटाबढ़ी होती है, यह हमारा अनुभव है। रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली, सरसों, बिनौला, सोना, चान्दी, शेयर, हल्दी, कालीमिर्च एवम् अनाजों में इस समय अच्छी तेज़ी बनेगी। इसी दिन बुध ज्येष्ठा नक्षत्र में दाखिल हो रहा है। ध्यान दें– मंगल और बुध दोनों ज्येष्ठा नक्षत्र में चल रहे हैं । घी, गुड़, खाण्ड और चावल में भी अच्छी तेज़ी के योग बनते हैं।

18 नवम्बर को गुरु और शुक्र– दोनों मार्गी हो रहे हैं। घी, तेल, गुड़, खाण्ड, गेहूं, जौ, चना, चावल, अलसी में तेज़ी बने एवम् रुई में तेज़ी और मन्दी के अच्छे झटके आएंगे।

19 नवम्बर को सूर्य अनुराधा में आकर चना, चावल, दालवाना, ऊन, सोना व चान्दी में तेज़ी करेगा। गेहूं, अलसी, मिर्च में भी तेज़ी का रुख रहेगा।

नोट–18 से 24 नवम्बर तक वायदा बाज़ार में उठापठक चलेगी–सावधानी से काम करें।

25 नवम्बर को बुध मूल नक्षत्र और धनु राशि में प्रवेश करेगा। इसी दिन शनि हस्त के चतुर्थ चरण में और प्लूटो मूल नक्षत्र के चतुर्थ चरण में दाखिल होगा। स्पष्ट है कि– बुध और प्लूटो– दोनों धनु राशि में ही चल रहे है। धनु राशि में राहु के साथ बुध और प्लूटो दोनों एकराशि सम्बन्ध बना रहे हैं। इस समय उपज में कमी और कहीं युद्ध का माहौल बन सकता है। जिस का व्यापार पर प्रभाव स्पष्टरूप से दिखाई देगा। शेयर एवम् सोना–चान्दी के बाज़ारों में ज़ोरदार तेज़ी आ सकती है। रुई, कपास, सूत, अनाज, गुड़, खाण्ड में अच्छी तेज़ी का माहौल बनेगा।

27 नवम्बर को मंगल वृश्चिक राशि में अस्त हो जाएगा। जौ, चना, गुड़, अलसी, गेहूं में तेज़ी बनेगी। रुई व चान्दी में कुछ मन्दे का रुख रहेगा।

29 नवम्बर को मंगल मूल नक्षत्र और धनुराशि में दाखिल होकर राहु, बुध और प्लूटो के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाएगा। इसी दिन राहु मूल के तृतीय चरण एवम् केतु आर्द्रा के प्रथम चरण में दाखिल होगा। चावल, चना, जौ, मूंग, मोठ, सूत, सण, बिनौला, सरसों, घी एवम् चान्दी, सोना, ताम्बा आदि धातुओं में झटके के साथ तेज़ी बनेगी। सेंधा नमक एवम् अनेक प्रकार के अनाज तेज़ होंगे। इस समय स्टॉक निकाल कर लाभ प्राप्त करना अच्छा रहेगा।

दिसम्बर (सन् 2010 ई.)

1 दिसम्बर को शुक्र स्वाती में आ जाता है। रुई, चान्दी, कपास, सूत, गुड़, खाण्ड में तेज़ी बने; वायदा बाज़ार इस समय ज़ोर पकड़ेगा एवम् निर्यात और आयात (Export & Import) की अफवाहों के साथ बाज़ार आगे चलेगा।

2 दिसम्बर को सूर्य का ज्येष्ठा में आना तेज़ीकारक मालूम देता है। क्योंकि, इस समय सूर्य पर शनि की खास नज़र है, अतः ऊनीवस्त्र, सोना, चान्दी, चावल, गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों एरण्ड, हींग, गुग्गुल, पारा, गुड़, खाण्ड में तेज़ी बनेगी। रुई में पहले मन्दी आकर बाद में तेज़ी हो।

6 दिसम्बर को गुरु पू.भा. के चतुर्थ चरण और मीन राशि में दाखिल होगा। मीन राशि गुरु की अपनी राशि है। इस समय मीन राशि में स्थित गुरु पर शनि की पूर्ण दृष्टि है। गुड़, खाण्ड, चान्दी, सोना, रुई, तेल, तिलहन में अच्छा मन्दा बन सकता है। कदाचित् इस समय तेज़ी आने लगे तो अच्छी तेज़ी भी आ सकती है। इसलिए बाज़ार का रुख देखकर काम करें।

7 दिसम्बर मंगलवार को धनु राशि में चन्द्रदर्शन होगा। यह चन्द्रदर्शन बाज़ारों में तेज़ी बना सकता है, लेकिन अनाजों के भाव मन्दे रहेंगे।

10 दिसम्बर को धनुराशिस्थ बुध वक्री हो रहा है। बुध, राहु और मंगल एक राशि में हैं। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेज़ी; गेहूं, जौ, चना आदि अनाजों में मन्दी का वातावरण बने।

14 दिसम्बर को बुध पश्चिम में अस्त हो जाएगा। इस समय मंगल भी धनु राशि में अस्त है। **नोट करें**– धनु राशि में मंगल, बुध, राहु– ये तीनों अस्त हैं। रुई, घी, तेल, तिलहन एवम् अनाज, पाट, हैसियन और शेयरों में ज़ोरदार मन्दा आने की सम्भावना है। चान्दी में झटके के साथ तेज़ी आ सकती है।

16 दिसम्बर को सूर्य मूल नक्षत्र और धनु राशि में आकर मंगल, बुध, राहु और प्लूटो के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाएगा। यह योग बाज़ारों में ज़ोरदार तेज़ी करेगा। रुई, कपास, सूत, सोना, चान्दी, दालवाना और तेल–तिलहन में अच्छी तेज़ी बनाएगा।

17 दिसम्बर को मंगल पू.षा. नक्षत्र में आकर सोना, चान्दी, चावल, घी, दूध, तिल, तेल, सरसों एवम् मूंगफली आदि तिलहनों में तेज़ी करेगा। गेहूं आदि में मन्दे का रुख बन सकता है।

21 दिसम्बर को शुक्र विशाखा नक्षत्र में दाखिल होगा, जोकि रुई व अनाजों में मन्दे का संकेत देता है।

23 दिसम्बर को वक्री बुध ज्येष्ठा नक्षत्र और वृश्चिक राशि में दाखिल होगा। घी, गुड़, खाण्ड, चावल, तेल, सरसों आदि तिलहन, रुई और चान्दी में तेज़ी बनेगी। सोने का बाज़ार स्थिर रहेगा।

25 दिसम्बर को बुध पूर्व में उदित होगा। रुई में मन्दी आकर तेज़ी बनेगी। गेहूं, चना, जौ, तिल, तेल, घी, पाट, हैसियन एवम् लालमिर्च में तेज़ी बनेगी।

व्यापारी ध्यान दें– 28 दिसम्बर से मंगल धनुराशि में अतिचारी **Position** में आ जाता है। जब मंगल अतिचारी होता हैं, तब बाज़ारों में ज़बरदस्त मन्दी एवम् तेज़ी ज़रूर बनाता है। तेलवाना, रुई, कपास, चान्दी, सोना, तांबा, शेयर बाज़ार पर इस का असर विशेष रूप से होता है। मंगल की इस **Position** से हमें इस साल चान्दी, सोना, रुई, कपास, गुड़, खाण्ड, पाट, बारदाना, तेल, तिलहन में ज़ोरदार हलचल मालूम देती है। क्योंकि, इस समय मंगल का राहु और सूर्य के साथ राशिसम्बन्ध भी बना हुआ है, इसलिए हमें अच्छी तेज़ी का झटका मालूम देता है।

29 दिसम्बर को सूर्य पू.षा. में और 30 दिसम्बर को बुध मार्गी हो रहा है। तिल, तेल, सरसों, बिनौला, हल्दी, गुग्गुल, कपूर ऊनीवस्त्र, गेहूं, जौ, आदि अनाजों में तेज़ी बनेगी। मूंगफली, चन्दन, कपूर, अगर आदि में मन्दे का रुख रहेगा। गुड़, खाण्ड, शक्कर मन्दे रहें। सोना तेज़ रहे। रुई में पहले मन्दी आकर बाद में तेज़ी बने।

नोट करें– 28 दिसम्बर से संवत् के अन्त तक मंगल अतिचारी पोज़ीशन में चलता रहेगा, जोकि ज़ोरदार तेज़ी किंवा ज़ोरदार मन्दी से वायदा व्यापारियों को भारी लाभ दे सकता है। समय पर ताज़ा मशवरा प्राप्त करें।

जनवरी (सन् 2011 ई.)

मासारम्भ में ही शुक्र वृश्चिक राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। इस पर इस समय शनि की विशेष दृष्टि है। ध्यान दें–अकेला शुक्र कमी–कमी बाज़ारों में ज़ोरदार मन्दी करता है, लेकिन जब यह बुध के साथ मेल करता है तो बाज़ार मन्दे हों तो ज़ोरदार मन्दी और यदि तेज़ हों तो ज़ोरदार तेज़ी का वातावरण बना देता है। विशेषतः शेयर बाज़ार, गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, पाट, बारदाना, तिलहन, चान्दी आदि में विशेष तेज़ी–मन्दी के रिएक्शन्ज़ बनेंगे। इस समय शुक्र–बुध पर शनि की दृष्टि होने से हमारा विचार बाज़ारों में तेज़ी का ही है।

सूर्य–राहु के साथ बैठा मंगल, 3 जनवरी को उ.षा. में आकर रुई में विशेष तेज़ी कर सकता है। धान्य, घी, तेल, सरसों एवम् उड़द में भी तेज़ी बनेगी। 4 जनवरी को शुक्र अनुराधा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। इसदिन भौमवती अमावस एवं खण्डग्रास सूर्यग्रहण भी है। रुई, सूत, सुपारी, गेहूं, अलसी, घी, तेल, सरसों, उड़द में तेज़ी बनेगी। इस समय रुई में विशेष तेज़ी आने का योग है।

5 जनवरी को मकर राशि में चन्द्रदर्शन अनाजों में तेज़ी करे। 6 जनवरी को गुरु उ. भा. के प्रथम चर्ण में प्रवेश करेगा। इस समय चान्दी में मन्दा रहे। गेहूं, चावल, चना एवम् दालवाना में तेज़ी का रुख रहे।

7 जनवरी को बुध ग्रह मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में दाखिल होगा। इस समय सूर्य–राहु भी बुध के साथ मेल करेंगे। पापग्रह संयोग से यहां बुध तेज़ी करेगा। रुई, कपास, वस्त्र, सूत, चान्दी, सोना में तेज़ी के बाद मन्दी या मन्दी के बाद तेज़ी बनेगी। हमारा विचार तेज़ी का ही है; फिर भी बाज़ार का रुख देखकर काम करें।

8 जनवरी को मंगल मकर राशि में प्रविष्ट होगा। ध्यान दें– मंगल इस समय अतिचारी स्थिति में ही चल रहा है। मकर राशि में मंगल उच्च पोज़ीशन में है एवम् भारत की प्रभावराशि भी मकर ही है। इस समय किसी प्राकृतिक आपदा किंवा किसी दुर्घटना से हानि हो, जिसका असर व्यापार पर नज़र आएगा। व्यापारिक दृष्टि से " मकरे तु स्थिते भौमे घृत–तैल महर्घता" –प्रमाणानुसार घी, तेल, तिलहन, गेहूं, जौ, चना, ऊन, गुड़, खाण्ड, तिल, अफीम, सोना, चान्दी में तेज़ी बनेगी। गेहूं में घटाबढ़ी रहे।

11 जनवरी को सूर्य उ.षा. नक्षत्र में दाखिल होगा। इस समय सूर्य धनु राशि में राहु एवं बुध के साथ है। 14 दिन में उड़द, चावल, चना, गेहूं, गुड़, खाण्ड, लालशक्कर, कपास, चमड़ा, सरसों, मूंज, पट्टसूत्र एवं लालमिर्च में तेज़ी बने।

14 जनवरी को सूर्य मकर राशि में आकर मंगल के साथ मेल करेगा। यह अच्छी तेज़ी का योग है। घी, तेल, अलसी, एरण्ड, मूंगफली, तोड़िया, सरसों, बिनौला, अनाज, हल्दी, कालीमिर्च, गुड़, शक्कर, खाण्ड, रुई, शेयर बाज़ार, सोना, चान्दी, तांबा में अच्छी तेज़ी से लाभ मिलेगा। गेहूं आदि अनाज व बारदाना में बाज़ार अनिश्चित रहेंगे।

15 जनवरी को मेदिनीग्रह यूरेनस उ. भा. के प्रथम चरण में प्रवेश करेगा। इस समय गुरु भी उ.भा. में ही चल रहा है। गुरु एवं यूरेनस पर शनि की पूर्ण दृष्टि है। जलवायु के विचार से बाज़ारों में उठा–पटक रहे। 17 जनवरी को शुक्र ज्येष्ठा नक्षत्र में दाखिल होगा। इस समय शुक्र पर शनि और गुरु की दृष्टि भी है। शुक्र खासतौर पर गुड़, खाण्ड, रुई, तिलहन तथा चान्दी के बाज़ारों में अपना अधिकार रखता है। इसलिए अनाज, सोना, चान्दी, चावल, सरसों, तिल, तेल में घटाबढ़ी के साथ मन्दी का रुख रहेगा।

19 जनवरी को बुध पू.षा. में दाखिल होगा। इस समय बुध राहु के साथ धनु राशि में है। बुध के राहु के साथ होने से बाज़ारों में अफवाहों के साथ तेज़ी–मन्दी के अच्छे Reactions बनेंगे। हमारे विचार से बिनौला और तिलहन में तेज़ी रहेगी। सोना एवम् चान्दी में ज़ोरदार मन्दे के Reactions आएंगे।

20 जनवरी को मंगल श्रवण में और नेप्च्यून धनिष्ठा–4 में दाखिल होगा। इस समय मंगल अतिचारी है। अनाजों और दालवाना में अच्छी तेज़ी बनेगी। सोना, चान्दी में ज़ोरदार तेज़ी के Reactions आएंगे। गुड़, खाण्ड, रुई में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी।

24 जनवरी को सूर्य भी श्रवण नक्षत्र में आ जाता है। गेहूं, जौ, चना, चावल, उड़द, मोठ आदि अनाजों, रुई, सूत, सण, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, अलसी, सुपारी, लौंग और पीपल में भी तेज़ी बनेगी।

26 जनवरी को गुरु उ.भा. में प्रवेश करेगा और इसी दिन शनि वक्री हो रहा है। इस समय शनि और गुरु का समसप्तकयोग बन रहा है। गेहूं आदि अनाज़, सिक्का, कली, चावल, घी, तेल, तम्बाखू,सीमेन्ट में तेज़ी आकर अच्छी घटाबढ़ी चलेगी।

28 जनवरी को बुध उ.षा. में एवम् 29 जनवरी को शुक्र मूल–धनु में दाखिल होगा। धनुराशि में शुक्र राहु के साथ मेल करेगा। गेहूं, जौ, चना आदि अनाज, चान्दी, सोना, तांबा आदि धातु, शेयर, रुई, सूत, कपास में अच्छी तेज़ी की सम्भावना बनती है।

30 जनवरी को बुध मकर राशि में दाखिल होगा। 31 जनवरी को राहु मूल–2 और केतु मृगशिरा–4 में दाखिल होगा। ध्यान दें– इस समय मकर राशि में सूर्य–मंगल के साथ बुध का मेल हो रहा है। इस समय मंगल अतिचारी है। बुध का अतिचारी मंगल और सूर्य के साथ मेल भयंकर तेज़ी का संकेत देता है। इस समय वायदा और हाज़िर के बाज़ारों में तूफानी तेज़ी आ सकती है। रुई, सोना, चान्दी, सभी तरह के अनाज, गुड़, खाण्ड एवम् तिलहन में ज़ोरदार तेज़ी की सम्भावना है। इस समय ताज़ा मशवरा हासिल करें, अच्छा लाभ होगा।

फरवरी (सन् 2011 ई.)

मासारम्भ में वायदा एवम् हाज़िर बाज़ार तेज़ी की तरफ रहेंगे। 4 फरवरी शुक्रवार को कुम्भस्थ चन्द्र के समय चन्द्रदर्शन होगा। गेहूं, चावल, राजमाह, मूंग, मोठ, उड़द, चना, अरहर, मसूर आदि दालवाना में अच्छी तेज़ी का योग है।

6 फरवरी को सूर्य धनिष्ठा नक्षत्र में आएगा। इसीदिन मंगल भी धनिष्ठा नक्षत्र में आ रहा है। ध्यान दें– इस समय सूर्य, मंगल– दोनों धनिष्ठा नक्षत्र में चल रहे हैं। इस समय मंगल अतिचारी है। सोना, चान्दी, मोती, मणि, जवाहरात; मूंग, मसूर आदि दालवाना; तांबा एवम् पीतल और गेहूं आदि अनाजों में तेज़ी बने। अलसी आदि तेल, तिलहन में भी तेज़ी का ही रुख रहेगा।

6 फरवरी को ही बुध श्रवण नक्षत्र में अस्त हो जाता है, जोकि बाज़ारों में ज़ोरदार तेज़ी के बाद घटाबढ़ी के साथ ज़ोरदार मन्दे का संकेत देता है– सावधानी से काम करें। हमारे विचार से गुड़, खाण्ड, अलसी, चना, चावल में तेज़ी बनेगी। बाद में सभी अनाजों व घी आदि में मन्दा बनेगा। रुई में घटाबढ़ी, पहले तेज़, बीच में मन्दी और अन्त में फिर तेज़ हो। सोने में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। घटाबढ़ी का यह सिलसिला 11 फरवरी तक चल सकता है।

10 फरवरी को शुक्र पू.षा. नक्षत्र में आकर मूंग, मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों और नमक आदि में अच्छा मन्दा बनाएगा। 12 फरवरी को गुरु उ.भा. के तृतीय चरण में दाखिल होगा। चान्दी मन्दी रहेगी। रुई व गेहूं आदि अनाजों में तेज़ी बनेगी।

14 फरवरी को बुध धनिष्ठा नक्षत्र में दाखिल होगा। नोट करें – इस समय सूर्य, मंगल और बुध– तीनों धनिष्ठा नक्षत्र में चल रहे हैं। धनिष्ठा नक्षत्र का सम्बन्ध तेल–तिलहन, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, कपास एवम् दालवाना से है। इस समय अनाज, रुई, कपास, तेल व तिलहन में तेज़ी का रुख रहेगा। सोना, चान्दी में कुछ मन्दी के बाद तेज़ी का रुख रहे।

15 फरवरी को मंगल कुम्भ राशि में आकर सूर्य के साथ एकराशिसम्बन्ध बना लेगा। जब सूर्य और मंगल एकराशि में आ जाते हैं तो यह बहुत क्रूर हो जाते हैं। इस समय मंगल की शनि पर खास नज़र है। इसलिए यह योग सामाजिक, राजनैतिक और आर्थिक समस्याओं को पैदा करेगा, जिससे वायदा एवम् हाज़िर के बाज़ार प्रभावित होंगे। हमारे विचार से रुई, सूत, कपास, गुड़, खाण्ड, दालवाना, मोटे अनाज, गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी, तेल व तिलहन में ज़ोरदार तेज़ी बनेगी।

18 फरवरी को बुध कुम्भ राशि में आकर सूर्य–मंगल के साथ एकराशिसम्बन्ध बना लेगा। यह योग भी बाज़ारों में अच्छी तेज़ी का मालूम देता है। इस समय मन्दे का काम करने वाले व्यापारी नुक्सान में रहेंगे। अलसी, मूंगफली, घी, तिल, तेल, सरसों, तोड़िया आदि तिलहन, गुड़, खाण्ड, शक्कर एवम् दालवाना में अच्छी तेज़ी का योग है। रुई और चान्दी में ज़ोरदार मन्दी एवम् तेज़ी के झटके आ सकते हैं।

19 फरवरी को सूर्य शतभिषा नक्षत्र में दाखिल होगा और 22 फरवरी को बुध भी इसी नक्षत्र में प्रवेश करेगा। सोना, चान्दी, सूत, सण, कपड़ा, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, जायफल, दाख, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूं आदि अनाजों व गुड़ में तेज़ी बनेगी।

22 फरवरी को उ.षा. नक्षत्र का शुक्र गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी में तेज़ी के बाद कुछ मन्दा कर सकता है। अनाज तेज़ रहेंगे एवम् रुई में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी।

23 फरवरी को मंगल शतभिषा नक्षत्र में आ जाएगा। **ध्यान दें– इस समय सूर्य, मंगल और बुध– तीनों शतभिषा नक्षत्र में ही हैं। इसलिए बाज़ारों में ज़ोरदार तेज़ी एवम् मन्दी के रिएक्शन्ज़ आएंगे।** मन्दे में खरीदें, तेज़ी में बेचकर फायदा लें। हमारे विचार से इस समय अनाजों में अचानक मन्दा आ सकता है। रुई, सोना, चान्दी के भाव पहले मन्दे होकर बाद में तेज़ रहेंगे।

24 फरवरी को शुक्र मकर में दाखिल होगा। शुक्र अकेला कभी–कभी सभी बाज़ारों में मन्दी ला देता है। कपास, रुई, गुड़, खाण्ड, तथा चान्दी के बाज़ारों में अच्छी मन्दी बन सकती है। इस समय पाट, बारदाना और तिलहन में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी– ऐसा हमारा विचार है। लेकिन गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार शेयर, अफीम, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूं, चना आदि सभी तरह के अनाज तेज़ रह सकते हैं। रुई, चान्दी में पहले घटाबढ़ी होकर अन्त में तेज़ी का ही रुख रहेगा– ऐसा हमारा विचार है। इस ग्रहस्थिति का प्रभाव 25, 26 फरवरी को विशेषरूप से अनुभव होगा।

27 फरवरी को गुरु उ.भा. के चतुर्थ चरण में प्रविष्ट होगा। इस समय गुरु पर शनि की पूर्ण नज़र है। इस समय चान्दी में कुछ मन्दे का रुख रहेगा। रुई व गेहूं आदि अनाजों में तेज़ी बनेगी।

मार्च (सन् 2011 ई.)

मार्च मास के प्रारम्भ में (1 मार्च को) बुध कुम्भ राशि में दाखिल होगा। 4 मार्च के सूर्य भी पू.भा. में आ जाता है। सोना, चान्दी, तांबा, लोहा, गेहूं, चना, उड़द, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, गुग्गुल, पिप्पलामूल एवं रुई में तेज़ी बनेगी।

5 मार्च को शुक्र श्रवण नक्षत्र में आकर चान्दी, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर,

मूंग, मोठ, उड़द आदि अनाजों में कुछ मन्दा करेगा। तिल, तेल में तेज़ी एवम् रुई में मन्दी के बाद फिर तेज़ी बनेगी।

6 मार्च को बुध मीन राशि में आकर गुरु के साथ मेल करेगा। इस समय इन पर मंगल की पूर्ण नज़र है। सोना, रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर में पहले तेज़ी बाद में मन्दी बने। सभी अनाजों में मन्दे का रुख रहे। बिनौला में तेज़ी बने। 8 मार्च को बुध उ. भा. में आएगा। इस समय गुरु भी उ.भा. नक्षत्र में ही चल रहा है। चान्दी में घटाबढ़ी रहे। रुई, गुड़, खाण्ड, गेहूं, चावल आदि के भाव भी कुछ मन्दे की तरफ रहें।

12 मार्च को मंगल पू.भा. में आएगा और बुध पश्चिम में उदित होगा। इस समय तिल, तेल, सरसों, नारियल, एरण्ड, बिनौला आदि तिलहन, सुपारी, रुई और चान्दी में तेज़ी बनेगी।

नोट करें — 4 मार्च से 13 मार्च तक बुध अतिचारी पोज़ीशन में रहेगा। जब बुध मीन राशि में अतिचारी होता है तब यह विशेष बलवान् बन जाता है, तथा इसका प्रभाव सभी बाज़ारों पर उत्तम–मध्यमरूप से पड़ता है, लेकिन तिलहन बाज़ारों में तो अतिचारी बुध का बहुत ज़बरदस्त प्रभाव पड़ता है एवम् तिलहन में घटाबढ़ी के बाद अच्छी तेज़ी आती है।

[नोट — 30 मार्च के करीब तिलहन बाज़ारों में उत्तम लाभ मिल सकता है।]

13 मार्च को गुरु रेवती नक्षत्र में प्रवेश करेगा। इस समय इसकी गति 14 कला 20 विकला के लगभग होकर यह अतिचारी हो जाएगा, जोकि संवत् के अन्त तक अतिचारी ही चलेगा। गुरु ग्रह की यह पोज़ीशन बहुत महत्त्वशाली है। व्यापारी इन दिनों बहुत ही सूझबूझ से काम करें। हमें इस समय तेल, तिलहन, गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी में बहुत बड़ी मन्दी या बहुत बड़ी तेज़ी की लाईन बनती मालूम देती है। व्यापारी इस समय ताज़ा मशवरा प्राप्त करें तो भारी लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

इस समय (13 मार्च को) रेवती नक्षत्र का गुरु रुई में घटाबढ़ी करेगा। चान्दी में पहले मन्दी फिर तेज़ी, अनाज का भाव मन्दा रहे।

14 मार्च को सूर्य मीन राशि में आकर बुध–गुरु के साथ मेल करेगा। इस समय ज़ोरदार तेज़ी बनेगी। उत्तम तेज़ी से लाभ मिलेगा। तिल, तेल, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, सोना तेज़ रहें। प्रत्येक जाति के अनाजों में पहले तेज़ी, बाद में मन्दी बनेगी। चान्दी भी कुछ मन्दी रहे।

15 मार्च को बुध रेवती नक्षत्र में दाखिल होगा। 11 दिन में केसर, मजीठ, गेरु, लालमिर्च, हल्दी, जीरा में तेज़ी बने। गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों आदि तिलहन, घी एवम् चान्दी के व्यापारी मन्दे से लाभ ले सकेंगे।

16 मार्च को शुक्र धनिष्ठा नक्षत्र में आएगा। चावल, मूंग, मोठ, बाजरा, चान्दी, सोना और रुई में तेज़ी बनेगी। 18 मार्च को सूर्य उ.भा. में आएगा। गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं एवम् तेल, तिलहन में तेज़ी आएगी।

22 मार्च को शुक्र कुम्भ राशि में आकर शत्रुक्षेत्रस्थ मंगल के साथ मेल करेगा। रुई, चान्दी, सोने के बाज़ारों में तेज़ी का विशेष जोश आएगा। खरीद बढ़ेगी– बाज़ार तेज़ी की तरफ बढ़ेंगे। रुई, चान्दी, सोना, तांबा, गुड़, खाण्ड, चना, जौ, मूंग, ज्वार, बाजरा, चीनी, घी में ज़ोरदार मन्दी या तेज़ी बनेगी। समझ से काम करें। शुक्र का मंगल के साथ मेल होने से हमें मन्दे की जगह तेज़ी ही मालूम देती है।

25 मार्च को अतिचारी मंगल मीन राशि में आकर अतिचारी गुरु के साथ मेल करेगा। इस समय मंगल, सूर्य, गुरु एवम् बुध– ये चारों एकराशि–सम्बन्ध बना रहे हैं। इन पर शनि की पूर्ण दृष्टि भी है। यह योग व्यापारियों को विशेष ध्यान में रखना चाहिए। सोना, तांबा, रुई, लकड़ी, गुड़, खाण्ड आदि में तेज़ी हो। चान्दी में पहले मन्दी, फिर तेज़ी बने।

26 मार्च को गुरु अस्त हो रहा है, जोकि रुई और शेयरों में तेज़ी एवम् सोना, चान्दी व अनाजों में मन्दा कर सकता है। ध्यान दें– जिन बाज़ारों में तेज़ी चल रही थी, उनमें अचानक मन्दे का रुख बन सकता है– सावधानी से काम करें।

27 मार्च को शुक्र शतभिषा में दाखिल होगा। घी, चावल, सरसों, सोना, चान्दी, तेज़ होंगे। इसी दिन रेवती नक्षत्र का गुरु तेल, तिलहन, अनाज, सोने में मन्दे के रिएक्शन ला सकता है।

28 मार्च को बुध अश्विनी नक्षत्र और मेष राशि में दाखिल होगा। गेहूं, ज्वार, बाजरा, जौ, चना, अलसी, मूंग, मोठ में तेज़ी बनेगी। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों, तिल, तेल, सोना, चान्दी, तांबा, में मन्दे का बाज़ार रहे। चान्दी में ज़ोरदार मन्दा आने का विचार है।

29 मार्च को मंगल उ.भा. में दाखिल होगा। एक महीने में चन्दन, कपूर, गुग्गुल, रुई सोना, चान्दी, तांबा, गेहूं, जौ, चना में तेज़ी से लाभ मिलेगा।

30 मार्च को बुध वक्री होगा। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेज़ी बनेगी और अनाज व दालवाना मन्दे रहें। 31 मार्च को सूर्य रेवती नक्षत्र में आ जाता है, इस समय बुध और गुरु भी रेवती नक्षत्र में ही हैं, जोकि सरसों, एरण्ड, मूंगफली, लहसुन, मोती, लाख, रुई, गेहूं, जौ, चना आदि में अच्छी तेज़ी से लाभ देंगे।

सज्जनों ! हमने ग्रहचाल को पूरी तरह जांचकर तेजी–मन्दी के रुख का बेरवा इस पंचांग में दिया है, फिर भी ग्रहचालवश यदि किसी प्रकार से आपको व्यापार में हानि होती है तो हम उसके लिए उत्तरदायी न होंगे। वैसे, हमारी प्रभु से प्रार्थना है, कि– आपको व्यापार में हमेशा उत्तम लाभ प्राप्त होता रहे।

–: व्यापारियों के लिए विशेष सुविधा :–

तेजी–मन्दी की प्रतिमास लिखित **Advance Report**

(अर्थात् आगामी माह की दैनिक तेज़ी–मन्दी की लिखित रिपोर्ट)

व्यापारी सज्जनो ! 1 जनवरी, सन् 2010 ई. से यदि आप प्रतिमास किसी भी जिन्स की दैनिक तेजी–मन्दी या वायदा–हाजर बाजार का चांस अर्थात् सोना, चान्दी, कॉपर आदि मैटल्ज़, चना, ग्वार आदि अनाज, तिल, तेल, सरसों किंवा बिनौला आदि तिलहन, जीरा, धनिया, हल्दी, लाल–कालीमिर्च, रुई एवम् कपास में से किसी भी जिन्स की मासिक लिखित रिपोर्ट चाहते हैं तो फीस 5000/– (पांच हज़ार रु.) प्रतिमास, प्रतिजिन्स के हिसाब से भेजकर **Advance Report** प्राप्त करें। एकवर्ष की प्रतिजिन्स फीस Rs. 50,000/– (पचास हज़ार रु.) है।

नोट– पहली बार यदि प्रत्यक्ष मिलें तो अधिक सन्तोषजनक जानकारी मिल सकेगी। दूर से आने वाले व्यक्ति आने से पहले टेलिफोन करके आने का समय निश्चित कर लें।

पत्र या **M.O.** फार्म पर अपना नाम, पता एवम् फोन नं. साफ–साफ लिखें एवम् धनादेश, किस जिन्स की तेज़ी–मन्दी जानने के लिए भेज रहे हैं– यह अवश्य लिखें। **M.O.** या **D.D.** भेजने के बाद आप अपना रजिस्ट्रेशन नंबर टेलिफोन से अवश्य प्राप्त करें।

Payment Advance आने पर ही अगले माह की रिपोर्ट भेजी जाएगी। **D.D.** या **M.O.** नीचे लिखे पते पर भेजें–

संयमी शर्मा , **M.A.**, ज्योतिषाचार्य, धर्मशास्त्राचार्य,
सुपुत्र पं. इन्दुशेखर शर्मा, शास्त्री, **M.A.**, ज्योतिषाचार्य,
श्री मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय ,कुराली – **PIN** 140 103
(मोहाली) पंजाब।

PHON: 0160-2641 277
FAX- 0160-2641 577

नोटः– गुरुवार को कार्यालय में अवकाश रहता है।

यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र–साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

(1 जनवरी, सन् 2010 ई. से 3 अप्रैल, सन् 2011 ई. तक)

जप एवं यन्त्र–मन्त्र आदि की सावना के लिए शास्त्रों द्वारा बारह सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा सूर्य–चन्द्र के क्रान्तिसाम्य (महापात) के काल को ठीक सूर्य–चन्द्रग्रहण के समान ही महत्त्वपूर्ण माना गया है। संहिता और ज्योतिषग्रन्थों में इस विषय के अनेक वचन उपलब्ध हैं। क्रान्तिसाम्य को तन्त्रादि की सिद्धि के लिए ऋषियों ने स्पष्टरूप से फलप्रद माना है। आचार्य भास्कर ने भी 'सिद्धान्तशिरोमणि' में कहा है, कि–क्रांतिसाम्य के काल में विवाहादि मंगलकृत्य करना तो निषिद्ध है, लेकिन यदि इस समय जप, अनुष्ठानादि किया जाए तो उसकी वृद्धि होती है– *"पातस्थितिकालान्तर्गतमंगलकृत्यं न शस्यते तज्ज्ञैः। स्नान–जप–होमदानादिकमत्रोपैति खलु वृद्धिम्।।"* यन्त्र–मन्त्र–तन्त्रों की सावना में विशेष रुचि रखने वाले पाठकों के लिए हम नीचे 1 जनवरी, 2010 ई. से 3 अप्रैल, सन् 2011 ई. तक की सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा क्रान्तिसाम्य के प्रारंभ और समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) दे रहे हैं। इन कालों में यंत्र–तंत्रों के निर्माण से एवम् मंत्रजाप से वे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

सूर्य और चन्द्रमा के ग्रहण के पर्वकाल को भी मन्त्रादि–साधना के लिए साधकों को उपयोग में लाना चाहिए। सायन संक्रान्तिपुण्यकाल, क्रान्तिसाम्य और सूर्य–चन्द्रग्रहण के पर्वकाल के अलावा मन्त्रादि–साघना के लिए अर्धोदय, महोदय, महामहावारुणीपर्व, महावारुणीपर्व और वारुणीपर्व भी महत्त्वपूर्ण माने गए हैं। ये अर्धोदय आदि योग कभी–कभी ही आते हैं। संवत् 2067 वि. में **अर्धोदययोग; महावारुणी, तथा महा–महावारुणी पर्व घटित नहीं हुए हैं।**

सावधान–यंत्र–मंत्र–तंत्रों के प्रयोग को प्रभावशाली रूप में सद्यः फलप्रद बनाने के लिए शास्त्रविहित काल में साधना कीजिए, अन्यथा आगमशास्त्र पर साधक की निराधार अनास्था होने की पूर्ण आशंका है।

सायनसंक्रान्ति–पुण्यकाल

(भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	प्रारम्भ घं. मि.	समाप्त तारीख	समाप्त घं. मि.
सन् 2010 ई.			
20 जन.	3 58	20 जन.	15 58
18 फर.	18 05	19 फर.	06 05
20 मार्च	17 01	21 मार्च	5 01
20 अप्रै.	4 00	20 अप्रै.	16-00
21 मई	3 04	21 मई	15 04
21 जून	10 58	21 जून	22 58
22 जुला.	21 51	23 जुला.	9 51
23 अग.	4 56	23 अग.	16 56
23 सितं.	2 38	23 सितं.	14 38
23 अक्तू.	12 05	24 अक्तू.	0 05
22 नवं.	9 45	22 नवं.	21 45
21 दिसं.	23 09	22 दिसं	11 09
सन् 2011 ई.			
20 जन.	9 48	20 जन.	21 48
18 फर.	23 55	19 फर.	11 55
20 मार्च	22 50	21 मार्च	10 50

निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल

सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल की भान्ति निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल में भी यंत्र–मंत्रादि की साधना की जा सकती है, लेकिन सायन संक्रान्तियों का पुण्यकाल इसके लिए विशेष महत्त्व रखता है।

क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ और समाप्तिकाल

(भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	प्रारम्भ घं. मि.	समाप्त तारीख	समाप्त घं. मि.
सन् 2010 ई.			
9 जन.	23 11	10 जन.	7 16
24 जन.	0 10	24 जन.	6 22
4 फर.	18 53	5 फर.	0 01
18 फर.	13 39	18 फर.	18 36
2 मार्च	14 36	2 मार्च	18 32
28 मार्च	11 04	28 मार्च	14 52
10 अप्रै.	06 31	10 अप्रै.	11 26
23 अप्रै.	03 12	23 अप्रै.	07 42
05 मई	14 58	05 मई	21 01
18 मई	17 38	18 मई	23 53
31 मई	04 33	31 मई	13 43
13 जून	18 34	14 जून	05 07
23 जून	15 52	24 जून	04 17
07 जुला.	21 31	08 जुला.	07 03
19 जुला.	23 35	20 जुला.	06 58
02 अग.	20 01	03 अग.	02 17
14 अग.	18 38	14 अग.	23 27
28 अग.	07 34	28 अग.	12 40
07 अक्तू.	02 16	07 अक्तू.	06 44
17 अक्तू.	20 35	18 अक्तू.	01 47
31 अक्तू.	01 29	31 अक्तू.	06 27
12 नवं.	02 39	12 नवं.	09 17

प्रारम्भ तारीख	प्रारम्भ घं. मि.	समाप्त तारीख	समाप्त घं. मि.
सन् 2010 ई.			
25 नवं.	11 26	25 नवं.	19 21
07 दिसं.	13 50	08 दिसं.	02 02
21 दिसं.	08 42	22 दिसं.	02 30
(सन् 2011 ई.)			
01 जन.	01 51	01 जन.	15 36
14 जन.	20 22	15 जन.	05 38
26 जन.	21 26	27 जन.	03 53
09 फर.	08 15	09 फर.	14 17
21 फर.	13 07	21 फर.	17 30
06 मार्च	13 57	06 मार्च	19 01
31 मार्च	17 43	31 मार्च	22 46
02 अप्रै.	15 30	02 अप्रै.	21 30

सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य

सूर्य–चन्द्र की राशियों के अनुसार निर्धारित किए जाने वाले क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ–समाप्तिकाल नितान्त स्थूल होता है। यहां दिया गया क्रान्ति–साम्य का प्रारम्भ–समाप्तिकाल महापात गणित द्वारा स्पष्ट किया गया है। यह सर्वथा सूक्ष्म है। विवाहादि मुहूर्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य के काल को ही वर्जित किया गया है।

गजच्छाया पर्व (सन् 2010 ई.)

(भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ तारीख	प्रारम्भ घं. मि.	समाप्त तारीख	समाप्त घं. मि.
7 अक्तू.	7 43	7 अक्तू.	सू. अ.
महोदययोग(सन् 2011 ई.)			
3 फर.	सू. उ.	3 फर.	8 00
वारुणी पर्व (सन् 2011 ई.)			
1 अप्रैल	सू. उ.	1 अप्रैल	8 25

सूर्य–चन्द्रग्रहण

जैसा कि ऊपर लिखा है– यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र–साधना के लिए सूर्य एवम् चन्द्र ग्रहणों का पर्वकाल विशेष महत्त्व रखता है। पर्वकालों के लिए पृ. 17 देखिए।

ध्यान रहे– मन्त्रसाधना में उच्चारणादि की शुद्धि परमावश्यक है। इस बारे शास्त्रवचन इस प्रकार है–

"मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा
मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति
यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्।।"

यन्त्र–मन्त्र एवम् तन्त्रों का चमत्कार

इस स्तम्भ के अन्तर्गत अनुभूत यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र गतवर्षों से देते आ रहे हैं। इस स्तम्भ के अन्तर्गत दिए गए मन्त्रों को शुभ मुहूर्त्त में गुरुमुख से प्राप्त करके ग्रहणवेला, क्रान्तिसाम्य या सायन–संक्रान्तियों के पुण्यकाल में दृढ़–निश्चयपूर्वक अनुष्ठान करके सिद्ध कर लेना चाहिए। **ध्यान रहे–** दीपमाला के समय एवं महाशिवरात्रि की महत्त्वपूर्ण रात्रियों में किंवा 'यन्त्र–मन्त्र–तन्त्रों के लिए साधनाकाल' में उल्लिखित समयावधियों में इन मन्त्र–तन्त्रों को सिद्ध करके, इनका चमत्कार आप अविलम्ब देख सकेंगे। यन्त्र–मन्त्रों के बल पर ही दैवज्ञ अपने वैदुष्य से अक्षुण्ण यश प्राप्त कर सकता है,–**"सिद्धिर्भूषयते विद्याम्।"**

मन्त्र ऐसे दिव्यशब्दों का समूह है, जिसे दृढ़ इच्छाशक्तिपूर्वक उच्चारण एवं मनन से ही हम अलौकिक काम कर सकते हैं। चुने हुए गुप्त शब्द ही मन्त्र हैं। इनमें शब्दों को ऐसा क्रम दिया जाता है, कि उनके मौन या अमौन अवस्था में उच्चारणमात्र से शून्य महाकाश में एक विचित्र कम्पन उत्पन्न होती है, जिसमें अभीप्सित कार्यसिद्धि एवं रचनात्मक प्रबल–प्रछन्न शक्ति होती है–

" मननात् त्रायते यस्मात्तस्मात् मन्त्रः प्रकीर्तितः। जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्जपात् सिद्धिर्न संशयः।।"

मन्त्रशास्त्र के अनुसार वेदमन्त्रों को ब्रह्मा ने शक्ति प्रदान की थी। तान्त्रिक प्रयोगों को भगवान् शिव ने शक्तिसम्पन्न किया। इसी प्रकार कलियुग में शिवावतार श्री शाबरनाथ जी ने शाबरमन्त्रों को अद्भुत शक्ति प्रदान की। शाबरमन्त्र अनमिल बेजोड़ शब्दों का एक समूह होता है, जो कि अर्थहीन मालूम देते हैं, परन्तु भगवान् शंकर जी के प्रताप से ये मन्त्र अवन्ध्य प्रभाव रखते हैं– **" अनमिल आखर अर्थ न जापू। प्रकट प्रभाव महेश प्रतापू।।"** अतः शाबरमन्त्रों को यथावत् उच्चारण करें, किसी प्रकार से इनमें न्यूनाधिकता न करें। **नोटः–** मन्त्र का पुरश्चरण गुरु की देखरेख में गुप्तरूप से करें। प्रकट होने पर पुरश्चरण अर्थहीन हो जाता है– **" गोपनीयं गोपनीयं गोपनीयं प्रयत्नतः।"**

सर्वविध मनोकामना सिद्ध्यर्थ चामत्कारिक मन्त्र

यह मन्त्र बड़ा विलक्षण है। नौकरीप्राप्ति, ट्रांस्फर कराना–रुकवाना, मनोकामनापूर्ति, सर्वविध कार्यसिद्ध्यर्थ इस मन्त्र का प्रयोग करें–

मन्त्र–"ॐ परब्रह्म परमात्मने नमः। उत्पत्ति–स्थिति–प्रलयंकराय ब्रह्म–हरिहराय त्रिगुणात्मने सर्व–कौतुकानि दर्शय दर्शय, दत्तात्रेयाय नमः। मम (मनोरथ) सिद्धिं कुरु कुरु स्वाहा।"

विधि– एकान्त में शुद्ध स्थान पर बैठकर शुभ मुहूर्त में दस हजार मन्त्रजाप करके सिद्ध करें। फिर प्रतिदिन 108 बार (अर्थात् 1 माला) प्रातः जाप करते रहें; कल्पवृक्ष की तरह इस मन्त्र का फल प्राप्त करें।

नोट– मन्त्र में जहां (मनोरथ) लिखा है, वहां जिस कार्य हेतु मन्त्रजाप किया जा रहा है, उसे उच्चारण करें।

पतिकोप–शान्त्यर्थ (पतिसुख–प्राप्त्यर्थ) अनुभूत मन्त्र

यह मन्त्र दत्तात्रेय तन्त्र से उद्धृत है। यदि किसी स्त्री का पति रुष्ट हो गया हो और स्त्री (पत्नी) अपने माता– पिता के घर वियोग में रहती हो तो निम्नांकित मन्त्र का जाप विधिपूर्वक करे। शीघ्र ही पति का सुख प्राप्त होगा।

मन्त्र– " ॐ नमो महायक्षिण्यै मम पतिं (अमुक नामकं) मे वश्यं कुरु–कुरु स्वाहा।"

विधि– रात्रि में घी का दीपक प्रज्वलित करें। शुद्ध स्थान पर बैठकर (एकान्त में) एक लाख मन्त्रजाप पूर्ण करें। यक्षिणी की कृपा से शीघ्र ही पति का स्नेह प्राप्त होगा।

बिच्छू का विष झाड़ने का मन्त्र

मन्त्र– "पर्वत ऊपर कवली गाय, तेकरे गोबर बिच्छू बिआय, कौने बिच्छू कैली कौने बिच्छी, मुली सोने से मड़ाबली पुच्छी, आठ गिरह नौ पोर बिच्छी, झारो पोर पोर दोहाई, ईश्वर महादेव–गौरां पार्वती की दोहाई, नैना जोगिन कमारू गुरु की छू।"

विधि– इस मन्त्र को कण्ठस्थ कर लें। जब किसी व्यक्ति को बिच्छू काट ले तो नीम की पत्तेदार टहनी से जिस स्थान पर बिच्छू ने काटा हो, वहां 21 बार (टहनी से) इस मन्त्र को बारम्बार बोलकर झाड़ता रहे; ज़हर उतरने लगेगा। काटे स्थान पर नमक का थोड़ा सा तेज़ाब लगा देना ठीक रहेगा।

फोड़ा या खकराली (कछराली) झाड़ने का मन्त्र

(i) **मन्त्र–** "ॐ महानिल हलूमिषा आविर्भूता प्रदहत ॐ ठः ठः।"

विधि– जब फोड़ा (कछराली) अधिक परेशानी कारक हो जाए तो मंगलवार को सूर्योदय से पहले चौराहे की मिट्टी लाकर उल्लिखित मन्त्र को सात बार पढ़कर फोड़े पर लगाकर झाड़ दें। निश्चित आराम अनुभव करेंगे। रोगशान्त होगा।

(ii) घाव में यदि आराम न होता हो तो निम्नांकित मन्त्र को सात बार पढ़कर घाव पर फूंक मार दें। उसी दिन से आराम होना शुरु होगा– अनुभव करें।

मन्त्र– " राम मारे पैडुकी लछिमन ओढे घाव।
फूलै औ न पाकै परै सुखिजात।।"

धनदा यक्षिणी मन्त्र–प्रयोग

(i) **मन्त्र–** " ॐ धं ह्रीं श्रीं रतिप्रिये स्वाहा।"

विधि– यह नौ अक्षर का मन्त्र है। इस मन्त्र का सवालाख जाप करने से साधक को शीघ्र ही सिद्धि प्राप्त होगी। इस यक्षिणी मन्त्रविशेष की आराधना से घर की दरिद्रता दूर हो जाती है। अनेकदा भूमिगत द्रव्य की भी प्राप्ति होती है।

(ii) **मन्त्र–** " ॐ ऐं ह्रीं श्रीं धनं मम देहि देहि स्वाहा।।"

विधि– पीपल वृक्ष पर चढ़कर इस मन्त्र का जाप करने से धनलाभ होता है–

"अश्वत्त्थ वृक्षमारुह्य जपेदेकाग्रमानसः।
धनदायां यक्षिणीं च धनं प्राप्नोति मानवः।।"

स्वप्न में प्रश्नोत्तरज्ञानार्थ स्वप्नचक्रेश्वरी मन्त्र

मन्त्र–" ॐ नमः स्वप्नचक्रेश्वरि स्वप्ने अवतर अवतर गतं वर्तमानं कथय कथय स्वाहा।"

विधि– गाय के गोबर से चौका लगाकर घी का दीपक जलाकर पूर्व की तरफ मुख करके उल्लिखित मन्त्र का एक लाख जाप 21 दिन में करें, मन्त्र सिद्ध हो जाएगा। किसी भी प्रश्न का उत्तर जानना हो तो सोने से पहले एक माला मन्त्रजाप करें। स्वप्न में सही उत्तर मिलेगा।

गर्भरक्षा के लिए साबर मन्त्र

मन्त्र–" ॐ नमो गंगा उकारे गोरख बहाधारे घीपार गोरख बेटा जाए जय द्रुत पूत ईश्वर की माया।"

विधि– यदि गर्भावस्था में स्त्री को रुधिर बहने लगे, तो कुमारी (रजोदर्शन से पहले वाली) कन्या के हाथ से काते हुए सूत के धागे को उक्त मन्त्र से अभिमन्त्रित करके स्त्री की कमर में बान्ध दें, गर्भ सुरक्षित रहेगा।

अन्धापन से मुक्ति हेतु एवं नेत्ररोग– शान्त्यर्थ चाक्षुषोपनिषद्

सर्वजनहिताय हम यहां नेत्रकष्टों से मुक्तिहेतु चाक्षुषी विद्या का प्रकाशन कर रहे हैं। प्रतिदिन स्नान करके सूर्योदय के समय इस चाक्षुषोपनिषद का एक (या एकाधिक) बार पाठ अवश्य करें, फलानुभूति स्वयं होगी।

विनियोगः–" ॐ अस्याश्चाक्षुषविद्यायाः अहिर्बुध्न्यः ऋषिः गायत्रीछन्दः, सूर्यो देवता, चक्षू-रोग-निवृत्तये जपे विनियोगः।"

पाठः– "ॐ चक्षुश्चक्षुस्तेजः स्थिरो भव, मां पाहि पाहि, त्वरितं चक्षू- रोगान् शमय शमय, जातरूपं तेजो दर्शय दर्शय, यथाहमन्धो न स्यां तथा कृपया कल्याणं कुरु कुरु। मम यानि पूर्वजन्मोपार्जितानि चक्षु- प्रतिरोधक दुष्कृतानि तानि सर्वाणि निर्मूलय निर्मूलय [यथाहमन्धो न स्यां तथा कृपया कल्याणं कुरु कुरु]।"

"ॐ नमश्चक्षुस्तेजोदात्रे भगवते दिव्य-दिव्य-भास्कराय नमः। करुणाकराय अमृताय नमः। श्रीसूर्यायाक्षितेजसे नमः, महते नमः, रजसे नमः, तमसे नमः। असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्माऽमृतं गमय। उष्णो भगवान् शुचिरूपः हंसो भगवान् शुचिरप्रतिरूपः ।"

"यः इमां चाक्षुष्मतीं विद्यां ब्राह्मणो नित्यमधीते, न तस्याक्षिरोगो भवति, न च तस्य कुले कश्चिदंधो भवति। अष्टौ ब्राह्मणान् ग्राहयित्वा विद्यासिद्धिर्भवति।"

" ॐ विश्वरूपं घृणिनं जातवेदसं तपन्तं सहस्र-रश्मिभिः।
शतधावर्तमानं पुरः प्रजानाम् उदयत्येष सूर्यः।।"

"ॐ नमो भगवते सहस्र-रश्मये ह्यादित्याय नमः।
अहो वाहिनीम् वाहिनीम् स्वाहा।।"

विधि– सूर्य के सामने (प्रातः सूर्योदय के समय) एकवस्त्र में सूर्य का ध्यान करके पाठ करें। तत्पश्चात् दोनों हाथों से मस्तक के ऊपर से जलधारा से सूर्य को अर्घ्य दें। इस जल में से सूर्य की किरणों को आंखों पर पड़ने दें। प्रतिदिन अर्घ्य देने के पश्चात् आंखों पर उस जल को लगावें। फिर चाक्षुषीविद्या का चमत्कार अनुभव करें।

परीक्षा में सफलता के लिए दो सिद्ध प्रयोग

(i) परीक्षातिथि निर्धारित हो जाने पर परीक्षा प्रारम्भ होने से 15 दिन पूर्व जो बुधवार आए, उसी दिन स्नानादि क्रिया के बाद शुद्ध वस्त्र धारण करके **श्रीगणपति मन्दिर** में स्थिरासन पर बैठें। दो अगरबत्तियां जलाकर पूर्व या उत्तराभिमुख होकर निम्नांकित मन्त्र की एकमाला जाप करें। परीक्षा पूर्ण होने तक एकमाला प्रतिदिन जाप करते रहें। परीक्षा प्रारम्भ होने पर इसमन्त्र को एकबार मन से उच्चारण करके परीक्षापत्र लिखना प्रारम्भ करें; सफलता अवश्य मिलेगी।

मन्त्रः– " ॐ एकदन्तो महाबुद्धिः सर्वसौभाग्यदायकः।
सर्वसिद्धिकरो देवो गौरिपुत्रो विनायकः।।"

(ii) इसी प्रकार परीक्षा से 21 दिन पहले मंगलवार या शनिवार वाले दिन दो अगरबत्तियां जलाकर श्रीहनुमान् जी के मन्दिर में निम्नांकित मन्त्र का जाप करें। परीक्षा पूर्ण होने तक यथाशक्ति समय के अनुसार जाप करते रहें– उत्तम अंकलाभ होगा। परीक्षा में लिखना प्रारम्भ करने से पूर्व भी इस मन्त्र को एक–दो बार मन में उच्चारण कर लें।

मन्त्रः– " ॐ बुद्धिहीन तनु जानिके सुमिरो पवन कुमार।
बल–बुद्धि–विद्या देहु मोहि हरहुं क्लेश–विकार।।"

लक्ष्मीप्राप्ति के लिए कुबेर मन्त्र

मन्त्र–"ॐ श्रीं ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं श्रीं क्लीं ॐ वित्तेश्वराय नमः।"

विधि– उल्लिखित सोलह वर्णों के इस मन्त्र का जाप किसी शिव मन्दिर में बैठकर सवालाख बार करें। घर में धन–धान्यसमृद्धि होगी। यह प्रयोग बिल्ववृक्ष के नीचे बैठकर भी किया जा सकता है।

सांसारिक कष्टों से मुक्ति, विद्या में सफलता एवं वाक्सिद्धि के लिए त्रिपुरभैरवी स्तवराज

"ॐ ब्रह्मादयः स्तुतिशतैरपि सूक्ष्मरूपां
जानन्ति नैव जगदादिमनादि-मूर्तिम्।
तस्माद् वयं कुचनतां नवकुंकुमाभाम्
स्थूलां स्तुमः सकलवाङ्मय-मातृभूताम्।।१।।

सद्यः समुद्यत-सहस्र- दिवाकराभाम्
विद्याऽक्ष- सूत्रवरदाभय-चिह्नहस्ताम्।
नेत्रोत्पलैस्त्रिभिरलंकृत वक्त्र-पद्माम्
त्वां तारहाररुचिरां त्रिपुरे भजामः।।२।।

सिन्दूर- पूर- रुचिरं कुचभार- नम्रम्
जन्मान्तरेषु कृतपुण्य- फलैकगम्यम्।
अन्योन्य- भेद- कलहाकुल -मानसास्ते
जानन्ति किं जड़धियस्तव रूपमम्ब।।३।।

स्थूलां वदन्ति मुनयःश्रुतयो गृणन्ति
सूक्ष्मां वदन्ति वचसामधिवासमन्ये।
त्वां मूलमाहुरपरे जगतां भवानि
मन्यामहे वयमपार- कृपाम्बुराशिम्।।४।।

चन्द्रावतंसललितां शरदिन्दु- शुभ्राम्
पञ्चाशदक्षरमयीं हृदि भावयन्तीम्।
त्वां पुस्तकं जपवटीममृताम्बु- कुम्भम्
पद्मं च हस्तकमलैर्दधतीं त्रिनेत्राम्।।५।।

शंभुस्त्वमद्रितनया-कलितार्द्धभागो
विष्णुस्त्वमंब कमला-परिरब्धदेहः।
पद्मोद्भवस्त्वमसि वागधिवास- भूमिः
तेषां क्रियाश्च जगति त्रिपुरे त्वमेव।।६।।

आश्रित्य वाग्भव-भवांश्चतुरः परादीन्-
भावान् पदेषु निहितान् समुदीरयन्तीम्।
कण्ठादिभिश्च करणैः परदेवतां त्वाम्
संविन्मयीं हृदि कदापि न विस्मरामि।।७।।

आकुंच्य वायुमधिजित्य च वैरिषट्कम्
आलोक्य निश्चलधिया निज नासिकाग्रम्।
ध्यायन्ति मूर्ध्नि कलितेन्दुकलाऽवदातम्
त्वद्रूपमंब कृतिनस्तरुणार्क- मित्रम्।।८।।

त्वं प्राप्य मन्मथ- रिपोर्वपुरर्धभागम्
सृष्टिं करोषि जगतामिति वेदवादः।
सत्यं तदद्रितनये जगदेकमातः
नो चेदशेष जगतः स्थितिरेव न स्यात्।।९।।

पूजां विधाय कुसुमैः सुरपादपानां
पीठे तवाम्ब कनकाचल - गह्वरेषु।
गायन्ति सिद्धवनिताःसह किन्नरीभि-
रास्वादितासव - रसारुणनेत्र-पद्माः।।१०।।

विद्युद्विलासवपुषः श्रियमुद्वहन्तीम्
यान्तीं स्ववास भवनाच्छिव-राजधानीम्।
सौसुम्न वर्त्म कमलानि विकासयन्तीम्
देवीं भजे हृदि परामृतसिक्तगात्राम्।।११।।

आनन्द-जन्म - भवनं भवनं श्रुतीनाम्
चैतन्यमत्र तनुमंब तवाश्रयामि।

ब्रह्मेश-विष्णुभिरुपासित-पादपद्माम्
सौभाग्य-जन्मंवसतिं त्रिपुरे यथावत्।।१२।।

शब्दार्थ भावि भवनं सृजतीन्दुरूपा
या तद्बिभर्ति पुनरर्कतनुःस्वशक्त्या।
ब्रह्मात्मिका हरति तत्सकलं युगान्ते
तां शारदां मनसि जातु न विस्मरामि।।१३।।

नारायणीति नरकार्णव-तारिणीति
गौरीति खेदशमनीति सरस्वतीति।
ज्ञानप्रदेति नयनत्रय-भूषितेति
त्वामद्रिराज-तनये बहुधा वदन्ति।।१४।।

ये स्तुवन्ति जगन्मातः श्लोकैश्चतुर्दशैःक्रमात्।
त्वामनुप्राप्य वाक्सिद्धिं प्राप्नुयुस्ते नराःश्रियम्।।१५।।"

रुष्ट व्यक्ति को शीघ्र अनुकूल करने के लिए यन्त्र

विधि– जब कोई व्यक्ति नाराज़ हो या आपको हानि (कष्ट) पहुंचाने को तैयार हो तो **गुरुपुष्यामृत** किंवा **रविपुष्यामृत** योग में केसर और लालचन्दन में अपनी कनिष्ठिका (चिचनी) अंगुली के एक बूंद रक्त को मिलाकर भोजपत्र पर उल्लिखित यन्त्र को लिखे। फिर इस यन्त्र का धूप–दीप से पूजन करके इसे शहद में डाल दें। रुष्ट व्यक्ति वैरभाव को त्याग देगा; आप से मैत्रीपूर्ण व्यवहार करने लगेगा; अनुभूत है।



मनोकामना सिद्धियन्त्र

१	१४	११	८
१२	७	२	१३
६	९	१६	३
१५	४	५	१०
(मनोरथ)			

विधि– सफेद काग़ज़ या भोजपत्र पर केसर, चन्दन, कपूर, गंगाजल और खस की स्याही बनाकर अनार की कलम से शुक्ल पक्ष की द्वितीया से प्रातः पूर्वाभिमुख होकर लिखना प्रारम्भ करें। 24 बार इस यन्त्र को लिखकर आटे की 24 गोलियां बना लें। 24 दिन तक इस प्रकार प्रतिदिन लिखकर अन्तिम दिन 576 गोलियां लेकर एक एक करके अपने इष्टदेव का ध्यान करके नदी में बहा दें। आपका मनोरथ अवश्य सिद्ध होगा।

शीतला(चेचक)शान्ति यन्त्र

श्री	श्री	श्री	श्री
श्री	श्री	श्री	श्री
श्री	श्री	श्री	श्री
श्री	श्री	श्री	श्री

विधि– प्रतिवर्ष अनेकों बच्चे शीतला (चेचक) से कालकवलित हो जाते हैं। जब माता का ज़ोर हो तो यह यन्त्र लालचन्दन से भोजपत्र पर लिखकर धूप–दीप करके रोगग्रस्त बच्चे के गले में डाल दें। तुरन्त आराम मिलेगा।

रूठी हुई स्त्री को वशंवद करने के लिए यन्त्र

नोट– इस यन्त्र के मध्य जहां "अमुकीं" लिखा है, वहां 'रूठी औरत का नाम' लिखना चाहिए।

ॐ	ॐ	ॐ
ॐ	अमुकीं	ॐ
ॐ	वश-	ॐ
ॐ	मानय	ॐ

विधि– यदि दौर्भाग्य से स्त्री (पत्नी)रुष्ट होकर अपने पिता के घर चली जाए तो ऊनी वस्त्र पर इस यन्त्र को अष्टगन्ध की स्याही बनाकर कमल–डण्डी से लिखें। यन्त्र को सामने रखकर **"ॐ अमुकीं वशमानय"** मन्त्र जाप करें। इस मन्त्र का जाप करते समय **'अमुकीं'** के स्थान पर रूठी स्त्री का नामोच्चारण करें। फिर इस मन्त्र के साथ खीर से 21 आहुतियां डालें। 21 दिन

में ही स्त्री/पत्नी वापिस आ जाएगी। यह प्रयोग मंगलवार से प्रारम्भ करें।

दुःस्वप्न (बुरे स्वप्न) के फल से मुक्ति के लिए यन्त्र

यदि स्वप्न देखकर अनिष्ट होता हो या स्त्री का गर्भपात हो जाता हो तो सामने दिए गए यन्त्र को भोजपत्र पर चमेली की कलम से अष्टगन्ध की स्याही बनाकर पुरुष अपने सिरहाने की तरफ रखें। स्त्री अपनी चोटी से बांधकर सोए तो स्वप्न से हानिभय नहीं रहता।

हं	सं	पं	कं
वं	धं	दं	जं
नं	पं	मं	दं
चं	यं	दं	जं

शनिग्रहजन्य नेष्टफल शान्त्यर्थ यन्त्र

विधि– सामने दिए गए यन्त्र को भोजपत्र पर शनिवार के दिन चौघड़िया या शनि की होरा में अष्टगन्ध की स्याही से अनार की कलम द्वारा लिखें। धूप–दीपद्वारा इसका पूजन करके दाहिनी भुजा पर नीले/काले धागे से धारण करें। शनिकृत नेष्टफल शान्त होंगे।

१२	७	१४
१३	११	६
८	१५	१०

अनपत्या (निस्सन्तान) स्त्री के लिए कुछ चामत्कारिक औषधीय प्रयोग

(i) शमीवृक्ष (जिसे आम भाषा में जण्डवृक्ष या जेखड़ी भी कहते हैं) की फलियां व पीपलवृक्ष की जड़ को सुखाकर चूर्ण बनाकर पांचमाशे मात्रा लेकर बछड़े वाली गाय के दूध से मासिक धर्म से चौथे दिन से पांच दिन तक सेवन करें, गर्भधारण होगा।

(ii) हाथी के दांत का बुरादा (चूरा) कूटकर महीन करें। कपड़छान करके समान भाग मिसरी मिलाकर नौ माशे की मात्रा से मासिक धर्म के तीसरे दिन से सात दिन तक स्त्री सेवन करे। बन्ध्यत्वदोष दूर होकर सन्तान प्राप्त होगी।

(iii) पीपल, कालीमिर्च, नागकेसर एवम् अदरक समभाग लेकर ऋतुकाल के चौथे दिन से 3 माशा मात्रा में देसी घी मिलाकर पांच दिन सेवन करने से वांझ स्त्री भी गर्भवती हो।

नोट– ये तीन प्रयोग स्त्रियों के सन्तानप्राप्ति के लिए जनहितार्थ यहां लिख दिए हैं। ये प्रयोग कुछ अनुभवी व्यक्तियों से प्राप्त हुए हैं, फिर भी किसी अनुभवी वैद्य का परामर्श लेकर ही प्रयोग में लाएं–ऐसा अनुरोध है।

सिद्धिप्रद कुछ तन्त्र–मन्त्र व जड़–पत्ते

पत्नीप्राप्ति हेतु

पुष्य नक्षत्र में 'गीदड़सींगी' लाकर प्रतिदिन ' ऐं डं पं लं '– अक्षरों की माला जपें। 3 मास में 'गीदड़सींगी' सिद्ध होगी। इस सिद्ध 'गीदड़सींगी' को धारण करने से सद्यः पत्नी प्राप्त होती है।

पतिसुख–प्राप्ति हेतु

गुरुपुष्य नक्षत्र में पीतवर्ण कनेर की जड़ प्राप्त करें। आश्लेषा नक्षत्र में खेजड़ी की जड़ लाएं। इन दोनों जड़ों को मघा नक्षत्र में पीला धागा बांधकर अपने पास रखें। शीघ्र पतिसुख प्राप्त होगा।

नौकरीप्राप्ति किंवा इन्टरव्यू में सफलता हेतु

चतुर्मखी रुद्राक्ष को लाल धागे से पिरोकर "ॐ नमः शिवाय" की माला जाप करें, सफलता मिलेगी।

पुत्रप्राप्ति हेतु

पुनर्वसु नक्षत्र में अपामार्ग (पुठकण्डा) की जड़ प्राप्त करें। रवि–पुष्य नक्षत्र में बेरी की जड़ लाएं तथा उ.भा. नक्षत्र में अशोक वृक्ष की जड़ लाकर रेवती नक्षत्र में इन जड़ियों को हरे धागे में पिरोकर पति–पत्नी दोनों कण्ठ

में धारण करें। " ऐं ङं पं " की तीन माला जाप करें। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को पति–पत्नी दोनों ज्वार एवं जौ बीजकर " ऐं ङं पं " बोलकर बोए हुए ज्वार–जौ को सींचें। दशमी तिथि को ये ज्वार–जौ शिवपिण्डी पर श्रद्धापूर्वक चढ़ा दें, शीघ्र ही सन्तानयोग बनेगा।

व्यापार में वृद्धि एवं अर्थलाभ हेतु

रविवार को पीपल के 11 पत्ते, सोमवार को अशोक एवं मंगलवार को बरोटे (बड़) के 11–11 पत्ते प्राप्त करें। इन पत्तों पर ' पं दं लं ' लिखकर ' पं दं लं ' की तीन माला जाप करके इन पत्तों को जलप्रवाह करें। अर्थलाभ होने लगेगा। व्यापार में वृद्धि एवं भाग्योदय का अनुभव होने लगेगा।

तन्त्रशास्त्र के कुछ अद्भुत प्रयोग

तन्त्रशास्त्र भले ही प्रच्छन्न शास्त्र है, परन्तु वर्तमानकाल में इसके अनुभूत प्रयोगों से आज के वैज्ञानिक भी चकित हैं। यहां आगे कुछ तन्त्र–प्रयोग दे रहे हैं– अनुभव करें।

(i) **रविवार वाले दिन** भोजपत्र पर लालचन्दन से शत्रु (विरोधी) का नाम लिखकर शहद में डुबो दें, शत्रु आपके पक्ष की बात करने लगेगा।

(ii) श्रवण नक्षत्र में काले एरण्ड की जड़ को घर लाकर धूप–दीप से जड़ का पूजन करके बन्ध्या स्त्री के गले में लालधागे(वस्त्र) से बांध दें। रजोदर्शन से शुद्ध हो जाने पर गोखरू के बीज, निर्गुण्डी के रस में डालकर 9 माशे सात दिन तक पीएं, गर्भधारण होगा।

(iii) सफेद कटेली की जड़ एवं जटामांसी के पत्ते को दूध में पीसकर तीन दिन पीने एवं दूधादि पदार्थों का हल्का भोजन करने से बन्ध्या स्त्री अवश्य पुत्र प्राप्त करती है–

"मूलाशोका वाकिल लक्ष्मणाया ऋतौ निपीय त्रिदिनं पयोभिः।
क्षीरोक्तचर्या नियमेन भुंक्ते पुत्रं प्रसूते वनिता विचित्रम्।।"

(iv) श्रावण मास, कृष्णपक्ष, रोहिणी नक्षत्र में एक नए कलशे में गंगाजल भर लाएं. आते समय पीछे नहीं देखें और आते–जाते समय कोई

गोखरू के बीज निर्गुंडी के रस में डालकर सात दिन तक पिलाने से बन्ध्यापन दूर हो एवं गर्भधारण हो।

(v) यदि कोई मनुष्य अति दुःख दे रहा हो तो उसके दरवाजे में चोंटली की मूल गाड़ देने से उसका शीघ्र उच्चाटन होगा।

(vi) आर्द्रा नक्षत्र में गूलर का बंदा लाकर यदि धन के गल्ले में रखे तो धन न घटे, यदि अन्न में रख दिया जाए तो अन्न में कमी न आए।

(vii) **दाद समाप्त–** अफीम, चकवड़ के बीज, नौशादर व चूना नींबू के रस में खरल करके दाद पर लगाने से तीन दिन में आराम होगा।

(viii) जिमीकन्द व तुलसी की जड़ को पान में रखकर खाने से स्तम्भन होता है –

"सूरणं तुलसीमूलं ताम्बूलैः सह भक्षयेत्।
न मुंचति नरो वीर्यमेकैकेन न संशयः।।"

(ix) **बच्चों के सूखारोग से निवृत्ति–** इस रोग में हज़ारों बच्चे हर वर्ष मरते हैं। इसकी औषधि शनिवार को सूर्योदय से पहले बिना बियानी गाय का गोबर लाकर बच्चे की पीठ पर मलें और गर्म पानी से धो डालें। कुछ कांटे से प्रतीत होंगे, इसलिए जल्दी–जल्दी चिमटी आदि से बीन उखाड़ फेंको– बस आराम जानो।

(x) **पथरीरोग दूर करने के लिए–** जवाखार चार रत्ती, मूली का रस अढ़ाई तोला मिलाकर सुबह–शाम पीने से 3 या 4 दिन में ही पथरी कटकर निकल जाती है।

(xi) **सफेद या रक्तकुष्ठ की औषधि–** तपकी हरताल 6 माषे, बावची का चूर्ण 1 तोला सिरके में घोटकर लगाने से 21 दिन में जड़ से समाप्त हो जाता है।

(xii) **रतौंधी की दवा–** छोटी हरड़, पिपली का चूर्ण स्त्री के दूध में घिसकर अंजन कर लेने से तीन दिन में जड़ से आराम हो जाता है।

विंशोत्तरीदशा साधन

(जन्म के समय विंशोत्तरीदशा का भोग्य–भुक्त)

जातक के जन्मकालिक स्पष्टचन्द्रमा के राशि, अंश, कला द्वारा नीचे दी गई " विंशोत्तरीदशा–भोग्यकाल सारणी " से विंशोत्तरी दशा के जन्मकालिक दशेश (महादशा के स्वामी ग्रह) एवं उसकी भोग्यदशा के वर्ष आदि सरलता से इस प्रकार जाने जा सकते हैं :–

इस सारणी में जन्मकालिक स्पष्टचन्द्र की राशि के नीचे चन्द्र की अंश, कला के आगे जन्मकालिक दशेश और उसकी दशा के भोग्य वर्षादि लिखे हैं। इन भोग्य वर्षादि में से चन्द्र की शेष कलाओं द्वारा आगे दी गई " भोग्यदशासाधन सहायक सारणी " से स्पष्टचन्द्र की शेष कलाओं के आगे दशेश ग्रह के नीचे लिखे, मासादि लेकर घटाने पर जन्मकालिक दशा के भोग्य वर्ष आदि ज्ञात हो जाते हैं। नीचे दिया गया उदाहरण देखें :–

उदाहरण :– जन्मकालीन स्पष्टचन्द्र 5 रा. 10 अं. 30 क. है। " विंशोत्तरीदशा भोग्यकाल सारणी " से कन्या राशि के नीचे 10 अंश 20 कला के आगे चन्द्र की दशा का भोग्यकाल 9 वर्ष 9 मास 0 दिन मिला। " भोग्यदशासाधन सहायक सारणी " में दशेश चन्द्र के नीचे चन्द्र की शेष कला 10 के आगे 1 मास 15 दिन मिले। इन्हें 9 वर्ष 9 मास 0 दिन में से घटाने पर 9 वर्ष 7 मास 15 दिन प्राप्त हुए। यह जन्म के समय चन्द्रदशा का भोग्य (शेष बचा) काल है। इसे चन्द्र के पूर्णदशाकाल (10 वर्ष) में से घटाने पर 4 मास 15 दिन चन्द्रदशा का जन्मकालिक भुक्त काल हुआ।

विंशोत्तरीदशा-भोग्यकाल सारणी (भाग 1)

(स्पष्ट चन्द्र की राश्यादि के अनुसार)

स्पष्ट चन्द्र	चन्द्रराशि– मेष, सिंह, धनु ,	चन्द्रराशि– वृष, कन्या, मकर,	चन्द्रराशि– मिथुन, तुला, कुम्भ,	चन्द्रराशि– कर्क, वृश्चिक, मीन	स्पष्ट चन्द्र	चन्द्रराशि– मेष, सिंह, धनु ,	चन्द्रराशि– वृष, कन्या, मकर,	चन्द्रराशि– मिथुन, तुला, कुम्भ,	चन्द्रराशि– कर्क, वृश्चिक, मीन,
अं. क.	व. मा. दि.	व. मा. दि.	व. मा. दि.	व. मा. दि.	अं. क..	व. मा. दि.	व. मा. दि.	व. मा. दि.	व. मा. दि.
0 00	केतु 07 00 00	सूर्य 04 06 00	मंगल 03 06 00	गुरु 04 00 00	6 40	केतु 03 06 00	सूर्य 01 06 00	राहु 18 00 00	शनि 14 03 00
0 20	06 09 27	04 04 06	03 03 27	03 07 06	7 00	03 03 27	01 04 06	17 06 18	13 09 09
0 40	06 07 24	04 02 12	03 01 24	03 02 12	7 20	03 01 24	01 02 12	17 01 06	13 03 18
1 00	06 05 21	04 00 18	02 11 21	02 09 18	7 40	02 11 21	01 00 18	16 07 24	12 09 27
1 20	06 03 18	03 10 24	02 09 18	02 04 24	8 00	02 09 18	00 10 24	16 02 12	12 04 06
1 40	06 01 15	03 09 00	02 07 15	02 00 00	8 20	02 07 15	00 09 00	15 09 00	11 10 15
2 00	05 11 12	03 07 06	02 05 12	01 07 06	8 40	02 05 12	00 07 06	15 03 18	11 04 24
2 20	05 09 09	03 05 12	02 03 09	01 02 12	9 00	02 03 09	00 05 12	14 10 06	10 11 03
2 40	05 07 06.	03 03 18	02 01 06	00 09 18	9 20	02 01 06	00 03 18	14 04 24	10 05 12
3 00	05 05 03	03 01 24	01 11 03	00 04 24	9 40	01 11 03	00 01 24	13 11 12	09 11 21
3 20	05 03 00	03 00 00	01 09 00	शनि 19 00 00	10 00	01 09 00	चन्द्र 10 00 00	13 06 00	09 06 00
3 40	05 00 27	02 10 06	01 06 27	18 06 09	10 20	01 06 27	09 09 00	13 00 18	09 00 09
4 00	04 10 24	02 08 12	01 04 24	18 00 18	10 40	01 04 24	09 06 00	12 07 06	08 06 18
4 20	04 08 21	02 06 18	01 02 21	17 06 27	11 00	01 02 21	09 03 00	12 01 24	08 00 27
4 40	04 06 18	02 04 24	01 00 18	17 01 06	11 20	01 00 18	09 00 00	11 08 12	07 07 06
5 00	04 04 15	02 03 00	00 10 15	16 07 15	11 40	00 10 15	08 09 00	11 03 00	07 01 15
5 20	04 02 12	02 01 06	00 08 12	16 01 24	12 00	00 08 12	08 06 00	10 09 18	06 07 24
5 40	04 00 09	01 11 12	00 06 09	15 08 03	12 20	00 06 09	08 03 00	10 04 06	06 02 03
6 00	03 10 06	01 09 18	00 04 06	15 02 12	12 40	00 04 06	08 00 00	09 10 24	05 08 12
6 20	03 08 03	01 07 24	00 02 03	14 08 21	13 00	00 02 03	07 09 00	09 05 12	05 02 21

विंशोत्तरीदशा–भोग्यकाल सारणी (भाग 2)

(स्पष्ट चन्द्र की राश्यादि के अनुसार)

स्पष्ट चन्द्र	चन्द्रराशि– मेष, सिंह, धनु ,	चन्द्रराशि– वृष, कन्या, मकर,	चन्द्रराशि– मिथुन, तुला, कुम्भ,	चन्द्रराशि– कर्क, वृश्चिक, मीन
अं. क.	व. मा. दि.	व. मा. दि.	व. मा. दि.	व. मा. दि.
13 20	शुक्र 20 00 00	चन्द्र 07 06 00	राहु 09 00 00	शनि 04 09 00
13 40	19 06 00	07 03 00	08 06 18	04 03 09
14 00	19 00 00	07 00 00	08 01 06	03 09 18
14 20	18 06 00	06 09 00	07 07 24	03 03 27
14 40	18 00 00	06 06 00	07 02 12	02 10 06
15 00	17 06 00	06 03 00	06 09 00	02 04 15
15 20	17 00 00	06 00 00	06 03 18	01 10 24
15 40	16 06 00	05 09 00	05 10 06	01 05 03
16 00	16 00 00	05 06 00	05 04 24	00 11 12
16 20	15 06 00	05 03 00	04 11 12	00 05 21
16 40	15 00 00	05 00 00	04 06 00	बुध 17 00 00
17 00	14 06 00	04 09 00	04 00 18	16 06 27
17 20	14 00 00	04 06 00	03 07 06	16 01 24
17 40	13 06 00	04 03 00	03 01 24	15 08 21
18 00	13 00 00	04 00 00	02 08 12	15 03 18
18 20	12 06 00	03 09 00	02 03 00	14 10 15
18 40	12 00 00	03 06 00	01 09 18	14 05 12
19 00	11 06 00	03 03 00	01 04 06	14 00 09
19 20	11 00 00	03 00 00	00 10 24	13 07 06
19 40	10 06 00	02 09 00	00 05 12	13 02 03
20 00	10 00 00	02 06 00	गुरु 16 00 00	12 09 00
20 20	09 06 00	02 03 00	15 07 06	12 03 27
20 40	09 00 00	02 00 00	15 02 12	11 10 24
21 00	08 06 00	01 09 00	14 09 18	11 05 21
21 20	08 00 00	01 06 00	14 04 24	11 00 18
21 40	07 06 00	01 03 00	14 00 00	10 07 15
22 00	07 00 00	01 00 00	13 07 06	10 02 12
22 20	06 06 00	00 09 00	13 02 12	09 09 09
22 40	06 00 00	00 06 00	12 09 18	09 04 06
23 00	05 06 00	00 03 00	12 04 24	08 11 03
23 20	शुक्र 05 00 00	मंगल 07 00 00	गुरु 12 00 00	बुध 08 06 00
23 40	04 06 00	06 09 27	11 07 06	08 00 27
24 00	04 00 00	06 07 24	11 02 12	07 07 24
24 20	03 06 00	06 05 21	10 09 18	07 02 21
24 40	03 00 00	06 03 18	10 04 24	06 09 18
25 00	02 06 00	06 01 15	10 00 00	06 04 15
25 20	02 00 00	05 11 12	09 07 06	05 11 12
25 40	01 06 00	05 09 09	09 02 12	05 06 09
26 00	01 00 00	05 07 06	08 09 18	05 01 06
26 20	00 06 00	05 05 03	08 04 24	04 08 03
26 40	सूर्य 06 00 00	05 03 00	08 00 00	04 03 00
27 00	05 10 06	05 00 27	07 07 06	03 09 27
27 20	05 08 12	04 10 24	07 02 12	03 04 24
27 40	05 06 18	04 08 21	06 09 18	02 11 21
28 00	05 04 24	04 06 18	06 04 24	02 06 18
28 20	05 03 00	04 04 15	06 00 00	02 01 15
28 40	05 01 06	04 02 12	05 07 06	01 08 12
29 00	04 11 12	04 00 09	05 02 12	01 03 09
29 20	04 09 18	03 10 06	04 09 18	00 10 06
29 40	04 07 24	03 08 03	04 04 24	00 05 03
30 00	04 06 00	03 06 00	04 00 00	00 00 00

प्रो. प्रियव्रत शर्मा, सम्पादक– ''श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांगम्'' द्वारा रचित

एक अन्य महत्त्वपूर्ण प्रकाशन – व्रत–पर्व विवेक

जो कि व्रत–पर्व पर आधारित एक ऐसा विशिष्ट संकलन है, जिस में 50 वर्षों (सन् 2001 से 2050 ई. तक) के सभी धर्मों (हिन्दु, मुस्लिम, सिक्ख, जैन एवम् क्रिश्चियन) के व्रत–पर्वो की तारीखें और उनके निर्णायक सिद्धान्तों (Criteria) के इलावा हिन्दु व्रत–पर्वो से सम्बन्धित व्रत–कथाएं तथा देवी–देवताओं की पूजा–अर्चनार्थ आरतियां भी दी गई हैं। डायरी, पंचांग, जन्त्री तथा कैलेण्डर के निर्माता– प्रकाशकों, ज्योतिषियों एवं धर्मनिष्ठ लोगों के लिए यह पुस्तक परम उपयोगी है। विस्तृत विज्ञापन इस पंचांग के अन्त में देखें।

भोग्य दशासाधन सहायक सारणी

स्पष्ट चन्द्र की शेष कलाएं	दशेश केतु (7 वर्ष)	दशेश शुक्र (20 वर्ष)	दशेश सूर्य (6 वर्ष)	दशेश चन्द्र (10 वर्ष)	दशेश मंगल (7 वर्ष)	दशेश राहु (18 वर्ष)	दशेश गुरु (16 वर्ष)	दशेश शनि (19 वर्ष)	दशेश बुध (17 वर्ष)	स्पष्ट चन्द्र की शेष कलाएं
	मा. दि.	मा. दि.	मा. दि.	मा. दि.	मा. दि.	मा. दि.	मा. दि.	मा. दि.	मा. दि.	
1	00 03	00 09	00 03	00 05	00 03	00 08	00 07	00 09	00 08	1
2	00 06	00 18	00 05	00 09	00 06	00 16	00 14	00 17	00 15	2
3	00 09	00 27	00 08	00 14	00 09	00 24	00 22	00 26	00 23	3
4	00 13	01 06	00 11	00 18	00 13	01 02	00 29	01 04	01 01	4
5	00 16	01 15	00 14	00 23	00 16	01 11	01 06	01 13	01 08	5
6	00 19	01 24	00 16	00 27	00 19	01 19	01 13	01 21	01 16	6
7	00 22	02 03	00 19	01 02	00 22	01 27	01 20	02 00	01 24	7
8	00 25	02 12	00 22	01 06	00 25	02 05	01 28	02 08	02 01	8
9	00 28	02 21	00 24	01 11	00 28	02 13	02 05	02 17	02 09	9
10	01 01	03 00	00 27	01 15	01 01	02 21	02 12	02 26	02 17	10
11	01 04	03 09	00 29	01 20	01 05	02 29	02 20	03 04	02 24	11
12	01 07	03 18	01 02	01 24	01 08	03 07	02 27	03 13	03 02	12
13	01 10	03 27	01 05	01 29	01 11	03 15	03 04	03 21	03 10	13
14	01 13	04 06	01 08	02 03	01 14	03 24	03 11	04 00	03 17	14
15	01 17	04 15	01 11	02 08	01 17	04 02	03 18	04 08	03 25	15
16	01 20	04 24	01 13	02 12	01 20	04 10	03 25	04 17	04 03	16
17	01 23	05 03	01 16	02 17	01 23	04 18	04 02	04 26	04 11	17
18	01 26	05 12	01 18	02 21	01 27	04 26	04 09	05 04	04 18	18
19	01 29	05 21	01 21	02 25	02 00	05 04	04 16	05 12	04 25	19
20	02 03	06 00	01 24	03 00	02 03	05 12	04 24	05 21	05 03	20

यदि आपके पास पुराने पंचांगों का रिकॉर्ड नहीं है तो कोई बात नहीं

—हमारा 'गणक मार्त्तण्ड' खीरीदिए—

812 पृष्ठों के विशाल ग्रन्थ गणक मार्त्तण्ड में 110 वर्ष के दैनिक तिथि, नक्षत्र, योग, ग्रहस्पष्ट तथा ग्रहों के राशिप्रवेशकाल तो हैं ही, इसके अलावा इसने 140 पृष्ठों पर देशी–विदेशी जन्मपत्र निर्माणप्रक्रिया, विश्वभर के सूर्योदयास्तकाल, पंचांगपरिवर्त्तन, अखिल भारतीय लग्न स्पष्ट करने की दोनों (प्राचीन और नवीन) पद्धतियों वाली लग्नसारणियां, दैनिक मेषादि 12 लग्नों का उदय तुरन्त बतला देने वाले अद्भुत कोष्ठक, दशान्तर्दशा सारणियां, भारत के लगभग 4000 नगरों के अक्षांश, रेखांश और स्टैं. अं. तथा विश्व के लगभग सभी देशों के स्टैं. टा. का G. M. T. एवं भा. स्टैं. टा. से अन्तर बतलाने वाली सारणियां तथा जन्मपत्रोपयोगी और भी पर्याप्त सामग्री इस ग्रन्थ में ज्योतिषियों के लिए चुनकर दी गई है। सभी गणित–प्रक्रियाओं के स्पष्टीकरण के लिए सर्वत्र कई–कई उदाहरण दिए गए हैं।

मूल्य Rs. 1000/-- + डाकव्यय Rs. 60/–

पताः– श्रीमती वीना चतुर्वेदी, M.A., M.Phil. कोठी नं. 59, सैक्टर- 6, P.O. पंचकूला-(हरियाणा) -Pin- 134109 , PHONE- 0172-2565303

प्रसूति-लग्न विचार

मेष–जन्मसमय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर, उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवम् मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल, मलिन थे। ४। ११। १६। ४४। ५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे; इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप कराना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो १०० वर्ष जीवे।

वृष– माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आई, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर से पूर्व में सूतिका-स्थान, श्वेत स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया। १। २८। ३३। ४४। ६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जाप और ब्राह्मणभोजन करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे, तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन– माता का सिर पश्चिम में, उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, सिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया, दूध कम उतरे। ४। १०। १४। ३८। ५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवाएं। यदि इन वर्षों से बचे, तो ८६ वर्ष जीवे।

कर्क–माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव से पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसुन आदि का चिह्न, देर से रोया। ५। २५। ४०। ५८। ६२– इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश के समय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना कल्याणप्रद है।

सिंह– माता का पश्चिम या पूर्व में सिर, मलिन या लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्मसमय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान। ५। १३। २८। ३६। ४८– इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्यनारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और ब्राह्मणों को मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या–माता का दक्षिण में सिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्ठान्न बासी चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्मसमय स्त्री ३ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया, घर के नैर्ऋत्यकोण में सूतिका-स्थान। ४। १६। २३। ३६। ५५– ये वर्ष कष्टकारक हैं। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला– माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी। जन्मसमय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्मसमय कुछ ठहरकर अर्धशब्द करके रोया, घर के पश्चिमभाग में सूतिकास्थान। ८। १५। ३१। ३५। ६२। ६४– इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रहों का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक–माता का दक्षिण या उत्तर में सिर, रक्त या दग्ध वस्त्र, कष्ट अधिक, अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्मसमय स्त्री २ या ३, पीछे से भी २ आईं, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया। छींक भी किया, दीर्घ केश, घर के पश्चिमभाग में प्रसवस्थान। ११। २८। ३८। ५२। ६२– इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु–माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, पीत या रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्मसमय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया और छींक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान। २। १०। १८। ३१। ३८। ४२। ६७– इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मणभोजन श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर– माता का सिर दक्षिण में, ऊपर काला व जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जलपान किया था। जन्मसमय स्त्रियां २, पीछे से एक आई। दीपक हाथ में उठाया गया। बालक जन्मोत्तर अर्धशब्द से रोया और छींक भी किया, घर के उत्तरभाग में पुराना सूतिकास्थान। ५। १३। २७। ३६। ५७। ६३। ८७– इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के शुरु में शिवार्चन, मृतसंजीवनी आदि का जाप रखे।

कुम्भ–माता का सिर पश्चिम को, जीर्ण, धुम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर-शीत शाकादि का भोजन, कष्ट अधिक, जन्मसमय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आई, उन में एक स्त्री गर्भिणी भी हो, दीपक स्वास्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्धशब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तरभाग में सूतिका-गृह। २। २८। ३३। ४८। ६४– इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जयजप हितकारक है। इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन– माता का सिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र अल्प भोजन, जन्मसमय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान। १। ८। १३। ३६। ४८– इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति-हवन, मृतसञ्जीवनीमन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे। **स्मरण रहे**–अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें – वही बालक का जन्मलग्न जानना चाहिए, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

0 06 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	3 06 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	6 06 40	,, स्वाती 1	धनु	गु.	9 06 40	,, ,, 4	मीन	गु.
0 10 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	3 10 00	,, ,, 3	तुला	शु.	6 10 00	,, ,, 2	मकर	श.	9 10 00	,, श्रव. 1	मेष	मं.
0 13 20	,, भर. 1.	सिंह	सू.	3 13 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	6 13 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	9 13 20	,, ,, 2	वृष	शु.
0 16 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	3 16 40	,, आश्ले. 1	घनु	गु.	6 16 40	,, ,, 4	मीन	गु.	9 16 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.
0 20 00	,, ,, 3	तुला	शु.	3 20 00	,, ,, 2	मकर	श.	6 20 00	,, विशा. 1	मेष	मं.	9 20 00	,, ,, 4	कर्क	चं.
0 23 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	3 23 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	6 23 20	,, ,, 2	वृष	शु.	9 23 20	,, धनि. 1	सिंह	सू.
0 26 40	,, कृत्ति. 1	धनु	गु.	3 26 40	,, ,, 4	मीन	गु.	6 26 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	9 26 40	,, ,, 2	कन्या	बु.
1 00 00	वृष ,, 2	मकर	श.	4 00 00	सिंह मघा 1	मेष	मं.	7 00 00	वृश्चि. ,, 4	कर्क	चं.	10 00 00	कुम्भ ,, 3	तुला	शु.
1 03 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	4 03 20	,, ,, 2	वृष	शु.	7 03 20	,, अनु. 1	सिंह	सू.	10 03 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.
1 06 40	,, ,, 4	मीन	गु.	4 06 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	7 06 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	10 06 40	,, शत. 1	धनु	गु.
1 10 00	,, रोहि. 1	मेष	मं.	4 10 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	7 10 00	,, ,, 3	तुला	शु.	10 10 00	,, ,, 2	मकर	श.
1 13 20	,, ,, 2	★वृष	शु.	4 13 20	,, पू.फा. 1	★सिंह	सू.	7 13 20	,, ,, 4	★वृश्चि.	मं.	10 13 20	,, ,, 3	★कुम्भ	श.
1 16 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	4 16 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	7 16 40	,, ज्येष्ठा 1	धनु	गु.	10 16 40	,, ,, 4	मीन	गु.
1 20 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	4 20 00	,, ,, 3	तुला	शु.	7 20 00	,, ,, 2	मकर	श.	10 20 00	,, पू.भा. 1	मेष	मं.
1 23 20	,, मृग. 1	सिंह	सू.	4 23 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	7 23 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	10 23 20	,, ,, 2	वृष	शु.
1 26 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	4 26 40	,, उ.फा. 1	घनु	गु.	7 26 40	,, ,, 4	मीन	गु.	10 26 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.
2 00 00	मिथुन ,, 3	तुला	शु.	5 00 00	कन्या ,, 2	मकर	श.	8 00 00	धनु मूल 1	मेष	मं.	11 00 00	मीन ,, 4	कर्क	चं.
2 03 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	5 03 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	8 03 20	,, ,, 2	वृष	शु.	11 03 20	,, उ.भा. 1	सिंह	सू.
2 06 40	,, आर्दा 1	धनु	गु.	5 06 40	,, ,, 4	मीन	गु.	8 06 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	11 06 40	,, ,, 2	कन्या	बु.
2 10 00	,, ,, 2	मकर	श.	5 10 00	,, हस्त 1	मेष	मं.	8 10 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	11 10 00	,, ,, 3	तुला	शु.
2 13 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.	5 13 20	,, ,, 2	वृष	शु.	8 13 20	,, पू.षा. 1	सिंह	सू.	11 13 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.
2 16 40	,, ,, 4	मीन	गु.	5 16 40	,, ,, 3	मिथुन	बु.	8 16 40	,, ,, 2	कन्या	बु.	11 16 40	,, रेव. 1	धनु	गु.
2 20 00	,, पुन. 1	मेष	मं.	5 20 00	,, ,, 4	कर्क	चं.	8 20 00	,, ,, 3	तुला	शु.	11 20 00	,, ,, 2	मकर	श.
2 23 20	,, ,, 2	वृष	शु.	5 23 20	,, चित्रा 1	सिंह	सू.	8 23 20	,, ,, 4	वृश्चि.	मं.	11 23 20	,, ,, 3	कुम्भ	श.

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2067 वि.)

राशि	वैशाख (14 अप्रै. से 13 मई तक, सन् 2010 ई.)	राशि	ज्येष्ठ (14 मई से 14 जून तक सन्, 2010 ई.)	राशि	आषाढ़ (15 जून से 15 जुला. तक, सन् 2010 ई.)
मेष	स्थानान्तरण का विचार, धनलाभ, निजीजन कष्ट, सम्पत्तिविवाद, कार्यान्तर से लाभ, मासान्त में शरीरकष्ट। अप्रै. 21, 22, 23, 30; मई 1, 9, 10, 11 अशुभ।	मेष	सेहत ठीक, अर्थहानियोग, निजीजन कष्ट, नई योजना, स्त्रीपक्ष से मदद, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। मई 19, 20, 27, 28, 29; जून 6, 7 अशुभ।	मेष	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, घरेलू झंझट, मित्रों से मेल, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। जून 15, 16, 23, 24, 25; जुला. 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।
वृष	धनलाभ होकर हानि हो, कार्यान्तर से लाभ, भ्रातृसुख, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीकष्ट, मासान्त में अच्छा लाभ। अप्रै. 14, 15, 16, 23, 24, 25; मई 2, 3, 4, 12, 13 अशुभ।	वृष	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ होकर हानि हो। सम्पत्तिविवाद, नई योजना से लाभ, स्त्रीकष्ट, कारोबार कुछ ठीक। मई 21, 22, 29, 30, 31; जून 8, 9, 10 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, अर्थहानि भय, निजीजन कष्ट, स्त्रीसुख, आय से व्यय अधिक। जून 17, 18, 26, 27; जुला. 6, 7, 14, 15 अशुभ।
मिथुन	उदरविकार, धनहानि, भ्रातृसुख, जमीन–जायदाद–सम्बन्धी विवाद, स्त्रीपक्ष से परेशानी, कारोबार ठीक। अप्रै. 17, 18, 25, 26, 27; मई 4, 5, 6 अशुभ।	मिथुन	क्रोध बढ़े, धनलाभ, भ्रातृ सुख, नई योजना असफल, कारोबार ठीक, मासान्त में लाभ। मई 14, 15, 23, 24; जून 1, 2, 11, 12 अशुभ।	मिथुन	रक्त–तित्तविकार, अर्थलाभ होकर हानि हो, भ्रातृ–सुख,साझेदारी में हानि। जून 19, 20, 28, 29, 30; जुला. 8, 9 अशुभ।
कर्क	सेहत खराब, धनलाभ, बन्धुकष्ट, गुप्तशत्रु से भय, कारोबार ठीक, नेत्रकष्ट। अप्रै. 19, 20, 28, 29; मई 7, 8, 9 अशुभ।	कर्क	सेहत ठीक, सांझेदारी में नुक्सान, भ्रातृसुख, अशुभ समाचार, नया कारोबार बने। मई 16, 17, 18, 25, 26; जून 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।	कर्क	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ, निजीजन विरोध, स्त्रीसुख, मासान्त में आय से व्यय अधिक। जून 21, 22, 23; जुला. 1, 2, 10, 11 अशुभ।
सिंह	स्त्रीकष्ट, अर्थहानि, आय से व्यय अधिक, असफल योजना, यात्रा में कष्ट। अप्रै. 21, 22, 23, 30; मई 1, 9, 10, 11 अशुभ।	सिंह	शरीरकष्ट, निजीजनसहयोग, सम्पत्तिविवाद, स्त्रीपक्ष शुभ, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। मई 19, 20, 27, 28, 29; जून 6, 7 अशुभ।	सिंह	कफविकार, धनलाभ, भ्रातृकष्ट, अच्छे लोगों से मेल, गुप्त चिन्ता, कारोबार ठीक। जून 15, 16, 23, 24, 25; जुला. 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।
कन्या	उदरविकार, धनलाभ, मित्रों से अनबन, गुप्त चिन्ता, कारेबार में हानि, कार्यान्तर का विचार। अप्रै. 14, 15, 16, 23, 24, 25; मई 2, 3, 4, 12, 13 अशुभ।	कन्या	सेहत ठीक, जमीन–जायदाद–सम्बन्धी झगड़े, गुप्तशत्रु से भय, स्त्रीसुख, कारोबार में हानि। मई 21, 22, 29, 30, 31; जून 8, 9, 10 अशुभ।	कन्या	सेहत ठीक, वृथाविवाद, अर्थहानिभय, यात्रासुख, नई योजना, स्त्रीसुख, मासान्त में हानिभय। जून 17, 18, 26, 27; जुला. 6, 7, 14, 15 अशुभ।
तुला	सेहत ठीक, अर्थलाभ होकर हानि हो, निजीजन विरोध, नई योजना से लाभ, स्त्रीसुख, कारोबार कमजोर। अप्रै. 17, 18, 25, 26, 27; मई 4, 5, 6 अशुभ।	तुला	वृथाविवाद से बचें, धनहानि, निजीजन विरोध, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्रीसुख, यात्रा में कष्ट। मई 14, 15, 23, 24; जून 1, 2, 11, 12 अशुभ।	तुला	उदर व नेत्रविकार, कारोबार में विशेष हानिभय, मित्र–बन्धु से मदद, स्त्रीकष्ट, कारोबार कमजोर। जून 19, 20, 28, 29, 30; जुला. 8, 9 अशुभ।
वृश्चिक	रक्त–पित्तविकार, अर्थहानि, निजीजनों से सहयोग, सम्पदालाभ, स्त्रीकष्ट, कारोबार ठीक। अप्रै. 19, 20, 28, 29; मई 7, 8, 9 अशुभ।	वृश्चिक	उदरविकार, धनलाभ होकर हानि हो, अच्छे लोगों से मेल, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार में रुकावट। मई 16, 17, 18, 25, 26; जून 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत ठीक, धनलाभ, भ्रातृसुख, घरेलू झंझट सूलझें, स्त्रीपक्ष से मदद, कार्यान्तर से लाभ। जून 21, 22, 23; जुला 1, 2, 10, 11 अशुभ।
धनु	सेहत गड़बड़, अर्थलाभ,. भ्रातृसुख, निजीजन सहयोग, सम्पत्तिलाभ, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्री से अनबन। अप्रै. 21, 22, 23, 30; मई 1, 9, 10, 11 अशुभ।	धनु	रक्त–पित्तविकार, अर्थहानि, निजीजन सुख, शुभ समाचार, शत्रु कमजोर, कारोबार पूर्ववत्। मई 19, 20, 27, 28, 29; जून 6, 7 अशुभ।	धनु	सेहत गड़बड़, कारोबार कमजोर, अच्छे लोगों से मदद मिले, स्त्रीपक्ष से चिन्ता। जून 15, 16, 23, 24, 25; जुला. 3, 4, 5, 12, 13 अशुभ।
मकर	सेहत ठीक, धनलाभ, निजीलोगों से अनबन, शत्रु कमजोर, गुप्त चिन्ता, कारोबार ठीक। अप्रै. 14, 15, 16, 23, 24, 25; मई 2, 3, 4, 12, 13 अशुभ।	मकर	सेहत बिगड़े, धनलाभ, बन्धुसुख, सन्तानपक्ष से कष्ट, कारोबार पहले से ठीक। मई 21, 22, 29, 30, 31; जून 8, 9, 10 अशुभ।	मकर	सेहत ठीक रहे, धनलाभ, बन्धुकष्ट, निजीलोगों से अनबन, स्थानान्तरण व कार्यान्तरण का विचार। जून 17, 18, 26, 27; जुला. 6, 7, 14, 15 अशुभ।
कुम्भ	वात–पित्तविकार, अर्थलाभ, निजीजन सुख, असफल योजना, शत्रु प्रबल, स्त्रीपक्ष से लाभ। अप्रै. 17, 18, 25, 26, 27; मई 4, 5, 6 अशुभ।	कुम्भ	घरेलू झंझट सुलझें, निजीजन सहयोग, असफल योजना, यात्रा में कष्ट, गुप्तचिन्ता, कार्यान्तर का विचार। मई 14, 15, 23, 24; जून 1, 2, 11, 12 अशुभ।	कुम्भ	क्रोध बढ़े, धनलाभ, भ्रातृकष्ट, असफल योजना, स्त्रीसुख, कार्यान्तर का विचार। जून 19, 20, 28, 29, 30; जुला. 8, 9 अशुभ।
मीन	सेहत ठीक, अर्थलाभ, निजीलोगों से अनबन, सन्ततिकष्ट, स्त्री से अनबन, कारोबार कमजोर। अप्रै. 19, 20, 28, 29; मई 7, 8, 9 अशुभ।	मीन	बन्धनभय, अचानक अर्थलाभ, निजीलोगों से अनबन, शत्रु कमजोर, कारोबार ठीक। मई 16, 17, 18, 25, 26; जून 3, 4, 5, 13, 14 अशुभ।	मीन	राजभय, वृथाव्यय, बन्धु से मदद, सम्पत्तिविवाद, स्त्रीपक्ष शुभ, मासान्त में लाभ। जून 21, 22, 23; जुला. 1, 2, 10, 11 अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2067 वि.)

राशि	श्रावण (16 जुला. से 15 अग. तक, सन् 2010 ई.)	राशि	भाद्रपद (16 अग. से 15 सितं. तक, सन् 2010 ई.)	राशि	आश्विन (16 सितं. से 16 अक्तू. तक, सन् 2010 ई.)
मेष	राजपक्ष से भय, नेत्रकष्ट, वृथाव्यय, निजीलोगों से अनबन, असफल योजना, मासान्त में कारोबार से लाभ। जुला. 21, 22, 31; अग. 1, 9, 10 अशुभ।	मेष	सेहत ठीक, आर्थिक परेशानी, मन चिन्तित, असफल योजना, कारोबार ठीक, सन्तानपक्ष से चिन्ता। अग. 17, 18, 27, 28; सितं. 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।	मेष	सिर व नेत्रकष्ट, अर्थलाभ, घरेलू झंझट, मित्र–बन्धुकष्ट, स्त्रीसुख, कारोबार से लाभ। सितं. 23, 24, 25; अक्तू. 2, 3, 4, 11, 12 अशुभ।
वृष	शत्रुपक्ष कमजोर, वृथाव्यय, सन्तानपक्ष से चिन्ता, अपमानभय, स्थानान्तर व कार्यान्तर का विचार। जुला. 23, 24, 25; अग. 2, 3, 11, 12 अशुभ।	वृष	घरेलू झंझट बढ़ें। अर्थलाभ होकर हानि, निजीलोगों से अनबन, सम्पत्तिविवाद, स्त्रीसुख। अग. 19, 20, 21, 29, 30, 31; सितं. 7, 8 अशुभ।	वृष	सेहत गड़बड़, धनलाभ, वृथाविवाद से बचें, अच्छे लोगों से मेल, स्त्रीसुख, कार्यान्तर से लाभ। सितं. 16, 17, 26, 27; अक्तू. 5, 6, 13, 14 अशुभ।
मिथुन	अचानक कष्ट, गुप्तचिन्ता, स्त्रीपक्ष से लाभ, असफल योजना, कार्यान्तर से हानि। जुला. 16, 17, 25, 26, 27; अग. 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।	मिथुन	सेहत गड़बड़, वृथाव्यय, भ्रातृकष्ट, शत्रु बढ़ें। स्त्रीपक्ष से चिन्ता, मासान्त में हानिभय। अग. 22, 23; सितं. 1, 2, 9, 10 अशुभ।	मिथुन	धनहानि, कारोबार कमजोर, चिन्ता बढ़े, खर्च विशेष, स्त्रीपक्ष से लाभ। सितं. 18, 19, 20, 28, 29; अक्तू. 7, 8, 15, 16 अशुभ।
कर्क	धनहानि, सम्पत्तिविवाद, निजीलोगों से अनबन, गुप्तचिन्ता, शनि–मंगल का दान करें। जुला. 18, 19, 20, 28, 29, 30; अग. 7, 8, 15 अशुभ।	कर्क	कफ–वायुविकार, वृथाविवाद से दूर रहें, नई योजना से लाभ, स्त्रीसुख, मासान्त अशुभ। अग. 16, 24, 25, 26; सितं. 3, 4, 11, 12 अशुभ।	कर्क	अर्थलाभ होकर हानि हो, मित्रों से लाभ, नई योजना, स्त्रीकष्ट, कारोबार में हानि। सितं. 20, 21, 22, 30; अक्तू. 1, 2, 9, 10 अशुभ।
सिंह	सेहत ठीक, वृथाव्यय, सन्तानसुख, कारोबार कुछ ठीक, निजीजन सहयोग, मासान्त में राजभय। जुला. 21, 22, 31; अग. 1, 9, 10 अशुभ।	सिंह	नेत्रकष्ट, उदरविकार, सम्पदालाभ, कारोबार कमजोर, सन्तानपक्ष से चिन्ता। अग. 17, 18, 27, 28; सितं. 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।	सिंह	सेहत ठीक, अर्थलाभ, बन्धुकष्ट, सम्पत्तिलाभ, स्त्रीपक्ष से चिन्ता। सितं. 23, 24, 25; अक्तू. 2, 3, 4, 11, 12 अशुभ।
कन्या	उदरविकार, वृथाव्यय, मित्रों से मदद, घरेलू झंझट बढ़े। कारोबार कमजोर। जुला. 23, 24, 25; अग. 2, 3, 11, 12 अशुभ।	कन्या	राजपक्ष से भय, लड़ाई–झगड़ों से दूर रहें, निजीजन सहयोग, स्त्रीकष्ट, कारोबार कमजोर। अग. 19, 20, 21, 29, 30, 31; सितं. 7, 8 अशुभ।	कन्या	सेहत ठीक, कारोबार से लाभ, भ्रातृसुख, स्थिर सम्पत्ति–लाभ, गुप्तचिन्ता। सितं. 16, 17, 26, 27; अक्तू. 5, 6, 13, 14 अशुभ।
तुला	गुप्तचिन्ता, स्त्रीपक्ष से कष्ट, वृथाव्यय, शत्रु प्रबल, अचानक कष्ट। जुला. 16, 17, 25, 26, 27; अग. 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।	तुला	रक्त–पित्तविकार, धनलाभ होकर हानि हो, बन्धुकष्ट, यात्रा हो, स्त्रीसुख, कारोबारसम्बन्धी चिन्ता। अग. 22, 23; सितं. 1, 2, 9, 10 अशुभ।	तुला	सेहत ठीक, अर्थलाभ, वृथाव्यय, चोरों से सावधान, राजपक्ष से भय। सितं. 18, 19, 20, 28, 29; अक्तू. 7, 8, 15, 16 अशुभ।
वृश्चिक	घरेलू झंझट, विवाद से दूर रहें, यात्रा में कष्ट, दुर्घटनाभय, शनि–मंगल को यात्रा में सावधानी। जुला. 18, 19, 20, 28, 29, 30; अग. 7, 8, 15 अशुभ।	वृश्चिक	गुप्तचिन्ता, अपमानभय, बन्धुकष्ट, नई उलझनें पेश आएं, कार्यान्तर से हानि। अग. 16, 24, 25, 26; सितं. 3, 4, 11, 12 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत ठीक, स्त्रीसुख, निजीजन विरोध, कारोबार ठीक, आय से व्यय अधिक। सितं. 20, 21, 22, 30; अक्तू. 1, 2, 9, 10 अशुभ।
धनु	सेहत ठीक, धनलाभ, घरेलू झंझट बढ़ें, निजीलोगों से अनबन, कारोबार में रद्दोबदल। जुला. 21, 22, 31; अग. 1, 9, 10 अशुभ।	धनु	विशेष कष्टभय, राजपक्ष अशुभ, स्त्रीसुख, स्थानान्तरण का विचार, शत्रु हतप्रभ। अग. 17, 18, 27, 28; सितं. 5, 6, 13, 14, 15 अशुभ।	धनु	सेहत गड़बड़, राजपक्ष से भय, वृथाविवाद से दूर रहें, अपमानभय, गुप्त शत्रु से सावधान। सितं. 23, 24, 25; अक्तू. 2, 3, 4, 11, 12 अशुभ।
मकर	कफ–वायुविकार, रिश्तेदारों से अनबन, घरेलू झंझट बढ़ें, स्त्रीसुख, कारोबार कमजोर। जुला. 23, 24, 25; अग. 2, 3, 11, 12 अशुभ।	मकर	कफ–वायुविकार, अर्थहानि, भ्रातृसुख, सम्पत्तिलाभ, सन्तानपक्ष से कष्ट, स्त्रीपक्ष से अनबन, कारोबार ठीक। अग. 19, 20, 21, 29, 30, 31; सितं. 7, 8 अशुभ।	मकर	उदरविकार, भ्रातृसुख, मित्रों से अनबन, सन्तानपक्ष से खुशी, स्त्री कष्ट, कारोबार ठीक। सितं. 16, 17, 26, 27; अक्तू. 5, 6, 13, 14 अशुभ।
कुम्भ	सेहत ठीक, वृथाव्यय, बन्धु सहयोग, कारोबार ठीक, सन्तानपक्ष से चिन्ता, मासान्त में कष्ट। जुला. 16, 17, 25, 26, 27; अग. 4, 5, 6, 13, 14 अशुभ।	कुम्भ	कष्टभय, भ्रातृपक्ष से मदद, मित्रों से अनबन, शत्रु बढ़ें, गुप्तरोग, कारोबार ठीक। अग. 22, 23; सितं. 1, 2, 9, 10 अशुभ।	कुम्भ	कफ–वायुविकार, निजीजन कष्ट, कारोबार ठीक, सम्पत्तिलाभ, शत्रु कमजोर, स्त्रीकष्ट। सितं. 18, 19, 20, 28, 29; अक्तू. 7, 8, 15, 16 अशुभ।
मीन	उदर व नेत्रकष्ट, दोस्तों से अनबन, स्त्रीकष्ट, कारोबार कुछ ठीक, मासान्त में धनलाभ। जुला. 18, 19, 20, 28,	मीन	मन परेशान रहे, घरेलू झंझट बढ़ें, असफल योजना, कारोबार कमजोर, कारोबार पहले से ठीक। अग. 16, 24,	मीन	नेत्रकष्ट, अर्थलाभ हो, नई योजना से लाभ, स्त्री से अनबन, कारोबार ठीक, यशोलाभ। सितं. 20, 21, 22,

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2067 वि.)

राशि	कार्तिक (17 अक्तू. से 15 नवं. तक, सन् 2010 ई.)	राशि	मार्गशीर्ष (16 नवं. से 15 दिसं. तक, सन् 2010 ई.)	राशि	पौष (16 दिसं., '10 से 13 जन. तक सन् 2011 ई.)
मेष	राजपक्ष से भय, लाभ होकर हाथ से निकले, उत्साह बढ़े, दोस्तों से अनबन, सन्तानकष्ट। अक्तू. 20, 21, 22, 30, 31; नवं. 7, 8 अशुभ।	मेष	राजभय, धनहानि, बन्धु-भ्रातृकष्ट, सम्पत्तिविवाद, नए कारोबार में हानि, विरोधीपक्ष प्रबल, आय से व्यय अधिक। नवं. 17, 18, 26, 27; दिसं. 4, 5, 6, 14, 15 अशुभ।	मेष	कष्टभय, राजपक्ष से हानि, वृथाव्यय, मित्र-बन्धु से मदद, स्त्रीपक्ष शुभ, कारोबार ठीक। दिसं. 16, 23, 24; जन.(2011 ई.) 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।
वृष	सिर व नेत्रकष्ट, अर्थहानि होकर अचानक लाभ हो, शत्रु प्रबल, कारोबार से लाभ। अक्तू. 23, 24; नवं. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	वृष	उदरविकार, धनलाभ होकर हानि, उत्साह बना रहे, यात्रा में कष्ट, शुभ समाचार, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार कमजोर। नवं. 19, 20, 21, 28, 29; दिसं. 7, 8 अशुभ।	वृष	हाथ तंग रहे, कर्जा बढ़े, भाई व मित्र से मदद, ऐशो-इशरत में मन लगे, शनि-राहु का दान करें। दिसं. 16, 17, 18, 25, 26, 27; जन. (2011 ई.) 3, 4, 13 अशुभ।
मिथुन	मन चिन्तित रहे, धनहानि, आय से व्यय अधिक, गुप्तचिन्ता, कारोबार कमजोर। अक्तू. 17, 25, 26, 27; नवं. 3, 4, 12, 13 अशुभ।	मिथुन	सेहत गड़बड़, घरेलू झंझट, बन्धुकष्ट, अच्छे लोगों से मेल, सन्तानपक्ष शुभ, कारोबार ठीक। नवं. 21, 22, 23, 30; दिसं. 1, 9, 10 अशुभ।	मिथुन	सेहत गड़बड़, कारोबार में लाभ, घरेलू झंझट, नई योजना से हानि, कारोबार पहले से बेहतर। दिसं. 19, 20, 27, 28, 29; जन. (2011 ई.) 5, 6, 7 अशुभ।
कर्क	बन्धनभय, अर्थलाभ होकर वृथाव्यय हो, मित्र-बन्धुकष्ट, स्त्रीसुख, कारोबार में हानि। अक्तू. 18, 19, 27, 28, 29; नवं. 5, 6, 14, 15 अशुभ।	कर्क	कफ-वायुविकार, धनलाभ, सन्तानपक्ष से चिन्ता, स्त्रीसुख, कारोबार में रुकावट, आय से व्यय अधिक। नवं. 16, 24, 25; दिसं. 2, 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।	कर्क	सेहत ठीक, शुभ समाचार, मित्र से अनबन, मासमध्य में विशेष खर्च, कारोबार पूर्ववत्। दिसं. 21, 22, 30, 31; जन. (2011 ई.) 8, 9 अशुभ।
सिंह	शरीरकष्ट, अर्थलाभ हो, निजीजन सहयोग, गुप्तचिन्ता, कारोबार बिगड़े। अक्तू. 20, 21, 22, 30, 31; नवं. 7, 8 अशुभ।	सिंह	शरीर-पीड़ा, धनलाभ होकर हानि हो, भाई से मदद, स्त्रीसुख, कार्यान्तर का विचार, यात्रा में कष्ट। नवं. 17, 18, 26, 27; दिसं. 4, 5, 6, 14, 15 अशुभ।	सिंह	सेहत ठीक, आमदन से खर्च अधिक, उत्साह बढ़े, पार्टनरशिप में लाभ,अचानक धनलाभ। दिसं. 16, 23, 24; जन.(2011 ई.) 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।
कन्या	अचानक कष्टभय, धनलाभ, मित्रों से अनबन, कलंकभय, कारोबार में रद्दोबदल। अक्तू. 23, 24; नवं. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	कन्या	रक्त-पित्तविकार, उत्साह बना रहे, गुप्तचिन्ता, नए कारोबार से लाभ, शत्रु सिर उठाएं। नवं. 19, 20, 21, 28, 29; दिसं. 7, 8 अशुभ।	कन्या	अर्थहानि, घरेलू उलझनें बढ़ें, स्त्रीकष्ट, कारोबार कुछ ठीक, मानसिक परेशानी बनी रहे। दिसं. 16, 17, 18, 25, 26, 27; जन. (2011 ई.) 3, 4, 13 अशुभ।
तुला	सेहत ठीक, धनलाभ, बन्धुकष्ट-भय, जमीन से लाभ, स्त्रीपक्ष से कष्ट, कारोबार पहले से अच्छा। अक्तू. 17, 25, 26, 27; नवं. 3, 4, 12, 13 अशुभ।	तुला	सेहत ठीक, वृथाव्यय असफल योजना, अचानक यात्रा, अच्छे मित्र बनें, कारोबार ठीक। नवं. 21, 22, 23, 30; दिसं. 1, 9, 10 अशुभ।	तुला	सेहत गड़बड़, मित्रकष्ट, सन्तानपक्ष शुभ, नई योजना से लाभ, कारोबार ठीक। दिसं. 19, 20, 27, 28, 29; जन. (2011 ई.) 5, 6, 7 अशुभ।
वृश्चिक	सेहत ठीक, अच्छे लोगों से मेल, शुभ समाचार, अचानक लाभ होकर हानिभय। अक्तू. 18, 19, 27, 28, 29; नवं. 5, 6, 14, 15 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत गड़बड़, मित्र-बन्धुसुख, नीच से अपमानभय, कारोबार बेहतर, नई योजना से कारोबार में लाभ। नवं. 16, 24, 25; दिसं. 2, 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।	वृश्चिक	शुभ समाचार, सम्पत्तिसुख, लेकिन घरेलू झंझट बढ़ें, कारोबार बढ़े, शत्रु कमजोर। दिसं. 21, 22, 30, 31; जन. (2011 ई.) 8, 9 अशुभ।
धनु	कष्टभय, धनलाभ, भाई-बन्धु कष्ट, गुप्तशत्रु से सावधान, कारोबार बेहतर। अक्तू. 20, 21, 22, 30, 31; नवं. 7, 8 अशुभ।	धनु	मन अशांत, मित्र-बन्धु से मदद, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार कुछ कमजोर, आय से व्यय अधिक। नवं. 17, 18, 26, 27; दिसं. 4, 5, 6, 14, 15 अशुभ।	धनु	सेहत ठीक, धनलाभ होकर हाथ से निकले, अच्छे लोगों से मेल हो, स्त्रीपक्ष से लाभ। दिसं. 16, 23, 24; जन. (2011 ई.) 1, 2, 10, 11, 12 अशुभ।
मकर	सेहत ठीक, राजपक्ष शुभ, मित्र-बन्धु सहयोग, शत्रु कमजोर, आय से व्यय अधिक। अक्तू. 23, 24; नवं. 1, 2, 9, 10, 11 अशुभ।	मकर	खुशी का समाचार मिले, आमदन हो, अच्छे लोगों से मेल, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक। नवं. 19, 20, 21, 28, 29; दिसं. 7, 8 अशुभ।	मकर	नई योजना, नए कारोबार से लाभ, अर्थलाभ, मित्र-बन्धु से मदद, स्त्रीसुख, मासान्त में खर्च विशेष। दिसं. 16, 17, 18, 25, 26, 27; जन. (2011 ई.) 3, 4, 13 अशुभ।
कुम्भ	शरीरकष्ट, अच्छी आय-व्यय भी हो, बन्धुसुख, सन्ततिकष्ट, अचानक अशान्ति का कारण बने। अक्तू. 17, 25, 26, 27; नवं. 3, 4, 12, 13 अशुभ।	कुम्भ	कष्ट बढे, शत्रु प्रबल, मित्रों से मदद, आमदन ठीक, सन्तानपक्ष से चिन्ता, कार्यान्तर से लाभ। नवं. 21, 22, 23, 30; दिसं. 1, 9, 10 अशुभ।	कुम्भ	उत्साह बढ़े, आमदन अच्छी हो, बन्धुजन सहयोग, शत्रु प्रबल, कारोबार ठीक। दिसं. 19, 20, 27, 28, 29; जन. (2011 ई.) 5, 6, 7 अशुभ।
मीन	कष्टभय, अर्थहानि से चिन्ता, दोस्तों से अनबन, सन्तानपक्ष शुभ, गुप्तशत्रु से सावधान। अक्तू. 18, 19, 27, 28, 29; नवं. 5, 6, 14, 15 अशुभ।	मीन	सेहत ठीक, धनलाभ हो, निजीजनों से अनबन, कारोबार में सफलता, उत्साह व पराक्रम बढ़े। नवं. 16, 24, 25; दिसं. 2, 3, 4, 11, 12, 13 अशुभ।	मीन	सेहत ठीक, अचानक खर्च हो, शुभयात्रा, नई योजना, कर्जे से बचें, मासान्त में व्यय अधिक। दिसं. 21, 22, 30, 31; जन. (2011 ई.) 8, 9 अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सम्वत् 2067वि.)

राशि	माघ (14 जन. से 12 फर. तक, सन् 2011 ई.)	राशि	फाल्गुन (13 फर. से 13 मार्च तक, सन् 2011 ई.)	राशि	चैत्र (14 मार्च से 13 अप्रै. तक, सन् 2011 ई.)
मेष	स्थानहानिभय, वृथाव्यय, भाई से मदद, घरेलू झंझट, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में रुकावट। जन. 20, 21, 28, 29; फर. 7, 8 अशुभ।	मेष	वृथाविवाद से दूर रहें, राजपक्ष से भय, विशेष खर्च, अच्छे लोगों से मदद मिले, सन्तानपक्ष से चिन्ता। फर. 16, 17, 24, 25, 26; मार्च 6, 7 अशुभ।	मेष	अचानक कष्टभय, कर्जा चढ़े, निजीजनों से अनबन,कारोबार ठप्प, स्त्रीपक्ष से लाभ। मार्च 16, 17, 24, 25; अप्रै. 2, 3, 4, 12, 13 अशुभ।
वृष	धनलाभ, नए कार्य की योजना, वृथाविवाद से बचें, अचानक नुक्सान का डर। जन. 14, 22, 23, 30, 31; फर. 1, 9, 10, 11 अशुभ।	वृष	सेहत ठीक, कारोबार से अचानक लाभ, निजीजनकष्ट, सन्तानहेतु विशेष खर्च, कारोबार बेहतर। फर. 18, 19, 26, 27, 28; मार्च 8, 9, 10 अशुभ।	वृष	क्रोध बढ़े, शत्रु प्रबल हों, कार्यान्तर से लाभ, निजीलोगों से अनबन, आय से व्यय अधिक। मार्च 18, 19, 26, 27; अप्रै. 5, 6 अशुभ।
मिथुन	अचानक कष्टभय, धनलाभ, निजीजन कष्ट, स्त्रीसुख, कार्यान्तर व स्थानान्तर का विचार। जन. 15, 16, 17, 24, 25; फर. 2, 3, 12 अशुभ।	मिथुन	सेहत ठीक, धनलाभ, भाई–बन्धु से अनबन, सन्तानपक्ष शुभ, स्त्रीसुख, कारोबार में प्रगति। फर. 13, 20, 21; मार्च 1, 2, 11, 12 अशुभ।	मिथुन	सेहत ठीक, घरेलू झंझट बढ़ें खर्च अधिक, स्त्रीकष्ट, कारोबार में रुकावट। मार्च 20, 21, 28, 29, 30; अप्रै. 7, 8, 9 अशुभ।
कर्क	कफ–वायुविकार, घरेलू झंझट बढ़ें, चोटभय, कारोबार ठीक, यात्रा में कष्ट। जन. 18, 19, 26, 27; फर. 4, 5, 6 अशुभ।	कर्क	उत्साह बढे, वृथाव्यय हो, बुरे कामों में मन लगे, कारोबार में हानि, कर्जा सिर चढ़े। फर. 14, 15, 22, 23; मार्च 3, 4, 5, 13 अशुभ।	कर्क	उदरविकार, आमदन हो, गुप्तशत्रु से सावधान, कारेबार में तरक्की। मार्च 14, 15, 22, 23, 31; अप्रै. 1, 10, 11 अशुभ।
सिंह	सेहत ठीक, चोरी–ठगी से हानि, स्त्रीसुख, कारोबार ठीक, वृथाविवाद से दूर रहें। जन. 20, 21, 28, 29; फर. 7, 8 अशुभ।	सिंह	शरीरकष्ट, आय से व्यय अधिक, निजीजन विरोध, स्त्रीपक्ष से लाभ, कारोबार में सुधार। फर. 16, 17, 24, 25, 26; मार्च 6, 7 अशुभ।	सिंह	वृथाविवाद से दूर रहें, धनहानि का योग है, निजीजन से मदद, असफल योजना, स्त्रीसुख। मार्च 16, 17, 24, 25; अप्रै. 2, 3, 4, 12, 13 अशुभ।
कन्या	उदर व सिरपीड़ा, धनहानि भय, मित्र से धोखा, निजीजन कष्ट, कारोबार में लाभ। जन. 14, 22, 23, 30, 31; फर. 1, 9, 10, 11 अशुभ।	कन्या	मनपरेशान, कारोबार कमजोर, निजीजन हेतु विशेष खर्च, कर्जा चढ़े, घरेलू झंझट। फर. 18, 19, 26, 27, 28; मार्च 8, 9, 10 अशुभ।	कन्या	क्रोध बढ़े, राजपक्ष से भय, घरेलू झंझट, कारोबार में रद्दोबदल, मासान्त में विशेष खर्च। मार्च 18, 19, 26, 27; अप्रै. 5, 6 अशुभ।
तुला	धनहानि भय, राजपक्ष से चिन्ता, सन्तानहेतु विशेष खर्च, स्त्रीकष्ट, कारोबार में प्रगति। जन. 15, 16, 17, 24, 25; फर. 2, 3, 12 अशुभ।	तुला	आय से व्यय अधिक, बन्धुकष्ट, नई योजना व कारोबार में हानि, मासान्त अच्छा रहे। फर. 13, 20, 21; मार्च 1, 2, 11, 12 अशुभ।	तुला	विरोधीपक्ष प्रबल रहे, विशेष खर्च, चोट से बचें, लड़ाई–झगड़े से दूर रहें, कार्यान्तर का विचार। मार्च 20, 21, 28, 29, 30; अप्रै. 7, 8, 9 अशुभ।
वृश्चिक	अच्छे लोगों से मेल, आय से व्यय अधिक, सुखद यात्रा, नए कार्य में हानिभय। जन. 18, 19, 26, 27; फर. 4, 5, 6 अशुभ।	वृश्चिक	शरीरपीड़ा, भाई से अनबन, सम्पत्तिविवाद, शत्रु बढ़ें, स्त्रीपक्ष ठीक, कार्यान्तर से लाभ। फर. 14, 15, 22, 23; मार्च 3, 4, 5, 13 अशुभ।	वृश्चिक	सेहत ठीक, फिजूल खर्च हो, भाई से मदद, मित्र से मनमुटाव, सन्तानपक्ष से खुशी। मार्च 14, 15, 22, 23, 31; अप्रै. 1, 10, 11 अशुभ।
धनु	नई योजनाएं बनें, भाई के साथ मेल, बन्धुकष्ट, सन्तानपक्ष से सुख, कारोबार में रद्दोबदल। जन. 20, 21, 28, 29; फर. 7, 8 अशुभ।	धनु	कफ–वायुविकार, वृथाव्यय, बन्धुसुख, सन्तान से परेशानी, कारोबार में रद्दोबदल, खर्च अधिक। फर. 16, 17, 24, 25, 26; मार्च 6, 7 अशुभ।	धनु	कष्टभय, वृथाविवाद, मित्रों से मदद, गुप्तचिन्ता, कारोबार कमजोर, धोखे से बचें। मार्च 16, 17, 24, 25; अप्रै. 2, 3, 4, 12, 13 अशुभ।
मकर	धनलाभ, निजीजनविरोध, सम्पदासुख,मासमध्य में शुभ समाचार, कार्यान्तर से लाभ। जन. 14, 22, 23, 30, 31; फर. 1, 9, 10, 11 अशुभ।	मकर	मन में गुप्त चिन्तनीय कष्ट, नेत्रकष्ट, भाई से मदद, मित्र–बन्धु से अनबन, सन्तानपक्ष से शुभ समाचार। फर. 18, 19, 26, 27, 28; मार्च 8, 9, 10 अशुभ।	मकर	उदरविकार, धनलाभ, घरेलू लागों से अनबन, मित्रों से सहयोग मिले, स्त्रीपक्ष से चिन्ता। मार्च 18, 19, 26, 27; अप्रै. 5, 6 अशुभ।
कुम्भ	सेहत ठीक, अर्थहानिभय, राजपक्ष से चिन्ता, नई योजना, स्त्रीपक्ष से लाभ, मासान्त ठीक। जन. 15, 16, 17, 24, 25; फर. 2, 3, 12 अशुभ।	कुम्भ	शत्रु कमजोर, खर्च अधिक हो, घरेलू झंझट बढ़ें, मानसिक अशान्ति बढ़े, कर्जा चढ़े। फर. 13, 20, 21; मार्च 1, 2, 11, 12 अशुभ।	कुम्भ	सेहत ठीक, धनहानिभय, अच्छे लोगों से मदद, शत्रु बढ़ें, स्त्रीसुख, कारोबार में रद्दोबदल। मार्च 20, 21, 28, 29, 30; अप्रै. 7, 8, 9 अशुभ।
मीन	उदरविकार, धनलाभ होकर हाथ से निकले, कर्जा बढ़े, मित्र–बन्धु से मदद, स्त्रीकष्ट। जन. 18, 19, 26, 27; फर. 4, 5, 6 अशुभ।	मीन	प्रभावक्षेत्र बढ़े, अर्थलाभ होकर हानि हो, मित्र–बन्धुसुख, मासमध्य में कष्टप्रद समाचार। फर. 14, 15, 22, 23; मार्च 3, 4, 5, 13 अशुभ।	मीन	क्रोध बढ़े, कारोबार में रुकावट, धनलाभ, शत्रु प्रबल, कारोबार में रद्दोबदल। मार्च 14, 15, 22, 23, 31; अप्रै. 1, 10, 11 अशुभ।

अथ वर्षराजादि फल विचार (संवत् २०६७ वि.)

(सन् २०१०–११ ई. की ग्रहपरिषद् का विवरण)

कल्पादि से गत वर्ष १९७२९४९१११, सृष्टि संवत् १९५५८८५१११, श्रीविक्रम संवत् २०६७, शक संवत् १९३२, श्रीकृष्ण जन्म संवत् ५२४६, कलि-संवत् ५१११, सप्तर्षि-संवत् ५०८६, श्रीजैन महावीर निर्वाण संवत् २५३५-३६, श्रीबुद्ध संवत् २६३३-३४, हिजरी सन् १४३१-३२, फसली सन् १४१७-१८, ईस्वी सन् २०१०–११ ।

वर्षारम्भ में गुरुमान से विष्णुविंशति का 'शोभन' नामक संवत्सर है। इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है;–

" शोभने वत्सरे धात्री प्रजानां रोगशोकदा।
तथापि सुखिनो लोका बहु–सस्यार्थ–वृष्टिभिः।।"

अर्थात्– 'शोभन' नामक संवत्सर में प्रजा में नानाविध रोगों से परेशानी रहे (दुर्घटना किंवा प्राकृतिक–प्रकोपजन्य कष्टों से) अनेकत्र जनता शोकाकुल रहे। (पुनरपि विश्व के अनेक भागों में) जनता में सुख एवं धन–धान्य–समृद्धि रहेगी। वर्षा अधिक हो।

'मेघ महोदय' के अनुसार 'शोभन' वत्सर का फल इस प्रकार है;–

"शोभने राज्ञां प्रजानां च सुखम्। अतिवर्षा, चैत्रादि मासत्रये धान्यं समर्घम्। राजविग्रहः क्वचिदुत्पातः, आषाढ़ेऽल्पमेघः, श्रावणेऽतिवर्षा, परं लोकपीड़ा, भाद्रपदे महान् मेघः। आश्विने सुभिक्षं ततोऽपि किञ्चिद् विग्रहः।"

इस संवत् का राजा (ग्रहपरिषद् के प्रधान) मंगल, मन्त्री बुध, सस्येश (चौमासी फसलों के स्वामी) शुक्र, धान्येश (शीतकालीन फसलों के स्वामी) गुरु, मेघेश (मौसम, वर्षा–पानी के स्वामी) मंगल, रसेश (गुड़–खाण्ड, रसकस आदि के स्वामी) सूर्य, नीरसेश (सर्वविध धातु आदि व्यापार के स्वामी) शुक्र, फलेश (फल–फूल आदि के स्वामी) चन्द्र, धनेश (धन–दौलत एवं खजाना के स्वामी) गुरु एवं दुर्गेश (सुरक्षा एवं प्रतिरक्षा के स्वामी) चन्द्र हैं।

संवत् २०६७ वि. के उल्लिखित पदाधिकारियों का फल इस प्रकार है;–

(१) संवत्सर २०६७ वि. के राजा मंगल का फल–

" भौमे नृपे वह्निभयं जनक्षयः चौराक्रमः पार्थिव–विग्रहश्च।
दुःखं प्रजा-व्याधि-वियोगपीड़ा स्वल्पं पयो मुञ्चति वारिवाहः।।"

अर्थात्– संवत्सर का राजा मंगल होने से अग्निकाण्ड से हानि हो, (प्राकृतिक उत्पात, रोगादि किंवा उग्रवादजन्य घटनाओं से) जनहानि हो। चोरी–ठगी आदि की घटनाएं अधिक हों। शासकों में परस्पर कलह किंवा देश की सीमाओं पर युद्धजन्य विभीषिका रहे। प्रजा(अनेकविध हेतुओं से) दुखी, रोग किंवा प्रियजनविछोह से पीड़ित रहे। वर्षा की अनेकत्र कमी अनुभव हो।

(२) मन्त्री बुध का फल–

"'शशि–सुते शुभमन्त्रिपदं गते स्वपतिना रमते मदनप्रिया।
बहुधनं बहुवारि–समन्वितं यव–मसूर–चणान्नमहर्घता।।"

अर्थात्– बुध के मन्त्रि होने पर स्त्रियां अपने जीवन–साथी के साथ ऐशो–इशरत में अधिक मन लगाएं। जनता में धन–धान्य–समृद्धि एवं वर्षा अधिक हो; जौ, मसूर, चना आदि अनाजों की फसल को हानि पहुंचने से महँगाई बढ़े।

(३) सस्येश शुक्र का फल–

"'शुक्रो यदा धान्यपतिर्धरायां मेघो जलं वर्षति शोभनं प्रियम्।
गोधूम–शालीक्षु–धनं प्रियंगु–वृक्षेषु पुष्पाणि सुखप्रदानि।।"

अर्थात्– शुक्र के सस्येश होने पर वर्षा पर्याप्त एवं सुखकरी हो। गोधूम

(गेहूं), चावल एवं ईख की फसल बहुत अच्छी हो। प्रियंगु वृक्षों पर लगे फूल सुखप्रद रहें।

(४) धान्येश गुरु का फल-

" गुरौ धान्यपतौ जाते यव गोधूम–शालयः।
पच्यन्ते सर्वदेशेषु यज्वानो ब्रह्मवादिनः।।"

अर्थात्– गुरु धान्येश हो तो जौ, गेहूं, चावल की परिपक्वता एवं उपज उत्तम हो। ब्राह्मणवर्ग अपने यज्ञ–यजनादि कार्यों में तत्पर रहे।

(५) मेघेश भौम का फल-

" अवनिजे जलदस्य पतौ भुवि श्रुतिविचारविहीन–धरामराः।
क्वचिदपि प्रचुरं जलमल्पकं क्वचिदपि प्रशमः बहुतापदः।।"

अर्थात्– मंगल मेघेश हो तो द्विजवर्ग वेद–विचार विहीन (अपने कर्तव्य से विमुख) रहे। कहीं वर्षा कम, कहीं बाढ़ की स्थिति बने। कहीं शीत, कहीं गर्मी अधिक अनुभव हो।

(६) रसेश सूर्य का फल-

"रसपतिः तरणिः धरणी तदा विरस–भोगरताल्प–पयोधरा।
वसन–तैल–घृतप्रिय–मानवा सुखरसं न भुनक्ति महीपतिः।।"

अर्थात्– सूर्य रसेश हो तो रसपदार्थ (घी, दूध आदि) कम हों। वर्षा–पानी की कमी अनुभव हो। वस्त्र–तेल–घी आदि के इच्छुक व्यक्तियों को इन वस्तुओं की आपूर्ति संभव न होगी। शासकवर्ग एवं राजा लोगों को भी सुख न मिले।

(७) नीरसेश शुक्र का फल-

" कर्पूरागरु–गन्धानां हेम–मौक्तिक–वाससाम्।
अर्घवृद्धिः प्रजायेत नीरसेशो भृगुर्यदि ।।"

अर्थात्– शुक्र नीरसेश हो तो कपूर, अगर, गन्ध, सोना, मोती, वस्त्र आदि के मूल्य में वृद्धि हो।

(८) फलेश चन्द्र का फल-

" यदि विधुः फलपो द्रुमराशयः फलयुता बलिभिः कुसुमैर्युताः।
द्विजवराः वरभोग–समन्विता नृपगणो नय–नाटन–तत्परः।।"

अर्थात्– चन्द्रमा फलेश हो तो वृक्षों में फल–फूल–समृद्धि रहे। बेलें फूलों से सुशोभित रहें। विप्रवर अच्छे (सात्विक) भोजन करें। राजा लोग न्यायपथ पर चलें, किंवा न्याय का प्रदर्शनमात्र करें।

(९) धनेश गुरु का फल-

"सुमनसां च गुरुर्द्रविणाधिपो वणिज-वृत्तिपराः सुखभाजिनः।
फलित-पुष्पित-भूमिरुहाःसदा विविध-द्रव्ययुता भुवि मानवाः।।"

अर्थात्– बृहस्पति धनेश हो तो व्यापारिक व्यक्ति व्यापारक्षेत्र में सुख अनुभव करें। वृक्ष–फल–फूलों से सुसज्जित रहें। नाना प्रकार के वैभव एवं धन–धान्य की समृद्धि जनता में रहे।

(१०) दुर्गेश चन्द्र का फल-

" गढपतिर्मृग–लांछनको यदा नृप–सुराज्य–विलासितपौरजाः।
बहुधनेक्षुज–गोरस– भोगिनो नरवरा वरवर्णित– विग्रहाः।।"

अर्थात्– चन्द्रमा दुर्गेश हो तो शासकवर्ग अच्छे ढंग से शासन करें। प्रजा में आनन्दमय वातावरण रहे। ईख, गुड़, घी(गोरस) के व्यापार से अच्छा लाभ हो। श्रेष्ठ लोग सुन्दर परिधानयुत एवं सुन्दर (स्वस्थ) शरीर वाले हों।

सूचना– यद्यपि वर्ष के इन दशाधिकारियों का फल सर्वत्र होता है। किन्तु विशेषतः राजा का फल काश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़ देश में; मन्त्री का फल आन्ध्र, वाल्हीक, उज्जैन एवम् मालवा में; सस्येश का पौण्ड्र, विदर्भ में; **धान्येश** का गुजरात, नर्मदा के तटवर्ती प्रदेश एवं मध्यप्रदेश में; मेघेश का मगध एवं बंगाल में; रसेश का कोंकण एवं गोवा में; नीरसेश का मालवा व बिहार में; **धनेश** का राजस्थान एवं बाड़मेर में; फलेश, दुर्गेश एवं राजा का फल सब जगह विशेष होता है।

वर्षादि के विश्वामान

वर्षाविश्वा ५, धान्य १७, तृण १५, शीत १५, तेज ११, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ३, तृषा १५, निद्रा ३, आलस्य १३, उद्यम ५, शांति १५, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ६ फल १३, उत्साह ११, उग्रता ७, पाप ५, पुण्य ६, व्याधि ७, व्याधिनाश ३, आचार १, अनाचार ५, मृत्यु १, जन्म ६ देशोपद्रव १५, देशस्वास्थ्य ३, चौर ९, चौरनाश १, अग्नि १५, अग्निशांति १, उदभिज्ज ३, जरायुज ३, अण्डज ३, स्वेदज ३, टिड्डी १५, तोता ७, मूषक ११, सोना ७, तांबा ५, स्वचक्र ३, [illegible] हैं।

आवर्तकादि चतुर्मेघों में "पुष्कर" नामक मेघ है।

फलः– 'पुष्कर' नामक मेघ की स्थिति में कन्दमूल फल (Underground Fruits) अधिक मात्रा में उपलब्ध न हों। अनैतिक कृत्यों (पापों) में वृद्धि हो। नानाविध रोगों से जनता परेशान हो। वर्षा की अनेकत्र कमी अनुभव हो–

"नैव कन्दफल–मूल–विवृद्धिर्जायते विविधपातक–वृद्धिः।
रोगतो जनकृशत्वमनल्पं पुष्करे जलधरे जलमल्पकम्।।"

किञ्च– "पुष्करे मन्दवृष्टिःस्यात्"– अर्थात् वर्षा की कमी अनुभव हो।

नवमेघविचार– इसवर्ष नवमेघों में 'नील' नामक मेघ है।

फल– "सत्पयो दिशति गोकुल-पूर्णा वस्त्रताखिल मही परिपूर्णा।
नीलनाम्नि जलदे जलवृष्टिः जायते सकल–मानव–तुष्टिः।।"

अर्थात्– गोरस (दूध, घी आदि) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। रुई, कपास की फसल बहुत अच्छी हो। वर्षा अच्छी हो। जनता प्राकृतिक सम्पदा–समृद्धि से सन्तुष्ट रहे।

किञ्च– "नीलः क्षिप्रं हि वर्षति"– वर्षा पर्याप्त, किंवा कहीं अगेती (समय से पूर्व) वर्षा भी हो।

अनन्तादि अष्टनागविचार– इस वर्ष अनन्तादि अष्टनागों में 'शंख' नामक नाग है।

फल– पूर्वोत्तरी भारत में कहीं प्राकृतिक आपदा (तूफान, भूकम्प, भूस्खलन आदि) से भारी हानि के योग बनेंगे। दक्षिणी क्षेत्रों में उग्रवादजन्य अशान्ति, समुद्री तूफान आदि आपदा से संवत् २०६७ वि. में भारी हानि के योग बनेंगे। उत्तरी भारत में कहीं अवर्षण किंवा अतिवर्षण से कृषकवर्ग परेशान रहे। 'शंख' नामक नाग की अवधि में रोग–सर्पदंश की घटनाओं से जनता परेशान रहे। अग्निकाण्ड की घटनाएं अधिक हों एवं पाकिस्तान आदि मुस्लिम देशों में उग्रवाद भयंकररूप धारण करे।

सुबुध्नादि द्वादश नागों का फल– इस संवत् में बारह नागों में 'नन्दसारी' नामक नाग है।

फल– "यस्मिन् वर्षे नागराजो नन्दसार्यभिधानकः।
तस्मिन् वर्षे महावृष्टिं कुरुते नात्र संशयः।।"

अर्थात्– 'नन्दसारी' नाग की स्थिति में (कुछ भूभाग किंवा प्रान्तों में) महावृष्टि से बाढ़ आदि की स्थिति बनेगी। कहीं समुद्री तूफान से भी हानि संभव है।

आवह आदि "सप्तवायु" विचार– इस वर्ष ' वायुसप्तक में **'आवाह'** नामक वायु है।

फल– दक्षिणी प्रान्तों में समुद्री तूफान एवं भयंकर वायुप्रकोप से जनधन–हानि हो। उत्तरी भूभाग पर भी कुछ स्थानों पर वायुवेग से हानि के योग बनेंगे। समुद्रतटवर्ती भूभाग पर कहीं सुनामी–प्रकोप से भारी जनधनहानि होगी।

संवत्सर २०६७ वि. का वाहन– इसवर्ष का राजा 'मंगल' होने से इस संवत् का वाहन 'वृषभ' है।

फल– कृषकवर्ग की अथाह मेहनत का फल कृषिकर्म से प्राप्त न होगा। खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी। महाराष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा एवं बिहार में बाढ़वर्षा से हानि होगी। सरकार को कृषिकर्म की ओर विशेष ध्यान देना पड़ेगा।

अधिकमास फल– संवत् २०६७ वि. में **"वैशाख अधिकमास"** है।

फलः– "वैशाखयुग्मे धान्यानां निष्पत्तिरशुभा क्वचित्।"– चावल, चना, गेहूं आदि की फसल कहीं–कहीं ही खराब रहे, अन्यथा सर्वत्र फसल ठीक रहे। **"द्विमाधवगते दुर्भिक्षकं जायते"**– वैशाख अधिक होने पर अनेकत्र दुभिक्ष की स्थिति बनेगी।

इस वर्ष के चार स्तम्भ

(१) जलस्तम्भ–(चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को **रेवती** नक्षत्र) का अभाव है।
(२) वायुस्तम्भ–(ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को **मृगशिरा** नक्षत्र) ७२.१४ प्रतिशत है।
(३) तृणस्तम्भ–(वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को **भरणी** नक्षत्र) का अभाव है।
(४) अन्नस्तम्भ–(आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को **पुनर्वसु** नक्षत्र) ६२.०३ प्रतिशत है।

ये उल्लिखित चार स्तम्भ देश के कुशल–क्षेम–ज्ञानार्थ विशेष महत्त्व रखते हैं। क्योंकि, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की सत्ता जल, वायु, अन्न एवं तृण

(गेहूं), चावल एवं ईख की फसल बहुत अच्छी हो। प्रियंगु वृक्षों पर लगे फूल सुखप्रद रहें।

(४) धान्येश गुरु का फल-

" गुरौ धान्यपतौ जाते यव गोधूम–शालयः।
पच्यन्ते सर्वदेशेषु यज्वानो ब्रह्मवादिनः।।"

अर्थात्– गुरु धान्येश हो तो जौ, गेहूं, चावल की परिपक्वता एवं उपज उत्तम हो। ब्राह्मणवर्ग अपने यज्ञ–यजनादि कार्यों में तत्पर रहे।

(५) मेघेश भौम का फल-

" अवनिजे जलदस्य पतौ भुवि श्रुतिविचारविहीन–धरामराः।
क्वचिदपि प्रचुरं जलमल्पकं क्वचिदपि प्रशमः बहुतापदः।।"

अर्थात्– मंगल मेघेश हो तो द्विजवर्ग वेद–विचार विहीन (अपने कर्तव्य से विमुख) रहे। कहीं वर्षा कम, कहीं बाढ़ की स्थिति बने। कहीं शीत, कहीं गर्मी अधिक अनुभव हो।

(६) रसेश सूर्य का फल-

"रसपतिः तरिणः धरणी तदा विरस–भोगरताल्प–पयोधरा।
वसन–तैल–घृतप्रिय–मानवा सुखरसं न भुनक्ति महीपतिः।।"

अर्थात्– सूर्य रसेश हो तो रसपदार्थ (घी, दूध आदि) कम हों। वर्षा–पानी की कमी अनुभव हो। वस्त्र–तेल–घी आदि के इच्छुक व्यक्तियों को इन वस्तुओं की आपूर्ति संभव न होगी। शासकवर्ग एवं राजा लोगों को भी सुख न मिले।

(७) नीरसेश शुक्र का फल-

" कर्पूरागरु–गन्धानां हेम–मौक्तिक–वाससाम्।
अर्घवृद्धिः प्रजायेत नीरसेशो भृगुर्यदि ।।"

अर्थात्– शुक्र नीरसेश हो तो कपूर, अगर, गन्ध, सोना, मोती, वस्त्र आदि के मूल्य में वृद्धि हो।

(८) फलेश चन्द्र का फल-

" यदि विधुः फलपो द्रुमराशयः फलयुता बलिभिः कुसुमैर्युताः।
द्विजवराः [illegible] ।।"

अर्थात्– चन्द्रमा फलेश हो तो वृक्षों में फल–फूल–समृद्धि रहे। बेलें फूलों से सुशोभित रहें। विप्रवर अच्छे (सात्विक) भोजन करें। राजा लोग न्यायपथ पर चलें, किंवा न्याय का प्रदर्शनमात्र करें।

(९) धनेश गुरु का फल-

"सुमनसां च गुरुर्द्रविणाधिपो वणिज-वृत्तिपराः सुखभाजिनः।
फलित-पुष्पित-भूमिरुहाःसदा विविध-द्रव्ययुता भुवि मानवाः।।"

अर्थात्– बृहस्पति धनेश हो तो व्यापारिक व्यक्ति व्यापारक्षेत्र में सुख अनुभव करें। वृक्ष–फल–फूलों से सुसज्जित रहें। नाना प्रकार के वैभव एवं धन–धान्य की समृद्धि जनता में रहे।

(१०) दुर्गेश चन्द्र का फल-

" गढपतिर्मृग–लांछनको यदा नृप–सुराज्य–विलासितपौरजाः।
बहुधनेक्षुज–गोरस– भोगिनो नरवरा वरवर्णित– विग्रहाः।।"

अर्थात्– चन्द्रमा दुर्गेश हो तो शासकवर्ग अच्छे ढंग से शासन करें। प्रजा में आनन्दमय वातावरण रहे। ईख, गुड़, घी(गोरस) के व्यापार से अच्छा लाभ हो। श्रेष्ठ लोग सुन्दर परिधानयुत एवं सुन्दर (स्वस्थ) शरीर वाले हों।

सूचना– यद्यपि वर्ष के इन दशाधिकारियों का फल सर्वत्र होता है। किन्तु विशेषतः राजा का फल काश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़ देश में; मन्त्री का फल आन्ध्र, वाल्हीक, उज्जैन एवम् मालवा में; सस्येश का पौण्ड्र, विदर्भ में; **धान्येश** का गुजरात, नर्मदा के तटवर्ती प्रदेश एवं मध्यप्रदेश में; मेघेश का मगध एवं बंगाल में; **रसेश** का कोंकण एवं गोवा में; नीरसेश का मालवा व बिहार में; **धनेश** का राजस्थान एवं बाड़मेर में; फलेश, दुर्गेश एवं राजा का फल सब जगह विशेष होता है।

वर्षादि के विश्वामान

वर्षाविश्वा ५, धान्य १७, तृण १५, शीत १५, तेज ११, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा ३, तृषा १५, निद्रा ३, आलस्य १३, उद्यम ५, शांति १५, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ६ फल १३, उत्साह ११, उग्रता ७, पाप ५, पुण्य ६, व्याधि ७, व्याधिनाश ३, आचार १, अनाचार ५, मृत्यु १, जन्म ६ देशोपद्रव १५, देशस्वास्थ्य ३, चौर ९, चौरनाश १, अग्नि १५, अग्निशांति १, उदभिज्ज ३ जरायुज ३, अण्डज ३, स्वेदज ३, टिड्डी १५, तोता ७, मूषक ११, सोना ७, तांबा ५ स्वचक्र ३, [illegible]

आवर्तकादि चतुर्मेघों में "पुष्कर" नामक मेघ है।

फलः– 'पुष्कर' नामक मेघ की स्थिति में कन्दमूल फल (Underground Fruits) अधिक मात्रा में उपलब्ध न हों। अनैतिक कृत्यों (पापों) में वृद्धि हो। नानाविध रोगों से जनता परेशान हो। वर्षा की अनेकत्र कमी अनुभव हो–

"नैव कन्दफल–मूल–विवृद्धिर्जायते विविधपातक–वृद्धिः।
रोगतो जनकृशत्वमनल्पं पुष्करे जलधरे जलमल्पकम्।।"

किञ्च– "पुष्करे मन्दवृष्टिःस्यात्"– अर्थात् वर्षा की कमी अनुभव हो।

नवमेघविचार– इसवर्ष नवमेघों में 'नील' नामक मेघ है।

फल– "सत्पयो दिशति गोकुल-पूर्णा वस्त्रताखिल मही परिपूर्णा।
नील–नाम्नि जलदे जलवृष्टिः जायते सकल–मानव–तुष्टिः।।"

अर्थात्– गोरस (दूध, घी आदि) पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। रुई, कपास की फसल बहुत अच्छी हो। वर्षा अच्छी हो। जनता प्राकृतिक सम्पदा–समृद्धि से सन्तुष्ट रहे।

किञ्च– "नीलः क्षिप्रं हि वर्षति"– वर्षा पर्याप्त, किंवा कहीं अगेती (समय से पूर्व) वर्षा भी हो।

अनन्तादि अष्टनागविचार– इस वर्ष अनन्तादि अष्टनागों में 'शंख' नामक नाग है।

फल– पूर्वोत्तरी भारत में कहीं प्राकृतिक आपदा (तूफान, भूकम्प, भूस्खलन आदि) से भारी हानि के योग बनेंगे। दक्षिणी क्षेत्रों में उग्रवादजन्य अशान्ति, समुद्री तूफान आदि आपदा से संवत् २०६७ वि. में भारी हानि के योग बनेंगे। उत्तरी भारत में कहीं अवर्षण किंवा अतिवर्षण से कृषकवर्ग परेशान रहे। 'शंख' नामक नाग की अवधि में रोग–सर्पदंश की घटनाओं से जनता परेशान रहे। अग्निकाण्ड की घटनाएं अधिक हों एवं पाकिस्तान आदि मुस्लिम देशों में उग्रवाद भयंकररूप धारण करे।

सुबुध्नादि द्वादश नागों का फल– इस संवत् में बारह नागों में 'नन्दसारी' नामक नाग है।

फल– "यस्मिन् वर्षे नागराजो नन्दसार्यभिधानकः।
तस्मिन् वर्षे महावृष्टिं कुरुते नात्र संशयः।।"

अर्थात्– 'नन्दसारी' नाग की स्थिति में (कुछ भूभाग किंवा प्रान्तों में) महावृष्टि से बाढ़ आदि की स्थिति बनेगी। कहीं समुद्री तूफान से भी हानि संभव है।

आवह आदि "सप्तवायु" विचार– इस वर्ष ' वायुसप्तक में **'आवाह'** नामक वायु है।

फल– दक्षिणी प्रान्तों में समुद्री तूफान एवं भयंकर वायुप्रकोप से जनधन–हानि हो। उत्तरी भूभाग पर भी कुछ स्थानों पर वायुवेग से हानि के योग बनेंगे। समुद्रतटवर्ती भूभाग पर कहीं सुनामी–प्रकोप से भारी जनधनहानि होगी।

संवत्सर २०६७ वि. का वाहन– इसवर्ष का राजा 'मंगल' होने से इस संवत् का वाहन 'वृषभ' है।

फल– कृषकवर्ग की अथाह मेहनत का फल कृषिकर्म से प्राप्त न होगा। खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी। महाराष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा एवं बिहार में बाढ़वर्षा से हानि होगी। सरकार को कृषिकर्म की ओर विशेष ध्यान देना पड़ेगा।

अधिकमास फल– संवत् २०६७ वि. में "वैशाख अधिकमास" है।

फलः– "वैशाखयुग्मे धान्यानां निष्पत्तिरशुमा क्वचित्।"– चावल, चना, गेहूं आदि की फसल कहीं–कहीं ही खराब रहे, अन्यथा सर्वत्र फसल ठीक रहे। **"द्विमाधवगते दुर्भिक्षकं जायते"–** वैशाख अधिक होने पर अनेकत्र दुभिक्ष की स्थिति बनेगी।

इस वर्ष के चार स्तम्भ

(१) जलस्तम्भ–(चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र) का अभाव है।
(२) वायुस्तम्भ–(ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिरा नक्षत्र) ७२.१४ प्रतिशत है।
(३) तृणस्तम्भ–(वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र) का अभाव है।
(४) अन्नस्तम्भ–(आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र) ६२.०३ प्रतिशत है।

ये उल्लिखित चार स्तम्भ देश के कुशल–क्षेम–ज्ञानार्थ विशेष महत्त्व रखते हैं। क्योंकि, सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड की सत्ता जल, वायु, अन्न एवं तृण

(जड़ी-बूटियों) आदि पर ही निर्भर है। संवत् के शुभारम्भ पर देश की प्राकृतिक व्यवस्था के नियामक इन चार स्तम्भों का आकलन आवश्यक समझा गया है।

(१) जलस्तम्भ- इस वर्ष जलस्तम्भ का अभाव है। संवत् का राजा भी मंगल होने से वर्षा की कमी करता है। जलस्तर नीचे जाएगा। विद्युत्-उत्पादन क्षमता में कमी अनुभव होगी, परिणामस्वरूप इण्डस्ट्री वालों को भारी परेशानी का सामना करना होगा। जल-जीवन का घनिष्ठ सम्बन्ध है, महँगाई बढ़ेगी। चावल, जीरा एवं अन्य खाद्य पदार्थ मंहगे होंगे। इसवर्ष रोहिणी का वास 'पर्वत' पर होने से भी वर्षा की कमी रहेगी।

(२) वायुस्तम्भ- इसवर्ष वायुस्तम्भ सबसे प्रबल है। वायुस्तम्भ ७२.१४ प्रतिशत होने से भूगर्भगत वायु का विशेष दबाव (Pressure) होने से कहीं समुद्री भूभाग पर भूगर्भगत विशेष-तरंगों के कारण विशेष जनधन-हानि सम्भव है। कहीं वायुवेग से कृषि-वृक्षों एवं अन्यविध प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो। वर्षाकारक मेघ वायुवेग से बिखरते रहेंगे। परिणामस्वरूप, कहीं भयंकर सूखा, कहीं भारी वर्षा से हानि हो।

(३) तृणस्तम्भ- इसवर्ष तृणस्तम्भ का भी अभाव है। जल-तृणस्तम्भ इस वर्ष न होने से यह वर्ष बहुत क्षीण-सम्पदा का संकेत देता है। पशुचारा मंहगा होगा। आधि-व्याधि से जनता परेशान रहेगी। जन-असन्तोष को दबाने के लिए नए उपाए सोचने होंगे। ग़रीब-मध्यमवर्ग असन्तुष्ट रहेगा।

(४) अन्नस्तम्भ- अन्नस्तम्भ ६२.०३ प्रतिशत होने से अन्नक्षेत्र की आपूर्ति सरकार को गोदामों में सञ्चित अन्न से करनी पड़ेगी। जल-तृणस्तम्भ का अभाव अन्नस्तम्भ को प्रभावित करेगा। कृषकवर्ग को विशेष सुविधा-सम्पन्न बनाने के लिए प्रयास सरकार के हित में जाएंगे। भू-क्रय-विक्रय पर शासन को अंकुश लगाना होगा, अन्यथा कृषियोग्य भूमि की उपलब्धता के प्रभाव दूरगामी होंगे। क्षीणस्तम्भ देश की आर्थिक स्थिति को भी प्रभावित करेंगे।

वर्षस्तम्भों के विचार से यहवर्ष आगामी केन्द्रीय-शासन के लिए कई प्रकार की समस्याओं को उपस्थित कर सकता है। परमाणुसन्धि इस दृष्टि से भारत के लिए हितकारी सिद्ध होगी।

आर्षमान विचार (वर्षरक्षा के लिए चार दुर्ग)

(१) प्रथम आर्ष- (अक्षय तृतीया को रोहिणी नक्षत्र) का अभाव है।

(२) द्वितीय आर्ष-(गत संवत् २०६६ वि. में पौष अमा को मूल नक्षत्र)

(३) तृतीय आर्ष- (श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र) का अभाव है।

(४) चतुर्थ आर्ष -(कार्त्तिक पूर्णिमा को कृत्तिका नक्षत्र) ६०.४८ प्रतिशत है।

इसवर्ष देश की रक्षा के लिए स्थापित चार दुर्गों (किलों) के विचार से भी यह वर्ष विशेष चिन्तनीय स्थिति का संकेत देता है। क्योंकि इस संवत् में वर्षरक्षा हेतु कल्पित **प्रथम दुर्ग का पूर्ण अभाव** है। देश में प्राकृतिक आपदा, साम्प्रदायिक एवं आतंकवादजन्य उपद्रवों से जनधनहानि की घटनाएं अशान्ति का कारण बनेंगी। जल-वायु की प्रतिकूलता, समुद्री भूभाग पर तूफान भी हानि कर सकते हैं।

द्वितीय आर्ष ५.०६ प्रतिशत एवं तृतीय आर्ष का अभाव होना भी जनजीवन एवं देश की प्रगति, राजनीतिज्ञ प्रमुखों के लिए काफी कठिनतापूर्ण परिस्थितियों का संकेतक है। इस संवत् में राजनीतिज्ञों की सुरक्षा-व्यवस्था को सुदृढ़ रखना होगा, अन्यथा प्रमुख राजनीतिज्ञविशेष के जीवन को खतरा है।

इसवर्ष चतुर्थ आर्ष ६०.४८ प्रतिशत होने से सन्तोषप्रद है। यह उग्रवाद से निपटने के लिए प्रमुख राष्ट्रों को एकमंच पर एकत्र होने की योजना को कार्यान्वित करेगा। जल-थल-नौसेना एवं आणविक-शक्ति-सम्पन्नता पर विशेष सतर्कता देशहित में रहेगी। कार्त्तिक-पूर्णिमा को कृत्तिका नक्षत्र सशक्त होने से देश की सम्प्रभुता को दृढ़ रखेगा। एवं प्रगति के मार्ग को प्रशस्त करेगा।

दोहा : "अखैतीज रोहिणी न होई, पौष अमावस मूल न जोई।
राखी श्रवणो हीन विचारो, कार्त्तिक पुण्यो कृत्तिका टारो।
महीमाह खलबली प्रकाशै, कहै भड्डली साख विनाशै।।"

रोहिणी का वास- इस वर्ष रोहिणी का वास 'पर्वत' पर है।

फल- " रोहिणी नाम नक्षत्रं पर्वतस्थं यदा भवेत्।
वृष्टिहानिस्तदा ज्ञेया सर्वसस्य विनाशनम्।।"

अर्थात्- वर्षा की भयंकर कमी अनुभव होगी। परिणामस्वरूप, गेहूं, चना, जौ, चावल आदि की फसलों को बहुत नुक्सान पहुंचेगा। महँगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी, जनता में अशान्ति बढ़े।

संवत्सर(समय) का वास-क्योंकि, इसवर्ष रोहिणी का वास पर्वत

फल– वर्षा कम हो, महँगाई बढ़ेगी। ज़मीन, कृषिभूमि की कीमत बढ़ेगी।

शनि की दृष्टि– संवत्सर २०६७ वि. के प्रारम्भ से अन्त तक शनि कन्या राशि में ही रहेगा। अतः इस संवत् (२०६७ वि.) में शनि की दृष्टि दक्षिण दिशा की तरफ ही रहेगी।

फल – दक्षिणी प्रान्तों एवं दक्षिणी गोलार्ध के देशों पर शनि की क्रूर दृष्टि रहेगी। दक्षिणी प्रान्तों किंवा दक्षिणी देशों में राजनैतिक परेशानियां बढ़ेंगी। इसवर्ष कहीं राजनैतिक हत्याकाण्डों से शान्तिभंग होगी। सत्ता में परिवर्तन आएगा। दक्षिण में कहीं शासनतन्त्र के विरुद्ध आन्दोलन, ज्वालामुखी–विस्फोट, भयंकर असाध्यरोग, भारी प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प, जलाप्लाव, तूफ़ान, अकालजन्य भारी जनधनहानि से शासनतन्त्र आपदाग्रस्त होगा। समुद्र–तटवर्ती भूभाग पर भारी समुद्री तूफ़ान से जनधनहानि के योग भी चिन्ता का कारण बनेंगे। कन्या, मकर, मेष एवं तुला राशि वाले देश इसवर्ष शनि की दृष्टि में रहेंगे–

"शनैश्चरः क्रमात्पश्यन् तत्तद्देशान् प्रपीड़येत्।
दुर्भिक्ष –देशमङ्गाद्यैर्विग्रहो राजविड्वरैः।।"

संवत् २०६७ वि. में–

(१) शनिवारी अमावस्याएं दो हैं; ज्येष्ठ कृष्ण एवं कार्तिक कृष्ण में।
(२) भौमवती अमावस्याएं भी दो हैं; श्रावण कृष्ण एवं पौष कृष्ण में।

शरत्सस्य जातक

संवत् २०६७ वि. में द्वि. अधिक वैशाख कृष्ण अमावस शुक्रवार (तात्कालिक प्रतिपदा), तदनुसार १४/१५ मई, सन् २०१० ई. को २७ घंटा ४७ मिनट (भा.स्टैं.टा.) पर रोहिणी नक्षत्र, अतिगण्ड योग एवं वृष राशिस्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव वृष राशि में प्रविष्ट होंगे।



शरत्सस्य जातक कुण्डली
(१४/१५ मई, २०१० ई. २७घं. ४७ मि.)

फल– सूर्य, शुक्र एवं उच्च–चन्द्र– ये सब एकराशि(वृष) में स्थित हैं। सूर्य–शुक्र शत्रु हैं। चन्द्र–शुक्र सम–शत्रु हैं। अतः चावल आदि की फसल इसवर्ष अच्छी होगी। लेकिन उच्चाकांक्षी शनि, नीचस्थ–मंगल वर्षा आदि प्राकृतिक–प्रकोप से फसलों को हानि कारक रहेंगे। परिणामस्वरूप मूंग, मोठ, मक्का, जीरी, खाण्ड, शक्कर, बाजरा, अरहर, कपास, तिल आदि में विशेष तेज़ी से लाभ मिलेगा।

ग्रीष्मसस्य जातक

सं. २०६७ वि. में कार्तिक शुक्ल दशमी तिथि (तात्कालिक तिथि एकादशी), मंगलवार, तदनुसार १६ नवम्बर, सन् २०१० ई. को १७ घं. १७ मि. (भा. स्टैं. टा.) पर पूभा. नक्षत्र, हर्षण योग एवं मीन–राशिस्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव वृश्चिक राशि में प्रविष्ट होंगे।



ग्रीष्मसस्य जातक कुण्डली
(१६ नवं., २०१० ई. १७घं. १७ मि.)

फल–वृश्चिकस्थ सूर्य, मंगल एवं बुध पर कन्याराशिस्थ शनि की दृष्टि है। मीन राशिस्थ चन्द्र भी पूर्णतया शनिदृष्ट है। ग्रीष्मसस्याङ्ग में कुम्भराशिस्थ गुरु की तुलाराशिस्थ शुक्र पर विशेष दृष्टि है, अतः– ग्रीष्मधान्य (रबी) की फसल पूर्णतया अच्छी रहेगी–

"अष्टमराशिगतेऽर्के गुरु–शशिनोः कुम्भ–मीन–राशिस्थयोः।
सिंह–घट–संस्थयोर्वा निष्पत्तिः ग्रीष्म–सस्यस्य।।"

अर्थात्– सूर्य वृश्चिक राशि में, कुम्भ में गुरु एवं मीनस्थ चन्द्र अथवा सिंह में गुरु व कुम्भ में चन्द्र हो तो रबी की फसल की वृद्धि होती है। यह ग्रहस्थिति ग्रीष्म सस्यजातक कुण्डली में घटित हो रही है।

सूर्य आर्द्राप्रवेश लग्न

संवत् २०६७ वि. में ज्येष्ठ शुक्लपक्ष एकादशी मंगलवार, तदनुसार २२ जून, सन् २०१० ई. को ९ घं. ५७ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर स्वाती नक्षत्र, शिव योग एवं तुलाराशिस्थ चन्द्र के समय सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेंगे।



सूर्य आर्द्राप्रवेश कुण्डली
(२२ जून, २०१० ई. ०९ घं. ५७ मि.)

फल– मंगलवार को सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश किसी विशिष्टव्यक्ति के लिए हानिप्रद है। " भौमे निधनंकरो भवेत्।" आर्द्राप्रवेश दिन में होने से वर्षा की कमी अनुभव

होगी। चावल, गेहूं आदि की फसल प्रभावित होगी, महंगाई बढ़ेगी–
" दिवार्द्रा याति चेद् भानुर्जलभक्षण–कारकः"।

संवत् २०६७ वि. का शुभारम्भ

गतसंवत् २०६६ वि. में चैत्र कृष्ण अमावस, चन्द्रवार, तदनुसार १५/१६ मार्च, सन् २०१० ई. को २६ घं. ३१ मि.(भा. स्टैं.टा.) पर पू.भा. नक्षत्र, शुभ योग एवं मीनस्थ चन्द्र के समय नवसंवत्सर २०६७ वि. का शुभारम्भ धनु लग्न में हो रहा है।

शुभ संवत् २०६७ वि. की प्रवेशकालीन कुण्डली



१५/१६ मार्च, २०१० ई., २६घं. ३१ मि.

फलविचार– २०६७ वि. का शुभारम्भ 'धनुलग्न' में हो रहा है। लग्नस्थ राहु है एवं लग्नेश गुरु तृतीय भाव में शनि के क्षेत्र में है। अतः उत्तर–पूर्वी क्षेत्रों में सुख–शान्ति रहे। कहीं दुर्भिक्ष, कहीं बाढ़ से हानि किंवा मध्यप्रदेश में रोग से कष्ट बने–

"धनुर्लग्ने तूत्तरस्यां पूर्वस्यां च सुखं भवेत्।
दुर्भिक्षं प्रबला वृष्टिः मध्यदेशे सरोगता।।"

किञ्च–पश्चिम में घी, अनाज सब मंहगे हों। दक्षिण में जनता सुखी रहे, परन्तु पशुपीड़ा से पशुधन–हानि हो–

"पश्चिमायां घृतं धान्यं समर्घं मासपंचकात्।
दक्षिणस्यां सुखं लोके क्वचित् पीड़ा चतुष्पदे।।"

अपि च– नववर्ष प्रवेशकालीन कुण्डली में लग्नेश गुरु कुम्भराशिस्थ एवं अष्टमस्थ नीच मंगल की दृष्टि में है। लग्न में राहु है एवं दशम–भावस्थ शनि का सूर्य–बुध–चन्द्र–शुक्र के साथ सम–सप्तकयोग विषम उग्रवादजन्य समस्याओं को जन्म देगा। विस्फोट आदि से इसवर्ष किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति की मृत्यु से शोक व्याप्त होगा। बिहार, उड़ीसा, मणिपुर, बंगाल, आसाम में किसी प्राकृतिक आपदा से भारी कष्टमय वातावरण बन जाने के योग हैं। चतुर्थ भाव पर शनि की दृष्टि होने से कहीं धार्मिक उन्माद से जन–जीवन अशान्त बन जाने के योग भी हैं।

वर्षेश(जगत्) लग्न

संवत् २०६७ वि. में प्रथम वैशाख कृष्ण अमावस बुधवार, तदनुसार १४ अप्रैल, सन् २०१० ई. को रेवती नक्षत्र, वैधृति योग एवं मीन राशिस्थ चन्द्र के समय ६ घं. ५७ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर सूर्यदेव मेष राशि में प्रविष्ट होंगे।

वर्षेश (जगत्) लग्न कुण्डली



१४ अप्रैल, २०१० ई, ६ घं. ५७ मि.

फल– जगत् लग्न कुण्डली में लग्नेश मंगल चतुर्थभाव में नीच होकर बैठा है। विश्व की राजनैतिक महाशक्तियों के लिए यह वर्ष बहुत दुर्धर परिस्थितियों को लेकर उपस्थित हो रहा है। पाकिस्तान एवं अन्य मुस्लिम राष्ट्रों में भारी संकटापन्न स्थिति से उलझना पड़ेगा। उग्रवादजन्य विस्फोट, हत्याकाण्ड अनेक प्रमुख देशों की शान्ति को भंग कर सकते हैं। जगत्–कुण्डली में द्वितीयेश शुक्र, बुध–सूर्य के साथ द्वितीयभाव से व्ययस्थ है, अतः विश्व की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के प्रयास होंगे। उग्रवाद पर कन्ट्रोल हेतु अमेरीका आदि देश कठोर पग उठाएंगे। तृतीयेश बुध, उच्चस्थ सूर्य के साथ है एवं तृतीय भाव पर गुरु की दृष्टि भी है, अतः देशों में परस्पर शान्ति स्थापनार्थ तालमेल बना रहेगा। चतुर्थ भावेश चन्द्र गुरु के क्षेत्र (व्ययस्थान) में शनि से दृष्ट है, अतः विपरीत परिस्थितियों में भी समृद्ध किंवा प्रभावशाली देश अपनी सम्प्रभुता को बनाए रखेंगे। मकर राशि पर मंगल की उच्च दृष्टि भारत के प्रभावक्षेत्र को बरकरार रखेगी। पंचमभावेश सूर्य उच्च है, पंचम भाव पर गुरु की दुष्टि भी है, अतः उग्रवाद के विरुद्ध सभी देश एकमंच पर उतरेंगे, शान्त्यर्थ नई योजनाएं बनेंगी। छठे भाव का स्वामी बुध, उच्चस्थ सूर्य के साथ है एवं छठे भाव में शनि बैठा है, अमेरिका के प्रधान नेता, पाक एवं देशविशेष के वरिष्ठ नेताओं के जीवन के लिए यह वर्ष विशेष कष्टपूर्ण एवं ऐतिहासिक घटनाओं वाला रहेगा। प्रतिष्ठित व्यक्तियों की सुरक्षा–व्यवस्था को सुदृढ़ करना होगा, अन्यथा भारी दुर्घटना के योग बनते हैं। सप्तम भावेश शुक्र की सप्तम भाव पर पूर्ण दृष्टि है, अतः मुस्लिम राष्ट्रों में से उग्रवाद की समाप्ति संभव नहीं। नवमेश गुरु कुम्भ राशि में है, जिससे कुछ देशों में कठिन एवं क्रान्तिकारी परिवर्तन संभव हैं। श्रावण, भाद्रपद, आश्विन

पौष, फाल्गुन मास विशेष घटनापूर्ण रहेंगे।

जगत्लग्न से व्यक्तिगत फल विचार

जन्मकुण्डली में लग्न बलवान् हो तो जन्मराशि से जगत्लग्न जिस राशि पर आए, वह भाव शुभग्रह या भावेश से दृष्ट या युक्त हो तो उस वर्ष में उस भाव की वृद्धि कहनी चाहिए। यदि पापग्रह की दृष्टि या योग हो तो उस भाव की हानि कहें। जन्मलग्न, जन्मराशि एवं अपने वर्षलग्न से वर्षेश (जगत्) लग्न आठवें या बारहवें हो तो वह वर्ष उस व्यक्ति के लिए शुभ नहीं होगा। इसी प्रकार देश एवं ग्राम के शुभाशुभ विचार के लिए भी समझना चाहिए ।

गुर्रा विचार (सन् २०१०-११ ई.)

इस्लामी मतानुसार एक (यकम) मुहर्रम से ही नया हिजरी सन् प्रारम्भ होता है। उस दिन जो वार होता है, वही इस्लामी मतानुसार साल का राजा किंवा "गुर्रा" होता है।

संवत् २०६६ वि. में पौष शुक्ल तृतीया, शनिवार, तदनुसार १६ दिसंबर, सन २००६ ई. को १ मुहर्रम (यकम मुहर्रम), हिजरी सन् १४३१ का प्रारम्भ होगा। क्योंकि इसवर्ष यकम मुहर्रम को शनिवार है, अतः हिजरी सन् १४३१ का बादशाह शनि ही होगा।

फल– कुछ मुस्लिम राष्ट्रों में युद्धमय वातावरण या आन्तरिक क्रान्ति से विश्व के प्रमुख राष्ट्रों में चिन्ता रहे। जन–धनहानि किंवा प्राकृतिक प्रकोप से भारी हानि भी हो। विश्व के कुछ देशों में भूकम्प, समुद्री तूफान किंवा राजनैतिक हत्याकाण्ड से हानि भी संभव है। देश में नानाप्रकार के रोग फैलेंगे। शनि–मंगल–रवि एवं गुरुवार वाले दिन किसी विशिष्ट व्यक्ति की मृत्यु से शोक व्याप्त हो।

संवत् २०६७ वि. में मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष तृतीया, बुधवार, तदनुसार ८ दिसंबर, सन् २०१० ई. को १ मुहर्रम (यकम मुहर्रम), हिजरी सन् १४३२ का शुभारम्भ होगा। क्योंकि इसवर्ष यकम मुहर्रम (१ मुहर्रम) को बुधवार है, अतः हिजरी सन् १४३२ का बादशाह बुध ही होगा।

फल– गुड़, शक्कर, चीनी आदि पदार्थ मंहगे होंगे। जात–पात के बन्धन कमज़ोर होंगे। हिन्दुत्व का नाम राजनैतिक दृष्टि से सहज स्वीकार्य न रहे। मुस्लिम राष्ट्रविशेष में जनता संकटग्रस्त होकर स्थानान्तरण करने को विवश हो। जनता में रोगभय व्याप्त हो। खड़ी फसलों को हानि पहुंचे। व्यापारीवर्ग हानि से परेशान रहे।

आय–व्यय चक्र (विंशोत्तरी मतानुसार)

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
लाभ	२	११	२	११	१४	२	११	२	१४	८	८	१४
व्यय	१४	५	५	१४	११	५	५	१४	२	५	५	२

लाभ–व्यय देखने की रीति– अपनी राशि के लाभ–व्यय अंको को जोड़कर, उसमें से १ घटाकर, शेष को ८ से भाग देने पर यदि १, २, ६, ७ बचें तो वर्ष में उत्तम लाभ होगा। ३, ४, ५, ० बचें तो लाभ बहुत कम हो, चिन्ता भी रहे।

"इतीदं वत्सरफलं वत्सरादि-तिथौ शुभम् ।
यः शृणोति नरो भक्त्यां स सुखी वत्सरं भवेत् ।।"

*****

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन नीम के कोमल पत्ते, कालीमिर्च, हींग, अजवायन, जीरा, तुलसीदल– ये सब कूट–पीसकर इच्छानुसार खाण्ड या शक्कर में मिलाकर शर्बत बनाकर प्रातः सेवन करने से रक्तविकार, वात–पित्त एवं कफजन्य कष्टों से शान्ति मिलती है।

क्या आपको मालूम है कि "श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" संक्षिप्तरूप में "श्री बटुक पञ्चांग" के नाम से प्रकाशित होता है ? "श्री बटुक पञ्चांग" पॉकेट साईज़ में है और इसमें प्रमुख-प्रमुख एवम् वर्गीकृत व्रत-पर्व, गण्डमूल, पंचक, ग्रहणविवरण, राशिफलादेश, वर्षराजादि फलविचार, २४ पक्ष, तिथ्यादि पंचांग, दैनिक- लग्नसारणी, विवाहादि मुहूर्त्त और मेलापक सारणी आदि वह सभी कुछ उपलब्ध है, जिसकी दैवज्ञों/आम लोगों को हर समय ज़रूरत रहती है।

आज ही अपनी प्रति बुकसेलर से सुरक्षित कराएं ।

पूर्वयुता एवम् परयुता तिथि ?

("सं. 2066 वि. की चैत्र शुक्ल अष्टमी वाली 'दुर्गाष्टमी' की तिथि में मतभेद" – के सन्दर्भ में)

लेखक–प्रियव्रत शर्मा

साम्पातिककाल साधन का उदाहरण - यहां हम १५ जुलाई १९६९ को भा. स्टै.टा. के अनुसार प्रातः १०घं.४५मि. पर चम्बा (हि. प्र.)में सां. का. स्पष्ट करेगें । अक्षांशादि सारणी में चम्बा के अक्षांश ३२ अं. २९ क. (उत्तर), रेखांश ७६ अं. १०क.(पूर्व)एंव स्टैं. अन्तर - २५ मि. २० से. है । स्टैण्डर्ड अन्तर ऋण चिह्न वाला है, अतः इसे १० घण्टे४५ मि. में से घटाने पर १० घं. १९ मि. ४० से. चम्बा का स्थानीयमध्यमकाल हुआ । सां. का . कोष्ठक नं. (१)से सन् १९६९ ई. का सां. का. (६घं.४१ मि. २ से.) लिया । इसमें कोष्ठक नं.(२)से लिया गया १५ जुला. का सां का. (१२घं. ४८ मि. ४९ से.)जोड़ा तो १९ घं.२९ मि. ५१ सै. हुआ । चम्बा के रेखांश ७६अं.१० क. के लिए कोष्टक नं.(३)वाला संस्कार तो० है। अब १९घं. २९ मि. ५१सैं. चम्बा का स्थानीयमध्यमकाल १०घं.१९मि ४० सै. जोडा तो २९घं. ४९मि. ३१ सै. हुए। इसमें कोष्ठक न. (४)से स्थानीयमध्यमकाल के १०घं. २० मि. उठाए गए १ मि. ४२सै. जोड़ने पर २९ घं. ५१ मि. १३ से. हुए । क्योकि यहां घण्टे२४से अधिक हैं अतः२४ घं. घटाए तो ५घं. ५१मि. १३से. अभीष्ट साम्पातिककाल हुआ ।

साम्पातिककाल बनाते समय नीचे लिखी इन बातों को भी ध्यान में रखें:-

(१)यदि धन (+)चिह्न वाले स्टैण्डर्डअन्तर (स्टैं. अं.)के मिनटों को स्टैण्डर्ड टाईम में जोड़ने पर स्थानीयमध्यमकाल २४ घं. या इससे ज्यादा हो जाए तब उसमें से २४ घण्टा घटा दें और ऊपर बतलाई विधि से प्राप्त साम्पातिककाल में ४ मि. जोड कर उसे शुद्ध साम्पातिककाल समझें । जैसे - कलकता में २जन. १९७४ ई. को २३ घंटा ५५ मि. (रात के ११ बज कर ५५ मि.)भा. स्टै. टा. पर साम्पातिककाल ज्ञात करना है । कलकता का रेखांश ८८अं. २४ क, (पूर्व)और स्टैं. अन्तर +२३ मि. ३६ से. है। स्थानीयमध्यमकाल बनाने के लिए२३ घं. ५५ मि. में २३ मि. ३६ सै. जोड़े तो २४ घं. १८ मि. ३६से. हुए यह २४ घं. से ज्यादा हो गया है , अतः इसमें से २४ घं. घटाने पर ० घं. १८ मि. ३६ से.

स्थानीयमध्यमकाल हुआ । अब सां. का. बनाने के लिए कोष्टक नं.(१) से १९७४ केआगे लिखे ६ घं. ४० मि. १२ से. में कोष्ठक नं.(२) से लिए गए २ जन. के ० घं. ३ मि. ५७ से. जोडने पर ६ घं. ४४ मि. ९ से. हुए। इसमें कोष्ठक नं. (३) से कलकता के रेखांश ८८ से प्राप्त −८ से. चिह्न के अनुसार घटाए, तो ६ घं. ४४ मि. १ से. हुए । इसमें स्थानीयमध्यमकाल जोड़ने पर ७ घं., २ मि. ३७ से. हुए । इसमें कोष्ठक नं.(४)से स्थानीयमध्यमकाल के ० घं. १९ मि. द्वारा प्राप्त ३ से. जोडने पर ७घं. २ मि. ४० से. हुए । क्योंकि स्टैं.टा. में स्टैं. अन्तर के मिनट जोडने पर स्थानीयमध्यमकाल २४ घं. से ज्यादा हो गया था । अतः उपरोक्त नियमानुसार इसमें ४ मि. और जोड़ने पर ७ घं. ६ मि. ४० से. हमारा अभीष्ट साम्पातिककाल बना । लग्न और दशम को स्पष्ट करने के लिए इसी सां. का. को प्रयोग में लाइए ।

(२)सां. का. बनाते समय दूसरी बात यह भी ध्यान में रखें कि यदि स्टैं. टा. से ऋण चिह्न वाले स्टैं. अन्तर के मिनटादि अधिक हों तो स्थानीयमध्यमकाल बनाने के लिए स्टैं. टा. में २४ घंटे जोड कर स्टैं. अन्तर घटाना चाहिए और ऐसी स्थिति में सा.का. कोष्ठक नं. (४)का प्रयोग नहीं करना चाहिए । जैसे- जयपुर मं १५ मार्च १९७० को ०घं. १५ मि.(भा. स्टै. टा.) पर साम्पातिककाल ज्ञात करना है । जयपुर के रेखांश ७५ अं. ५२ क. (पूर्व)और स्टैं अं.- २६ मि. ३२ से. है । यहां स्टैं टा. के घं. मि. में से स्टैं. अं. ज्यादा है, अतः स्टै. टा. में २४ घं. जोड़ कर स्टैं अं. घटाने पर २३ घं. ४८ मि. २८ से. स्थानीयमध्यमकाल बना । सां. का. के कोष्ठक नं.(१)से प्राप्त १९७० ई. के ६ घं. ४० मि. ५ से. में कोष्ठक नं. (२) से प्राप्त १५ मार्च के ४ घं. ४७ मि. ४९ से जोड़ने पर ११ घं. २७ मि. ५४ से. हुए । जयपुर के रेखांश ७६ (पूर्व) का कोष्ठक नं. ३ वाला संस्कार लगभग ० है । अब ११ घं. २७ मि. ५४ से. में स्थानीयमध्यमकाल जोड़ा तो ३५ घं. १६ मि. २२ से. हुए । क्योंकि हमारा स्टैं. टा. हमारे नगर के ऋण स्टैं. अं. से कम था अतः यहां साम्पातिककाल कोष्ठक नं.(४)का प्रयोग हम नहीं करेगें । इसलिए हमारा अभीष्ट साम्पातिककाल ११घं. १६ मि. २२ से. ही हुआ । यहां घंटे २४ से अधिक होने से उसमें से २४ घंटे घटा दिए गए हैं।

(३)जैसाकि हम पहिले भी लिख चुके हैं - लीप इयर (२९ फरवरी वाले साल)में फरवरी के बाद के महीनों को किसी तारीख का सां. का. बनाना हो तो उस तारीख में एक जोड़ कर साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (२) को प्रयोग में लाना चाहिए। जैसे -मान लीजिए, १५ मार्च सन् १९४४ को किसी नगर में सां. का. स्पष्ट करना है। साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (१) में सन् १९४४ के आगे लिखे ६ घं. ३७ मि. १७ से. मिलें । क्योंकि हमारा सन् लीप इयर है और हमारी तारीख (१५ मार्च)फरवरी के बाद की भी है, इसलिए ''साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (२)'' में से हम १५ मार्च की जगह १६ मार्च के घं. मि. सै. (४ घं.५१ मि. ४५ से.)ही लेगें और इन्हें ही ६ घं. ३७मि. १७ से. में जोड़गे । ध्यान रहे- यदि सन् १९४४ को १० फर. को हमें सां. का. स्पष्ट करना हो तो ''साम्पातिककाल कोष्ठक नं.(२)''से १० फर. के ही घं. मि. से. उठाने होगें ।

साम्पातिककाल से लग्नसाधन की विधिः-

उपर दी गई विधि से जाने गए अभीष्ट सां. का. (साम्पातिककाल) के घं. मि. को आगे दी गई लग्नसारणी के बाई और वाले पहिले कालम में देखें । इसके आगे अभीष्ट नगर के अक्षांश के नीचे जो लग्न की अंश कला लिखी हैं, उन्हें अलग नोट कर लें। क्योंकि सारणी में सां. का. ३०-३० मिनटों के अन्तर पर और लग्नसारणी ३-३ अक्षांशों के अन्तर पर दी हुई है । अतः अधिकतर यहां सम्भव है कि आपको लग्न सारणी में अभीष्ट सां. का. के घं. मिं. न मिले और यह भी अधिकतर सभव है कि आपको लग्नसारणी में अभीष्ठ सां का. के घं. मि. न मिलें और यह भी सम्भव है कि अभीष्ट अक्षांश वाली लग्नसारणी भी न मिले । ऐसी स्थिति में सारणी में अभीष्ट सां. का. के समीपतम (अभीष्ट सां. का. से कम)सां. का. के आगे और अपने अभीष्ट अक्षांश के समीपतम(अभीष्ट अक्षांश से कम) अक्षांश वाली लग्नसारणी में लिखीं लग्न की अंश - कलाएं नोट करें - यह ''स्थूलतम लग्न''है । अब ३० मि. में लग्न की गति सारणी से ही ज्ञात कीजिए, (अर्थात् यह ज्ञात कीजिए कि ३०मि. में लग्न कितना आगे बढ़ता है) ३० मि. की लग्नगति की कलाओं को सां. का. के शेष मिनटों से गुणा करके ३० से भाग देने पर कलाएं मिलेंगी । इन्हें ''स्थूलतम लग्न'' में जोड़ देने से ''स्थूललग्न'' बन जाएगा। अब सारणी से ही ३ अक्षांशों की लग्न की गति मालूम करें । ३ अक्षांशों में लग्न घटता है तो यह ''३ अक्षाशों की लग्नगति'' ऋण, अन्यथा धन होगी । अपने अक्षांश की शेष अंश-कलाओं की कलाएं बना कर उन्हें ''३ अक्षाशों की लग्नगति '' की कलाओं से गुणा करके १८० से भाग देने पर कलाएं मिलेंगी । इन्हें ''३ अक्षाशों की लग्नगति'' के धन,ऋण चिह्न के अनुसार स्थूललग्न में जोड़ने या घटाने से सायनलग्न स्पष्ट होगा । इसमें से उस दिन के अयनांश घटा देने पर फलितोपयोगी निरयण लग्न स्पष्ट हो जाएगा।

दशमलग्न स्पष्ट करने की विधि :- लग्नसारणी के दूसरे कालम में दशम (दशमलग्न)दिया गया है । इससे सभी नगरों में दशमलग्न स्पष्ट किया जा सकता है (अर्थात् -दशम स्पष्ट करने के लिए अंक्षाशों की जरूरत नहीं होती।) अभीष्ट सां. का. के घं. मि. के आगे सारणी में दशम (दशमलग्न)की अंश-कलाएं उठा लें। यह ''स्थूलदशमलग्न'' है। सां.का. के शेष मिनटों से दशमलग्न की ३० मि. की गति की कलाओं को गुणा करके ३०से भाग देने पर कलाएं मिलेगी। इन्हें ''स्थूलदशमलग्न'' में जोड़ने पर इष्टकालिक सायनदशम होगा । इसमें से उसदिन का अयनांश घटा देने पर निरयण दशमलग्न स्पष्ट हो जाएगा।

लग्नसाधन का उदाहरणः-चम्बा (हि.प्र.) में १५ जुलाई सन् १९६९ को प्रातः १० घं. ४५ मि. (भा. स्टै. टा.)पर लग्न स्पष्ट करना है ।

ऊपर हमने चम्बा में १५ जुलाई १९६९ को प्रातः १० घंटे ४५मि. (भा. स्टै. टा.)पर सां.का. ५ घं. ५१ मि. १३ सै. स्पष्ट किया है । चम्बा के अक्षांश ३२ अं.२९ क. है। लग्नसारणी में अक्षांश ३२ के नीचे सां. का. ५ घं. ३० मि. के आगे लग्न १७३ अं. ३४ क. लिखा है । यह ''स्थूलतम लग्न''है। लग्नसारणी में अक्षांश ३२ के नीचे सां. का. ५ घ. ३० मि. के आगे १७३ अं. ३४ क. और सां. का.६घं. ० मि. के आगे १८० अं.० क. लिखा है । इन दोनों का अन्तर ६अं. २६ क. (=३८६क.) लग्न की ३० मि. की गति है । हमारे अभीष्ट सां. का. ५ घ. ५१ मि. और ५ घं. ३० मि. का अन्तर २१ मि. है । इन २१ मि. (सा.का.के शेष मिनटों) से लग्न की ३० मिनट की गति कलाओं (३८६) को गुणा करके ३० का भाग देने पर २७० क. (= ४ अं. ३० क.) मिलीं। इन्हें '' स्थूलतम लग्न '' में जोड़ने पर १७८ अं. ४ क. ''स्थूल लग्न '' हुआ ।

लग्न सारणी (पूरे भारत के लिए) {भाग १ म}

सम्पातिक काल		सभी स्थलों के लिए		अक्षांश ८°(द)		अक्षांश ११°(द)		अक्षांश १४°(द)		अक्षांश १७°(द)		अक्षांश २०°(द)		सम्पातिक काल		सभी स्थलों के लिए		अक्षांश ८°(द.)		अक्षांश ११°(द.)		अक्षांश १४°(द.)		अक्षांश १७°(द.)		अक्षांश २०°(द.)	
		दशम		लग्न		लग्न		लग्न		लग्न		लग्न				दशम		लग्न		लग्न		लग्न		लग्न		लग्न	
घं.	मि.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	घं.	मि.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.
०	०	०	०	९३	१२	९४	२५	९५	४०	९६	५६	९८	१४	१२	०	१८०	०	२६६	४८	२६५	३५	२६४	२०	२६३	४	२६१	४६
०	३०	८	१०	१००	३	१०१	१५	१०२	२७	१०३	४१	१०४	५७	१२	३०	१८८	१०	२७३	४१	२७२	२७	२७१	११	२६९	५३	२६८	३३
१	०	१६	१७	१०६	५४	१०८	३	१०९	१३	११०	२४	१११	३६	१३	०	१९६	१७	२८०	३९	२७९	२५	२७८	९	२७६	५०	२७५	२९
१	३०	२४	१८	११३	४७	११४	५३	११५	५९	११७	६	११८	१४	१३	३०	२०४	१८	२८७	४३	२८६	३०	२८५	१५	२८३	५७	२८२	३५
२	०	३२	११	१२०	४३	१२१	४५	१२२	४७	१२३	५०	१२४	५२	१४	०	२१२	११	२९४	५७	२९३	४६	२९२	३३	२९१	१६	२८९	५५
२	३०	३९	५५	१२७	४५	१२८	४३	१२९	४०	१३०	३६	१३१	३३	१४	३०	२१९	५५	३०२	२१	३०१	१४	३००	४	२९८	४०	२९७	३२
३	०	४७	२८	१३४	५४	१३५	४५	१३६	३६	१३७	२७	१३८	१८	१५	०	२२७	२८	३०९	५८	३०८	५६	३०७	५१	३०६	४२	३०५	२८
३	३०	५४	५१	१४२	१०	१४२	५५	१४३	३९	१४४	२२	१४५	६	१५	३०	२३४	५१	३१७	४९	३१६	५४	३१५	५५	३१४	५३	३१३	४५
४	०	६२	५	१४९	३३	१५०	१०	१५०	४६	१५१	२३	१५१	५८	१६	०	२४२	५	३२५	५४	३२५	७	३२४	१७	३२३	२३	३२२	२५
४	३०	६९	१२	१५७	३	१५७	३१	१५८	०	१५८	२७	१५८	५५	१६	३०	२४९	१२	३३४	१२	३३३	३५	३३२	५५	३३२	१२	३३१	२६
५	०	७६	११	१६४	३८	१६४	५८	१६५	१७	१६५	३६	१६५	५४	१७	०	२५६	११	३४२	४१	३४२	१५	३४१	४८	३४१	१८	३४०	४५
५	३०	८३	७	१७२	१८	१७२	२८	१७२	३८	१७२	४७	१७२	५७	१७	३०	२६३	७	३५१	१८	३५१	५	३५०	५१	३५०	३६	३५०	१९
६	०	९०	०	१८०	०	१८०	०	१८०	०	१८०	०	१८०	०	१८	०	२७०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
६	३०	९६	५३	१८७	४२	१८७	३२	१८७	२२	१८७	१३	१८७	३	१८	३०	२७६	५३	८	४२	८	५५	९	९	९	२४	९	४१
७	०	१०३	४९	१९५	२२	१९५	२	१९४	४३	१९४	२४	१९४	६	१९	०	२८३	४९	१७	१९	१७	४५	१८	१२	१८	४२	१९	१५
७	३०	११०	४८	२०२	५७	२०२	२९	२०२	०	२०१	३३	२०१	५	१९	३०	२९०	४८	२५	४८	२६	२५	२७	५	२७	४८	२८	३४
८	०	११७	५५	२१०	२७	२०९	५०	२०९	१४	२०८	३७	२०८	२	२०	०	२९७	५५	३४	६	३४	५३	३५	४३	३६	३७	३७	३५
८	३०	१२५	९	२१७	५०	२१७	५	२१६	२१	२१५	३८	२१४	५४	२०	३०	३०५	९	४२	११	४३	६	४४	५	४५	७	४६	१४
९	०	१३२	३२	२२५	६	२२४	१५	२२३	२४	२२२	३३	२२१	४२	२१	०	३१२	३२	५०	२	५१	४	५२	९	५३	१८	५४	३२
९	३०	१४०	५	२३२	१५	२३१	१७	२३०	२०	२२९	२४	२२८	२७	२१	३०	३२०	५	५७	३९	५८	४६	५९	५६	६१	१०	६२	२८
१०	०	१४७	४९	२३९	१७	२३८	१५	२३७	१३	२३६	१०	२३५	८	२२	०	३२७	४९	६५	३	६६	१४	६७	२७	६८	४४	७०	५
१०	३०	१५५	४२	२४६	१३	२४५	७	२४४	१	२४२	५४	२४१	४६	२२	३०	३३५	४२	७२	१७	७३	३०	७४	४५	७६	३	७७	२५
११	०	१६३	४३	२५३	६	२५१	५७	२५०	४७	२४९	३६	२४८	२४	२३	०	३४३	४३	७९	२१	८०	३५	८१	५१	८३	१०	८४	३१
११	३०	१७१	५०	२५९	५७	२५८	४५	२५७	३३	२५६	१९	२५५	३	२३	३०	३५१	५०	८६	१९	८७	३३	८८	४९	९०	७	९१	२७
१२	०	१८०	०	२६६	४८	२६५	३५	२६४	२०	२६३	४	२६१	४६	२४	०	०	०	९३	१२	९४	२५	९५	४०	९६	५६	९८	१४

अब लग्न सारणी में ३२ अक्षांश और ३५ अक्षांश वाले कालमों में सां.का. ५घं. ३० मि. के आगे क्रमशः १७३ अं. ३४ क. और १७३ अं. ४४ क. लिखा है। इन दोनों का अन्तर १० क. हुआ। यह लग्न की '' ३ अक्षांश की गति'' है। क्योंकि लग्न ३५ अक्षांश में बढ़ रहा है। अतः यह गति धन है। ३२ अक्षांश और चम्बा के अक्षांश ३२ अं. २९ क. का अन्तर २९ क. है। इससे ३ अक्षांश की लग्न की गति कलाओं (१०) को गुणा करके १८० से भाग देने पर लब्धि १ क. मिली। क्योंकि ३ अक्षांशों की लग्न गति धन है अतः इसे ''स्थूल लग्न'' में जोड़ने पर १७८ अं. ५ क. सायन लग्न हुआ। इसमें से इस दिन का अयनांश २३अं. २६कं. घटा देने पर १५४ अं. ३९ क. (= ५ रा ४ अं. ३९ क.) निरयणलग्न बन गया।

दशमलग्न साधन का उदाहरण- १५ जुला. १९६९ ई. को प्रातः १० घं. ४५ मि. (भा.स्टै.टा.) पर ही चम्बा, हि.प्र. में दशमलग्न स्पष्ट करना है। इस समय चम्बा में सां का ५ घं. ५१ मि. है। लग्नसारणी के दूसरे कालम में सां.का. ५ घं. ३० मिनट के आगे दशमलग्न८३ अं.७क. है, यह ''स्थूल दशमलग्न'' है। सारणी में सां.का. ५ घं.३०मि. और ६ घं. ० मि. के आगे क्रमशः ८३ अं. ७ क. एवं ९० अं. ० क. है इन दोनों का अन्तर ६ अं. ५३ क. (= ४१३ क.) है, यह ३० मि. की दशमलग्न की गति है। इन कलाओं को सां. का. के शेष मि. (५ घं. ५१ मि.- ५घं. ३० मि.=२१ मि.) से गुणा करके ३० का भाग देने पर २८९ क. (=४अं.४९क.) मिली। इन्हें ''स्थूलदशमलग्न'' में जोड़ने पर ८७ अं. ५६ क. सायन दशमलग्न स्पष्ट हुआ। इसमें से इस दिन् का अयनांश २३ अं. २६ क. घटा देने पर ६४ अं. ३० क. (= २ रा. ४अं. ३०क.) इष्टकालिक निरयण दशम लग्न हुआ।

ध्यान दें-यहां हमने सां.का. के सेकण्ड और अयनांश की विकलाओं को अनावश्यक समझकर छोड़ दिया है। क्योंकि लग्न और दशम में विकलाओं तक की सूक्ष्मता लाने का प्रयास वस्तुतः अर्थहीन है। कला तक की सूक्ष्मता भी लग्न में संभव नहीं है; इस तथ्य का विस्तार पूर्वक स्पष्टीकरण गणित द्वारा ''गणकमार्तण्ड'' में हमने किया है वहां पढ़ें।

लग्न सारणी (पूरे भारत के लिए) {भाग २ य}

साम्पातिक काल घं.	मि.	सभी स्थानों के लिए दशम अं.	क.	अंक्षाश २३° (उ.) लग्न अं.	क.	अंक्षाश २६° (उ.) लग्न अं.	कं.	अंक्षाश २९° (उ.) लग्न अं.	क.	अंक्षाश ३२° (उ.) लग्न अं.	क.	अंक्षाश ३५° (उ.) लग्न अं.	क.
०	०	०	०	९९	३५	१००	५९	१०२	२६	१०३	५७	१०५	३४
०	३०	८	१०	१०६	१४	१०७	३४	१०८	५७	११०	२४	१११	५३
१	०	१६	१७	११२	४९	११४	४	११५	२२	११६	४३	११८	७
१	३०	२४	१८	११९	२२	१२०	३३	१२१	४५	१२३	०	१२४	१७
२	०	३२	११	१२५	५६	१२७	०	१२८	७	१२९	१७	१३०	२५
२	३०	३९	५५	१३२	३१	१३३	२९	१३४	२९	१३५	३०	१३६	३२
३	०	४७	२८	१३९	३	१४०	००	१४०	५२	१४१	४५	१४२	४०
३	३०	५४	५१	१४५	५०	१४६	३४	१४७	१८	१४८	४	१४८	५०
४	०	६२	५	१५२	३४	१५३	१०	१५३	४७	१५४	२४	१५५	१
४	३०	६९	१२	१५९	२२	१५९	५०	१६०	१७	१६०	४६	१६१	१४
५	०	७६	११	१६६	१३	१६६	३२	१६६	५०	१६७	९	१६७	२८
५	३०	८३	७	१७३	६	१७३	१५	१७३	२५	१७३	३४	१७३	४४
६	०	९०	०	१८०	००	१८०	००	१८०	०	१८०	०	१८०	०
६	३०	९६	५३	१८६	५४	१८६	४५	१८६	३५	१८६	२६	१८६	१६
७	०	१०३	४९	१९३	४७	१९३	२८	१९३	१०	१९२	५१	१९२	३२
७	३०	११०	४८	२००	३८	२००	१०	१९९	४३	१९९	१४	१९८	४६
८	०	११७	५५	२०७	२६	२०६	५०	२०६	१३	२०५	३६	२०४	५९
८	३०	१२५	५९	२१४	१०	२१३	२६	२१२	४२	२११	५६	२११	१०
९	०	१३२	३२	२२०	५१	२२०	००	२१९	८	२१८	१५	२१७	२०
९	३०	१४०	५	२२७	२९	२२६	३१	२२५	३१	२२४	३०	२२३	२८
१०	००	१४७	४९	२३४	४	२३३	०	२३१	५३	२३०	४५	२२९	३५
१०	३०	१५५	४२	२४०	३८	२३९	२७	२३८	१५	२३७	०	२३५	४३
११	०	१६३	४३	२४७	११	२४५	५६	२४४	३८	२४३	१७	२४१	५३
११	३०	१७१	५०	२५३	४६	२५२	२६	२५१	३	२४९	३६	२४८	७
१२	०	१८०	००	२६०	२५	२५९	३	२५७	३४	२५६	३	२५४	२६

साम्पातिक काल घं.	मि.	सभीस्थलों के लिए दशम अं.	क.	अंक्षाश २३° (उ.) लग्न अं.	क.	अंक्षाश २६° (उ.) लग्न अं.	कं.	अंक्षाश २९° (उ.) लग्न अं.	क.	अंक्षाश ३२° (उ.) लग्न अं.	क.	अंक्षाश ३५° (उ.) लग्न अं.	क.
१२	०	१८०	००	२६०	२५	२५९	१	२५७	३४	२५६	३	२५४	२६
१२	३०	१८८	१०	२६७	१०	२६५	४३	२६४	१२	२६२	३६	२६०	५४
१३	०	१९६	१७	२७४	३	२७२	३४	२७१	०	२६९	२१	२६७	३३
१३	३०	२०४	१८	२८१	९	२७९	३९	२७८	२	२७६	१९	२७४	२९
१४	०	२१२	११	२८८	३०	२८६	५९	२८५	२२	२८३	३६	२८१	४५
१४	३०	२१९	५५	२९६	९	२९४	४०	२९३	४	२९१	२०	२८९	२६
१५	००	२२७	२८	३०४	१०	३०२	४४	३०१	१२	२९९	२८	२९७	३८
१५	३०	२३४	५१	३१२	३३	३११	१५	३०९	४८	३०८	१३	३०६	२५
१६	०	२४२	५	३२१	२२	३२०	१३	३१८	५६	३१७	३०	३१५	५४
१६	३०	२४९	१२	३३०	३५	३२९	३९	३२८	३६	३२७	२५	३२६	४
१७	०	२५६	११	३४०	९	३३९	३०	३३८	४५	३३७	५४	३३६	५५
१७	३०	२६३	७	३५०	००	३४९	४०	३४९	१६	३४८	४९	३४८	१९
१८	०	२७०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
१८	३०	२७६	५३	१०	०	१४	२०	१०	४४	११	११	११	४१
१९	०	२८३	४९	१९	५१	२०	३०	२१	१५	२२	६	२३	४
१९	३०	२९०	४८	२९	२५	३०	२१	३१	२४	३२	३५	३३	५६
२०	०	२९७	५५	३८	३८	३९	४७	४१	४	४२	३०	४४	६
२०	३०	३०५	९	४७	२७	४८	४५	५०	१२	५१	४७	५३	३५
२१	०	३१२	३२	५५	५०	५७	१६	५८	४८	६०	३२	६२	२२
२१	३०	३२०	५	६३	५१	६५	२०	६६	५६	६८	४०	७०	३४
२२	०	३२७	४९	७१	३०	७३	१	७४	३८	७६	२४	७८	१५
२२	३०	३३५	४२	७८	५१	८०	२१	८१	५८	८३	४१	८५	३१
२३	०	३४३	४३	८५	५६	८७	२६	८९	०	९०	३९	९२	२६
२३	३०	३५१	५०	९२	५०	९४	१७	९५	४८	९७	२४	९९	६
२४	०	०००	०	९९	३५	१००	५९	१०२	२६	१०३	५७	१०५	३४

साम्पातिककाल कोष्ठक नं. १

सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.
१९७१	६	३९	०७	१९७८	६	४०	१९	१९८५	६	४१	३२	१९९२	६	३८	४७	१९९९	६	३९	५९	२००६	६	४१	११	२०१३	६	४२	२३	२०२०	६	३९	३९
१९७२	६	३८	१०	१९७९	६	३९	२२	१९८६	६	४०	३५	१९९३	६	४१	४६	२०००	६	३९	०२	२००७	६	४०	१४	२०१४	६	४१	२६	२०२१	६	४२	३८
१९७३	६	४१	१०	१९८०	६	३८	२४	१९८७	६	३९	३८	१९९४	६	४०	४९	२००१	६	४२	०१	२००८	६	३९	१७	२०१५	६	४०	२९	२०२२	६	४१	४०
१९७४	६	४०	१२	१९८१	६	४१	२३	१९८८	६	३८	४०	१९९५	६	३९	५२	२००२	६	४१	०४	२००९	६	४२	१६	२०१६	६	३९	३१	२०२३	६	४०	४३
१९७५	६	३९	१५	१९८२	६	४०	२६	१९८९	६	४१	३९	१९९६	६	३८	५४	२००३	६	४०	०७	२०१०	६	४१	१९	२०१७	६	४२	३१	२०२४	६	३९	४६
१९७६	६	३८	१७	१९८३	६	३९	२९	१९९०	६	४०	४१	१९९७	६	४१	५३	२००४	६	३९	०९	२०११	६	४०	२१	२०१८	६	४१	३३	२०२५	६	४२	४५
१९७७	६	४१	१६	१९८४	६	३८	३२	१९९१	६	३९	४४	१९९८	६	४०	५६	२००५	६	४२	०९	२०१२	६	३९	२४	२०१९	६	४०	३६	२०२६	६	४१	४८

साम्पातिक काल कोष्ठक नं० २

साम्पातिक काल कोष्ठक नं० २

ता.	जनवरी			फरवरी			मार्च			अप्रैल			मई			जून			जुलाई			अगस्त			सितम्बर			अक्तूबर			नवम्बर			दिसम्बर			ता.
↓	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	↓
१	०	०	०	२	२	१३	३	५२	३७	५	५४	५१	७	५३	७	९	५५	२१	११	५३	३८	१३	५५	५०	१५	५८	४	१७	५६	२१	१९	५८	३४	२१	५६	५०	१
२	०	३	५७	२	६	९	३	५६	३३	५	५८	४७	७	५७	४	९	५९	१७	११	५७	३४	१३	५९	४७	१६	२	०	१८	०	१७	२०	२	३१	२२	०	४७	२
३	०	७	५३	२	१०	६	४	०	३०	६	२	४३	८	१	०	१०	३	१४	१२	१	३१	१४	३	४४	१६	५	५७	१८	४	१४	२०	६	२७	२२	४	४३	३
४	०	११	५०	२	१४	२	४	४	२६	६	६	४०	८	४	५७	१०	७	१०	१२	५	२७	१४	७	४०	१६	९	५३	१८	८	९	२०	१०	२४	२२	८	४०	४
५	०	१५	४६	२	१७	५९	४	८	२३	६	१०	३६	८	८	५३	१०	११	७	१२	९	२४	१४	११	३६	१६	१३	५०	१८	१२	७	२०	१४	२०	२२	१२	३६	५
६	०	१९	४३	२	२१	५५	४	१२	१९	६	१४	३३	८	१२	५०	१०	१५	३	१२	१३	२१	१४	१५	३३	१६	१७	४६	१८	१६	३	२०	१८	१७	२२	१६	३३	६
७	०	२३	३९	२	२५	५२	४	१६	१६	६	१८	२९	८	१६	४६	१०	१९	०	१२	१७	१७	१४	१९	२९	१६	२१	४३	१८	२०	०	२०	२२	१३	२२	२०	३०	७
८	०	२७	३६	२	२९	४८	४	२०	१२	६	२२	२६	८	२०	४३	१०	२२	५६	१२	२१	१४	१४	२३	२६	१६	२५	४०	१८	२३	५७	२०	२६	१०	२२	२४	२७	८
९	०	३१	३२	२	३३	४५	४	२४	९	६	२६	२२	८	२४	३९	१०	२६	५३	१२	२५	१०	१४	२७	२३	१६	२९	३७	१८	२७	५४	२०	३०	६	२२	२८	२३	९
१०	०	३५	२९	२	३७	४२	४	२८	५	६	३०	१९	८	२८	३६	१०	३०	४९	१२	२९	६	१४	३१	२०	१६	३३	३३	१८	३१	५०	२०	३४	३	२२	३२	२०	१०
११	०	३९	२५	२	४१	३९	४	३२	२	६	३४	१६	८	३२	३२	१०	३४	४६	१२	३३	३	१४	३५	१६	१६	३७	३०	१८	३५	४७	२०	३८	०	२२	३६	१६	११
१२	०	४३	२२	२	४५	३५	४	३५	५९	६	३८	१३	८	३६	२९	१०	३८	४२	१२	३६	५९	१४	३९	१३	१६	४१	२६	१८	३९	४३	२०	४१	५६	२२	४०	१३	१२
१३	०	४७	१८	२	४९	३२	४	३९	५६	६	४२	९	८	४०	२५	१०	४२	३९	१२	४०	५६	१४	४३	९	१६	४५	२३	१८	४३	४०	२०	४५	५२	२२	४४	९	१३
१४	०	५१	१५	२	५३	२८	४	४३	५२	६	४६	६	८	४४	४२	१०	४६	३५	१२	४४	५२	१४	४७	६	१६	४९	१९	१८	४७	३७	२०	४९	४९	२२	४८	६	१४
१५	०	५५	१२	२	५७	२५	४	४७	४९	६	५०	२	८	४८	१८	१०	५०	३२	१२	४८	४९	१४	५१	२	१६	५३	१६	१८	५१	३३	२०	५३	४५	२२	५२	२	१५
१६	०	५९	८	३	१	२१	४	५१	४५	६	५३	५९	८	५२	१५	१०	५४	२८	१२	५२	४५	१४	५४	५९	१६	५७	१२	१८	५५	३०	२०	५७	४२	२२	५५	५९	१६
१७	१	३	४	३	५	१८	४	५५	४२	६	५७	५५	८	५६	११	१०	५८	२५	१२	५६	४२	१४	५८	५५	१७	१	९	१८	५९	२६	२१	१	३९	२२	५९	५६	१७
१८	१	७	१	३	९	१४	४	५९	३८	७	१	५२	९	०	८	११	२	२१	१३	०	३८	१५	२	५२	१७	५	५	१९	३	२२	२१	५	३६	२३	३	५३	१८
१९	१	१०	५७	३	१३	११	५	३	३५	७	५	४८	९	४	४	११	६	१८	१३	४	३५	१५	६	४८	१७	९	२	१९	७	१९	२१	९	३२	२३	७	४९	१९
२०	१	१४	५४	३	१७	८	५	७	३१	७	९	४५	९	८	१	११	१०	१५	१३	८	३२	१५	१०	४५	१७	१२	५८	१९	११	१५	२१	१३	२९	२३	११	४६	२०
२१	१	१८	५१	३	२१	५	५	११	२८	७	१३	४१	९	११	५८	११	१४	१२	१३	१२	२९	१५	१४	४१	१७	१६	५५	१९	१५	१२	२१	१७	२५	२३	१५	४२	२१
२२	१	२२	४८	३	२५	१	५	१५	२५	७	१७	३८	९	१५	५५	११	१८	८	१३	१६	२५	१५	१८	३८	१७	२०	५१	१९	१९	८	२१	२१	२२	२३	१९	३९	२२
२३	१	२६	४४	३	२८	५८	५	१९	२२	७	२१	३४	९	१९	५१	११	२२	५	१३	२०	२२	१५	२२	३४	१७	२४	४८	१९	२३	५	२१	२५	१८	२३	२३	३५	२३
२४	१	३०	४१	३	३२	५४	५	२३	१८	७	२५	३१	९	२३	४८	११	२६	१	१३	२४	१८	१५	२६	३१	१७	२८	४४	१९	२७	१	२१	२९	१५	२३	२७	३२	२४
२५	१	३४	३७	३	३६	५१	५	२७	१५	७	२९	२८	९	२७	४४	११	२९	५८	१३	२८	१५	१५	३०	२७	१७	३२	४१	१९	३०	५८	२१	३३	११	२३	३१	२८	२५
२६	१	३८	३४	३	४०	४७	५	३१	११	७	३३	२४	९	३१	४१	११	३३	५४	१३	३२	११	१५	३४	२४	१७	३६	३७	१९	३४	५४	२१	३७	८	२३	३५	२५	२६
२७	१	४२	३०	३	४४	४४	५	३५	८	७	३७	२०	९	३५	३७	११	३७	५१	१३	३६	८	१५	३८	२०	१७	४०	३४	१९	३८	५१	२१	४१	४	२३	३९	२१	२७
२८	१	४६	२७	३	४८	४०	५	३९	५	७	४१	१७	९	३९	३४	११	४१	४७	१३	४०	४	१५	४२	१७	१७	४४	३१	१९	४२	४८	२१	४५	१	२३	४३	१८	२८
२९	१	५०	२३	३	५२	३७	५	४३	१	७	४५	१३	९	४३	३०	११	४५	४४	१३	४४	१	१५	४६	१४	१७	४८	२८	१९	४६	४५	२१	४८	५७	२३	४७	१४	२९
३०	१	५४	२०				५	४६	५८	७	४९	१०	९	४७	२७	११	४९	४१	१३	४७	५७	१५	५०	११	१७	५२	२४	१९	५०	४१	२१	५२	५४	२३	५१	११	३०
३१	१	५८	१६				५	५०	५४				९	५१	२४				१३	५१	५४	१५	५४	७				१९	५४	३८				२३	५५	७	३१
																																		२३	५९	३	३२

लीप इयर हो तो केवल फरवरी के बाद के महीनों में अभीष्ट तारीख में एक जोड़ कर कोष्ठक नं० २ को प्रयोग में लाइए ।

साम्पातिक काल कोष्ठक नं० ३

रेखांश	०°	पू.२०°	पू.४०°	पू.६०°	पू.८०°	पू.१००°	पू.१२०°	पू.१४०°	पू.१६०°
संस्कार सेकण्ड	+५०	+३७	+२४	+११	-२	-१५	-२८	-४१	-५४
रेखांश	१८०°	प.१६०°	प.१४०°	प.१२०°	प.१००°	प.८०°	प.६०°	प.४०°	प.२०°
संस्कार सेकण्ड	-६७/+१६९	+१५६	+१४२	+१२९	+११६	+१०३	+८९	+७७	+६३

साम्पातिक काल कोष्ठक नं० ४

मि.	०	५	१०	१५	२०	२५	३०	३५	४०	४५	५०	५५
घं.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.
०	० ००	० १	० २	० २	० ३	० ४	० ५	० ६	० ७	० ७	० ८	० ९
१	० १०	० ११	० ११	० १२	० १३	० १४	० १५	० १६	० १६	० १७	० १८	० १९
२	० २०	० २१	० २१	० २२	० २३	० २४	० २५	० २५	० २६	० २७	० २८	० २९
३	० ३०	० ३०	० ३१	० ३२	० ३३	० ३४	० ३४	० ३५	० ३६	० ३७	० ३८	० ३९
४	० ३९	० ४०	० ४१	० ४२	० ४३	० ४४	० ४४	० ४५	० ४६	० ४७	० ४८	० ४८
५	० ४९	० ५०	० ५१	० ५२	० ५३	० ५३	० ५४	० ५५	० ५६	० ५७	० ५७	० ५८
६	० ५९	१ ००	१ १	१ २	१ २	१ ३	१ ४	१ ५	१ ६	१ ७	१ ७	१ ८
७	१ ९	१ १०	१ ११	१ ११	१ १२	१ १३	१ १४	१ १५	१ १६	१ १६	१ १७	१ १८
८	१ १९	१ २०	१ २०	१ २१	१ २२	१ २३	१ २४	१ २५	१ २५	१ २६	१ २७	१ २८
९	१ २९	१ ३०	१ ३०	१ ३१	१ ३२	१ ३३	१ ३४	१ ३४	१ ३५	१ ३६	१ ३७	१ ३८
१०	१ ३९	१ ३९	१ ४०	१ ४१	१ ४२	१ ४३	१ ४३	१ ४४	१ ४५	१ ४६	१ ४७	१ ४८
११	१ ४८	१ ४९	१ ५०	१ ५१	१ ५२	१ ५३	१ ५३	१ ५४	१ ५५	१ ५६	१ ५७	१ ५७
१२	१ ५८	१ ५९	२ ०	२ १	२ २	२ २	२ ३	२ ४	२ ५	२ ६	२ ६	२ ७
१३	२ ८	२ ९	२ १०	२ ११	२ ११	२ १२	२ १३	२ १४	२ १५	२ १६	२ १६	२ १७
१४	२ १८	२ १९	२ २०	२ २०	२ २१	२ २२	२ २३	२ २४	२ २५	२ २५	२ २६	२ २७
१५	२ २८	२ २९	२ २९	२ ३०	२ ३१	२ ३२	२ ३३	२ ३४	२ ३४	२ ३५	२ ३६	२ ३७
१६	२ ३८	२ ३९	२ ३९	२ ४०	२ ४१	२ ४२	२ ४३	२ ४३	२ ४४	२ ४५	२ ४६	२ ४७
१७	२ ४८	२ ४८	२ ४९	२ ५०	२ ५१	२ ५२	२ ५२	२ ५३	२ ५४	२ ५५	२ ५६	२ ५७
१८	२ ५७	२ ५८	२ ५९	३ ०	३ १	३ २	३ २	३ ३	३ ४	३ ५	३ ६	३ ६
१९	३ ७	३ ८	३ ९	३ १०	३ ११	३ ११	३ १२	३ १३	३ १४	३ १५	३ १५	३ १६
२०	३ १७	३ १८	३ १९	३ २०	३ २०	३ २१	३ २२	३ २३	३ २४	३ २५	३ २५	३ २६
२१	३ २७	३ २८	३ २९	३ २९	३ ३०	३ ३१	३ ३२	३ ३३	३ ३४	३ ३४	३ ३५	३ ३६
२२	३ ३७	३ ३८	३ ३८	३ ३९	३ ४०	३ ४१	३ ४२	३ ४३	३ ४३	३ ४४	३ ४५	३ ४६
२३	३ ४७	३ ४८	३ ४८	३ ४९	३ ५०	३ ५१	३ ५२	३ ५२	३ ५३	३ ५४	३ ५५	३ ५६

अयनांश सारणी नं० १

ई. सन्	अयनांश	ई. सन्	अयनांश	ई. सन्	अयनांश
	अं. क. वि.		अं. क. वि.		अं. क. वि.
१९५१	२३ १० २१	१९७५	२३ ३० २८	१९९९	२३ ५० ३४
१९५२	२३ ११ १२	१९७६	२३ ३१ १७	२०००	२३ ५१ २४
१९५३	२३ १२ ०२	१९७७	२३ ३२ ०८	२००१	२३ ५२ १५
१९५४	२३ १२ ५२	१९७८	२३ ३२ ५९	२००२	२३ ५३ ०५
१९५५	२३ १३ ४२	१९७९	२३ ३३ ४९	२००३	२३ ५३ ५५
१९५६	२३ १४ ३३	१९८०	२३ ३४ ३९	२००४	२३ ५४ ४६
१९५७	२३ १५ २३	१९८१	२३ ३५ २९	२००५	२३ ५५ ३६
१९५८	२३ १६ १३	१९८२	२३ ३६ २०	२००६	२३ ५६ २६
१९५९	२३ १७ ०३	१९८३	२३ ३७ १०	२००७	२३ ५७ १७
१९६०	२३ १७ ५४	१९८४	२३ ३८ ००	२००८	२३ ५८ ०७
१९६१	२३ १८ ४४	१९८५	२३ ३८ ५१	२००९	२३ ५८ ५७
१९६२	२३ १९ ३५	१९८६	२३ ३९ ४१	२०१०	२३ ५९ ४८
१९६३	२३ २० २५	१९८७	२३ ४० ३१	२०११	२४ ०० ३८
१९६४	२३ २१ १५	१९८८	२३ ४१ २१	२०१२	२४ ०१ २८
१९६५	२३ २२ ०५	१९८९	२३ ४२ १२	२०१३	२४ ०२ १८
१९६६	२३ २२ ५५	१९९०	२३ ४३ ०२	२०१४	२४ ०३ ०९
१९६७	२३ २३ ४६	१९९१	२३ ४३ ५२	२०१५	२४ ०३ ५९
१९६८	२३ २४ ३६	१९९२	२३ ४४ ४२	२०१६	२४ ०४ ४९
१९६९	२३ २५ २६	१९९३	२३ ४५ ३३	२०१७	२४ ०५ ४०
१९७०	२३ २६ १६	१९९४	२३ ४६ २३	२०१८	२४ ०६ ३०
१९७१	२३ २७ ०७	१९९५	२३ ४७ १३	२०१९	२४ ०७ २०
१९७२	२३ २७ ५७	१९९६	२३ ४८ ०३	२०२०	२४ ०८ १०
१९७३	२३ २८ ४७	१९९७	२३ ४८ ५४	२०२१	२४ ०९ ०१
१९७४	२३ २९ ३७	१९९८	२३ ४९ ४४	२०२२	२४ ०९ ५१

अयनांश सारणी नं. २

तारीख	१	४	७	१०	१३	१६	१९	२२	२५	२८	तारीख	१	४	७	१०	१३	१६	१९	२२	२५	२८
	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.		वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.
जनवरी	०	१	१	१	२	२	३	३	३	४	जुलाई	२५	२५	२६	२६	२७	२७	२८	२८	२८	२९
फरवरी	४	५	५	६	६	६	७	७	८	८	अगस्त	२९	३०	३०	३१	३१	३१	३२	३२	३३	३३
मार्च	८	९	९	१०	१०	१०	११	११	१२	१२	सितम्बर	३४	३४	३४	३५	३५	३६	३६	३६	३७	३७
अप्रैल	१३	१३	१३	१४	१४	१५	१५	१५	१६	१६	अक्तूबर	३८	३८	३९	३९	३९	४०	४०	४१	४१	४१
मई	१७	१७	१७	१८	१८	१९	१९	२०	२०	२०	नवम्बर	४२	४२	४३	४३	४४	४४	४४	४५	४५	४६
जून	२१	२१	२२	२२	२३	२३	२३	२४	२४	२५	दिसम्बर	४६	४७	४७	४७	४८	४८	४९	४९	४९	५०

महर्षि–पराशरोक्त विंशोत्तरी महादशान्तर्दशा ज्ञान–चक्र

सूर्यदशा वर्ष ६	चंद्रदशा वर्ष १०	भौम दशा वर्ष ७	राहु दशा वर्ष १८	गुरु दशा वर्ष १६	शनिदशा वर्ष १९	बुधदशा वर्ष १७	केतुदशा वर्ष ७	शुक्रदशा वर्ष २०
एक घड़ी में ३६ दिन	एक घड़ी में ६० दिन	एक घड़ी में ४२ दिन	एक घड़ी में १०८ दिन	एक घड़ी में ९६ दिन	एक घड़ी में ११४ दिन	एक घड़ी में १०२ दिन	एक घड़ी में ४२ दिन	एक घड़ी में १२० दिन
कृ. उ.फा. उ.षा.	रो. ह. श्रव.	मृ. चि. ध.	आर्द्रा स्वा. श.	पुन. वि. पू.भा.	पु. अनु. उ.भा.	आश्ले. ज्ये. रे.	म. मू. अश्वि.	पू.फा. पूषा. भ.
तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्
ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.
र. ० ३ १८	चं. ० १० ०	मं. ० ४ २७	रा. २ ८ १२	बृ. २ १ १८	श. ३ ० ३	बु. २ ४ २७	के. ० ४ २७	शु. ३ ४ ०
चं. ० ६ ०	मं. ० ७ ०	रा. १ ० १८	बृ. २ ४ २४	श. २ ६ १२	बु. २ ८ ९	के. ० ११ २७	शु. १ २ ०	र. १ ० ०
मं. ० ४ ६	रा. १ ६ ०	बृ. ० ११ ६	श. २ १० ६	बु. २ ३ ६	के. १ १ ९	शु. २ १० ०	र. ० ४ ६	चं. १ ८ ०
रा. ० १० २४	बृ. १ ४ ०	श. १ १ ९	बु. २ ६ १८	के. ० ११ ६	शु. ३ २ ०	र. ० १० ६	चं. ० ७ ०	मं. १ २ ०
बृ. ० ९ १८	श. १ ७ ०	बु. ० ११ २७	के. १ ० १८	शु. २ ८ ०	र. ० ११ १२	चं. १ ५ ०	मं. ० ४ २७	रा. ३ ० ०
श. ० ११ १२	बु. १ ५ ०	के. ० ४ २७	शु. ३ ० ०	र. ० ९ १८	चं. १ ७ ०	मं. ० ११ २७	रा. १ ० १८	बृ. २ ८ ०
बु. ० १० ६	के. ० ७ ०	शु. १ २ ०	र. ० १० २४	चं. १ ४ ०	मं. १ १ ९	रा. २ ६ १८	बृ. ० ११ ६	श. ३ २ ०
के. ० ४ ६	शु. १ ८ ०	र. ० ४ ६	चं. १ ६ ०	मं. ० ११ ०६	रा. २ १० ६	बृ. २ ३ ६	श. १ १ ९	बु. २ १० ०
शु. १ ० ०	र. ० ६ ०	चं. ० ७ ०	मं. १ ० १८	रा. २ ४ २४	बृ. २ ६ १२	श. २ ८ ९	बु. ० ११ २७	के. १ २ ०

शिवोक्त योगिनी–दशाऽन्तर्दशा ज्ञानार्थ चक्र

मंगला व. १	पिंगला व. २	धान्या व. ३	भ्रामरी व. ४	भद्रा व. ५	उल्का व. ६	सिद्धा व. ७	संकटा व. ८	दशा तथा वर्ष
चन्द्र	सूर्य	गुरु	मंगल	बुध	शनि	शुक्र	केतु	दशेश ग्रह
आर्द्रा चि. श्रव.	पुन. स्वा. ध.	पुष्य वि. श.	अश्वि आश्ले अनु पूभा	भ. म. ज्ये. उ.भा.	कृ. पूफा. मू. रे.	रो. उ.फा. पूषा.	मृ. ह. उ.षा.	जन्म नक्षत्र
मं. ० १०	पिं. १ १०	धा. .३ ०	भ्रा. ५ १०	भ. ८ १०	उ. १२ ०	सि. १६ १०	सं. २१ १०	अन्तर्दशा के मास, दिन
पिं. ० २०	धा. २ ०	भ्रा. ४ ०	भ. ६ २०	उ. १० ०	सि. १४ ०	सं. १८ २०	मं. २ २०	
धा. १ ०	भ्रा. २ २०	भ. ५ ०	उ. ८ ०	सि. ११ २०	सं. १६ ०	मं. २ १०	पिं. ५ १०	
भ्रा. १ १०	भ. ३ १०	उ. ६ ०	सि. ९ १०	सं. १३ १०	मं. २ ०	पिं. ४ २०	धा. ८ ०	
भ. १ २०	उ. ४ ०	सि. ७ ०	सं. १० २०	मं. १ २०	पिं. ४ ०	धा. ७ ०	भ्रा. १० २०	
उ. २ ०	सि. ४ २०	सं. ८ ०	मं. १ १०	पिं ३ १०	धा. ६ ०	भ्रा. ९ १०	भ. १३ १०	
सि. २ १०	सं. ५ १०	मं. १ ०	पिं. २ २०	धा. ५ ०	भ्रा. ८ ०	भ. ११ २०	उ. १६ ०	
सं. २ २०	मं. ० २०	पिं. २ ०	धा. ४ ०	भ्रा. ६ २०	भ. १० ०	उ. १४ ०	सि. १८ २०	

वर्षकुण्डली में १२ भावों में स्थित ग्रहों का फल

ग्रह	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्य	चिन्ता	नृपभय	धनलाभ	हानि	कष्ट	शत्रुनाश	पीड़ा	कष्ट	धर्मनाश	सुख	धनलाभ	पीड़ा
चन्द्र	पीड़ा	धनलाभ	हर्ष	शत्रुनाश	सुख	पीड़ा	कष्ट	दुःख	भाग्योदय	विजय	धनलाभ	व्यय
भौम	ज्वर	धननाश	जय	व्यसन	दुर्गति	शत्रुनाश	स्त्रीकष्ट	पीड़ा	पुण्योदय	राज्यलाभ	धनलाभ	विरोध
बुध	सुख	धनलाभ	सुख	द्रव्यलाभ	पुत्रलाभ	कलह	धनलाभ	व्यग्रता	सुख	मानलाभ	सुखलाभ	विघ्न
गुरु	सुख	धनलाभ	जय	वाहनलाभ	पुत्रलाभ	कष्ट	सुख	रोग	धर्मलाभ	राज्यलाभ	धनलाभ	शोक
शुक्र	मानप्राप्ति	धनप्राप्ति	कीर्तिलाभ	सुखलाभ	धनलाभ	शत्रुभीति	स्त्रीसुख	कष्ट	धर्मोदय	मानलाभ	धनलाभ	व्यय
शनि	वायुरोग	पीड़ा	धनलाभ	दुःख	पुत्रप्राप्ति	जय	स्त्रीकष्ट	रोग	भाग्यहानि	धनहानि	धनलाभ	चिन्ता
राहु	सिरदर्द	राजभय	सुख	दुःख	बुद्धिनाश	शत्रुनाश	रोगभय	दुःख	हानि	विजय	सुखलाभ	व्याधि
केतु	चिन्ता	क्लेश	आरोग्य	राजभय	दुर्बुद्धि	सुख	क्लेश	पीड़ा	भाग्यनाश	धनलाभ	लाभ	शोक
मुन्था	सुख	यश, अर्थ	पुष्टि	दुःख	सुखप्राप्ति	कष्ट	व्यसन	दुःख	भाग्योदय	राज्यप्राप्ति	लाभ	कष्ट

दशा का भुक्तभोग्य

गत नक्षत्र की घट्यादि को ६० में से घटाकर इष्ट–घटीपल जोड़ने से भयात होता है। ६० में से घटाए हुए अंकों में प्रवेश नक्षत्र के घट्यादि जोड़ने से भभोग होता है। भयात और भभोग की घटियों को ६० से गुणा कर पल बना लें। भयात के पलों को दशा के वर्षों से गुणाकर भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध अंक वर्ष; फिर शेषांक को १२ से गुणा करें, भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध मास; फिर शेषांक को ३० से गुणाकर भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध दिन; फिर शेषांक को ६० से गुणाकर भभोग के पलों का भाग दें, लब्धांक घटी; फिर शेषांक को ६० से गुणाकर भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध पल होंगे। यह वर्षादि दशा का भुक्त होता है। इसको दशा के वर्षों में से घटाने पर भोग्य दशा होगी।

सूर्यसिद्धान्तीय वर्षप्रवेश–सारणी

गताब्द	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१
घटी	१५	३१	४६	२	१७	३३	४८	४	१९	३५	५०	६	२१	३७	५२	८	२३	३९	५४	१०	२६	४१	५७	१२	२८	४३	५९	१४	३०	४५	१	१६	३२	४७	३	१८	३४	४९	५	२१
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्द	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०
वार	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२
घटी	३६	५२	७	२३	३८	५४	९	२५	४०	५६	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	०	१५	३१	४७	२	१८	३३	४९	४	२०	३५	५१	६	२२	३७	५३	८	२४	३९	५५	१०	२६	४२
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

सूचना– वेधसिद्ध वर्षमान सूर्य सिद्धान्तीय वर्षमान से ८.५पल कम है। अतः सूक्ष्म–वर्षप्रवेशकालिक इष्ट निकालने के लिए गताब्दों को ८.५ से गुणा करके पलात्मक फल को सारणी से साधित इष्ट में से घटा देना चाहिए। यही सूक्ष्म–वर्ष मानानुसारी इष्ट होगा, चाहो तो इस इष्ट पर भी फल अनुभव करें।

वर्षफलसाधन–प्रकारः– (१) अभीष्ट संवत् (जिस संवत् का वर्ष निकालना हो) में से जन्म समय का संवत् हीन करने से जो शेष बचे उसे गतवर्ष, (गताब्द) जानें। स्मरण रहे, कि– मेषार्कप्रवेश से प्रथम और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अनंतर का यदि वर्ष करना हो तो पिछले संवत् से करना होगा–वर्षायनर्तुयुगपूर्वकमत्र सौरात्– इस प्रकार गताब्द निकालकर उसी गताब्द अंक के नीचे सारणी में जो वारादि अंक हैं, उनमें जन्म का वार, इष्ट, घड़ी, पल जोड़ने से वर्षप्रवेशकालिक वारादि इष्ट ज्ञात हो जाता है। यदि नीचे घट्यादि अंक साठ से अधिक हों तो ६० का भाग देने से लब्धांक को ऊपर युक्त करते जाना। ऊपर से वारांक में सात से अधिक आ जाए तो सात का भाग देकर लब्ध त्याग देने से शेष को वर्षप्रवेश समय का स्पष्ट वारादि इष्ट समझें।

(२) जिस दिन जन्म समय के स्पष्ट सूर्यतुल्य वर्ष में सूर्य मिले, उसी दिन वर्षप्रवेश जानना। प्रविष्टों के अनुसार कभी–कभी वार नहीं मिलता। वहां पर गणितागत वार को ठीक जानें। इस इष्ट के अनुसार स्वदेशीय लग्नसारणी से लग्नसाधन करके वर्षकुण्डली लगाएं।

मुन्थानयनप्रकार– गताब्दसंख्या में जन्मलग्न जोड़कर उसमें १२ का भाग देना, जो शेष बचे उसे मुन्था जानें। यह मुन्था प्रति दिन पांच कला चलती है।

मुद्दा दशा– गत वर्ष में जन्मनक्षत्र जोड़कर, उसमें से दो घटाएं, ९ का भाग देने से जो शेष बचे उसे दशा समझें। १ शेष से सूर्य, २ से चन्द्रमा, ३ से मंगल, ४ से राहु, ५ से गुरु, ६ से शनि, ७ से बुध, ८ से केतु, और ९ शेष से शुक्र की दशा जानें।

दशा के दिन– सूर्य के १८ दिन, चन्द्रमा के ३०, मंगल २१, राहु ५४, गुरु ४८, शनि ५७, बुध ५१, केतु २१, शुक्र ६० – ये दशा के दिन हैं।

हर्ष स्थान बल– सूर्य वर्ष लग्न से ९, चन्द्रमा ३, मंगल ६, बुध १, गुरु ११वें, शुक्र ५वें और शनि १२ वें स्थान में हो तो ५ हर्ष बल देते हैं।

स्वोच्च बल– सू. १।५, चं. २।४, मं. १।८।१०, बुध ३।६, गुरु ९।१२।४, शु. २।७।१२ तथा श. १०।११ ७ राशियों में ५ बल देते हैं।

पुरुषस्त्री–ग्रह–बल– स्त्रीग्रह (चं. बु. शु. श) १।२।३।७।८।९ और पुरुष ग्रह (सू., मं., बृ.) ४।५।६।१०।११।१२वें स्थानों में ५ बल देते हैं। दिनरात्रि बल–दिन के वर्षेष्ट में पुरुषग्रह ५ बल देते हैं और रात्रि के इष्ट में स्त्रीग्रह ५ बल देते हैं।

त्रिराशिपति चक्र

राशि→	मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.
दिनलग्नपति→	सू.	शु.	श.	शु.	गु.	चं.	बु.	मं.	श.	मं.	गु..	चं.
रात्रिलग्नपति→	गु.	चं.	बु.	मं.	सू.	शु.	श.	शु.	श.	मं.	गु.	चं.

वर्ष में दृष्टि–ज्ञान और फल

⁂ वर्ष में जो ग्रह जिस भाव में पड़ा हो उस भाव से ५वें, ९वें भाव को प्रत्यक्ष मित्र दृष्टि से देखता है। फल– कार्य में शीघ्र सफलता, सुख, प्रेम, लाभ और जिन मनुष्यों के साथ पहले शत्रुता होती है, उनसे प्रेम होता है। ⁂ तीसरे ग्यारहवें गुप्त मित्र दृष्टि से देखता है। फल– कार्य कठिनता से एवं गुप्त भाव से सफल हो।⁂ पहले, सातवें प्रत्यक्ष शत्रु दृष्टि होती है। फल– शत्रुता करे, मित्र से बैर, धनहानि, बनते काम को बिगड़ना आदि फल होते हैं।⁂ ४–१०वें गुप्तशत्रु दृष्टि से देखता है। फल– कार्य बड़ी कठिनता से सफल हो, गुप्तरूप से शत्रु भी उत्पन्न होते हैं।

अथ वर्षेश निर्णयः– जन्म लग्नेश १, वर्ष लग्नेश २, मुन्थेश ३, त्रैराशीश ४, समयेश ५ (दिन में वर्ष प्रवेश हो तो सूर्य जिस राशि पर हो उस राशि का स्वामी और रात्रि में हो तो चन्द्रराशि का स्वामी समयेश होता है।) इन पांच अधिकारियों में से जो सबसे बलवान् हो और लग्न को देखे वह वर्षेश होता है। यदि पांचों में से कोई भी लग्न को न देखता हो तो उन में से जो अधिक बलवान् हो वही वर्षेश्वर होगा। कई ग्रहों का बल समान हों तो जिसकी लग्न पर अधिक दृष्टि हो वह और बल, दृष्टि, अधिकार– तीनों समान हों तो मुन्थेश ही वर्षेश हो। यदि चन्द्रमा वर्षेश प्राप्त हो तो जिससे वह इत्थशाल करे या जिसकी राशि में बैठा हो वही वर्षेश हो। फल– वर्षेश ६। ८। १२ वें व अस्तंगत, हीनबली हो तो वर्ष में दुःख, शोक, चिन्ता, भयविशेष होगा। यदि बलिष्ठ होकर शुभ स्थान में सुयोग के साथ बैठा हो तो वर्ष में सुखैश्वर्य की वृद्धि हो।

वर्ष में तबदीली का योग– वर्षकुण्डली में लग्नेश– तृतीयेश या चतुर्थेश–नवमेश एक घर में हों या एक–दूसरे को मित्रदृष्टि से देखें तो उस वर्ष तबदीली होगी। अगर वर्षलग्नेश वक्री हो और वह [illegible] हो तो भी तबदीली का योग बनेगा।

सूक्ष्म, शुद्ध वर्षमान के अनुसार वर्षप्रवेशकाल

वेध द्वारा यह सिद्ध हो चुका है कि– सूर्यसिद्धान्तीय वर्षमान वास्तविक (शुद्ध) वर्षमान से १/२ मिनट अधिक है। शुद्ध वर्षफल बनाने के लिए सूक्ष्म वर्षप्रवेशकाल का होना आवश्यक है। हम यहां "सूक्ष्म वर्ष–प्रवेश–सारणी" दे रहे हैं। जो दैवज्ञ वर्षफल के लिए सूक्ष्म वर्षप्रवेशकाल जानना चाहते हैं, उन्हें इसी सारणी का प्रयोग करना चाहिए।

इस सारणी में घं. मि. का प्रयोग है, अतः इससे वर्षप्रवेशकाल जानने के लिए जातक के जन्म का स्टैं. टा. ही यहां प्रयोग में लाना होगा। जैसे– मान लीजिए, किसी व्यक्ति के दसवें वर्ष का प्रवेशकाल जानना है। उस व्यक्ति के जन्म का वार चन्द्र और जन्मकाल (भा. स्टैं. टा.) ८घं. २०मि. (प्रातः) है। उसके वारादि जन्मकाल (2 वा. 8 घं. 20 मि.) में सारणी से गताब्द 9 द्वारा प्राप्त वारादि काल 4 वा. 7 घं. 22 मि. जोड़ने पर 6 वा. 15 घं. 42 मि. मिले। इसका अर्थ हुआ कि इस व्यक्ति के दसवें वर्ष का प्रवेश शुक्रवार को 15 घं. 42 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर होगा।

ध्यान रहे– इस सारणी के प्रयोग से प्राप्त वार रात्रि के 12 बजे बदलने वाला होगा। अतः यहां प्रयोग में लाया जाने वाला जन्मकालिक वार भी इसी प्रकार होना चाहिए।

सूक्ष्म वर्षप्रवेश सारणी

गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.
१	१/६/९	१३	२/७/५९	२५	३/९/४९	३७	४/११/३९	४९	५/१३/२९	६१	६/१५/१९	७३	०/१७/९	८५	१/१८/५९	९७	२/२०/४९	१०९	३/२२/३९
२	२/१२/१८	१४	३/१४/८	२६	४/१५/५८	३८	५/१७/४८	५०	६/१९/३८	६२	०/२१/२८	७४	१/२३/१८	८६	३/१/८	९८	४/२/५८	११०	५/४/४८
३	३/१८/२७	१५	४/२०/१७	२७	५/२२/७	३९	६/२३/५७	५१	१/१/४७	६३	२/३/३७	७५	३/५/२७	८७	४/७/१७	९९	५/९/७	१११	६/१०/५७
४	५/०/३७	१६	६/२/२७	२८	०/४/१६	४०	१/६/६	५२	२/७/५६	६४	३/९/४६	७६	४/११/३६	८८	५/१३/२६	१००	६/१५/१६	११२	०/१७/६
५	६/६/४६	१७	०/८/३६	२९	१/१०/२६	४१	२/१२/१६	५३	३/१४/०६	६५	४/१५/५६	७७	५/१७/४५	८९	६/१९/३५	१०१	०/२१/२५	११३	१/२३/१५
६	०/१२/५५	१८	१/१४/४५	३०	२/१६/३५	४२	३/१८/२५	५४	४/२०/१५	६६	५/२२/५	७८	६/२३/५५	९०	१/१/४५	१०२	२/३/३४	११४	३/५/२४
७	१/१९/०४	१९	२/२०/५४	३१	३/२२/४४	४३	५/०/३४	५५	६/२/२४	६७	०/४/१४	७९	१/६/४	९१	२/७/५४	१०३	३/९/४४	११५	४/११/३४
८	३/१/१३	२०	४/३/३	३२	५/४/५३	४४	६/६/४३	५६	०/८/३३	६८	१/१०/२३	८०	२/१२/१३	९२	३/१४/३	१०४	४/१५/५३	११६	५/१७/४३
९	४/७/२२	२१	५/९/१२	३३	६/११/२	४५	०/१२/५२	५७	१/१४/४२	६९	२/१६/३२	८१	३/१८/२२	९३	४/२०/१२	१०५	५/२२/२	११७	६/२३/५२
१०	५/१३/३२	२२	६/१५/२२	३४	०/१७/११	४६	१/१९/१	५८	२/२०/५१	७०	३/२२/४१	८२	५/०/३१	९४	६/२/२१	१०६	०/४/११	११८	१/६/१
११	६/१९/४१	२३	०/२१/३१	३५	१/२३/२१	४७	३/१/११	५९	४/०३/१	७१	५/४/५०	८३	६/६/४०	९५	०/८/३०	१०७	१/१०/२०	११९	२/१२/१०
१२	१/१/५०	२४	२/३/४०	३६	३/५/३०	४८	४/७/२०	६०	५/९/१०	७२	६/११/०	८४	०/१२/५०	९६	१/१४/४०	१०८	२/१६/२९	१२०	३/१८/१९

वर्षप्रवेश का लग्न किस स्थान का होना चाहिए।

जिस प्रकार जातक का जन्म जिस स्थान पर होता है उसी स्थान के अक्षांश–रेखांशानुसार ही लग्न का निर्णय किया जाता है, ठीक उसी प्रकार वर्षप्रवेश के समय जातक जिस स्थान पर हो उसी स्थान के अक्षांश–रेखांशानुसार ही वर्षप्रवेश का लग्न होना चाहिए, क्योंकि वर्ष प्रवेश भी जातक का एक 'उपजन्म' ही है। इस प्रकार न्यूयार्क (अमेरिका) में जन्म लेने वाला जातक यदि अपने किसी वर्ष के प्रवेश के समय दिल्ली (भारत) में मौजूद है तो उसके उस वर्ष का प्रवेशकालीन लग्न दिल्ली के अक्षांश–रेखांशानुसार ही लगाना चाहिए। इसी तरह यदि दिल्ली में जन्म लेने वाला जातक वर्षप्रवेश के समय न्यूयार्क में हो तो उसके उस वर्ष का प्रवेशकालीन लग्न न्यूयार्क के अक्षांश–रेखांशानुसार ही होना चाहिए। क्योंकि प्राचीनकाल में अधिकतर लोग अपने जन्मस्थान को छोड़कर बहुत कम दूसरे स्थान पर जाते थे, अतः ज्योतिषी लोगों में वर्षप्रवेश के लग्न को जन्मस्थान से ही जोड़ने की परम्परा बन गई, जो तर्कसंगत नहीं है।

इस विषय को स्पष्टता से जानने के लिए 'सं. 2052 वि. के' "श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" में पृ. 41/42 पर मेरा लेख "वर्षप्रवेश का लग्न किस स्थान का होना चाहिए?" पढ़ें।

मास प्रवेशकाल

भिन्न–भिन्न राशियों में संचार करता हुआ सूर्य जब–जब जातक के जन्म–कालिक स्पष्ट सूर्य की अंश, कला, विकलाओं के तुल्य अंश, कला, विकलाओं पर आता है, तब–तब जातक के मासों का प्रारम्भ (मासप्रवेश) होता है। उदाहरणार्थ– यदि जातक का जन्मकालिक स्पष्ट सूर्य 2 रा. 10 अं. 25 क. 40 वि. है, तो जब जब (सूर्य) जातक की आयु के विभिन्न वर्षों में मेष आदि राशियों के 10 अं. 25 क. 40 वि. पर पहुँचेगा– इसका निर्णय सूर्य की मास–प्रवेश वाले दिन की गति और उस दिन के पंचांगस्थ दैनिक सूर्य तथा मास–प्रवेशकालिक सूर्य के अन्तर से त्रैराशिक द्वारा किया जा सकता है। (इसके लिए सं. 2050 वि. के "श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" में पृष्ठ 41 पर दिया गया मेरा लेख "स्पष्टमान से मास–प्रवेशकाल" पढ़ें।)

–प्रियव्रत शर्मा

ग्रहशील-चक्र

रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु	ग्रहाः
३/१०	३/१०	३/१०	३/१०	३/१०	३/१०	०	३/१०	३/१०	एकपाददृष्टिः
५/९	५/९	५/९	५/९	०	५/९	५/९	५/९	५/९	द्विपाददृष्टिः
४/८	४/८	०	४/८	४/८	४/८	४/८	४/८	४/८	त्रिपाददृष्टिः
७	७	४/७/८	७	५/७/९	७	३/७/१०	७	७	सम्पूर्णदृष्टिः
चं. मं. गु.	र. बु.	र. बृ. चं.	र. रा. शु.	र. चं. मं.	बु. रा. श.	बु. रा. शु.	बु. श. शु.	बुध	मित्र—ग्रहाः
बु.	मं.श.गु.शु.	शु. श.	मं. गु. श.	रा. श.	मं. गु.	गु.	गु.	०	समग्रहाः
श. रा. शु.	रा.	बु. रा.	चं.	बु. शु.	र. चं.	र. चं. मं.	र. चं. मं.	०	शत्रुग्रहाः
मेष	वृष	मकर	कन्या	कर्क	मीन	तुला	मिथुन	धनु	उच्चराशयः
१०	३	२८	१५	५	२७	२०	१५	१५	परमोच्चांशाः
तुला	वृश्चिक	कर्क	मीन	मकर	कन्या	मेष	धनु	मिथुन	नीचराशयः
१०	३	२८	१५	५	२७	२०	१५	१५	नीचांशाः
सिंह	कर्क	मे., वृश्चि.	मि., क.	ध., मी.	वृष, तुला	म., कुं.	कन्या	मीन	स्वगृहाणि
सिंह	वृष	मेष	कन्या	धनु	तुला	कुम्भ	कर्क	मकर	मूलत्रिकोण
क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	शूद्र	विप्र	विप्र	शूद्र निषाद	निषाद	निषाद	वर्णः
पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुंसक	पुरुष	स्त्री	नपुंसक	पुरुष	पुरुष	पुरुष, स्त्री, नपुंसकः
मध्याह्न	अपराह्न	मध्याह्न	प्रभात	प्रभात	अपराह्न	अपराह्न	अपराह्न	अपराह्न	समय
पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	आग्नेय	पश्चिम	नैर्ऋत्य	नैर्ऋत्य	दिशा
सुवर्ण	रौप्य	सुवर्ण	कांस्य	सुवर्ण	रौप्य	लौह	लौह	लौह	धातु
चतुष्पद्	बहुपद्	चतुष्पद्	द्विपद्	द्विपद्	द्विपद्	भुजंगपद्	अपद्	अपद्	पाद्
उग्र	सौम्य	उग्र	शुभ	शुभ	शुभ	पाप	पाप	पाप	सौम्यादि
सत्त्व	सत्त्व	तम	रज	सत्त्व	रज	तम	तम	तम	गुण
स्थिर	चर	चर	द्विस्व.	स्थिर	चर	पक्षी,स्थिर	चर	पक्षी	चरादि
तिक्त	क्षार	कटु	सर्वरस	मधुर	अम्ल	कषाय	कषाय	कषाय	रस
पशु	जलभू	दुग्ध	श्मशान	वाणी	जल	उत्कट	ऊषर	ऊषर	भूमि
पित्त	श्लेष्म	पित्त	समधातु	समधातु	कफशुक्र	वायु	धूम्र	वायु	पित्तादि
वृद्ध	युवा	युवा	युवा	वृद्ध	युवा	अतिवृद्ध	वृद्ध	वृद्ध	अवस्था
पाटल	गौरश्वेत	रक्त	नील	पीत	श्वेत	नील	धूम्र	धूम्र	रंग
मूल	जीव	धातु	जीव	जीव	मूल	मूल	धातु	धातु	धात्वादि
वन	जल	वन	ग्राम	ग्राम	ग्राम	सन्धि	विवर	विवर	स्थानम्

वर्ष में योगिनी के लिए ज नक्षत्रसंख्या गताब्द जोड़ें और जोड़ें, 8 भाग दें, तो मंगलादि योगि दशा होती है।

वर्षयोगिनीमतेन मुद्दादशा (मास–दिन)

म.	पि.	धा.	भ्रा.	भ.	उ.	सि.	सं.
०	०	१	१	१	२	२	२
१०	२०	०	१०	२०	०	१०	२०

गर्भयोग-

वर्ष–कुण्डली में लग्नेश पांच या सातवें घ हो व पंचमेश और सप्तमेश लग्न में पड़े तो उस गर्भयोग होता है। मुंथेश और चन्द्रमा बली होकर पांचवें हो और पंचमेश भी बली हो तो ग होता है।

जन्मपत्री न हो तो वर्ष बनाने की रीति

स्पष्ट प्रश्नलग्न की राशि को छोड़कर अंशादिक की कला करें, फिर उसमें १५० (डेढ़ सौ) का भाग दें। लब्ध, जो राश्यादि चार फल आवे उसकी राशि के अंक में प्रश्नलग्न की राशि के अंक मिलाएं। प्राप्तांक को मुन्था का स्पष्ट लग्न समझें और प्रश्नलग्न से चतुर्थराशि के स्वामी को जन्मलग्नेश जानें अर्थात् पंचाधिकारियों में जन्मलग्नपति के स्थान में प्रश्नलग्न से चतुर्थराशि का स्वामी जो हो उसे लग्नेश समझिए। प्रश्नपत्र पर वर्ष बनाने में इतना ही विशेष है। अन्य सर्व रीति में कुछ न्यूनाधिक नहीं है।

अरिष्ट योग

यदि जन्मलग्न ही वर्ष लग्न हो और जन्मनक्षत्र भी वर्ष में आ जाए तो यह द्विजन्मा वर्ष अशुभ है। वर्ष में गुरु, चन्द्र शुभ न हों तो अशुभ, कष्टभय होता है। वर्ष में गुरु, चन्द्र शुभ हों तो अशुभ फल नहीं होगा।

आवश्यक मुहूर्त

कोई भी कार्य यदि शास्त्र–सम्मत शुभ–मुहूर्त्त में किया जाए तो वह अवश्य सफल होकर सुखप्रद होता है। गया–गोदावरी–यात्रा में, नवरात्रकृत्य में एवम् चातुर्मास्य व्रत में गुरु–शुक्रास्त का दोष नहीं होता।

गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त्त

शुभ तिथियां– १, २ ३ ५ ७, १०, ११, १२, १३। **शुभ नक्षत्र**–तीनों उत्तरा, मृ., ह., अनु., रो., स्वा., श्र., ध., श.। **शुभ लग्न–** जब लग्न और ४, ५ ७, ९. १० स्थानों में शुभग्रह हों;३. ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; सूर्य, मंगल या गुरु लग्न को देखते हों, विषम राशि के नवांश में चन्द्रमा हो, रजोदर्शनकाल से पहली चार रात्रि छोड़ कर १६ रात्रि तक समरात्रि में गर्भ हो तो पुत्र, विषम में हो तो कन्या होती है।

चित्रा, पुन. पुष्य, अश्विनी गर्भाधान के लिए मध्यम हैं।

गर्भाधान के लिए अशुभकाल

भद्रा; ४. ६. ८. ९. १४. १५. ३० तिथियां; संक्रान्ति का दिन, सन्ध्याकाल, मंगल, रवि, शनिवार, रजोदर्शनकाल की पहली चार रात्रियां; ज्येष्ठा, रेवती और आश्लेषा नक्षत्रों के अन्त की दो–दो घड़ी; मूल, अश्विनी और मघा के आदि की २–२ घड़ी; ४, ८, १२ लग्नों के अन्त की आधी–आधी घड़ी; ५. ९, १ लग्नों की आधी–आधी घड़ी; ५. ९, १५ तिथियों के अन्त की एक–एक घड़ी; ६, ११, १ तिथियों के आदि की एक–एक घड़ी; निर्बल तारा, जन्मनक्षत्र, मूल, भरणी, अश्विनी, रेवती, मघा नक्षत्र एवम् ग्रहण के दिन, व्यतिपात, वैधृति योग; माता–पिता के श्राद्ध का दिन; दिन का समय; परिघ योग का आधा भाग; उत्पात से हत नक्षत्र; जन्मराशि से अष्टमलग्न; पापयुक्त लग्न तथा पापाकान्त नक्षत्र गर्भाधान के लिए वर्जित है।

गर्भमासों के स्वामी

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरु	सूर्य	चन्द्रमा	शनि	बुध	गर्भाधान समय का लग्नेश	चन्द्रमा	सूर्य

स्त्री–पुरुष के चन्द्रबल की विशेषता

गर्भाधान संस्कार में स्त्री का चन्द्रबल देखना चाहिए और अन्यकार्यों में पति का चन्द्रबल देखना चाहिए– यह सदा स्मरण रखें।

पुंसवन संस्कार का मुहूर्त्त

यह संस्कार गर्भधान के तीसरे मास में गुरु, रवि, मंगलवार को मृग., पुन., पु., ह., मू. और श्रवण नक्षत्रों में; १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ १५ तिथियों में जब लग्न से १, ४, ५, ७, ९ और १० स्थानों में शुभग्रह और ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों तो शुभ होता है। तीनों उत्तरा, रोहिणी, रेवती नक्षत्र तथा सोम, बुध और शुक्रवार भी शुभ हैं।

सीमान्त संस्कार का मुहूर्त्त

गर्भाधान के छठे या आठवें मास में जब मास का स्वामी बली हो तब पुंसवन के मुहूर्त्त में निर्दिष्ट तिथियों, वारों, नक्षत्रों और लग्नों में सीमान्त शुभ होता है। **"सीमान्त जातकादीनि प्राशनान्तानि यानि वै। न दोषो मलमासस्य मौढ्यस्य गुरुशुक्रयोः।।"**

गर्भ–रक्षा के लिए विष्णुपूजा

गर्भाधान के आठवें मास में श्रवण, रोहिणी और पुष्य नक्षत्र में; शुभ लग्न, वार और तिथियों में जब लग्न से आठवां स्थान शुद्ध हो तब गर्भ की रक्षा के लिए विष्णु की पूजा करनी चाहिए।

मेधाजनन संस्कार

बालक के उत्पन्न होने के अनन्तर नाल काटने से पहले दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली के अग्रभाग में सुवर्ण लगाकर सुवर्णसहित अंगुली से शहद और गौ के घी को मिलाकर **"ॐ भूस्त्वयि दधामि, ॐ भुवस्त्वयि दधामि, ॐ स्वस्त्वयि दधामि, ॐ भू र्भुवः स्वस्त्वयि दधामि, ॐ भूर्भुवः स्वः सर्व त्वयि दधामि"**– इन पांचों मन्त्रों से बालक को थोड़ा–थोड़ा चार बार मधु चटावें– ऐसा करने से बालक बुद्धिमान् और यशस्वी होता है।

स्तनपान कराने व सूतिकापथ्य का मुहूर्त

रिक्ता., अमा, भद्रा, व्यतिपात एवं वैधृति को छोड़कर शुभ तिथियां हों; वार चं. बु. गु. श. हों; नक्षत्र मृग., पुन., पु., श्र., रे., म. हों– तब स्तनपान कराना शुभ है। आगे अन्नप्राशन में कही गई तिथि, नक्षत्रों में सूतिकापथ्य शुभ है।

प्रसूता स्त्री के स्नान का मुहूर्त्त

रेवती, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृग., ह., स्वा., अश्वि. और अनु. नक्षत्रों में; रवि, गुरु और भोम वारों में; १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५ तिथियों में शुभ हैं। आर्द्रा, पुन., पु., श्र., म., भ., कृ., वि. मू. और चित्रा नक्षत्र तथा शनि और बुधवार त्याज्य हैं। अन्य नक्षत्र और वार मध्यम हैं।

प्रसूता स्त्री द्वारा जलपूजन का मुहूर्त्त

मास समाप्त होने पर बुध, गुरु या चन्द्रवार को ४, ९, १४, तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में श्र., पुन., पु., मृ., ह., मू., अनु., नक्षत्रों में जलपूजन उत्तम है। परन्तु गुरु और शुक्र के अस्त में; चैत्र, पौष या अधिक मास में (मास पूरा होने पर भी) जलपूजन नहीं करना चाहिए।

जातकर्म और नामकरण का मुहूर्त्त

संक्रान्तिदिन, भद्रा और व्यतिपात को छोड़कर १, २, ३, ५, ७, १०, ११ १२, १३ तिथियों में जन्मकाल से ११वें या १२वें दिन सोम, बुध और शुक्रवार को मृ., रे., चि., अनु., तीनों उत्तरा, रो., ह., अश्विनी, पुष्य, अभि., स्वा., पुन., श्र., ध., श., नक्षत्रों में, जब लग्न से १, ४, ५, ७, १० स्थानों में शुभग्रह तथा ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों तब शुभ होता है।

अथ दोला (झूला) आरोहणमुहूर्त्त

जन्म दिन से १०, १२, १६, १८, ३२वें दिन शुक्रवार में; मृ., रे., चि., अनु., ह., अश्वि., पुष्य, अभि., तीनों उत्तरा, रो. नक्षत्रों में ४, ९, १४, ३० तिथियों के अलावा अन्य तिथियों में; १, ४, ७, १० लग्नों में शुभग्रह से युक्त होने पर एवं १, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११ वें शुभग्रह हों तथा ३, ६, ११ वें पापग्रह हो तो उत्तम होता है।

निष्क्रमण का मुहूर्त्त

स्वा., अश्वि., पुन., ह., मू., पु., अनु., श्र., रो., ध. नक्षत्रों में; भौम एवं शनि को छोड़कर अन्य वारों में, रिक्ता, अमा, भद्रादि से रहित शुभ दिन में, तीसरे, चौथे मास में शुभ है। शीघ्रता होने पर १२वें दिन बालक का निष्क्रमण करें। इसी दिन सूर्य और नक्षत्र पूजन पूर्वक सूर्य नक्षत्रों का दर्शन कराना है।

सूर्य नक्षत्र से चन्द्रनक्षत्र तक गिनें				
५ नैरोग्य	५ मरण	५ कृषता	५ व्याधि	७ सौख्य

भूम्युपवेशन–मुहूर्त्त

पांचवें महीने में पृथ्वी, वाराह का पूजन करके भौम के पूर्ण बल में तीनों उत्तरा, रो., मृग., ज्ये., अनु., अश्वि., हस्त, पुष्य, अभि– इन नक्षत्रों में; ४, ९, १४, ३०– इन तिथियों को छोड़कर स्थिर लग्न एवं शुभ दिन में बालक के करधनी का त्रिसूत्र बांधकर पृथ्वी पर बैठाएं।

भूम्युपवेशन के लिए मंत्र– " रक्षैनं वसुधे देवि सदा सर्वगतं शुभे। आयुः प्रमाणं सकलं निक्षिपस्व हरिप्रिये।" इति।।

इसी समय बालक के सामने पुस्तक, कलम, वस्त्र, शस्त्र, स्वर्ण, चांदी, तुला आदि वस्तु रखें। जिसको बालक ग्रहण करे उससे उसकी आजीविका होती है।

अन्नप्राशन का मुहूर्त्त

जन्ममास से ६, ८, १० या १२वें मास में पुत्र का और ५, ७, ९ या ११ वें मास में कन्या का भद्रादि दोषरहित १, ३, ५, ७, १०, १३, १५ तिथियों में; सोम, बुध, गुरु और शुक्रवार को म., रे., चि., अनु., ह., अश्वि., पु., अभि., स्वा., पुन., श्र., ध., श., तीनों उत्तरा, रोहिणी नक्षत्रों में; जन्मराशि या जन्मलग्न से आठवें लग्न या नवांशक तथा मेष, वृश्चिक और मीन लग्न को छोड़कर शेष लग्नों में; १, ३, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ ग्रह हों या शुभ ग्रह की दृष्टि हो; ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; दशम स्थान पापग्रहरहित हो; १, ६, ८ स्थान में चन्द्रमा न हो तो शुभ होता है। किसी–किसी के मत से जन्मनक्षत्र अनु., शततारिका (शतभिषा) और स्वाती अशुभ हैं।

कर्णवेध का मुहूर्त्त

चैत्र, पौष देवशयन (आषाढ़ शुक्ल ११ से कार्त्तिक शुक्ल ११ तक), जन्ममास, जन्मनक्षत्र, ४, ९, १४ तिथियां, जन्मतारा, क्षयतिथि और सम वर्षों को छोड़कर जन्म के १२वें या १६वें दिन; ६वें, ७वें, ८वें मास या विषम वर्षों में सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार को श्र., ध., पुन., मृ., रे., चि., अनु., ह., अश्वि., पुष्य, अभि. नक्षत्रों में जब लग्न से अष्टम स्थान शुद्ध हो; १, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ ग्रह हों; ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; तुला, वृष, धनु या मीन लग्न में बृहस्पतिवार हो तो कर्णच्छेदन श्रेष्ठ है। इस संस्कार के समय पर करने से मनुष्य के हर्निया (अंत्रवृद्धि) जैसे भयानक रोग की जड ही कट जाती है।

कन्या के नासिकाच्छेदन का मुहूर्त्त

कर्णवेधोक्त नक्षत्रों में तथा उत्तरा ३, शत., स्वा. में शुभ तिथ्यादिक, शुक्लपक्ष में दिन के प्रथम प्रहर के समय नासिका वेध शुभ है।

मुण्डनमुहूर्त्त

गर्भाधानकाल से या जन्मकाल से विषम अर्थात् ३रे, ५वें, ७वें वर्ष में (मनु जी के मत से प्रथम वर्ष में भी) चैत्र को छोड़कर उत्तरायण सूर्य में चन्द्र, बुध, गुरु और शुक्रवार, लग्न तथा नवांशक मे, जन्मराशि या जन्मलग्न से अष्टम लग्न को छोड़कर; २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ तिथियों में संक्रान्तिदिन को छोड़कर जब लग्न से आठवां स्थान शुद्ध (ग्रहरहित) हो; ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; ज्ये., मृ., रे., चि., स्वा., पुन., श्र., ध., श., ह., अश्वि., पुष्य और अभिजित् नक्षत्रों में मुण्डन शुभ है।

ध्यान रहे– लड़के की माता को पांच मास का गर्भ हो तो मुण्डन निषिद्ध है, परन्तु पांच वर्ष से अधिक अवस्था के बालक के लिए निषेध नहीं है। जेठे लड़के का मुण्डन ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिए।

मुण्डनकर्म में विशेष–स्वकुल–शिष्टाचारानुसार पूर्वोक्त नक्षत्र, तिथ्यादि; शुभ समय में अपने–अपने इष्टदेव के स्थानों में मुण्डन तथा कर्णवेध का होना देखा जाता है, जो "यथा कुलधर्म वः"– इस स्मृति के अनुसार से ठीक ही है।

क्षौर बनवाने का मुहूर्त्त

मुण्डन के लिए जो तिथियां और नक्षत्र शुभ बतलाये गए हैं वे ही हजामत बनवाने के लिए शुभ हैं– वर्जित काल–शनि, रवि, भौमवार; हजामत में नौवें दिन, संध्याकाल, ४, ८, ९, १४, १५, ३० तिथियां, संक्रान्तिदिन, रात्रि में, बिना आसन, संग्राम मे, यात्रा करने के दिन, स्नान करके, शरीर में उबटन लगवाकर और भोजन के पीछे हजामत बनवाना अशुभ है।

विशेष फल– यज्ञ, विवाह, मृतककर्म में, कारागार से छूटने पर, ब्राह्मण और राजा की आज्ञा से किसी भी समय(बिना मुहूर्त्त के भी) हजामत बनवाई जा सकती है। किसी–किसी आचार्य का मत है कि जो लोग राजकार्य में नियुक्त हैं वे रूपजीवी (जैसे– नट–भांड आदि) किसी भी दिन हजामत बनवा सकते हैं।

कर्णवेध और क्षौर का वार– ब्राह्मण रविवार को,, क्षत्रिय सोमवार को, वैश्य और शूद्र शनिवार को क्षौरोक्त तिथ्यादि में हजामत बनवा सकते हैं।

अक्षरारम्भ का मुहूर्त्त

जन्म से ५वें या ७वें वर्ष में उत्तरायण सूर्य में गणेश, विष्णु, सरस्वती और लक्ष्मी का पूजन करके सोम, बुध, गुरु और शुक्रवार को हस्त, अश्वि., पुष्य, अभि., श्र., स्वा., रे., पुन., आर्द्रा, चित्रा, अनुराधा नक्षत्रों में बुरे योगों और भद्रा को छोड़कर २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथियों में (शुक्लपक्ष उत्तम) अक्षरारम्भ शुभ होता है। लग्न में मेष, कर्क तुला और मकर राशियां नहीं होनी चाहिएं।

विद्यारम्भ का मुहूर्त्त

उत्तरायण में (कुम्भ के सूर्य को छोड़कर) रवि, बुध, गुरु और शुक्रवार को; २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथियों में; भ.., आर्द्रा, पुन., हस्त, चि., स्वा., श्र., ध., शत., अश्वि., म., तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रो., पुष्य, आश्ले., अनु., रेवती नक्षत्रों में; जब लग्न से १, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ ग्रह हों तो विद्यारम्भ शुभ है।

फारसी, अंग्रेज़ी विद्यारम्भ का मुहूर्त्त

सूर्य, भौम, शनिवार हों; ४, ९, १४ तिथि हों; ज्ये., आश्ले., म., तीनों पूर्वा, भ., कृ., वि., आर्द्रा, उ. षा., शत. नक्षत्र शुभ हैं।

सीने–पिरोने (सूचिकर्म) का मुहूर्त्त

अश्वि., पु., चि., अनु., ध. नक्षत्र; सूर्य, बुध, चन्द्र, गुरु, शनि वार एवम् १; २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९ १०, ११, १३, १५ तिथियां शुभ हैं।

यज्ञोपवीत संस्कार का मुहूर्त्त

श्रीमार्त्तण्ड पञ्चाङ्ग (सं. 2067 वि.) का

ग्रहोदयास्त विशेषांक

लेखक एवम् सम्पादक – प्रियव्रत शर्मा

इस विशेषांक में पढ़िए–

(i) समस्याएं एवं समाधान....................पृष्ठ 259
(ii) चन्द्रमा का 'उपच्छाया ग्रहण' ग्रहण नहीं होता....................पृष्ठ 265

ग्रहों का उदयास्तकाल

(iii) सूर्योदयास्तसाधन....................पृष्ठ 267
(iv) चन्द्र एवम् मंगलादि ग्रहों के उदयास्तसाधन....................पृष्ठ 274
(v) चन्द्रदर्शन किस दिन होगा ?....................पृष्ठ 286
(vi) मंगल, बुध एवम् शनि का लोप–दर्शन....................पृष्ठ 288
(vi) गुरु–शुक्र के लोप–दर्शन का निर्णय (लोप–दर्शन की सन् 2001 से 2050 ई. तक की तारीखें)....................पृष्ठ 293

भारतीय लग्ननिर्णय

भारत के सभी (31) प्रदेशों के प्रसिद्ध लगभग 1000 नगर, उपनगरों में अभीष्ट तारीख का लग्नारम्भ–समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) इस पुस्तक से केवल तीन सामान्य मौखिक जोड़–घटाव द्वारा ही तुरन्त (30–40 सैकण्डों में ही) जाना जा सकता है। यहां एक ऐसा सहायक कोष्ठक भी दिया गया है, जिसकी सहायता से भारत के अन्य किसी भी नगर, ग्राम में आप अभीष्ट तारीख का लग्नारम्भ–समाप्तिकाल तुरन्त जान सकते हैं। यह पुस्तक हमारी 'लघु लग्नसारणी' का ही एक भाग है।

पुस्तक का मूल्य Rs. 75/– + डाकव्यय Rs. 35/– है। हमारी अन्य किसी भी पुस्तक के साथ इसे मंगवाने पर इसका डाकव्ययसहित मूल्य केवल Rs. 65/– ही लिया जाएगा।

(पुस्तक अप्रैल, 2010 ई. तक प्रकाशित हो जाएगी– प्रतीक्षा कीजिए।)

सं. 2068 वि. में दिए जाने वाले ज्ञानवर्धक एवम् शोधपूर्ण कुछ विशेष लेख

क्षमा चाहता हूँ। सं. 2067 वि. के पंचांग में प्रतिज्ञात– "शनि की साढ़ेसाती व ढैय्या का पूरा काल अशुभ नहीं होता" आदि पांच लेखों के स्थान पर इस वर्ष "ग्रहोदयास्त, लोप–दर्शन"सम्बन्धी यह महत्त्वपूर्ण विशेष उपयोगी लेख दिया जा रहा है। अगले वर्ष (सं. 2068 वि. के पंचांग में) इन पूर्वप्रतिज्ञात विषयों पर शोधपूर्ण लेख आपको अवश्य मिलेंगे।

– प्रियव्रत शर्मा

******

प्रो. प्रियव्रत शर्मा की एक और अद्भुत कृति

ग्रहोदयास्तनिर्णय

सूर्य, चन्द्र आदि सभी ग्रहों के सूक्ष्म दैनिक उदयास्तकाल, चन्द्रदर्शन की तारीख तथा मंगल आदि के लोप–दर्शन की तारीखें ज्ञात करने की सरलातिसरल प्रक्रिया इस पुस्तक में आप पाएंगे। प्राचीन एवम् नवीन ज्योतिर्गणित ग्रन्थों में उपलब्ध ग्रहों के दैनिक उदयास्त का काल तथा लोप–दर्शन का दिन जानने की जटिल गणित प्रक्रियाओं को लेखक ने स्वनिर्मित मौलिक सारणियों तथा शैली द्वारा आश्चर्यजनक रूप में सुबोध, सरल बना दिया है। अनेकों उदाहरणों द्वारा सभी गणितप्रक्रियाओं को पूरी तरह स्पष्ट किया गया है।

0° से 62° तक के प्रत्येक अक्षांश का दैनिक सूक्ष्म सूर्योदयास्तकाल 45 पृष्ठों की एक विशाल सारणी में दिया गया है।

गुरु और शुक्र के उदयास्त (लोप–दर्शन) की सन् 2001 से 3000 ई. तक के (एक हज़ार वर्षों के) लिए वेधसिद्ध सूक्ष्म, शुद्ध तारीखें इस पुस्तक की अनुपम विशेषता है। किस वर्ष में किस भारतीय अक्षांश पर गुरु का लोप–दर्शन, शुक्र का पश्चिमलोप–पूर्वदर्शन या पूर्वलोप–पश्चिमदर्शन किस तारीख को होगा; यह पुस्तक में दी गई विलक्षण सारणी पर दृष्टि डालते ही आप विद्युद्गति से जान लेंगे। इसे अतिशयोक्ति न समझें, यह बिल्कुल सच है। लेखक की प्रतिज्ञा है– ग्रहों के उदयास्त, लोप–दर्शन पर उनका यह प्रकाशन अपनी ही तरह का है।

पुस्तक अप्रैल, 2010 ई. तक प्रकाशित हो जाएगी, प्रतीक्षा कीजिए।

मूल्य **Rs.** 250/– + डाकव्यय **Rs.** 50/–

सम्पर्कसूत्र– श्रीमती वीना चतुर्वेदी, 'अभिजित् प्रकाशन' कोठी नं. 59, सैक्टर–6,
P.O. पंचकूला (हरियाणा)– 134 109, **Phone: 0172-2565 303**

समस्याएं और समाधान

लेखक :– प्रियव्रत शर्मा, 59/6 (अभिजित्) पंचकूला–134 109

फलित एवं गणित (सिद्धांत) ज्योतिष से सम्बद्ध अपनी समस्याएं मुझे भेजिए। आवश्यक समझने पर डाक से उत्तर देने का भी मेरा पूरा प्रयास रहता है। लेकिन इसके लिए कृपया जवाबी पत्र न डालिए। यदि मुझे आपकी समस्या का उत्तर पत्र द्वारा देना होगा, मैं अपने व्यय पर ही दे दूंगा। मुझे प्रतिदिन अनेक पाठकों की समस्याएं पत्रों द्वारा प्राप्त होती हैं। सीमित समय आदि के कारण मैं प्रत्येक पाठक को पत्रद्वारा समस्याओं का समाधान भेजने के लिए किसी भी तरह बाधित नहीं होना चाहता ।

ध्यान दें– मैं ज्योतिष का व्यवसाय नहीं करता हूँ। अतः अपनी ज्योतिषसम्बन्धी व्यक्तिगत समस्याओं के लिए मुझे कृपया पत्र न लिखें, और न ही इसके लिए मुझे कोई फीस वगैरह भेजिए। इस सम्बन्ध में मैं किसी से मिलता भी नहीं हूँ। कृपया कर्मकाण्डसम्बन्धी समस्याएं मुझे मत भेजिए। यह मेरा विषय नहीं है।

–प्रियव्रत शर्मा

यहां इन समस्याओं के समाधान पढ़िए !

- सं. 2066 वि. में 5 अगस्त, 2009 ई. को 'रक्षाबन्धन' का शास्त्रीय काल कौन–सा था ?
- सं. 2066 वि. में चैत्र शुक्ल की 'दुर्गाष्टमी' वस्तुतः किस दिन थी ?
- सं. 2066 वि. के 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' में 21 मई, 2009 ई. को क्रूरयुत रेवती में 'नूतन गृहप्रवेश मुहूर्त्त' किस आधार पर लगाया गया था ?
- क्या 'मृत्युबाण' को 'वर–कन्या–वरण' में भी वर्जित किया जाए ?
- 'होमकालिक अग्निवास' के निर्णय में तिथिसंख्यागणना करते हुए क्या क्षीण और वृद्ध तिथि का विचार करना चाहिए ?
- क्या मघायुता भाद्र. अमा को संचित कुशा का शुभकृत्यों में प्रयोग वर्जित है ?
- मात्र जन्म/नामराशि के आधार पर की जाने वाली भविष्यवाणियां कहां तक विश्वसनीय हैं ?
- सं. 2065 वि. में मकरसंक्रान्ति 13 जनवरी, 2009 ई. को थी या 14 जनवरी, 2009 ई. को ?
- मासिक, वार्षिक आदि श्राद्ध के दिन 'मृताशौच या जननाशौच'' की स्थिति में क्या किया जाए ?
- क्या सूर्य के साथ उसी राशि–अंश पर स्थित शुक्र उदित (दृश्य) हो सकता है ?

समस्या– सं. 2066 वि. में 5 अगस्त, 2009 ई. को रक्षाबन्धन का काल विवादास्पद रहा। अधिकतर पंचांगकारों ने इस दिन भद्रा समाप्ति (17 घं. 12 मि. भा. स्टैं. टा.) के बाद, कुछ पंचांगकारों ने 'अभिजित् मुहूर्त्त' में और कुछेक ने परिहार–वाक्यों के आधार पर भद्रा में ही रक्षाबन्धन को उचित ठहराया। जिससे सामान्य धार्मिकलोग अनिश्चय का बुरी तरह शिकार रहे। रक्षाबन्धन के लिए इस दिन कौनसा काल शास्त्रीय था, कृपया स्पष्ट करें; ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति आने पर जन–सामान्य इस प्रकार भ्रान्त न हों–

डॉ. अनिरुद्ध भट्ट,
H.No. 273, Sector 12-A,
पंचकूला(हरियाणा)।

समाधान– रक्षाबन्धन अपराह्णव्यापिनी श्रावणपूर्णिमा में होता है। शास्त्रकारों ने भद्रा में इसका स्पष्टता से निषेध किया है। यदि अपराह्ण में भद्रा हो तो दूसरे दिन त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी पूर्णिमा होने पर दूसरे ही दिन अपराह्ण में रक्षाबन्धन होता है, क्योंकि जो तिथि सूर्योदयानन्तर त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी होती है, उसे धर्मशास्त्र पूरा दिन व्याप्त मानते हैं। यदि दूसरे दिन पूर्णिमा त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी न हो तब धर्मशास्त्र का निर्देश है कि पहिले दिन भद्रा की समाप्ति हो जाने पर ही रक्षाबन्धन करना चाहिए। इस स्थिति में कुछ शास्त्रकार प्रदोष के उत्तरार्ध में रक्षाबन्धन के लिए कहते हैं। यदि प्रदोष के उत्तरार्ध में भी भद्रा हो तो भद्रा समाप्ति के अनन्तर प्रदोष के बाद रात्रि में भी रक्षाबन्धन की शास्त्रकारों ने अनुमति दी है। इस प्रकार स्पष्ट है– धर्मशास्त्र भद्रा में रक्षाबन्धन की अनुमति किसी भी स्थिति में नहीं देते। **(देखें– निर्णयसिन्धु, धर्मसिन्धु, पुरुषार्थचिन्तामणि आदि)।**

इस उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है– 2066 वि. की श्रावण पूर्णिमा, 5 अगस्त, 2009 ई. को सायं 5 घं. 12 मि. (भा. स्टैं. टा.) तक भद्रादूषित थी। 6 अगस्त, 2009 ई. को वह त्रिमुहूर्त्त से न्यून थी। अतः इस वर्ष शास्त्रानुसार रक्षाबन्धन 5 अगस्त, 2009 ई. को सायं 5 घं. 12 मि. के बाद अथवा प्रदोष के उत्तरार्ध में ही करना शास्त्रानुमत्त था। **ध्यान रहे–** अधिकतर पंचांगकारों का भी यही मत था, लेकिन एक पंचांगकार ने इस मत को प्रामाणिक बतलाने के बावजूद भी भद्रापरिहार एवम् अन्य कुछ अनुष्ठानों द्वारा भद्रादोष निवारण के प्रकार बतलाकर भद्रा में भी रक्षाबन्धन को वैध सिद्ध करने का प्रयत्न किया, जिससे इस विषय में जनता दुविधा में पड़ गई। **ध्यान रहे–** भद्रा के परिहार की बात तो तब ग्राह्य होती जबकि स्पष्ट शास्त्रीय विकल्प न होता। जब स्पष्टतापूर्वक शास्त्रों का निर्देश है कि ऐसी स्थिति में भद्रान्त में रक्षाबन्धन करना चाहिए, तब भद्रा के परिहार के नियमों को यहां लागू करने का प्रयास शास्त्रीय एवम् तर्क–संगत नहीं था– **"अबाधेनोपपत्तौ बाधो न न्याय्यः"** जब बिना बाधा के कार्य निष्पन्न हो सकता है, तब वहां बाधा को आमन्त्रित करना न्याय–संगत नहीं है। जबकि धर्मशास्त्रकारों का स्पष्ट निर्देश है कि ऐसी स्थिति में भद्रासमाप्ति पर रक्षाबन्धन करना चाहिए तब भद्रा को रक्षाबन्धन में बाधा मानकर इसके परिहार का प्रयास क्या शास्त्रविरुद्ध तथा तर्कच्युत नहीं है ? किञ्च परिहार वाक्यों की प्रवृत्ति आपात स्थिति में ही होनी चाहिए– यह सर्वसम्मत सिद्धान्त है। रक्षाबन्धन के लिए भद्रासमाप्ति की प्रतीक्षा कर सकना असम्भव है– भला ऐसी कौनसी आपात स्थिति यहां हो सकती है ? इन्हीं पंचांगकर्त्ता महोदय ने अपने पंचांग में एक भद्रादोषनाशक छोटा सा; चार–पांच मिनट का विधान भी दिया है, जिसके अनुष्ठान से, इस पंचांगकर्त्ता का मत है, रक्षाबन्धन में भद्रा शुभकरी हो जाती है। अपिच इन्हीं पंचांगकर्त्ता ने भद्रा के बारह नाम भी दिए हैं जिनका उच्चारण कर भद्रा में रक्षाबन्धन करना शुभावह बतलाया है। समझ में नहीं आता पंचांगकर्त्ता महोदय का यह परामर्श कि भद्रा में कोई भी शुभकाम करना हो तो यह छोटा–सा अनुष्ठान कीजिए या इन 12 भद्रानामों का उच्चारण कीजिए; बस भद्रा के कुफल की चिन्ता छोड़ दीजिए, कहां तक युक्तियुक्त है। यहां यह जान लेना चाहिए कि इस प्रकार के भद्रादोषनाशक अनुष्ठानादि, जो इस पंचांगकर्त्ता ने उद्धृत किए हैं, ऐसे स्थलों पर ही करने योग्य हैं जहां प्रमादवश भद्रादि में शुभकृत्य हमसे हो गया हो।

स्पष्ट है–ये पंचांगकार इसपर्व को दिन के समय ही करने के आग्रह में हैं। लेकिन शास्त्रकार भद्राव्याप्ति की स्थिति में भद्रान्त में ही, प्रदोष या रात्रि को इस पर्व का विहितकाल बतलाते हैं। इस आदेश का उल्लंघन शास्त्र के प्रति अपराध है।

ध्यान रहे– होलिकादहन के कालनिर्णय में भद्रादोष के परिहार (भद्रामुखत्याग) के प्रयोग की अनुमति अपरिहार्य स्थितिवश शास्त्रों ने दी है। क्योंकि होलिकादहन का काल (प्रदोषकाल) नियत है, उसे दिन में नहीं किया जा सकता।

वैसे पंजाब आदि के अनेक लोग भद्रा की परवाह न करते हुए पूर्वाह्ण या प्रातः काल में ही रक्षाबन्धन कर लेते हैं। लेकिन शास्त्र इसकी अनुमति नहीं देता। उसके कथनानुसार यह राष्ट्र एवम् शासक के लिए अहितकर है–

" यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्त्तते कामचारतः।
न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्।।"

समस्या– सं. 2066 में चैत्रशुक्ल की दुर्गाष्टमी कुछ पंचांगकारों ने 3 अप्रैल, 2009 ई. को लगाई थी, जबकि आपने इसे 2 अप्रैल को लगाया था। कौन से पक्ष को शास्त्रीय माना जाए ?

पं. चक्रधर भट्ट शास्त्री
कैथ माजरी, अम्बाला शहर (हरियाणा)।

समाधान– इसके समाधान के लिए पृष्ठ 96 देखिए।

समस्या– सं. 2066 के पंचांग में 21 मई, 2009 ई. को रेवती नक्षत्र में नूतन गृह–प्रवेश मुहूर्त्त लगाया गया है, जबकि रेवती में क्रूरग्रह मंगल की युति है। ऐसा क्यों ?

श्रीमहावीरप्रसाद पारीक, शास्त्री
बीदासर(झुंझुनुं), राजस्थान।

समाधान– मित्रराशिगत चन्द्र होने पर क्रूरयुतिदोष नहीं रहता–

" वर्गोत्तमगतः चन्द्रः स्वोच्चे वा मित्रराशिगः।
युतिदोषश्च न भवेद् दम्पत्योः श्रेयसे तदा।।"

यहां चन्द्र और मीनराशीश गुरु परस्पर मित्र–सम हैं। मित्र–सम सम्बन्ध को जातककारों ने मैत्री–सम्बन्ध के तुल्य ही माना है।

समस्या– मृत्युबाण का विचार विवाहमुहूर्त्त में ही मुहूर्त्तकार करते हैं। मुहूर्त्तग्रन्थों में भी इस बाण का विचार विवाह के लिए ही करने का निर्देश है। लेकिन कुछ ज्योतिषी लोग इसका विचार वर एवम् कन्यावरण में भी करते हैं। क्या यह ठीक है ?

आर.पी. उपाध्याय, अमौरा (गाज़ीपुर), उ.प्र.।

समाधान– मुहूर्त्तशास्त्रानुसार मृत्युबाण विवाह में, अग्निबाण गृहगोप में, नृपबाण नृपसेवा में, चौरबाण यात्रा में, रोगबाण व्रतबन्ध में वर्जित है। लेकिन इनसे सम्बद्ध विषयों में भी सम्भव हो तो इनका विचार करना निश्चित शुभकारक ही है। वर–कन्यावरण भी विवाह से सम्बद्ध है। अतः इनमें भी यदि कोई कर सके तो मृत्युबाण का विचार करना अच्छा है। वैसे मृत्यु, अग्नि, नृपकोप, चौर, रोग– ये सभी विपदाएं ही तो हैं। अतः इन्हें अन्य मुहूर्त्तों में भी तत्तत्सम्बद्ध हानि से बचने के लिए यथाशक्य विचारने में लाभ ही है। लेकिन विशिष्ट कृत्यों के मुहूर्त्तार्थ निर्धारित विचार्य विषयों को अन्यत्र सर्वत्र प्रयोग में लाने के प्रयास से सभी कृत्यों के शुभ मुहूर्त्तकाल असहयरूपेण संकुचित हो जाएंगे– यह तो स्पष्ट ही है।

समस्या– होमकालिक अग्निवास के निर्णयप्रसंग में ''सैका तिथिः वारयुता कृताप्ता शेषे गुणेऽभ्रे भुवि वह्निवासः'' – इस वाक्य में शुक्ल प्रतिपदा से अभीष्ट (तात्कालिक) तिथि-पर्यन्त तिथि–संख्या का जो निर्देश है वहां क्या गणना में क्षीण और वृद्धिमती तिथियों को क्रमशः ऋण और धन करना चाहिए ?

पं. बनवारी लाल शर्मा,
मोहनपुरा (जयपुर), राज.।

समाधान– यहां तिथियों की क्षय–वृद्धि का विचार किए बिना ही तिथि–संख्या ग्रहण करनी चाहिए। **ध्यान रहे–** क्षीणतिथि समाप्त नहीं हो जाती, दूसरी तिथियों से इसका बस केवल यह अन्तर है कि वह सूर्योदय का स्पर्श नहीं करती। **किञ्च–** वृद्धतिथि भी एक ही रहती है, दूसरी तिथियों से इसका बस इतना ही अन्तर है कि वह दो सूर्योदयों का स्पर्श करती है।

समस्या– ''मघायुक्त भाद्र. अमा में उत्पाटित कुशा का प्रयोग केवल पितृकार्य में ही करना चाहिए, मंगल कार्यों में नहीं, क्योंकि अमातिथि और मघानक्षत्र दोनों के देवता पितर हैं। भाद्र. अमा की मघा से व्याप्त होने की स्थिति में शुभ कृत्यों के लिए कुशोत्पाटन ऋषिपंचमी के दिन करना चाहिए''– ऐसी हमारे यहां की प्रथा है। क्या इस प्रथा का कोई शास्त्रीय आधार है ?

-पं. कर्मचन्द वाशिष्ठ,
चोगान, खन्नी(कांगड़ा),हि.प्र.।

समाधान– कुशोत्पाटन केवल भाद्र. अमा में ही शास्त्रों में निर्दिष्ट है, ऋषि पंचमी के दिन नहीं। मघायुता अमा में उत्पाटित कुशा का प्रयोग केवल पितृकार्य में ही करना चाहिए–ऐसी भी कोई शास्त्रव्यवस्था नहीं है। पितृदेवताक मघा नक्षत्र से युता अमा में संचित कुशा को मंगलकार्य में अप्रयोज्य मानने की बात तर्क या किसी शास्त्रीय प्रमाण से समर्थित नहीं होती। वैसे पितर देवता की कोटि में आते हैं। **किञ्च–** मघा नक्षत्र में तो विवाहादि शुभकृत्य भी किए जाते हैं। अतः इन दोनों के संगम को शुभकृत्यार्थ कुशोत्पाटन के लिए वर्ज्य नहीं होना चाहिए। **ध्यान रहे–** अमावस्या भी पितृदेवताक तिथि है। अतः इसमें संचित कुशाओं को भी आपकी परम्परानुसार शुभकर्म में त्याज्य मानना चाहिए। स्पष्ट है आपके यहां यह स्थानीय प्रथामात्र ही है।

समस्या– विश्व की जनसंख्या (6,50,00,00,000) को 12 राशियों में विभाजित करने पर प्रत्येक राशि वाली जनसंख्या लगभग 54 करोड़ बैठती है। समाचारपत्रों, T.V. Channels और पंचांगों में मात्र राशि के आधार पर की जाने वाली दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक एवम् वार्षिक भविष्यवाणियां इतनी जनसंख्या के लिए इस प्रकार सदृश हो सकती हैं क्या ?

श्री जगदीश यायावर,
लाडनूं (नागौर), राज.।

समाधान– जन्मराशि या नामराशि पर आधारित ये भविष्यवाणियां फलितज्योतिष के राशिफल सिद्धान्त का उन्मुक्त प्रयोग है। भविष्यकथन के असंख्य सिद्धान्तों में से एकमात्र जन्म/नामराशि को आधार लेकर उसमें सूर्य–चन्द्रादि की सामान्यस्थिति मात्र से एक ही राशि वाले 54 करोड़ लोगों के दैनिक, साप्ताहिक आदि भविष्य का कथन तर्क से पूरी तरह च्युत है। आश्चर्य है ऐसी नितान्त सामान्य (Extremely General) अक्षम्यरूप से स्थूल आधार पर आश्रित भविष्यवाणियों को अपने जीवन की दैनिक, साप्ताहिक आदि घटनाओं से संबद्ध करने वाले **'आस्थावान्'** ज्योतिष प्रेमियों की यहां कमी नहीं है।

समस्या– सन् 2009 ई. में मकर संक्रान्ति 13 जनवरी, मंगलवार को 57 घ. 34 प. पर (चण्डीगढ़ में) घटित हुई। इसका पुण्यकाल 14 जनवरी को मध्याह्न से पूर्व था। सभी भारतीय पंचांगकार इस बारे एकमत थे। लेकिन कुछ स्थलों पर मकर संक्रान्तिपर्व 13 और कुछ स्थलों पर 14 जनवरी को मनाया गया। T.V. के कुछ Channels ने तो मकर संक्रान्ति को स्पष्टरूप से 14 जनवरी के दिन ही घोषित किया। इसके कारण पश्चिमोत्तर भारत (पंजाब आदि) में मनाई जाने वाली लोहड़ी भी, जो मकर संक्रान्तिदिन से एक दिन पूर्व होती है, इन Channels पर 13 जनवरी को ही दर्शाई गई, जबकि वह वास्तव में 12 जनवरी को थी। यह मतभेद क्यों हुआ ?

पं. रामदास शर्मा, ज्योतिर्विद,
खिज़राबाद(मोहाली),पं.।

समाधान– जिस वार में सूर्य राशि बदलता है उसी वार को पश्चिमोत्तरी भारत (पंजाब, हरियाणा, हिमाचल आदि) में संक्रान्तिपर्व माना जाता है और वहां उसी दिन सौरमास प्रारम्भ (सौरमास का पहिला प्रविष्टा) होता है। [यहां यह जानलेना चाहिए कि भारतीय ज्योतिष के अनुसार वार का अर्थ सूर्योदय से प्रारम्भ होकर दूसरे सूर्योदय पर समाप्त होने वाला दिन है।] यदि संक्रान्तिकाल उस दिन (उस वार को) अर्धरात्रि से पूर्व हो तो संक्रान्ति का पुण्यकाल उसी दिन, यदि वह अर्धरात्रि के बाद हो तो पुण्यकाल दूसरे दिन होता है– यह शास्त्रनिर्देश है। पुण्यकाल में संक्रान्ति निमित्तक स्नान, दान, जपादि करना चाहिए। पंजाब आदि पश्चिमोत्तरी भारतीय प्रान्तों में सूर्य के राशि–परिवर्तन वाले दिन ही संक्रान्ति का पर्व मनाने और तदर्थ स्नान–दानादि करने की परम्परा है। यदि संक्रान्तिपुण्यकाल संक्रान्तिदिन से दूसरे दिन हो तो भारत के अन्य प्रदेशों में संक्रान्तिदिन और संक्रान्तिपुण्यकाल दिन भिन्न–भिन्न माने जाते हैं। सं. 2065 वि. में सूर्य का मकर राशि में प्रवेश 13/14 जनवरी, 2009 ई. की मध्यरात्रि के बाद 14 जनवरी, 2009 ई. बुधवार को सूर्योदय से पूर्व हुआ था। अतः पश्चिमोत्तर भारत में संक्रान्ति का दिन मंगलवार, 13 जनवरी को ही माना गया, क्योंकि भारतीयज्योतिष अनुसार उस समय (संक्रान्ति के समय) मंगलवार ही था। क्योंकि परम्परा अनुसार पश्चिमोत्तर भारतीयपर्व लोहड़ी संक्रान्तिदिन से पूर्ववर्ती दिन में मनाया जाता है, अतः लोहड़ी को सभी पंचांगकारों ने 12 जनवरी, 2009 ई. चन्द्रवार को ही दर्शाया, जो कि बिल्कुल ठीक था। क्योंकि हरिद्वार, प्रयाग आदि में संक्रान्तिनिमित्तक स्नान–दान–जपादि संक्रान्ति के दिन नहीं, अपितु संक्रान्ति के पुण्यकाल में ही किया जाता है। अतः वहां इस मकर संक्रान्तिनिमित्तक स्नान–दान–जपादि इसके पुण्यकाल में 14 जनवरी, बुधवार को ही लोगों में किया। इससे संक्रान्ति के वार या तारीख में कुछ ज्योतिषियों को भ्रान्ति हुई, जिन्होंने समाचारपत्रों एवम् T.V. Channels वालों को सूर्यसंक्रान्ति का दिन 14 जनवरी बतला डाला। जो वस्तुतः संक्रान्ति–पुण्यकालदिन था। संक्रान्तिदिन तो मंगलवार, 13 जनवरी, 2009 ई. था। संक्रान्तिदिन से एक दिन पूर्व होने वाला लोहड़ीपर्व भी इसी भ्रान्ति के फलस्वरूप संक्रान्ति–पुण्यकालदिन (14 जनवरी, 2009 ई.) से एक दिन पूर्व (13 जनवरी को ही) इन भ्रान्त समाचारपत्रादि ने घोषित कर डाला।

यह बड़े दुःख की बात है, समाचारपत्र एवम् T.V. Channels वाले लोग हमारे धार्मिकपर्वों के दिनादि के बारे में प्रामाणिक ज्योतिर्विदों के सम्पर्क में नहीं रहते। ऐसे विवादास्पद विषयों के बारे में स्पष्टीकरण के लिए स्तरीय पंचागों, पंचांगकारों या इस विषय के विशेषज्ञों से उन्हें परामर्श लेना चाहिए।

समस्या– नियतकालिक मासिक, वार्षिक, चातुर्वार्षिक श्राद्धों को जननाशौच एवम् मृताशौच की स्थिति में कब करना चाहिए ?

पं. सन्तराम शर्मा,
मु. सेरा, डा. पारनु (सोलन),हि.प्र.।

समाधान– जननाशौच एवम् मृताशौच की स्थिति में नियतकालिक श्राद्धों को अशौच की शुद्धि के अनन्तर ही करना चाहिए अथवा अशौच निवृत्त होने के बाद अमावस्या में भी ये श्राद्ध किए जा सकते हैं। व्यास का वचन है–

> **“श्राद्ध-विघ्ने समुत्पन्ने त्वन्तरा मृतसूतके।**
> **अमावस्यां प्रकुर्याद्वै शुद्धावेके मनीषिणः।।”**

समस्या– 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' सं. 2066 वि. में 28–3–2009 को शुक्र का पूर्व में उदय दर्शाया गया है। आज तारीख 3–4–2009 को प्रातः पूर्वी आकाश में वह दिखाई भी पड़ रहा है। लेकिन सूर्य–शुक्र दोनों 28–3–2009 को 11 रा. 13 अंश पर स्थित हैं। इस स्थिति में शुक्र को सर्वथा सूर्ययुत होने के कारण दृश्य (उदित) नहीं होना चाहिए था। सूर्य से अंशात्मक युति होने पर भी इस दिन शुक्र उदित (दृश्य) क्योंकर हुआ ? कृपया स्पष्ट करें ।

पं. मुकेश शर्मा,
नेहरु नगर, सहारनपुर (उ.प्र.)।

समाधान– ग्रह की सूर्य से अंशात्मक या कलात्मकयुति का अभिप्राय यह नहीं कि ग्रह सूर्य कक्षा (क्रान्तिवृत्त) में सूर्य के साथ बैठा है। **ध्यान रहे–** कोई भी ग्रह क्रान्तिवृत्त में नहीं घूमता। सभी ग्रहों की अपनी–अपनी भिन्न–भिन्न कक्षाएं हैं और वे सूर्यकक्षा (क्रान्तिवृत्त) से अलग हैं। ये ग्रह अपनी–अपनी कक्षाओं में ही घूमते हैं। इनकी ये कक्षाएं क्रान्तिवृत्त से थोड़ी–थोड़ी दूरी पर स्थित हैं, जो क्रान्तिवृत्त को अपने एक पूर्णभ्रमण में दो स्थानों पर काटती हैं, जिन्हें इन ग्रहों का सम्पात कहा जाता है। सम्पात बिन्दु पर ग्रह वस्तुतः क्रान्तिवृत्त में होता है। इस से आगे–पीछे इसका कक्षावृत्त से अन्तर उत्तर या दक्षिण की ओर घटता–बढ़ता रहता है। ग्रह अपनी कक्षा में कक्षावृत्त से उत्तर या दक्षिण की ओर जितनी अंशात्मक दूरी पर स्थित होता है उसे ग्रह का क्रमशः उत्तर या दक्षिण **'शर'** कहते हैं। यह शर ग्रह की कक्षावृत्त से परमाल्प दूरी बतलाता है। या यूं कहिए– यह शर ग्रह से कक्षावृत्त का समीपतम बिन्दु बतलाता है। राशियों की स्थिति कक्षावृत्त में है। कक्षावृत्त को ही उसके किसी एक बिन्दु को शून्य मानकर पश्चिम से पूर्व की ओर 21600 कलाओं, 360 अंशों, अश्विनी आदि 27 नक्षत्रों व मेषादि 12 राशियों में विभाजित किया हुआ है। ग्रहों की कक्षाओं में यह विभाजन नहीं है। अपनी कक्षा में स्थित ग्रह से क्रान्तिवृत्त का जो समीपतम बिन्दु है, उसके राशि–अंशादि ही उस ग्रह के राशि–अंशादि माने जाते हैं।

इस उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट हो जाता है, 28 मार्च, 2009 ई. को प्रातः सूर्य और शुक्र दोनों के राश्यादि (11 रा. 13 अं.) समान होने पर भी ये दोनों एकत्र स्थित नहीं हैं। साथ दिया गया चित्र देखें। सूर्य अपनी कक्षावृत्त में 11 रा. 13 अं. पर है और शुक्र 8.1 अंशतुल्य (उत्तरशर की) दूरी पर अपनी कक्षा में 11 रा. 13 अं. पर ही स्थित है। क्योंकि इस समय शुक्र अपनी कक्षा में उस बिन्दु पर स्थित है जो कक्षावृत्त के 11 रा. 13 अं. वाले बिन्दु के समीपतम है। अतः इसके भोगांश (राश्यादि) भी सूर्य के भोगांश (राश्यादि) के समान 11 रा. 13 अं. ही हैं। स्पष्ट है यहां शुक्र पूर्वी क्षितिजस्थ सूर्य से साक्षात् युत नहीं है; यह राश्यादि में सूर्य के समान होने पर भी सूर्य से उत्तर की ओर 8.1 अंश की दूरी पर पूर्वी क्षितिज से कुछ ऊपर स्थित है। **(चित्र देखिए)**। भारतीय अक्षांश उत्तर हैं, इसलिए 8.1 अंश उत्तरशर वाला यह शुक्र 28 मार्च के आस–पास पूर्वी क्षितिज से लगभग 6.4 अंश ऊपर (पूर्वी क्षितिज पर लम्ब रूप में) उठा हुआ है। 6.4 अंश शुक्र के लोप–दर्शन के उन्नतांश हैं। जब शुक्र प्रातः सूर्योदय के समय या सायं सूर्यास्त के समय क्रमशः पूर्व या पश्चिम क्षितिज से 6.4 अंश उन्नत (ऊपर उठा हुआ) रहता है तब इसका उदय (दर्शन) या अस्त (लोप) होता है। इसीलिए यहां 28–3–2009 ई. को शुक्र लगभग सारे भारतवर्ष में दिखाई पड़ा।

28 मार्च, 2009 ई. को प्रातः पूर्वी क्षितिज पर सूर्य–शुक्र की स्थिति



प सू उ क्ष = पूर्वी क्षितिज
सू = सूर्य (11 रा. 13 अं.)
शु = शुक्र (11 रा. 13 अं.)
सू शु = शुक्र का शर (= उ 8°.1)
शु उ = शुक्र के उन्नतांश (= 6°.4)

जब सूर्य–शुक्रयुति फरवरी से अप्रैल मध्य तक के काल में घटित होती है तब इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न हुआ करती है।

ग्रहों का दैनिक उदयास्तकाल

सूर्य तथा अन्य सभी चन्द्रादि ग्रह पृथ्वी के दैनिक अक्षभ्रमण के कारण प्रतिदिन पूर्व में उदित होकर पश्चिम में अस्त होते रहते हैं। सूर्य जब उदित होता है, तब दिन का प्रारम्भ और जब अस्त होता है तब रात्रि का प्रारम्भ होता है। चन्द्र आदि अन्य ग्रहों के उदयास्त का इस दिन–रात्रि से कोई सम्बन्ध नहीं है। वे तो अपनी–अपनी दैनिक गति से, जो एकरूप नहीं है अर्थात् बदलती रहती है, सूर्य के कभी समीप तो कभी उससे दूर होते रहते हैं, जिससे वे दिन या रात्रि के किसी भी क्षण में पृथ्वी के अक्षभ्रमण के ही कारण पूर्व में उदय होकर पश्चिम में अस्त होते रहते हैं। प्रत्येक ग्रह 24 घंटों में सामान्यतः एकबार उदित और एकबार अस्त अवश्य होता है, अतः ग्रहों के इस उदयास्त को उनका **"दैनिक उदयास्त"** कहा जाता है। सूर्य एवम् चन्द्र के दैनिक उदयास्त का अन्य भौमादि ग्रहों के उदयास्त की अपेक्षा ज्योतिषशास्त्र एवम् सामान्य जनव्यवहार की दृष्टि से कहीं अधिक महत्त्व है। यहां हम सूर्य आदि इन सभी ग्रहों के दैनिक उदयास्तकाल के साधन की सरल प्रक्रिया से अपने पाठकों को अवगत कराएंगे। [**ध्यान रहे–** इस प्रक्रिया में सर्वत्र स्थानीय (क्षेत्रीय) स्टैं. टा. का ही प्रयोग किया गया है।]

सबसे पहले हम सूर्य के उदयास्तकाल का, जिस पर विश्वभर का पूर्ण कालव्यवहार आधारित है, साधनप्रकार बतलाएंगे–

सूर्योदयास्तकाल–साधन

वैसे तो फलादेश एवं जनव्यवहार के लिए मिनट तक शुद्ध सूर्योदयास्तकाल ही पर्याप्त होता है, फिर भी यदि कोई दैवज्ञ सूक्ष्मतम (सेकण्ड तक सूक्ष्म) सूर्योदयास्तकाल जानना चाहता है तो उसे निम्नलिखित प्रक्रिया को अपनाना होगा। इस प्रक्रिया द्वारा ज्ञात सूर्योदयास्तकाल में 4–5 सेकण्ड से अधिक अशुद्धि नहीं होगी, बशर्ते कि स्थानीय अक्षांश, रेखांश तथा तात्कालिक सूर्यभोगांश (स्पष्टसूर्य) अपेक्षित सूक्ष्मता वाले हों।

सूर्योदयकाल ज्ञात करने के लिए अभीष्ट नगर के अक्षांश, रेखांश और स्टैंडर्ड अन्तर के अलावा स्थानीय (क्षेत्रीय) स्टैं. टा. (अभीष्ट नगर/ग्राम जिस देश/कालक्षेत्र में स्थित है, उस देश/कालक्षेत्र के स्टैं. टा.) के अनुसार प्रातः 6 बजे अभीष्ट तारीख के निम्नांकित पदार्थ भी मालूम कीजिए–

(i) **सायन सूर्यभोगांश (रा. अं. क.)।**
(ii) **सूर्यक्रान्ति (अं. क.)।**
(iii) **वेलान्तर–संस्कार (मि.से.)।**
(iv) **स्थानीय चर (मि.से.)।**

इसी प्रकार सूर्यास्तकाल जानने के लिए भी अभीष्ट नगर के अक्षांश–रेखांश, स्टैंडर्ड अंतर तथा स्थानीय स्टैं. टा. के अनुसार 18 घं. 00 मि. पर अभीष्ट तारीख को निम्नांकित पदार्थ मालूम कीजिए–

(i) **सायन सूर्यभोगांश (रा. अं. क.)।**
(ii) **सूर्यक्रान्ति (अं. क.)।**
(iii) **वेलान्तर–संस्कार (मि.से.)।**
(iv) **स्थानीय चर (मि.से.)।**

भूभा एवम् उपच्छाया


सूर्य
चछजझ=उपच्छाया
तथदध= भूभा
क ख =भूभा और उपच्छाया का अक्ष
च
छ
पृथ्वी
क
त
थ
चन्द्र कक्षा
चन्द्र कक्षा
चं.
चं.
चं.
चं.
ज
द
ख
ध
झ

परिलेख :–
प्रियव्रत शर्मा

भूभा और उपच्छाया के बारे में कुछ तथ्य

(i) भूभा चन्द्रकक्षा से कुछ लाख किलोमीटर की दूरी पर शून्य हो जाती है। जहां यह शून्य होती है, उसी स्थान पर उपच्छाया भी समाप्त हो जाती है।

(ii) चन्द्रग्रहण के समय चन्द्रकक्षा में भूभा एवम् उपच्छाया के व्यास का मान चन्द्रगति की न्यूनाधिकता पर निर्भर करता है। चन्द्रगति की परमाल्पता पर भूभा और उपच्छाया के व्यास परमाल्प (क्रमशः लगभग 75 कला और 168 कला) तथा इसकी परमता पर इसके व्यास परम (क्रमशः लगभग 92 कला और 190 कला) होते हैं।

(iii) भूभा और उपच्छाया– दोनों क्रान्तिवृत्त में सूर्य से 180 अंश की दूरी पर प्रति चार मिनट में एक अंश की दर से पूर्व से पश्चिम की ओर निरन्तर घूमती रहती हैं।

ग्रहों का दैनिक उदयास्तकाल

सूर्य तथा अन्य सभी चन्द्रादि ग्रह पृथ्वी के दैनिक अक्षभ्रमण के कारण प्रतिदिन पूर्व में उदित होकर पश्चिम में अस्त होते रहते हैं। सूर्य जब उदित होता है, तब दिन का प्रारम्भ और जब अस्त होता है तब रात्रि का प्रारम्भ होता है। चन्द्र आदि अन्य ग्रहों के उदयास्त का इस दिन–रात्रि से कोई सम्बन्ध नहीं है। वे तो अपनी–अपनी दैनिक गति से, जो एकरूप नहीं है अर्थात् बदलती रहती है, सूर्य के कभी समीप तो कभी उससे दूर होते रहते हैं, जिससे वे दिन या रात्रि के किसी भी क्षण में पृथ्वी के अक्षभ्रमण के ही कारण पूर्व में उदय होकर पश्चिम में अस्त होते रहते हैं। प्रत्येक ग्रह 24 घंटों में सामान्यतः एकबार उदित और एकबार अस्त अवश्य होता है, अतः ग्रहों के इस उदयास्त को उनका **"दैनिक उदयास्त"** कहा जाता है। सूर्य एवम् चन्द्र के दैनिक उदयास्त का अन्य भौमादि ग्रहों के उदयास्त की अपेक्षा ज्योतिषशास्त्र एवम् सामान्य जनव्यवहार की दृष्टि से कहीं अधिक महत्त्व है। यहां हम सूर्य आदि इन सभी ग्रहों के दैनिक उदयास्तकाल के साधन की सरल प्रक्रिया से अपने पाठकों को अवगत कराएंगे। [**ध्यान रहे**– इस प्रक्रिया में सर्वत्र स्थानीय (क्षेत्रीय) स्टैं. टा. का ही प्रयोग किया गया है।]

सबसे पहले हम सूर्य के उदयास्तकाल का, जिस पर विश्वभर का पूर्ण कालव्यवहार आधारित है, साधनप्रकार बतलाएंगे–

सूर्योदयास्तकाल–साधन

वैसे तो फलादेश एवं जनव्यवहार के लिए मिनट तक शुद्ध सूर्योदयास्तकाल ही पर्याप्त होता है, फिर भी यदि कोई दैवज्ञ सूक्ष्मतम (सेकण्ड तक सूक्ष्म) सूर्योदयास्तकाल जानना चाहता है तो उसे निम्नलिखित प्रक्रिया को अपनाना होगा। इस प्रक्रिया द्वारा ज्ञात सूर्योदयास्तकाल में 4–5 सेकण्ड से अधिक अशुद्धि नहीं होगी, बशर्ते कि स्थानीय अक्षांश, रेखांश तथा तात्कालिक सूर्यभोगांश (स्पष्टसूर्य) अपेक्षित सूक्ष्मता वाले हों।

सूर्योदयकाल ज्ञात करने के लिए अभीष्ट नगर के अक्षांश, रेखांश और स्टैंडर्ड अन्तर के अलावा स्थानीय (क्षेत्रीय) स्टैं. टा. (अभीष्ट नगर/ग्राम जिस देश/कालक्षेत्र में स्थित है, उस देश/कालक्षेत्र के स्टैं. टा.) के अनुसार प्रातः 6 बजे अभीष्ट तारीख के निम्नांकित पदार्थ भी मालूम कीजिए–

(i) **सायन सूर्यभोगांश (रा. अं. क.)।**
(ii) **सूर्यक्रान्ति (अं. क.)।**
(iii) **वेलान्तर–संस्कार (मि.से.)।**
(iv) **स्थानीय चर (मि.से.)।**

इसी प्रकार सूर्यास्तकाल जानने के लिए भी अभीष्ट नगर के अक्षांश–रेखांश, स्टैंडर्ड अंतर तथा स्थानीय स्टैं. टा. के अनुसार 18 घं. 00 मि. पर अभीष्ट तारीख को निम्नांकित पदार्थ मालूम कीजिए–

(i) **सायन सूर्यभोगांश (रा. अं. क.)।**
(ii) **सूर्यक्रान्ति (अं. क.)।**
(iii) **वेलान्तर–संस्कार (मि.से.)।**
(iv) **स्थानीय चर (मि.से.)।**

सायन सूर्य की रा. अं. क. द्वारा आगे पृष्ठ 270 .पर दिए गए " क्रान्ति–वेलान्तर कोष्ठक " से क्रान्ति (सूर्यक्रान्ति की अं. क.) तथा वेलान्तर के मि. से. ज्ञात कर लें। क्योंकि, यह कोष्ठक एक–एक अंश के अन्तर पर क्रान्ति और वेलान्तर बतलाता है, अतः सूर्य की शेषकलाओं से अनुपात द्वारा क्रान्ति और वेलान्तर का यथार्थ मान (कला तक सूक्ष्मक्रान्ति और सेकण्ड तक सूक्ष्म वेलान्तर) जान लीजिए। क्रान्ति की दिशा (उत्तर या दक्षिण) तथा वेलान्तर का चिह्न (धन या ऋण) भी इस कोष्ठक से मालूम कर लीजिए। इस प्रकार ज्ञात क्रान्ति की अं. क.तथा अभीष्ट नगर के अक्षांश की अं. क. द्वारा आगे पृष्ठ. 272 .पर दिए गए 'चरकोष्ठक' से चर के मि. से. (या घं. मि. से.) जानिए। 'चरकोष्ठक' में क्रान्ति और अक्षांश एक–एक अंश के अन्तर पर दिए गए हैं, अतः क्रान्ति और अक्षांश की शेषकलाओं के लिए यहां अलग–अलग दो बार (एक ओर क्रान्ति की कलाओं के लिए और दूसरी ओर अक्षांश की कलाओं के लिए) अनुपात करके सेकण्ड तक शुद्ध चर प्राप्त करना चाहिए। **इस प्रकार प्राप्त वेलान्तर और चर** द्वारा अभीष्ट नगर का सूक्ष्म (लगभग सेकण्ड तक शुद्ध) **सूर्योदय** एवं **सूर्यास्तकाल** इस तरह जान लीजिए–

अभीष्ट तारीख के प्रातः 6 बजे के चर और वेलान्तर के मिनट, सेकण्डों (या घं. मि. से.) को 6 घं. में इनके चिह्नानुसार जोड़ने या घटाने पर अभीष्ट तारीख और नगर का सूर्योदयकाल (स्था.म.का.) बन जाएगा।

इसी तरह अभीष्ट तारीख के 18 बजे के चर और वेलान्तर को 18 घं. में चिह्नानुसार जोड़ने या घटाने पर अभीष्ट तारीख और नगर का सूर्यास्तकाल (स्था.म.का.) प्राप्त हो जाएगा।

सूर्योदय और सूर्यास्त के स्था. म. का. में अभीष्ट नगर का स्टैं. अं. चिह्न के विपरीत जोड़ने या घटाने पर स्थानीय स्टैं. टा. के अनुसार सूर्योदय और सूर्यास्तकाल प्राप्त होंगे।

ध्यान रहे– चर का चिह्न **'चर कोष्ठक'** से ज्ञात नहीं होता है। चर का चिह्न कब धन(+) माना जाएगा और कब ऋण (–), इसका स्पष्टीकरण इस प्रकार है–

अभीष्ट नगर का अक्षांश और क्रान्ति– दोनों यदि एक ही दिशा के (दोनों उत्तर या दोनों दक्षिण दिशा के) हों तो चर उदय (सूर्योदय बनाने) के लिए ऋण (–) और अस्त (सूर्यास्त बनाने) के लिए धन (+) होगा। यदि दोनों की दिशाएं भिन्न–भिन्न हों तब चर का चिह्न इसके विपरीत; (उदय के लिए धन और अस्त के लिए ऋण) होगा।

उदयास्त की पूरी प्रक्रिया स्पष्ट करने के लिए नीचे उदाहरण दिया जा रहा है–

उदाहरण :– वाराणसी में 10 नवंबर, सन् 2001 ई. को सूक्ष्मतम सूर्योदय, सूर्यास्तकाल जानने हैं।

सूर्योदयकाल साधन –

10 नवंबर, सन् 2001 ई. को 6 घं. 00 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर सायनसूर्य 7 रा. 17 अं. 41 क., तदनुसार **" क्रान्ति–वेलान्तर कोष्ठक "** से सूर्यक्रान्ति द. 17 अं. 6 क. और वेलान्तर –16 मि. 3 से. मिले। क्रान्ति 17 अं. 6 क. और वाराणसी के अक्षांश 25 अं. 20 क. द्वारा **' चर कोष्ठक '** से चर +33 मि. 29 से. मिला। (क्योंकि, यहां अक्षांश उत्तर और क्रान्ति दक्षिण दिशा की है, अर्थात् ये दोनों परस्पर भिन्न–भिन्न दिशा की हैं, अतः उदयकाल के लिए यह चर पूर्वोक्त नियमानुसार धन (+) माना गया है)। **अब वाराणसी में**

10 नवंबर, सन् 2001 ई. को सूक्ष्मतम सूर्योदयकाल (भा. स्टैं. टा.) इस प्रकार ज्ञात होगा–

घं.	मि.	से.	
6	00	00	
+	33	29	(चर)
6	33	29	
–	16	03	(वेलान्तर)
6	17	26	[सूर्योदयकाल (स्था.म.का.)]
–	02	00	[वाराणसी का स्टैं. अं. (चिह्न बदलकर)]
6	15	26	[10 नवं., सन् 2001 ई. को वाराणसी में सूर्योदयकाल (भा. स्टैं. टा.)]

सूर्यास्तकाल साधन–

10 नवंबर, सन् 2001 ई. को 18 घं. 00 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर सायनसूर्य 7 रा. 18 अं. 11 क., तदनुसार **"क्रान्ति–वेलान्तर कोष्ठक"** से क्रान्ति द. 17 अं. 15 क. और वेलान्तर –16 मि. 00 से. मिले। क्रान्ति 17 अं. 15 क. और वाराणसी के अक्षांश 25 अं. 20 क. द्वारा **'चर कोष्ठक'** से चर –33 मि. 48 से. मिला। (अक्षांश और क्रान्ति की भिन्न–भिन्न दिशाओं के कारण अस्तकाल के लिए यह चर ऋण (–) चिह्न वाला है।) अब वाराणसी में 10 नवंबर, सन् 2001 ई. को सूर्यास्तकाल (भा. स्टैं. टा.) इस तरह जाना जाएगा–

घं.	मि.	से.	
18	00	00	
–	33	48	(चर)
17	26	12	
–	16	00	(वेलान्तर)
17	10	12	[सूर्यास्तकाल (स्था.म.का.)]
–	02	00	[वाराणसी का स्टैं. अं. (चिह्न बदलकर)]
17	08	12	[10 नवं., सन् 2001 ई. को वाराणसी में सूर्यास्तकाल (भा.स्टैं.टा.)]

ठीक, इसी प्रकार भारत से अन्य किसी भी देश के नगर का सूक्ष्मतम सूर्योदय–सूर्यास्तकाल जाना जा सकता है। यहां यह ध्यान रखना जरूरी है कि– जिस देश/क्षेत्र के नगर का उदय–अस्त साधन किया जा रहा है, उस देश/क्षेत्र के स्टैं. टा. के अनुसार ही प्रातः 6 बजे और 18 बजे का सायनसूर्य स्पष्ट करके तदनुसार क्रान्ति, वेलान्तर, चर जानकर पूर्वोक्त पद्धति अनुसार वहां का सूर्योदय–सूर्यास्त ज्ञात करना होगा।

इस पूर्वोक्त प्रक्रिया से ज्ञात सूर्योदय–सूर्यास्तकाल ज्योतिषशास्त्रीय ही होंगे। अर्थात् ये काल सूर्य–बिम्बकेन्द्र का किरणवक्रीभवन संस्काररहित उदयास्त बतलाएंगे। **ध्यान रहे**– लग्नादि–साधनार्थ इष्टकाल बनाने के लिए इन्हें ही प्रयोग में लाना चाहिए। सूर्यबिंब के पूर्वी क्षितिज में दृश्य उदय और पश्चिमी क्षितिज में दृश्य अस्तकाल के लिए इन ज्योतिषशास्त्रीय उदयास्तकालों में क्रमशः लगभग $3\frac{1}{2}$ मिनट ऋण और धन करने होंगे।

क्रान्ति–वेलान्तर सारणी (भाग 1)

सायन सूर्य राशि▶	(0) मेष				(1) वृष				(2) मिथुन				(3) कर्क				(4) सिंह				(5) कन्या			
अंश ▼	क्रान्ति		वेलान्तर		क्रान्ति		वेलान्तर		क्रान्ति		वेलान्तर		क्रान्ति		वेलान्तर		क्रान्ति		वेलान्तर		क्रान्ति		वेलान्तर	
	अं.	क.	मि.	से.	अं.	क.	मि.	से.	अं.	क.	मि.	से.	अं.	क.	मि.	से.	अं.	क.	मि.	से.	अं.	क.	मि.	से.
0	उ. 0	00	+7	28	उ.11	28	−1	02	उ.20	09	−3	31	उ.23	27	+1	39	उ.20	09	+6	22	उ.11	28	+2	39
1	0	24	7	10	11	49	1	15	20	22	3	27	23	26	1	53	19	56	6	24	11	07	2	22
2	0	48	6	52	12	10	1	27	20	34	3	22	23	26	2	06	19	43	6	25	10	46	2	05
3	1	12	6	33	12	31	1	39	20	46	3	17	23	25	2	20	19	29	6	26	10	24	1	48
4	1	35	6	15	12	51	1	51	20	57	3	11	23	23	2	33	19	16	6	25	10	03	1	30
5	1	59	5	57	13	11	2	02	21	08	3	05	23	21	2	46	19	01	6	24	9	41	1	12
6	2	23	5	38	13	31	2	12	21	19	2	58	23	18	3	00	18	47	6	23	9	19	0	54
7	2	47	5	20	13	51	2	22	21	29	2	50	23	16	3	13	18	32	6	21	8	57	0	35
8	3	10	5	02	14	11	2	31	21	39	2	42	23	12	3	25	18	16	6	18	8	34	+0	16
9	3	34	4	43	14	30	2	40	21	48	2	34	23	08	3	37	18	01	6	14	8	12	−0	03
10	3	58	4	25	14	49	2	49	21	57	2	25	23	04	3	49	17	45	6	10	7	49	0	23
11	4	21	4	07	15	08	2	57	22	06	2	16	22	59	4	01	17	28	6	05	7	27	0	44
12	4	45	3	48	15	26	3	04	22	14	2	06	22	54	4	12	17	12	6	00	7	04	1	04
13	5	08	3	30	15	45	3	11	22	22	1	56	22	49	4	23	16	55	5	54	6	41	1	24
14	5	31	3	12	16	03	3	17	22	29	1	46	22	42	4	34	16	38	5	47	6	18	1	45
15	5	55	2	54	16	20	3	22	22	36	1	35	22	36	4	44	16	20	5	40	5	55	2	06
16	6	18	2	36	16	38	3	27	22	42	1	23	22	29	4	54	16	03	5	32	5	31	2	27
17	6	41	2	19	16	55	3	32	22	49	1	11	22	22	5	04	15	45	5	23	5	08	2	49
18	7	04	2	02	17	12	3	36	22	54	1	00	22	14	5	13	15	26	5	14	4	45	3	10
19	7	27	1	44	17	28	3	39	22	59	0	48	22	06	5	22	15	08	5	04	4	21	3	32
20	7	49	1	27	17	45	3	41	23	04	0	35	21	57	5	30	14	49	4	54	3	58	3	53
21	8	12	1	11	18	01	3	43	23	08	0	22	21	48	5	38	14	30	4	43	3	34	4	15
22	8	34	0	55	18	16	3	44	23	12	−0	10	21	39	5	45	14	11	4	31	3	10	4	37
23	8	57	0	39	18	32	3	45	23	16	+0	03	21	29	5	52	13	51	4	18	2	47	4	59
24	9	19	0	23	18	47	3	45	23	18	0	17	21	19	5	58	13	31	4	06	2	23	5	21
25	9	41	+0	08	19	01	3	44	23	21	0	31	21	08	6	04	13	11	3	53	1	59	5	43
26	10	03	−0	06	19	16	3	43	23	23	0	44	20	57	6	09	12	51	3	39	1	35	6	04
27	10	24	0	20	19	29	3	41	23	25	0	58	20	46	6	13	12	31	3	25	1	12	6	25
28	10	46	0	35	19	43	3	38	23	26	1	12	20	34	6	17	12	10	3	10	0	48	6	46
29	11	07	0	49	19	56	3	35	23	26	1	25	20	22	6	20	11	49	2	55	0	24	7	08
30	उ. 11	28	−1	02	उ. 20	09	−3	31	उ. 23	27	+1	39	उ. 20	09	+6	22	उ. 11	28	+2	39	उ. 0	00	−7	30

क्रान्ति–वेलान्तर सारणी (भाग 2)

सायन सूर्य राशि▶	(6) तुला				(7) वृश्चिक				(8) धनु				(9) मकर				(10) कुम्भ				(11) मीन			
अंश ▼	क्रान्ति		वेलान्तर		क्रान्ति		वेलान्तर		क्रान्ति		वेलान्तर		क्रान्ति		वेलान्तर		क्रान्ति		वेलान्तर		क्रान्ति		वेलान्तर	
	अं.	क.	मि.	से.	अं.	क.	मि.	से.	अं.	क.	मि.	से.	अं.	क.	मि.	से.	अं.	क.	मि.	से.	अं.	क.	मि.	से.
0	द. 0	00	−7	30	द.11	28	−15	37	द.20	09	−13	50	द.23	27	−1	35	द.20	09	+11	03	द.11	28	+13	59
1	0	24	7	52	11	49	15	45	20	22	13	33	23	26	1	06	19	56	11	20	11	07	13	54
2	0	48	8	13	12	10	15	53	20	34	13	16	23	26	0	37	19	43	11	36	10	46	13	47
3	1	12	8	35	12	31	15	59	20	46	12	59	23	25	−0	08	19	29	11	51	10	24	13	40
4	1	35	8	56	12	51	16	05	20	57	12	41	23	23	+0	21	19	16	12	06	10	03	13	33
5	1	59	9	16	13	11	16	10	21	08	12	22	23	21	0	50	19	01	12	20	9	41	13	25
6	2	23	9	36	13	31	16	14	21	19	12	02	23	18	1	19	18	47	12	33	9	19	13	16
7	2	47	9	56	13	51	16	18	21	29	11	41	23	16	1	48	18	32	12	46	8	57	13	07
8	3	10	10	16	14	11	16	20	21	39	11	20	23	12	2	17	18	16	12	58	8	34	12	57
9	3	34	10	36	14	30	16	22	21	48	10	58	23	08	2	46	18	01	13	09	8	12	12	46
10	3	58	10	55	14	49	16	23	21	57	10	36	23	04	3	14	17	45	13	19	7	49	12	35
11	4	21	11	14	15	08	16	23	22	06	10	14	22	59	3	42	17	28	13	28	7	27	12	23
12	4	45	11	32	15	26	16	23	22	14	09	50	22	54	4	09	17	12	13	37	7	04	12	11
13	5	08	11	50	15	45	16	21	22	22	09	26	22	49	4	36	16	55	13	45	6	41	11	58
14	5	31	12	08	16	03	16	19	22	29	09	02	22	42	5	03	16	38	13	52	6	18	11	45
15	5	55	12	25	16	20	16	16	22	36	08	36	22	36	5	30	16	20	13	58	5	55	11	32
16	6	18	12	41	16	38	16	12	22	42	08	10	22	29	5	56	16	03	14	03	5	31	11	18
17	6	41	12	57	16	55	16	07	22	49	07	44	22	22	6	21	15	45	14	08	5	08	11	03
18	7	04	13	13	17	12	16	01	22	54	07	17	22	14	6	46	15	26	14	12	4	45	10	48
19	7	27	13	28	17	28	15	55	22	59	06	50	22	06	7	11	15	08	14	15	4	21	10	33
20	7	49	13	43	17	45	15	47	23	04	06	23	21	57	7	35	14	49	14	17	3	58	10	18
21	8	12	13	57	18	01	15	39	23	08	05	55	21	48	7	58	14	30	14	18	3	34	10	02
22	8	34	14	11	18	16	15	30	23	12	05	27	21	39	8	21	14	11	14	19	3	10	9	46
23	8	57	14	24	18	32	15	20	23	16	04	59	21	29	8	44	13	51	14	19	2	47	9	29
24	9	19	14	36	18	47	15	10	23	18	04	31	21	19	9	06	13	31	14	18	2	23	9	12
25	9	41	14	48	19	01	14	58	23	21	04	02	21	08	9	27	13	11	14	17	1	59	8	56
26	10	03	14	59	19	16	14	46	23	23	03	33	20	57	9	47	12	51	14	15	1	35	8	39
27	10	24	15	10	19	29	14	33	23	25	03	04	20	46	10	07	12	31	14	12	1	12	8	21
28	10	46	15	20	19	43	14	19	23	26	02	35	20	34	10	26	12	10	14	08	0	48	8	03
29	11	07	15	29	19	56	14	05	23	26	02	05	20	22	10	45	11	49	14	04	0	24	7	46
30	द. 11	28	−15	37	द. 20	09	−13	50	द.23	27	−01	35	द.20	09	+11	03	द.11	28	+13	59	द. 0	00	+7	28

चर कोष्ठक (भाग 1)

क्रान्ति ➤	0°	1°	2°	3°	4°	5°	6°	7°	8°	9°	10°	11°	12°
अक्षांश	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	घ. मि. से.	घ. मि. से.
0	0 00	0 00	0 00	0 00	0 00	0 00	0 00	0 00	0 00	0 00	0 00	0 0 00	0 0 00
1	0 00	0 04	0 08	0 13	0 17	0 21	0 25	0 29	0 34	0 38	0 42	0 47	0 51
2	0 00	0 08	0 17	0 25	0 34	0 42	0 50	0 59	1 07	1 16	1 25	1 33	1 42
3	0 00	0 13	0 25	0 38	0 50	1 03	1 16	1 28	1 41	1 54	2 07	2 20	2 33
4	0 00	0 17	0 34	0 50	1 07	1 24	1 41	1 58	2 15	2 32	2 50	3 07	3 24
5	0 00	0 21	0 42	1 03	1 24	1 45	2 06	2 28	2 49	3 10	3 32	3 54	4 16
6	0 00	0 25	0 50	1 16	1 41	2 06	2 32	2 57	3 23	3 49	4 15	4 41	5 07
7	0 00	0 29	0 59	1 28	1 58	2 28	2 57	3 27	3 57	4 27	4 58	5 28	5 59
8	0 00	0 34	1 07	1 41	2 15	2 49	3 23	3 57	4 32	5 06	5 41	6 16	6 51
9	0 00	0 38	1 16	1 54	2 32	3 11	3 49	4 27	5 06	5 45	6 24	7 03	7 43
10	0 00	0 42	1 25	2 07	2 50	3 32	4 15	4 58	5 41	6 24	7 08	0 7 51	8 36
11	0 00	0 47	1 33	2 20	3 07	3 54	4 41	5 28	6 16	7 03	7 51	8 40	9 28
12	0 00	0 51	1 42	2 33	3 24	4 16	5 07	5 59	6 51	7 44	8 36	9 28	10 21
13	0 00	0 55	1 51	2 46	3 42	4 38	5 34	6 30	7 26	8 23	9 20	10 17	11 15
14	0 00	1 00	2 00	3 00	4 00	5 00	6 00	7 01	8 02	9 03	10 05	11 07	12 09
15	0 00	1 04	2 09	3 13	4 18	5 22	6 27	7 32	8 38	9 44	10 50	11 57	13 04
16	0 00	1 09	2 18	3 27	4 36	5 45	6 54	8 04	9 14	10 25	11 36	12 47	13 59
17	0 00	1 13	2 27	3 40	4 54	6 08	7 22	8 36	9 51	11 06	12 22	13 38	14 54
18	0 00	1 18	2 36	3 54	5 12	6 31	7 50	9 09	10 28	11 48	13 08	14 39	15 50
19	0 00	1 23	2 45	4 08	5 31	6 54	8 18	9 42	11 06	12 30	13 55	15 21	16 47
20	0 00	1 27	2 55	4 22	5 50	7 18	8 46	10 15	11 41	13 13	14 43	0 16 14	17 45
21	0 00	1 32	3 04	4 37	6 09	7 42	9 15	10 48	12 22	13 57	15 31	17 07	18 43
22	0 00	1 37	3 14	4 51	6 29	8 06	9 44	11 22	13 01	14 40	16 20	18 01	19 42
23	0 00	1 42	3 24	5 06	6 48	8 31	10 14	11 57	13 41	15 25	17 10	18 56	20 42
24	0 00	1 47	3 34	5 21	7 08	8 56	10 44	12 32	14 21	16 11	18 01	19 52	21 43
25	0 00	1 52	3 44	5 36	7 28	9 21	11 14	13 08	15 02	16 57	18 52	20 48	22 45
26	0 00	1 57	3 54	5 52	7 49	9 47	11 45	13 44	15 43	17 44	19 44	21 46	23 48
27	0 00	2 02	4 05	6 07	8 10	10 13	12 17	14 21	16 26	18 31	20 37	22 44	24 52
28	0 00	2 08	4 15	6 23	8 31	10 40	12 49	14 58	17 09	19 19	21 31	23 44	25 57
29	0 00	2 13	4 26	6 40	8 53	11 07	13 22	15 37	17 52	20 09	22 26	24 44	27 04
30	0 00	2 19	4 37	6 56	9 15	11 35	13 55	16 16	18 37	20 59	23 22	0 25 46	28 12
31	0 00	2 24	4 49	7 13	9 38	12 03	14 29	16 55	19 23	21 51	24 20	26 50	29 21
32	0 00	2 30	5 00	7 30	10 01	12 32	15 04	17 36	20 09	22 43	25 18	27 54	30 32
33	0 00	2 36	5 12	7 48	10 25	13 02	15 39	18 18	20 57	23 37	26 18	29 00	31 44
34	0 00	2 42	5 24	8 06	10 49	13 32	16 16	19 00	21 45	24 32	27 19	30 08	32 58
35	0 00	2 48	5 36	8 25	11 14	14 03	16 53	19 44	22 35	25 28	28 22	31 17	34 14
36	0 00	2 54	5 49	8 44	11 39	14 35	17 31	20 28	23 27	26 26	29 26	32 29	35 32
37	0 00	3 01	6 02	9 03	12 05	15 07	18 10	21 14	24 19	27 25	30 33	33 41	36 52
38	0 00	3 08	6 15	9 23	12 32	15 41	18 50	22 01	25 13	28 26	31 40	34 56	38 14
39	0 00	3 14	6 29	9 44	12 59	16 15	19 32	22 50	26 08	29 39	32 50	36 16	39 39
40	0 00	3 21	6 43	10 05	13 27	16 50	20 14	23 39	27 06	30 33	34 02	0 37 33	0 41 06
41	0 00	3 29	6 57	10 27	13 56	17 27	20 58	24 30	28 04	31 39	35 16	38 55	42 35
42	0 00	3 36	7 12	10 49	14 26	18 04	21 43	25 23	29 05	32 48	36 32	40 19	44 08
43	0 00	3 44	7 28	11 12	14 57	18 43	22 30	26 18	30 07	33 58	37 51	41 46	45 44
44	0 00	3 52	7 44	11 36	15 29	19 23	23 18	27 14	31 12	35 12	39 13	43 17	47 23
45	0 00	4 00	8 00	12 01	16 02	20 05	24 08	28 13	32 19	36 27	40 37	44 50	49 05
46	0 00	4 09	8 17	12 27	16 37	20 48	25 00	29 13	33 28	37 49	42 05	46 27	50 52
47	0 00	4 17	8 35	12 53	17 12	21 32	25 61	30 16	34 40	39 07	43 36	48 08	52 42
48	0 00	4 27	8 53	13 21	17 49	22 18	26 49	31 21	35 55	40 31	45 10	49 52	54 37
49	0 00	4 36	9 13	13 50	18.27	23 06	27 47	32 29	37 13	42 00	46 49	51 41	56 37
50	0 00	4 46	9 32	14 19	19 07	23 56	28 47	33 39	38 34	43 31	48 31	0 53 35	0 58 42

चर कोष्ठक (भाग 2)

क्रान्ति ➤	13°	14°	15°	16°	17°	18°	19°	20°	21°	22°	23°	24°
अक्षांश	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.	घं. मि. से.
0	0 0 00	0 0 00	0 0 00	0 0 00	0 0 00	0 0 00	0 0 00	0 0 00	0 0 00	0 0 00	0 0 00	0 0 00
1	0 55	1 00	1 04	1 09	1 13	1 18	1 23	1 27	1 32	1 37	1 42	1 47
2	1 51	2 00	2 09	2 18	2 27	2 36	2 45	2 55	3 04	3 14	3 24	3 34
3	2 46	3 00	3 13	3 27	3 40	3 54	4 08	4 22	4 37	4 51	5 06	5 21
4	3 42	4 00	4 18	4 36	4 54	5 12	5 31	5 50	6 09	6 29	6 48	7 08
5	4 38	5 00	5 22	5 45	6 08	6 31	6 54	7 18	7 42	8 06	8 31	8 56
6	5 34	6 00	6 27	6 54	7 22	7 50	8 18	8 46	9 15	9 44	10 14	10 44
7	6 30	7 01	7 32	8 04	8 36	9 09	9 42	10 15	10 48	11 22	11 57	12 32
8	7 26	8 02	8 38	9 14	9 51	10 28	11 06	11 44	12 22	13 01	13 41	14 21
9	8 23	9 03	9 44	10 25	11 06	11 48	12 30	13 13	13 56	14 41	15 25	16 11
10	0 9 20	0 10 04	0 10 50	0 11 36	0 12 22	0 13 08	0 13 55	0 14 43	0 15 31	0 16 21	0 17 10	0 18 01
11	10 17	11 07	11 56	12 47	13 38	14 29	15 27	16 14	17 07	18 01	18 56	19 52
12	11 15	12 09	13 03	13 58	14 54	15 50	16 47	17 45	18 43	19 42	20 42	21 43
13	12 13	13 12	14 11	15 11	16 11	17 12	18 14	19 17	20 20	21 25	22 30	23 36
14	13 12	14 15	15 19	16 24	17 29	18 35	19 43	20 50	21 57	23 08	24 18	25 30
15	14 11	15 19	16 28	17 38	18 48	19 59	21 11	22 24	23 37	24 52	26 07	27 24
16	15 11	16 24	17 38	18 52	20 07	21 23	22 40	23 58	25 17	26 37	27 58	29 20
17	16 11	17 29	18 48	20 07	21 27	22 48	24 10	25 33	26 58	28 23	29 50	31 18
18	17 12	18 35	19 59	21 23	22 48	24 14	25 42	27 10	28 40	30 10	31 43	33 16
19	18 14	19 42	21 11	22 40	24 10	25 52	27 14	28 48	30 23	31 59	33 37	35 16
20	0 19 17	0 20 50	0 22 23	0 23 58	0 25 33	0 27 10	0 28 48	0 30 27	0 32 08	0 33 49	0 35 33	0 37 18
21	20 20	21 59	23 37	25 17	26 58	28 40	30 23	32 08	33 54	35 41	37 31	39 22
22	21 25	23 08	24 52	26 37	28 23	30 10	31 58	33 49	35 42	37 35	39 30	41 27
23	22 30	24 18	26 08	27 58	29 50	31 43	33 57	35 33	37 31	39 30	41 31	43 34
24	23 36	25 30	27 24	29 20	31 18	33 16	35 16	37 18	39 22	41 27	43 34	45 44
25	24 43	26 42	28 43	30 44	32 47	34 52	36 57	39 05	41 15	43 26	45 40	47 56
26	25 52	27 56	30 02	32 09	34 18	36 28	38 40	40 54	43 10	45 28	47 48	50 10
27	27 01	29 12	31 23	33 36	35 51	38 07	40 23	42 45	45 07	47 32	49 58	52 27
28	28 12	30 28	32 46	35 05	37 25	39 48	42 12	44 38	47 06	49 38	52 11	54 47
29	29 25	31 47	34 10	36 35	39 02	41 30	44 01	46 33	49 08	51 46	54 27	57 09
30	0 30 39	0 33 06	0 35 36	0 38 07	0 40 40	0 43 15	0 45 52	0 48 31	0 51 13	0 53 57	0 56 45	0 59 34
31	31 54	34 28	37 04	39 41	42 21	45 02	47 46	50 32	53 20	56 12	0 59 06	1 02 04
32	33 11	35 51	38 33	41 17	44 03	46 52	49 42	52 35	55 30	0 58 30	1 01 31	1 04 37
33	34 29	37 16	40 05	42 56	45 48	48 44	51 41	54 41	0 57 44	1 00 51	1 04 00	1 07 13
34	35 50	38 44	41 39	44 36	47 36	50 38	53 43	56 51	1 00 01	1 03 15	1 06 33	1 09 54
35	37 13	40 13	43 15	46 20	49 27	52 36	55 48	0 59 04	1 02 22	1 05 44	1 09 10	1 12 40
36	38 37	41 45	44 54	48 06	51 20	54 37	0 57 57	1 01 20	1 04 47	1 08 17	1 11 51	1 15 30
37	40 05	43 19	46 36	49 55	53 17	56 41	1 00 09	1 03 40	1 07 15	1 10 54	1 14 37	1 18 24
38	41 34	44 56	48 20	51 47	55 17	0 58 49	1 02 25	1 06 05	1 09 48	1 13 36	1 17 28	1 21 25
39	43 06	46 36	50 08	53 42	57 20	1 01 01	1 04 46	1 08 34	1 12 26	1 16 23	1 20 25	1 24 35
40	44 41	0 48 18	0 51 58	0 55 41	0 59 28	1 03 17	1 07 10	1 11 08	1 15 10	1 19 16	1 23 28	1 27 45
41	46 19	50 04	53 53	57 44	1 01 39	1 05 38	1 09 40	1 13 47	1 17 58	1 22 15	1 26 37	1 31 05
42	47 59	51 54	55 51	0 59 51	1 03 55	1 08 03	1 12 15	1 16 31	1 20 53	1 25 20	1 29 53	1 34 32.
43	49 44	53 46	57 53	1 02 02	1 06 16	1 10 33	1 14 55	1 19 22	1 23 54	1 28 32	1 33 16	1 38 07
44	51 32	55 44	0 59 59	1 04 18	1 08 41	1 13 09	1 17 41	1 22 19	1 27 02	1 31 52	1 36 48	1 41 51
45	53 24	57 45	1 02 10	1 06 39	1 11 13	1 15 51	1 20 34	1 25 23	1 30 18	1 35 19	1 40 28	1 45 45
46	55 20	0 59 51	1 04 26	1 09 06	1 13 53	1 18 39	1 23 33	1 28 34	1 33 41	1 38 56	1 44 18	1 49 49
47	57 20	1 02 02	1 06 48	1 11 38	1 16 33	1 21 34	1 26 41	1 31 54	1 37 14	1 42 42	1 48 19	1 54 04
48	0 59 26	1 04 18	1 09 15	1 14 17	1 19 24	1 24 37	1 29 56	1 35 22	1 40 56	1 46 39	1 52 30	1 58 32
49	1 01 36	1 06 40	1 11 49	1 17 03	1 22 22	1 27 48	1 33 20	1 39 01	1 44 49	1 50 47	1 56 55	2 03 14
50	1 03 53	1 09 09	1 14 29	1 19 56	1 25 28	1 31 08	1 36 54	1 42 50	1 48 54	1 55 08	2 01 33	2 08 11

चन्द्र एवम् पंचतारा मंगल आदि ग्रहों के उदयास्त

चन्द्रमा एवम् अन्य पंचतारा ग्रहों (मं., बु., गु., शु., और श.) के उदयास्त(दैनिक उदयास्त)काल के साधन की प्रक्रिया समान है, केवल चन्द्र के उदयास्तसाधन की प्रक्रिया में थोड़ा–सा अन्तर है। इन छः ग्रहों की उदयास्तकालसाधन–प्रक्रिया सूर्य की उदयास्तकालसाधन–प्रक्रिया से कठिन तो नहीं, अधिक कालापेक्षी जरूर है।

चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र एवम् शनि के उदयास्तकालसाधन–प्रक्रिया में जो पदार्थ अपेक्षित हैं, वे ये हैं–

(i) अभीष्ट स्थलीय अक्षांश।
(ii) अभीष्ट स्थल एवम् दिन का सूर्योदयकाल।
(iii) स्पष्ट सूर्य (इष्टकालिक)।
(iv) स्पष्ट अभीष्ट ग्रह।* (इष्टकालिक)
(v) अभीष्ट ग्रह का शर (इष्टकालिक)।
(vi) सूर्य का स्पष्ट विषुवकाल (इष्टकालिक)।
(vii) अभीष्ट ग्रह का स्पष्ट विषुवकाल (इष्टकालिक)।
(viii) सूर्यक्रान्ति (इष्टकालिक)।
(ix) सूर्य का स्थानीय चर (इष्टकालिक)।
(x) अभीष्ट ग्रह की क्रान्ति (इष्टकालिक)।
(xi) अभीष्ट ग्रह का स्थानीय चर (इष्टकालिक)।

अभीष्ट ग्रह का उदयास्तकाल जानने के लिए इन उपरोक्त 11 पदार्थों का ज्ञान आवश्यक है। इन्हें जानने का प्रकार क्रमशः इस प्रकार है–

(i) अभीष्ट स्थलीय अक्षांश – अभीष्ट स्थलीय अक्षांश किसी प्रामाणिक **'एटलस'** आदि से जाने जा सकते हैं।

(ii) अभीष्ट स्थल एवम् दिन का सूर्योदयकाल – अभीष्ट स्थल एवम् दिन का सूर्योदयकाल पंचांग से जानिए अथवा पृष्ठ **267** पर दी गई सूर्योदयास्तकाल साधन प्रक्रिया से भी इसे जाना जा सकता है।

(iii) स्पष्ट सूर्य (इष्टकालिक) – $5^{\text{घं}}$ $30^{\text{मि.}}$ भा. स्टैं. टा. का स्पष्ट सूर्य पंचांग से लेकर, उसे अनुपात द्वारा इष्टकालिक बना लें।

(iv) स्पष्ट अभीष्ट ग्रह (इष्टकालिक) – $5^{\text{घं}}$ $30^{\text{मि.}}$ भा. स्टैं. टा. का स्पष्ट अभीष्टग्रह भी पंचांग से लेकर उसे अनुपात द्वारा इष्टकालिक बनाया जा सकता है।

(v) अभीष्ट ग्रह का शर (इष्टकालिक) – चन्द्र का दैनिक शर पंचांग में दैनिक चन्द्रस्पष्ट के साथ दिया रहता है तथा शेष पंचतारा (मंगल आदि) ग्रहों के शर भी दैनिक ग्रहस्पष्ट वाले पृष्ठों से अग्रिम पृष्ठों पर तीन–तीन दिनांतर पर दिए रहते हैं। ये $5^{\text{घं}}$ $30^{\text{मि.}}$ भा. स्टैं. टा. के हैं– इन्हें अनुपात द्वारा इष्टकालिक बनाना आसान है।

(vi) सूर्य का स्पष्ट विषुवकाल (इष्टकालिक) – सूर्य का इष्टकालिक विषुवकाल पृष्ठ **282** पर दिए गए **'विषुवकाल कोष्ठक'** से इष्टकालिक सायन सूर्य के राशि–अंशों द्वारा जान लें।

(vii) अभीष्ट ग्रह का स्पष्ट विषुवकाल (इष्टकालिक)– अभीष्ट ग्रह का **'इष्टकालिक विषुवकाल'** भी पृष्ठ **282** पर दिए गए **'विषुवकाल कोष्ठक'** से इष्टकालिक सायन ग्रह के राशि–अंशों द्वारा तुरन्त प्राप्त हो जाता है। **ध्यान रहे–** इस कोष्ठक से प्राप्त विषुवकाल मध्यम है। पृष्ठ **283** पर दिए गए

** अभीष्टग्रह = वह ग्रह, जिसका उदयास्तकाल ज्ञात करना है।*

'शर संस्कार कोष्ठक' से सायन ग्रह के राशि–अंशों तथा शर द्वारा प्राप्त मिनटों को इस मध्यम विषुवकाल में चिह्नानुसार जोड़ने या घटाने पर यह **'स्पष्ट विषुवकाल'** बन जाएगा। यह शर–संस्कार कब धन(+) और कब ऋण (–) होगा, इसका निर्देश इस 'शरसंस्कार कोष्ठक' के नीचे किया गया है।

ध्यान दें– क्योंकि, सूर्य का शर नहीं होता, अतः पृष्ठ **282** पर दिए **'विषुवकाल कोष्ठक'** से **'सूर्य विषुवकाल'** स्पष्ट ही प्राप्त होगा।

(viii) सूर्यक्रान्ति (इष्टकालिक)– पंचांग में दैनिक सूर्य स्पष्ट के साथ ही $5^{घ}$ $30^{मि}$ भा. स्टैं. टा. की सूर्यक्रान्ति दी रहती है– इसे साधारण अनुपात द्वारा इष्टकालिक बना लें।

(ix) सूर्य का स्थानीय चर (इष्टकालिक)– सूर्य का स्थानीय इष्टकालिक चर पृष्ठ **284** पर दिए गए **'चर कोष्ठक'** से इष्टकालिक सूर्यक्रान्ति और अभीष्ट स्थलीय अक्षांश द्वारा प्राप्त कर लें।

(x) अभीष्ट ग्रह की क्रान्ति (इष्टकालिक)– चन्द्र की क्रान्ति पंचांग में दैनिक चन्द्रस्पष्ट के साथ $5^{घ}$ $30^{मि}$ भा. स्टैं. टा. की दी रहती है एवम् अन्य भौमादि ग्रहों की क्रान्ति दैनिक ग्रहस्पष्ट से अग्रिम पृष्ठों पर तीन–तीन दिनान्तर पर $5^{घ}$ $30^{मि}$ की ही दी रहती है। चन्द्र एवम् अन्य भौमादि ग्रहों की इस क्रान्ति को अनुपात द्वारा इष्टकालिक बना लें।

(xi) अभीष्ट ग्रह का स्थानीय चर (इष्टकालिक)– अभीष्ट ग्रह का इष्टकालिक स्थानीय चर पृष्ठ **284** पर दिए गए **'चर कोष्ठक'** से ग्रह की इष्टकालिक क्रान्ति और अभीष्ट स्थालीय अक्षांश द्वारा तुरंत प्राप्त करें।

ध्यान दें– यदि सूर्य या अभीष्ट ग्रह की क्रान्ति और इष्ट स्थलीय अक्षांश–दोनों एक ही चिह्न (दिशा) के [यानी दोनों धन (उत्तर) या दोनों ऋण(दक्षिण)] होंगे तो चर धन(+), अन्यथा ऋण (–) होगा।

अब उपरोक्त इन 11 उपकरणों (पदार्थों) से हम चन्द्र आदि ग्रहों की 'उदयकालसाधनप्रक्रिया बतलाएंगे। ध्यान रहे– जैसा कि पहले भी बतला चुके हैं, इस प्रक्रिया में सर्वत्र स्टैं. टा. का ही प्रयोग किया गया है।

चन्द्र आदि ग्रहों की उदयकालसाधन–प्रक्रिया

जिस दिन का ग्रहोदय जानना है, उस दिन को हम **'अभीष्ट दिन'*** कहेंगे। अभीष्ट दिन के प्रातः $5^{घ}$ $30^{मि}$ भा. स्टैं. टा. अथवा अन्य किसी भी समय का स्पष्ट ग्रह (जिस ग्रह का उदय ज्ञात करना है, उस ग्रह के स्पष्ट राश्यादि) और स्पष्ट सूर्य ज्ञात करें। स्पष्ट ग्रह में से स्पष्ट सूर्य घटाएं। शेष राश्यादि को हम **'सामान्य ग्रह–सूर्यान्तर'** कहेंगे। यदि ग्रह के राश्यादि सूर्य के राश्यादि से कम हों तो ग्रह–राश्यादि में 12 राशि जोड़कर सूर्य के राश्यादि घटाएं। शेष राश्यादि को हम **'अन्य ग्रह सूर्यान्तर'** कहेंगे। 'सामान्यग्रह–सूर्यान्तर' या 'अन्य ग्रह–सूर्यान्तर' के राश्यादि को अंशों में बदलकर 4 से गुणा करें। प्राप्त गुणनफल मिनट होंगे। इन मिनटों के घंटा–मिनट बना लें। 'सामान्यग्रह–सूर्यान्तर' या 'अन्य ग्रह–सूर्यान्तर' के इन घं. मि. को अभीष्ट दिन के स्थानीय सूर्योदय के घं. मि. में जोड़ देने पर ग्रह का **' स्थूल उदयकाल'** प्राप्त होगा।

ध्यान रहे– 'सामान्यग्रह–सूर्यान्तर' के घं. मि. को स्थानीय सूर्योदय में जोड़ने पर योग यदि 24 घण्टा से कम उपलब्ध हो तो ग्रह का उपरोक्त **'स्थूल उदयकाल'** अभीष्ट दिन का ही होगा। यदि यहां योग 24 घण्टा से अधिक हो तो उसमें से 24 घण्टा घटाने से शेष घं. मि. ग्रह का 'स्थूल उदयकाल' अभीष्ट दिन से परवर्ती दिन का माना जाएगा।

'अन्य ग्रह–सूर्यान्तर' के घं. मि. को स्थानीय सूर्योदय में जोड़ने पर योग यदि 24 घण्टा से कम प्राप्त हो तो ग्रह का उपरोक्त **' स्थूल उदयकाल '** अभीष्ट दिन से पूर्ववर्ती दिन का होगा। यदि यहां योग 24 घं. से

** यहां अभीष्ट दिन से हमारा अभिप्राय मध्यरात्रि से प्रारम्भ होने वाली तारीख से है।*

अधिक हो तो उसमें से 24 घण्टा घटाने पर शेष घं. मि. ग्रह का ' स्थूल उदयकाल' अभीष्ट दिन का ही होगा।

ग्रह के इस ' **स्थूल उदयकाल**' के समय सायन सूर्य और सायन ग्रह स्पष्ट ज्ञात कर **सूर्य विषुवकाल, ग्रहशर, ग्रह–विषुवकाल** (ग्रह का स्पष्ट विषुवकाल) **सूर्यक्रान्ति, ग्रहक्रान्ति, सूर्यचर** और **ग्रहचर** ज्ञात करें। सूर्य विषुवकाल में सूर्य का और ग्रह के विषुवकाल में ग्रह का ' **स्थानीय चर** ' चिह्न बदलकर जोड़ें या घटाएं। इससे सूर्य एवम् ग्रह के '**उदयकालिक विषुवकाल**' प्राप्त होंगे। ग्रह के 'उदयकालिक विषुवकाल' में से सूर्य का 'उदयकालिक विषुवकाल' घटा दें। घटाने पर प्राप्त शेष घण्टा–मिनट को हम '**सामान्य विषुवान्तरकाल**' कहेंगे। यदि ग्रह के विषुवकाल के घण्टा–मिनट सूर्य विषुवकाल के घण्टा–मिनट से कम हों तो ग्रह विषुवकाल के घण्टा–मिनट में 24 घण्टा जोड़कर सूर्य विषुवकाल को घटाएं। इस तरह प्राप्त शेष घण्टा–मिनट को हम यहां '**अन्य विषुवान्तरकाल**' कहेंगे।

'**सामान्य विषुवान्तरकाल**' या '**अन्य विषुवान्तरकाल**' के इन घण्टा–मिनट को अभीष्ट दिन के स्थानीय सूर्योदय में जोड़ देने पर ग्रह का '**स्पष्ट उदयकाल**' प्राप्त होगा।

ध्यान रहे– '**सामान्य विषुवान्तरकाल**' के घं. मि. को स्थानीय सूर्योदय में जोड़ने पर योग यदि 24 घं. से कम मिले तो ग्रह का उपरोक्त '**स्पष्ट उदयकाल**' अभीष्ट दिन का ही होगा और यदि यहां योग 24 घं. से अधिक हो तो उसमें से 24 घं. घटाने पर शेष घं. मि. ग्रह का उपरोक्त 'स्पष्ट उदयकाल' अभीष्ट दिन से परवर्ती दिन का होगा।

'**अन्य विषुवान्तरकाल**' के घं. मि. को स्थानीय सूर्योदय में जोड़ने पर योग यदि 24 घं. से कम प्राप्त हों तो ग्रह का उपरोक्त '**स्पष्ट उदयकाल**' अभीष्ट दिन से पूर्ववर्ती दिन का होगा। **किञ्च**-- यदि यहां योग 24 घं. से अधिक हो तो उसमें से 24 घं. घटाने पर शेष घं. मि. ग्रह का 'स्पष्ट उदयकाल' अभीष्ट दिन का ही होगा। चन्द्रमा के अतिरिक्त अन्य सभी भौमादि ग्रहों के इस 'स्पष्ट उदयकाल' के घं. मि. में '**किरण वक्रीभवन संस्कार**'' के 2 मिनट भी जोड़ने होंगे।

विशेष– यहां तक की गणितप्रक्रिया से पंचताराग्रहों (मं., बु., गु., शु. और श.) का '**स्पष्ट उदयकाल**' अन्तिमरूपेण शुद्ध आ जाएगा, लेकिन चन्द्रमा का उदयकाल यहां अन्तिमरूपेण शुद्ध नहीं होगा। इसके लिए उपरोक्त गणना के अतिरिक्त निम्न साधारण–सी गणितप्रक्रिया भी अपेक्षित है–

उपरोक्त प्रकार से प्राप्त चन्द्र का '**स्पष्ट उदयकाल**' यदि पूर्वसाधित इसके 'स्थूल **उदयकाल**' से कुछ न्यूनाधिक (आगे–पीछे) हो तो इन दोनों कालों का अन्तर कीजिए। अन्तर के घंटों को 2 से गुणा करने पर मिनट प्राप्त होंगे। यदि स्पष्ट उदयकाल स्थूल उदयकाल से अधिक हो तो इन मिनटों को चन्द्र के स्पष्ट उदयकाल में जोड़िए, अन्यथा घटाइए। इस प्रक्रिया के अनन्तर चन्द्र का अन्तिमरूप से '**शुद्ध स्पष्ट उदयकाल**' प्राप्त हो जाएगा। अब चन्द्र के इस उदयकाल में **किरणवक्री-भवनसंस्कार**' के 2 मिनट ऋण कर देने होंगे और '**क्षितिजलम्बन**' के चार मिनट भी यहां धन करने होंगे। **ऐसा करने पर चन्द्र का यह उदयकाल सर्वथा सूक्ष्म एवम् आकाश में यथावत् दृश्य स्पष्ट होगा।** ध्यान रहे– मंगल, बुध, गुरु, शुक्र और शनि– इन पंचताराग्रहों के उदयकाल में **क्षितिजलम्बन** संस्कार नहीं होता। **(स्पष्टता के लिए ग्रहों के 'स्पष्ट उदयकाल' साधन के उदाहरण आगे पृष्ठ 277 से 281 पर दिए गए हैं--वहां देखें।)**

अब हम चन्द्र एवम् मंगल आदि पंचताराग्रहों के अस्तकाल की साधनप्रक्रिया स्पष्ट करेंगे–

चन्द्र आदि ग्रहों की अस्तकालसाधन–प्रक्रिया

अभीष्ट ग्रह के द्विगुणित चर को चिह्न के अनुसार 12 घं. में जोड़िए या घटाइए। प्राप्त घं. मि. को ग्रह के पूर्वसाधित '**स्पष्ट उदयकाल**' में जोड़ दें। यह ग्रह का '**स्थूल अस्तकाल**' प्राप्त होगा।

ग्रह के उपरोक्त '**स्थूल अस्तकाल**' के समय **ग्रहशर, ग्रहक्रान्ति** और **सूर्यक्रान्ति** पंचांग से ज्ञात करें। सूर्य और ग्रह की क्रान्तियों तथा स्थानीय अक्षांश द्वारा पृष्ठ **284** पर दिए गए '**चर कोष्ठक**' से सूर्य और ग्रह के चर ज्ञात करें। इसी समय के ग्रह और सूर्य के विषुवकालों में इन दोनों के अपने–अपने चर चिह्न के विपरीत जोड़ें या घटाएं। इस प्रकार प्राप्त औदयिक ग्रहविषुवकाल में से औदयिक सूर्यविषुवकाल को घटा दें। यदि 'ग्रह–विषुवकाल' 'सूर्य–विषुवकाल' से कम हो तो इसमें 24 घं. जोड़कर 'सूर्य–विषुवकाल' घटाएं। शेष घं. मि. '**विषुवांतरकाल**' कहलाएगा।

अब द्विगुणित **'ग्रहचर'** को चिह्नानुसार 12 घं. में जोड़ने या घटाने पर प्राप्त घं. मि. को इस विषुवान्तरकाल में जोड़ दें और इसमें उस दिन का स्थानीय सूर्योदय भी जोड़ दें। यह ग्रह का **'स्पष्ट अस्तकाल'** प्राप्त होगा। इसमें **'किरणवक्रीभवन संस्कार'** के 2 मिनट धन करने पर ग्रह का **'दृश्य स्पष्ट अस्तकाल'** प्राप्त हो जाएगा। चन्द्रमा का **'दृश्य स्पष्ट अस्तकाल'** जानने के लिए इसके 'स्पष्ट अस्तकाल' में 'किरणवक्रीभवन संस्कार' के 2 मिनट जोड़ने के साथ **'क्षितिजलम्बन'** के 4 मिनट घटाने भी होंगे।

नोट– यहां चन्द्र एवम् भौमादि पंचतारा ग्रहों के अस्तकाल का दिन (तारीख) इनके उदयकालिक दिन से परवर्ती (अग्रिम) हो सकता है– यह ध्यान रखें।

अब हम आगे स्पष्टता के लिए ग्रहों के दैनिक उदयास्तकाल के कुछेक उदाहरण दे रहे हैं। देखिए–

उदाहरण (1)– 4 जनवरी, 2009 ई. को **चण्डीगढ़** (अक्षांश +30° 45′) में **चन्द्रोदयकालसाधनः–**

4 जनवरी, 2009 ई. को $5^{\text{घं}}$ $30^{\text{मि}}$ I.S.T. पर :–

	$11^{\text{रा}}$	$14^{\text{अं}}$	(स्पष्ट चन्द्र)
−	$8^{\text{रा}}$	$20^{\text{अं}}$	(स्पष्ट सूर्य)
	$2^{\text{रा}}$	$24^{\text{अं}}$	
=		84°	
=		336 मि.	
=	$5^{\text{घं}}$	$36^{\text{मि}}$	
+	$7^{\text{घं}}$	$25^{\text{मि}}$	[4 जनवरी को चण्डीगढ़सूर्योदय (I.S.T.)]
	$13^{\text{घं}}$	$01^{\text{मि}}$	[4 जनवरी को स्थूल चन्द्रोदयकाल (I.S.T.)]

4 जनवरी, 2009 ई. को $13^{\text{घं}}$ $01^{\text{मि}}$ I.S.T. (स्थूल चन्द्रोदयकाल) पर :–

	$0^{\text{रा}}$	$12^{\text{अं}}$	(सायन चन्द्र)
	$9^{\text{रा}}$	$14^{\text{अं}}$	(सायन सूर्य)
		$+ 4^{\circ}.5$	(चन्द्रशर)
		$+ 8^{\circ}.9$	(चन्द्रक्रान्ति)
		+ 22 मि.	(चन्द्रचर)
		$- 22^{\circ}.7$	(सूर्यक्रान्ति)
		− 58 मि.	(सूर्यचर)
	$0^{\text{घं}}$	$35^{\text{मि}}$	(स्पष्ट चन्द्रविषुवकाल)
	$19^{\text{घं}}$	$01^{\text{मि}}$	(स्पष्ट सूर्यविषुवकाल)
	$0^{\text{घं}}$	$13^{\text{मि}}$	(उदयकालिक चन्द्रविषुवकाल)
−	$19^{\text{घं}}$	$59^{\text{मि}}$	(उदयकालिक सूर्यविषुवकाल)
	$4^{\text{घं}}$	$14^{\text{मि}}$	(विषुवांतरकाल)
+	$7^{\text{घं}}$	$25^{\text{मि}}$	[4 जनवरी, 2009 ई. को चण्डीगढ़सूर्योदय (I.S.T.)]
	$11^{\text{घं}}$	$39^{\text{मि}}$	[स्पष्ट चन्द्रोदयकाल (I.S.T.)]

[क्योंकि, यह स्पष्ट चन्द्रोदयकाल उपरोक्त 'स्थूल चन्द्रोदयकाल' से लगभग 1½ घण्टा पहले हुआ है, अतः नियमानुसार 3 मिनट ($1^{\text{घं}}.5 \times 2 = 3$ मि.) घटाने पर वास्तविक स्पष्ट चन्द्रोदयकाल $11^{\text{घं}}$ $36^{\text{मि}}$ प्राप्त हुआ।]

	$11^{\text{घं}}$	$36^{\text{मि}}$	(वास्तविक स्पष्ट चन्द्रोदयकाल)
−		$02^{\text{मि}}$	(किरणवक्रीभवन संस्कार)
	$11^{\text{घं}}$	$34^{\text{मि}}$	
+		$04^{\text{मि}}$	(क्षितिजलंबन संस्कार)
	$11^{\text{घं}}$	$38^{\text{मि}}$	[दृश्य स्पष्ट चन्द्रोदयकाल (I.S.T.)]

उदाहरण (2)– 3 जून, 2008 ई. को चण्डीगढ़ (अक्षांश +30° 45′) में चन्द्रोदयकालसाधन :–

3 जून, 2008 ई. को $5^{\text{घं.}}\ 30^{\text{मि.}}$ I.S.T. पर :–

$01^{\text{रा}}\ \ 07^{\text{अं}}$	(स्पष्ट चन्द्र)
$-01^{\text{रा}}\ \ 19^{\text{अं.}}$	(स्पष्ट सूर्य)
$11^{\text{रा.}}\ \ 18^{\text{अं}}$	
$= 348^{\circ}$	
= 1392 मि.	
$= 23^{\text{घं.}}\ \ 12^{\text{मि.}}$	
$+05^{\text{घं.}}\ \ 24^{\text{मि.}}$	[2 जून '08 को चण्डीगढ़सूर्योदय (I.S.T.)]
$04^{\text{घं.}}\ \ 36^{\text{मि.}}$	[3 जून,'08 को चण्डीगढ़ में स्थूल चन्द्रोदयकाल (I.S.T.)]

3 जून, 2008 ई. को $04^{\text{घं.}}\ \ 36^{\text{मि.}}$ I.S.T. (स्थूल चन्द्रोदयकाल) पर :–

$02^{\text{रा.}}\ \ 01^{\text{अं.}}$	(सायन चन्द्र)
$02^{\text{रा}}\ \ 13^{\text{अं}}$	(सायन सूर्य)
$+\ \ 5^{\circ}.0$	(चन्द्रशर)
$+\ \ 25^{\circ}.2$	(चन्द्रक्रान्ति)
$+01^{\text{घं.}}\ \ 06^{\text{मि.}}$	(चन्द्रचर)
$+\ \ 22^{\circ}.3$	(सूर्यक्रान्ति)
$+00^{\text{घं.}}\ \ 57^{\text{मि.}}$	(सूर्यचर)
$03^{\text{घं.}}\ \ 51^{\text{मि}}$	(स्पष्ट चन्द्रविषुवकाल)
$04^{\text{घं}}\ \ 46^{\text{मि}}$	(स्पष्ट सूर्यविषुवकाल)
$02^{\text{घं.}}\ \ 45^{\text{मि.}}$	(उदयकालिक चन्द्रविषुवकाल)
$-03^{\text{घं.}}\ \ 49^{\text{मि.}}$	(उदयकालिक सूर्यविषुवकाल)
$22^{\text{घं.}}\ \ 56^{\text{मि}}$	(विषुवांतरकाल)
$+05^{\text{घं.}}\ \ 24^{\text{मि}}$	[2 जून, '08 को चण्डीगढ़सूर्योदय (I.S.T.)]
$04^{\text{घं.}}\ \ 20^{\text{मि}}$	[3 जून, '08 को स्पष्ट चन्द्रोदयकाल (I.S.T.)]
$-\ \ 02^{\text{मि.}}$	(किरणवक्रीभवन संस्कार)
$04^{\text{घं.}}\ \ 18^{\text{मि}}$	
$+\ \ 04^{\text{मि}}$	(क्षितिजलंबन संस्कार)
$04^{\text{घं}}\ \ 22^{\text{मि}}$	[3 जून, '08 को दृश्यस्पष्ट चन्द्रोदयकाल)(I.S.T.)]

उदाहरण (3)– 4 जनवरी, 2009 ई. को चण्डीगढ़ (अक्षांश +30° 45′) में चन्द्रास्तकाल साधन :–

$11^{\text{घं}}$	$38^{\text{मि}}$	[04 जनवरी, '09 को चन्डीगढ़ में चन्द्रोदयकाल (I.S.T.)]
$+12^{\text{घं}}$	$44^{\text{मि}}$	[उदयकालिक द्विगुणित चन्द्रचरसंस्कृत 12घण्टा($=12^{\text{घं}}+2 \times 22^{\text{मि}}=12^{\text{घं}}\ 44^{\text{मि}}$)]
$00^{\text{घं}}$	$22^{\text{मि}}$	[05 जनवरी, '09 को स्थूल चन्द्रास्तकाल (I.S.T.)]

05 जनवरी, '09 को स्थूल चन्द्रास्तकाल $0^{\text{घं}}$ $22^{\text{मि}}$ (I.S.T.) के समय :–

$00^{\text{रा}}$	$18^{\text{अं}}$	(सायन चन्द्र)
$09^{\text{रा}}$	$15^{\text{अं}}$	(सायन सूर्य)
	$+4^{\circ}.7$	(चन्द्रशर)
	$+11^{\circ}.5$	(चन्द्रक्रान्ति)
	$+28^{\text{मि}}$	(चन्द्रचर)
	$-22^{\circ}.6$	(सूर्यक्रान्ति)
	$-58^{\text{मि}}$	(सूर्यचर)
$00^{\text{घं}}$	$59^{\text{मि}}$	(स्पष्ट चन्द्रविषुवकाल)
$19^{\text{घं}}$	$03^{\text{मि}}$	(स्पष्ट सूर्यविषुवकाल)
$00^{\text{घं}}$	$31^{\text{मि}}$	(उदयकालिक चन्द्रविषुवकाल)
$-20^{\text{घं}}$	$01^{\text{मि}}$	(उदयकालिक सूर्यविषुवकाल)
$4^{\text{घं}}$	$30^{\text{मि}}$	(4 जनवरी, '09 को विषुवांतरकाल)
$+12^{\text{घं}}$	$56^{\text{मि}}$	[द्विगुणित चन्द्रचरसंस्कृत 12घण्टा($=12^{\text{घं}}+2\times 28^{\text{मि}}=12^{\text{घं}}\ 56^{\text{मि}}$)]
$17^{\text{घं}}$	$26^{\text{मि}}$	
$+07^{\text{घं}}$	$25^{\text{मि}}$	[4 जन., '09 को सूर्योदयचण्डीगढ़ (I.S.T.)]
$00^{\text{घं}}$	$51^{\text{मि}}$	[5 जन., '09 को स्पष्ट चन्द्रास्तकाल (I.S.T.)]

क्योंकि यह स्पष्ट चन्द्रास्तकाल उपरोक्त स्थूल चन्द्रास्तकाल से लगभग ½ घण्टा आगे है, अतः नियमानुसार इसमें 01 मिनट ($0.5^{\text{घं}} \times 2 = 01^{\text{मि}}$) जोड़ने पर वास्ततिक स्पष्ट चन्द्रास्तकाल $00^{\text{घं}}$ $52^{\text{मि}}$ प्राप्त हुआ।

$00^{\text{घं}}$	$52^{\text{मि}}$	(वास्तविक चन्द्रास्तकाल)
+	$02^{\text{मि}}$	(किरणवक्रीभवन संस्कार)
$00^{\text{घं}}$	$54^{\text{मि}}$	
–	$04^{\text{मि}}$	(क्षितिजलंबन संस्कार)
$00^{\text{घं}}$	$50^{\text{मि}}$	**(5 जनवरी, 2009 ई. को दृश्य स्पष्ट चन्द्रास्तकाल,)** (I.S.T.)]

उदाहरण (4)– 09 जुलाई, 2008 ई. को चेन्नई (अक्षांश +13° 00′) में **शनि का उदयकालसाधनः–**

09 जुलाई, 2008 ई. को $5^{\text{घं.}}$ $30^{\text{मि.}}$ I.S.T. परः–

$04^{\text{रा.}}$ $11^{\text{अं.}}$ (स्पष्ट शनि)
$-02^{\text{रा.}}$ $23^{\text{अं.}}$ (स्पष्ट सूर्य)
$1^{\text{रा.}}$ $18^{\text{अं.}}$
= 48°
= 192 मि.
= $3^{\text{घं.}}$ $12^{\text{मि.}}$
$+5^{\text{घं.}}$ $51^{\text{मि.}}$ [09 जुलाई,'08 को चेन्नईसूर्योदय (I.S.T.)]
$9^{\text{घं.}}$ $03^{\text{मि.}}$ [09 जुलाई,'08 को शनि का स्थूल उदयकाल (I.S.T.)]

09 जुलाई, 2008 ई. को $09^{\text{घं.}}$ $03^{\text{मि.}}$ I.S.T. (शनि के स्थूल उदयकाल) पर :–

$05^{\text{रा.}}$ $05^{\text{अं.}}$ (सायन शनि)
$03^{\text{रा.}}$ $17^{\text{अं.}}$ (सायन सूर्य)
+1°.7 (शनिशर)
+11°.1 (शनिक्रान्ति)
$+11^{\text{मि.}}$ (शनिचर)
+22°.3 (सूर्यक्रान्ति)
$+21^{\text{मि.}}$ (सूर्यचर)
$10^{\text{घं.}}$ $31^{\text{मि.}}$ (स्पष्ट शनिविषुवकाल)
$07^{\text{घं.}}$ $15^{\text{मि.}}$ (स्पष्ट सूर्यविषुवकाल)
$10^{\text{घं.}}$ $21^{\text{मि.}}$ (उदयकालिक शनिविषुवकाल)
$-06^{\text{घं.}}$ $54^{\text{मि.}}$ (उदयकालिक सूर्यविषुवकाल)
$3^{\text{घं.}}$ $27^{\text{मि.}}$ (विषुवांतरकाल)
$+05^{\text{घं.}}$ $51^{\text{मि.}}$ [9 जुलाई, '08 को चेन्नई सूर्योदय (I.S.T.)]
$09^{\text{घं.}}$ $18^{\text{मि.}}$ [9 जुलाई, '08 को शनि का स्पष्ट उदयकाल (I.S.T.)]
– $02^{\text{मि.}}$ (किरणवक्रीभवन संस्कार)
$09^{\text{घं.}}$ $16^{\text{मि.}}$ **[9 जुलाई, '08 को शनि का दृश्य स्पष्ट उदयकाल (I.S.T.)]**

उदाहरण (5)— 09 जुलाई, 2008 ई. को ही चेन्नई (अक्षांश +13° 00′) में **शनि का अस्तकालसाधन :—**

$09^{\text{घं.}}$ $16^{\text{मि.}}$ [09 जुलाई, 2008 ई. को शनि का स्पष्ट उदयकाल (I.S.T.)]
$+12^{\text{घं.}}$ $20^{\text{मि.}}$ [द्विगुणित शनिचरसंस्कृत 12घण्टा($=12^{\text{घं.}}+2 \times 10^{\text{मि.}} = 12^{\text{घं.}}\ 20^{\text{मि.}}$)]
$21^{\text{घं.}}$ $36^{\text{मि.}}$ [09 जुलाई, 2008 ई. को शनि का स्थूल अस्तकाल (I.S.T.)]

09 जुलाई, 2008 ई. को $21^{\text{घं.}}$ $36^{\text{मि.}}$ **I.S.T.** (स्थूल शनि अस्तकाल) के समय :—

$05^{\text{रा.}}$ $05^{\text{अं.}}$ (सायन शनि)
$03^{\text{रा.}}$ $17^{\text{अं.}}$ (सायन सूर्य)
$+ 1^{\circ}.7$ (शनिशर)
$+ 11^{\circ}.0$ (शनिक्रान्ति)
$+ 10^{\text{मि.}}$ (शनिचर)
$+ 22^{\circ}.3$ (सूर्यक्रान्ति)
$+ 22^{\text{मि.}}$ (सूर्यचर)
$10^{\text{घं.}}$ $29^{\text{मि.}}$ (स्पष्ट शनिविषुवकाल)
$07^{\text{घं.}}$ $14^{\text{मि.}}$ (स्पष्ट सूर्यविषुवकाल)

$10^{\text{घं.}}$ $19^{\text{मि.}}$ (उदयकालिक शनिविषुवकाल)
$-06^{\text{घं.}}$ $52^{\text{मि.}}$ (उदयकालिक सूर्यविषुवकाल)
$03^{\text{घं.}}$ $27^{\text{मि.}}$ (विषुवांतरकाल)

$+12^{\text{घं.}}$ $20^{\text{मि.}}$ [द्विगुणित शनिचरसंस्कृत 12घण्टा($=12^{\text{घं.}}+2 \times 10^{\text{मि.}} = 12^{\text{घं.}}\ 20^{\text{मि.}}$)]
$15^{\text{घं.}}$ $47^{\text{मि.}}$
$+05^{\text{घं.}}$ $51^{\text{मि.}}$ [(09 जुलाई, 2008 ई. को चेन्नईसूर्योदय (I.S.T.)]
$21^{\text{घं.}}$ $38^{\text{मि.}}$ [(09 जुलाई, 2008 ई. को शनि का स्पष्ट अस्तकाल]
$+$ $02^{\text{मि.}}$ (किरण वक्रीभवन संस्कार)
$21^{\text{घं.}}$ $40^{\text{मि.}}$ **[09 जुलाई, '08 को दृश्य स्पष्ट शनि अस्तकाल (I.S.T.)]**

ध्यान दें— (i) ग्रहों के उदयास्तकाल–साधनार्थ जहां कहीं स्थानीय सूर्योदयकाल का प्रयोग करने का निर्देश है, वहां सर्वत्र ज्योतिषशास्त्रीय (किरणवक्रीभवन संस्काररहित बिंबकेन्द्रोदय वाले) सूर्योदय का ही प्रयोग किया जाए।

(ii) ग्रहों के उदयास्तकाल में अधिक सूक्ष्मता के इच्छुक गणक को ग्रह तथा सूर्य के विषुवकालसाधन में ग्रह एवम् सूर्य के भोगांश कलांत लेने चाहिएं।

विषुवकाल कोष्ठक

सायन–ग्रह → ↓	राशि 0		राशि 1		राशि 2		राशि 3		राशि 4		राशि 5		राशि 6		राशि 7		राशि 8		राशि 9		राशि 10		राशि 11	
अंश	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.	घं.	मि.
0	0	00	1	52	3	51	6	00	8	09	10	08	12	00	13	52	15	51	18	00	20	09	22	08
1	0	04	1	55	3	55	6	04	8	13	10	12	12	04	13	55	15	55	18	04	20	13	22	12
2	0	07	1	59	4	00	6	09	8	17	10	16	12	07	13	59	16	00	18	09	20	17	22	16
3	0	11	2	03	4	04	6	13	8	21	10	20	12	11	14	03	16	04	18	13	20	21	22	20
4	0	14	2	07	4	08	6	17	8	25	10	24	12	14	14	07	16	08	18	17	20	25	22	24
5	0	18	2	11	4	12	6	22	8	30	10	27	12	18	14	11	16	12	18	22	20	30	22	27
6	0	22	2	14	4	16	6	26	8	34	10	31	12	22	14	14	16	16	18	26	20	34	22	31
7	0	26	2	18	4	20	6	30	8	38	10	35	12	26	14	18	16	20	18	30	20	38	22	35
8	0	29	2	22	4	25	6	35	8	42	10	39	12	29	14	22	16	25	18	35	20	42	22	39
9	0	33	2	26	4	29	6	39	8	46	10	42	12	33	14	26	16	29	18	39	20	46	22	42
10	0	37	2	30	4	34	6	43	8	50	10	46	12	37	14	30	16	34	18	43	20	50	22	46
11	0	40	2	34	4	38	6	48	8	54	10	50	12	40	14	34	16	38	18	48	20	54	22	50
12	0	44	2	38	4	42	6	52	8	58	10	54	12	44	14	38	16	42	18	52	20	58	22	54
13	0	48	2	42	4	46	6	56	9	02	10	57	12	48	14	42	16	46	18	56	21	02	22	57
14	0	52	2	46	4	50	7	01	9	06	11	01	12	52	14	46	16	50	19	01	21	06	23	01
15	0	55	2	50	4	55	7	05	9	10	11	05	12	55	14	50	16	55	19	05	21	10	23	05
16	0	59	2	54	4	59	7	10	9	14	11	09	12	59	14	54	16	59	19	10	21	14	23	09
17	1	03	2	58	5	03	7	14	9	18	11	12	13	03	14	58	17	03	19	14	21	18	23	12
18	1	06	3	02	5	08	7	18	9	22	11	16	13	06	15	02	17	08	19	18	21	22	23	16
19	1	10	3	06	5	12	7	22	9	26	11	19	13	10	15	06	17	12	19	22	21	26	23	19
20	1	14	3	10	5	16	7	26	9	30	11	23	13	14	15	10	17	16	19	26	21	30	23	23
21	1	18	3	14	5	21	7	31	9	34	11	27	13	18	15	14	17	21	19	31	21	34	23	27
22	1	21	3	18	5	25	7	35	9	38	11	30	13	21	15	18	17	25	19	35	21	38	23	30
23	1	25	3	22	5	29	7	39	9	42	11	34	13	25	15	22	17	29	19	39	21	42	23	34
24	1	29	3	26	5	34	7	43	9	45	11	38	13	29	15	26	17	34	19	43	21	45	23	38
25	1	33	3	31	5	38	7	48	9	49	11	42	13	33	15	31	17	38	19	48	21	49	23	42
26	1	36	3	35	5	42	7	52	9	53	11	45	13	36	15	35	17	42	19	52	21	53	23	45
27	1	40	3	39	5	47	7	56	9	57	11	49	13	40	15	39	17	47	19	56	21	57	23	49
28	1	44	3	43	5	51	8	00	10	01	11	53	13	44	15	43	17	51	20	00	22	01	23	53
29	1	48	3	47	5	56	8	04	10	04	11	56	13	48	15	47	17	56	20	04	22	04	23	56
30	1	52	3	51	6	00	8	09	10	08	12	00	13	52	15	51	18	00	20	09	22	08	24	00

ध्यान दें– इस कोष्ठक से प्राप्त विषुवकाल मध्यम है। इसमें पृष्ठ **283** पर दिए गए 'शरसंस्कार कोष्ठक' से सायनग्रह और उसके शर द्वारा प्राप्त मिनटों को चिह्नानुसार जोड़ने/घटाने से यह स्पष्ट हो जाएगा।

शरसंस्कार कोष्ठक

(मध्यम विषुवकाल को स्पष्ट विषुवकाल बनाने के लिए)

शरसंस्कार–*	शरसंस्कार+*	शरसंस्कार+*	शरसंस्कार–*																
सायनग्रह				ग्रहशर															
रा.अं.	रा.अं.	रा.अं.	रा.अं.	0°.0	0°.5	1°.0	1°.5	2°.0	2°.5	3°.0	3°.5	4°.0	4°.5	5°.0	5°.5	6°.0	6°.5	7°.0	7°.5
				मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.
0 00	6 00	6 00	12 00	0	1	2	3	3	4	5	6	7	8	9	10	10	11	12	13
0 05	5 25	6 05	11 25	0	1	2	3	3	4	5	6	7	8	9	10	10	11	12	13
0 10	5 20	6 10	11 20	0	1	2	3	3	4	5	6	7	8	9	9	10	11	12	13
0 15	5 15	6 15	11 15	0	1	2	3	3	4	5	6	7	8	8	9	10	11	12	13
0 20	5 10	6 20	11 10	0	1	2	2	3	4	5	6	7	7	8	9	10	11	11	12
0 25	5 05	6 25	11 05	0	1	2	2	3	4	5	6	6	7	8	9	9	10	11	12
1 00	5 00	7 00	11 00	0	1	2	2	3	4	5	5	6	7	8	8	9	10	11	11
1 05	4 25	7 05	10 25	0	1	1	2	3	4	4	5	6	6	7	8	9	9	10	11
1 10	4 20	7 10	10 20	0	1	1	2	3	3	4	5	5	6	7	7	8	9	9	10
1 15	4 15	7 15	10 15	0	1	1	2	2	3	4	4	5	6	6	7	7	8	9	9
1 20	4 10	7 20	10 10	0	1	1	2	2	3	3	4	4	5	6	6	7	7	8	8
1 25	4 05	7 25	10 05	0	0	1	1	2	2	3	3	4	4	5	5	6	6	7	7
2 00	4 00	8 00	10 00	0	0	1	1	2	2	3	3	3	4	4	4	5	6	6	7
2 05	3 25	8 05	9 25	0	0	1	1	1	2	2	3	3	3	4	4	4	5	5	6
2 10	3 20	8 10	9 20	0	0	1	1	1	1	2	2	2	3	3	3	4	4	4	4
2 15	3 15	8 15	9 15	0	0	0	1	1	1	1	2	2	2	2	3	3	3	3	3
2 20	3 10	8 20	9 10	0	0	0	0	1	1	1	1	1	1	1	2	2	2	2	2
2 25	3 05	8 25	9 05	0	0	0	0	0	0	0	1	1	1	1	1	1	1	1	1
3 00	3 00	9 00	9 00	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0

*ध्यान रहे– स्पष्ट सायनग्रह यदि 12 या 0 राशि से 3 राशि तक अथवा 9 से 12 राशि तक हो तो शरसंस्कार ऋण (–), अन्यथा धन (+) होगा। शर संस्कार के ये धन (+) , ऋण (–) चिह्न उत्तर (+) ग्रहशर के लिए हैं। दक्षिण (–) ग्रहशर के लिए ये विपरीत होंगे।

THE PLANETARY EPHEMERIS FOR HUNDRED YEARS (1951 To 2050 A.D.)

शताब्दी ग्रहभोगांश

(सन् 1951 से 2050 ई. तक के सूक्ष्म स्पश्ट दैनिकग्रह एवं उनका राशि–नक्षत्रप्रवेष व वक्र–मार्गकाल)

(इंग्लिश एवं हिन्दी–दोनों भाषाओं में)

बड़े साईज़ के 722 पृष्ठों के इस विशाल ग्रन्थ में सन् 1951 से 2050 ई. तक के प्रातः 5 घं. 30 मि. (भा.स्टैं.टा.) कालिक विकलान्त सूक्ष्म दृक्सिद्ध दैनिक स्पष्ट सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि, मध्यम राहु , स्पष्ट राहु, यूरेनस, नेप्च्यून, प्लूटो दिए गए हैं। चन्द्र के अलावा सभी ग्रहों का भा. स्टैं. टा. में राशि, नक्षत्रप्रवेशकाल तथा वक्र, मार्गकाल भी दिया गया है। चन्द्र का केवल राशिप्रवेशकाल ही दिया है। प्रत्येक मास की पहिली तारीख का स्पष्ट अयनांश भी दिया गया है। विस्तृत विज्ञापन के लिए इस पंचांग के अन्तिम पृष्ठ देखें।

चरकोष्ठक (भाग-1)

क्रान्ति→ अक्षांश↓	1° मि.	2° मि.	3° मि.	4° मि.	5° मि.	6° मि.	7° मि.	8° मि.	9° मि.	10° मि.	11° मि.	12° मि.	13° मि.	14° मि.	15° मि.
1	0	0	0	0	0	0	0	1	1	1	1	1	1	1	1
2	0	0	0	0	1	1	1	1	1	1	1	2	2	2	2
3	0	0	1	1	1	1	1	2	2	2	2	2	3	3	3
4	0	0	1	1	1	2	2	2	2	3	3	3	4	4	4
5	0	1	1	1	2	2	2	3	3	4	4	4	5	5	5
6	0	1	1	2	2	2	3	3	4	4	5	5	6	6	6
7	0	1	1	2	2	3	3	4	4	5	5	6	6	7	7
8	1	1	2	2	3	3	4	4	5	6	6	7	7	8	9
9	1	1	2	2	3	4	4	5	6	6	7	8	8	9	10
10	1	1	2	3	3	4	5	6	6	7	8	9	9	10	11
11	1	1	2	3	4	5	5	6	7	8	9	9	10	11	12
12	1	2	2	3	4	5	6	7	8	9	9	10	11	12	13
13	1	2	3	4	5	6	6	7	8	9	10	11	12	13	14
14	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15
15	1	2	3	4	5	6	7	9	10	11	12	13	14	15	16
16	1	2	3	5	6	7	8	9	10	12	13	14	15	16	18
17	1	2	4	5	6	7	9	10	11	12	14	15	16	17	19
18	1	3	4	5	6	8	9	10	12	13	14	16	17	19	20
19	1	3	4	6	7	8	10	11	12	14	15	17	18	20	21
20	1	3	4	6	7	9	10	12	13	15	16	18	19	21	22
21	1	3	5	6	8	9	11	12	14	15	17	19	20	22	24
22	2	3	5	6	8	10	11	13	15	16	18	20	21	23	25
23	2	3	5	7	8	10	12	14	15	17	19	21	22	24	26
24	2	4	5	7	9	11	12	14	16	18	20	22	24	25	27
25	2	4	6	7	9	11	13	15	17	19	21	23	25	27	29
26	2	4	6	8	10	12	14	16	18	20	22	24	26	28	30
27	2	4	6	8	10	12	14	17	18	21	23	25	27	29	31
28	2	4	6	8	11	13	15	17	19	21	24	26	28	30	33
29	2	4	7	9	11	13	16	18	20	22	25	27	29	32	34
30	2	5	7	9	12	14	16	19	21	23	26	28	31	33	36
31	2	5	7	10	12	14	17	19	22	24	27	29	32	34	37
32	2	5	7	10	12	15	17	20	23	25	28	30	33	36	38
33	3	5	8	10	13	16	18	21	23	26	29	32	34	37	40
34	3	5	8	11	13	16	19	22	24	27	30	33	36	38	41
35	3	5	8	11	14	17	20	22	25	28	31	34	37	40	43
36	3	6	9	12	14	17	20	23	26	29	32	35	38	41	45
37	3	6	9	12	15	18	21	24	27	31	33	37	40	43	46

चरकोष्ठक (भाग–2)

क्रान्ति→	16°	17°	18°	19°	20°	21°	22°	23°	24°	25°	26°	27°	28°	29°	30°	31°
अक्षांश↓	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.
1	1	1	1	1	1	2	2	2	2	2	2	2	2	2	2	2
2	2	2	3	3	3	3	3	3	4	4	4	4	4	4	5	5
3	3	4	4	4	4	5	5	5	5	6	6	6	6	7	7	7
4	5	5	5	5	6	6	6	7	7	7	8	8	8	9	9	10
5	6	6	6	7	7	8	8	8	9	9	10	10	11	11	11	12
6	7	7	8	8	9	9	10	10	11	11	12	12	13	13	14	14
7	8	9	9	10	11	12	13	14	14	15	16	16	17	18	18	19
8	9	10	10	11	12	12	13	14	14	15	16	16	17	18	19	19
9	10	11	12	12	13	14	15	15	16	17	18	18	19	20	21	22
10	12	12	13	14	15	16	16	17	18	19	20	21	21	22	23	24
11	13	14	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	26
12	14	15	16	17	18	19	20	21	22	23	24	25	26	27	28	29
13	15	16	17	18	19	20	21	22	24	25	26	27	28	29	31	32
14	16	17	19	20	21	22	23	24	25	27	28	29	30	32	33	34
15	18	19	20	21	22	24	25	26	27	29	30	31	33	34	36	37
16	19	20	21	23	24	25	27	28	29	31	32	34	35	37	38	40
17	20	21	23	24	25	27	28	30	31	33	34	36	37	39	41	42
18	21	23	24	26	27	29	30	32	33	35	36	38	40	41	43	45
19	23	24	26	27	29	30	32	34	35	37	39	40	42	44	46	47
20	24	25	27	29	30	32	34	35	37	39	41	43	45	47	48	50
21	25	27	29	30	32	34	36	37	39	41	43	45	47	49	51	53
22	27	28	30	32	34	36	38	39	41	43	45	47	50	52	54	56
23	28	30	32	34	35	37	39	41	44	46	48	50	52	54	57	59
24	29	31	33	35	37	39	41	44	46	48	50	52	55	57	60	62
25	31	33	35	37	39	41	43	46	48	50	53	55	57	60	62	65
26	32	34	36	39	41	43	45	48	50	53	55	58	60	63	65	68
27	34	36	38	40	43	45	47	50	52	55	57	60	63	66	68	71
28	35	37	40	42	45	47	50	52	55	57	60	63	66	69	71	74
29	37	39	41	44	46	49	52	54	57	60	63	66	69	72	75	78
30	38	41	43	46	48	51	54	57	60	62	65	68	71	75	78	81
31	40	42	45	48	50	53	56	59	62	65	68	71	74	78	81	84
32	41	44	47	49	52	55	58	61	64	67	71	74	77	80	84	87
33	43	45	48	51	54	57	60	64	67	70	73	77	80	83	87	90
34	44	47	50	53	56	60	63	66	69	73	76	80	83	87	91	94
35	46	49	52	55	59	63	65	69	72	76	79	83	87	91	94	98
36	48	51	54	58	61	64	68	71	75	79	82	86	90	94	98	103
37	50	53	56	60	63	67	70	74	78	82	86	89	94	98	102	107

ग्रहों का लोप–दर्शन

चन्द्र एवम् भौम आदि पंचताराग्रह जब अपनी दैनिक गति से अपने भ्रमणवृत्त में चलते हुए सूर्य के समीप आ जाते हैं अथवा सूर्य अपनी दैनिकगति से चलते हुए जब उनके समीप आ पहुंचता है, तब कुछ दिनों के लिए वे (चन्द्र एवम् भौमादि पंचताराग्रह) प्रातः, सायं एवम् रात्रि में दिखाई नहीं पड़ते। इस स्थिति में वे सूर्य के आगे–पीछे कुछ अंशों तक फैली सौरप्रभा (प्रातः–सायंकालीन सान्ध्यप्रभा) में अदृश्य रहते हुए सूर्य के साथ ही प्रातः उदय होकर उसी के साथ सायं अस्त हो जाते हैं। जब वे अपनी एवम् सूर्य की दैनिक गति के कारण सूर्य की पूर्वापरवर्ती सांध्यप्रभा से दूर निकल जाते हैं, तब वे पुनः प्रातः पूर्व में या सायं पश्चिम में दिखाई देने लग जाते हैं। सूर्य के सान्निध्य से उत्पन्न ग्रह की इस अदृश्यता को ग्रह का **'लोप'** एवम् सूर्य से दूर हो जाने पर उत्पन्न ग्रह की इस दृश्यता को ग्रह का **'दर्शन'** कहा जाता है। सामान्य भाषा में ग्रह के इस 'लोप' एवम् 'दर्शन' को क्रमशः ग्रह का 'अस्त' एवम् 'उदय' भी कहते हैं। ग्रह के इस **'लोप–दर्शन'** को ज्योतिष–शास्त्रीय भाषा में **'सूर्यकैन्द्रिक अस्तोदय'** या **'सूर्यकैन्द्रिक लोप–दर्शन'** कहा जाता है। लेकिन प्रकृत संदर्भ में हम यहां **'लोप'** एवम् **'दर्शन'** शब्दों का ही प्रयोग करेंगे। **'अस्त'** एवम् **'उदय'** शब्दों का प्रयोग तो हमने विगत पृष्ठों पर ग्रहों के दैनिक **'उदयास्त'** के लिए ही किया है। वैसे, अधिकतर पंचांगकार एवम् दैवज्ञ लोग **'लोप–दर्शन'** के स्थान पर **'अस्त–उदय'** शब्दों का खूब प्रयोग करते हैं।

चन्द्र एवम् गुरु, शुक्र के **'लोप–दर्शन'** का व्रत–पर्व एवम् मुहूर्तनिर्णय में पदे–पदे प्रयोग मिलता है। वैसे, फलादेश में तो दैवज्ञ लोग सभी ग्रहों के 'लोप–दर्शन' का विचार करते हैं। प्रत्येक ग्रह के 'लोप–दर्शन' की तारीख स्थान(अक्षांश)भेद से अक्सर भिन्न–भिन्न हुआ करती है। ग्रह का 'लोप' या 'दर्शन' कहां किस दिन होगा ?, इसका निर्णय एक विशेष गणितप्रक्रिया (ग्रहलोप–दर्शन–गणितप्रक्रिया) द्वारा किया जाता है। **अब हम यहां आगे इसी प्रक्रिया से पाठकों को अवगत कराएंगे। यहां सर्वप्रथम चन्द्रमा के 'लोप–दर्शन' के बारे में बतलाते हैं :–**

चन्द्रमा का 'लोप–दर्शन' निर्णय

चन्द्रमा अपनी गति से चलता हुआ सूर्य से जब 12 अंश (लगभग) पीछे आ जाता है, तब वह प्रातः पूर्व में लुप्त हो जाता है। तब लगभग कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी या अमा होती है। जब वह अपनी गति से चलता हुआ सूर्य से 12 अंश (लगभग) आगे पूर्व की ओर चला जाता है, तब वह सायं पश्चिम में दृश्य हो जाता है। इस समय शुक्ल पक्ष की लगभग द्वितीया होती है। अमा के बाद चन्द्रमा का यह प्रथमदर्शन हिन्दुओं के अनेक व्रत–पर्वों में निर्णायक होता है और मुस्लिम धर्म के अनुयायियों का कैलेन्डर तो पूरी तरह इसी पर निर्भर करता है। चन्द्रमा वस्तुतः किस दिन लुप्त या दृश्य होगा ? – इसके लिए हमारे **'सिद्धान्त'** एवम् **'करण'** ग्रन्थों में एक विशेष गणितप्रक्रिया दी गई है, जो कुछ श्रमापेक्षी है। **मैने इस गणितप्रक्रिया के कई ऐसे भागों को, जो अनावश्यकरूप से इसे लम्बी बनाते हैं, निकालकर चन्द्र के दर्शन–लोप की तिथि के निर्णय को अपेक्षाकृत अत्यन्त सरल एवम् अल्पकालसाध्य बनाया है।** आगे पृष्ठ **291** पर एक स्वनिर्मित **'चन्द्रलोप–दर्शन–साधन कोष्ठक'** दिया जा रहा है, जो चन्द्र की लोप–दर्शन–गणित को नितान्त सुकर बनाता है। यह कोष्ठक केवल भारत के लिए है। इसके द्वारा चन्द्र के **लोप** एवम् **दर्शन** की तारीख कैसे ज्ञात होगी ?– इसका यहां सोदाहरण स्पष्टीकरण दिया जा रहा है। क्योंकि, चन्द्रदर्शन की तारीख का हमारे व्रत–पर्वों में विशेष महत्त्व है और चन्द्र के लोप की तारीख हमारे व्रत–पर्वों में लगभग अनपेक्षित मानी गई है, अतः पहले हम **चन्द्रदर्शन की तारीख का निर्णयप्रकार बतलाएंगेः–**

चन्द्रदर्शन–निर्णय

भारत के जिस नगर में चन्द्रदर्शन की तारीख का निर्णय करना है, उसका अक्षांश ज्ञात करें। जिस चान्द्रमास के चन्द्रदर्शन की तारीख ज्ञातव्य है, उस मास के शुक्लपक्ष की औदयिक प्रतिपदा के दिन, प्रतिपदा की वृद्धि होने पर परवर्ती प्रतिपदा वाले दिन और प्रतिपदा का क्षय हुआ हो तो द्वितीया के दिन स्थानीय सूर्यास्तकालीन **स्पष्ट चन्द्र** एवम **सूर्य** तथा **चन्द्रशर** पंचांग से ज्ञात करें। इस सूर्यास्तकालीन स्पष्ट

चन्द्र में से स्पष्ट-सूर्य को घटा दें। यहां चन्द्र के राश्यादि यदि सूर्य के राश्यादि से न्यून हों तो चन्द्र में 12 राशि जोड़कर घटाएं। इससे प्राप्त अन्तर के अंश बना लें। इन अंशों को हम **'चन्द्र–सूर्यान्तरांश'** कहेंगे।

अब औदयिक प्रतिपदा, प्रतिपदा–वृद्धि होने पर परवर्ती औदयिक प्रतिपदा और प्रतिपदाक्षय होने पर औदयिक द्वितीया की अंग्रेज़ी तारीख और अभीष्ट नगर के अक्षांशों द्वारा **' चन्द्र–लोप–दर्शनसाधन कोष्ठक'** से **'क'** गुणक और **'ख'** गुणक प्राप्त कर लें (यहां कोष्ठक में तारीखें 10–10 दिनांतर और अक्षांश 10–10 अंशान्तर पर हैं, अतः इनके मध्यगत किसी भी तारीख और अक्षांश के **'क'** और **'ख'** गुणक को मौखिक अनुपात द्वारा स्पष्ट कर लें)

अब **'क'** गुणक से **'चन्द्र–सूर्यान्तरांश'** और **'ख'** गुणक से **'चन्द्रशरांश'** (चन्द्रशर के अंशों) को गुणा करें। **'क'** गुणक से गुणित 'चन्द्र–सूर्यातरांश' हमेशा धन (+) होता है। यदि **'ख'** गुणक और **'चन्द्रशर'**– दोनों के चिह्न एक ही (समान) हों तो इनका गुणनफल भी धन (+) होगा, अन्यथा ऋण (–)। **'ख'** गुणक से गुणित चन्द्रशरांश धन हो तो इसे **'क'** गुणक से गुणित **चन्द्र–सूर्यान्तरांश** में जोड दें, अन्यथा घटा दें। इस प्रकार जो अंश प्राप्त होंगे, उन्हें **'चन्द्रोन्नतांश'** कहा जाएगा। यदि 'चन्द्रोन्नतांश' 12° से अधिक हो तो उस दिन सायं पश्चिम में सूर्यास्त के समय नया चन्द्रमा (बाल चन्द्र) दिखाई पड़ेगा, अन्यथा वह दूसरे दिन दिखाई देगा। यदि यह 'चन्द्रोन्नतांश' केवल 12° या इससे थोड़ा ही (कुछ ही कला) न्यूनाधिक हो तो इस स्थिति में वहां चन्द्रदर्शन का दिन सन्देहास्पद होता है अर्थात् वहां चन्द्रदर्शन हो भी सकता है और नहीं भी। **ध्यान रहे–** शुक्लप्रतिपदा का क्षय हो तो चन्द्रदर्शन औदयिक द्वितीया के दिन ही होता है। इस स्थिति में कई बार तो काश्मीर के उत्तरी छोर पर उदयव्यापिनी तृतीया के दिन भी प्रथम चन्द्रदर्शन होता देखा गया है।

चन्द्रदर्शन वाले दिन से दूसरे दिन मुस्लिम–मास (मुहर्रम आदि) प्रारम्भ होते हैं। क्योंकि, चन्द्रदर्शन की तारीख अक्षांशभेद से विश्व के भिन्न–भिन्न स्थलों पर एक दिन आगे–पीछे होती है, अतः मुस्लिम मासारम्भ भी इस स्थिति में वहां एक दिन आगे–पीछे हुआ करते हैं।

स्पष्टता के लिए नीचे चन्द्रदर्शन के दो उदाहरण दे रहे हैं:–

(यहां सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)

उदाहरण (1)– संवत् 2067 वि. की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, मंगलवार (16 मार्च, 2010 ई.) को **पाण्डिचेरी** में चन्द्रदर्शन होगा या नहीं ? – यह ज्ञात करना है।

$+12^\circ\ 0'$	(पाण्डिचेरी के अक्षांश)
$18^{\text{घ}}\ 20^{\text{मि}}$	[16 मार्च, 2010 ई. को सूर्यास्त (I.S.T.)]
$7^\circ.7$	(16 मार्च, 2010 ई. को सूर्यास्त के समय चन्द्र–सूर्यान्तरांश)
$+5^\circ.0$	(16 मार्च, 2010 ई. को सूर्यास्त के समय चन्द्रशरांश)

'चन्द्रलोप–दर्शनसाधन कोष्ठक' से–

16 मार्च और +12° 0′ अक्षांश द्वारा **'क'** गुणक +0.98 और **'ख'** गुणक –0.19 प्राप्त हुए।

उपरोक्त निर्देशानुसार–

$$+0.98 \times 7^\circ.7 = +\ 7^\circ.5$$

$$-0.19 \times (+5^\circ.0) = -\ 0^\circ.9$$

इन दोनों के गुणनफलों का चिह्नानुसार योग **(चन्द्रोन्नतांश)** = 6°.6

यहां **'चन्द्रोन्नतांश'** 12° से काफी कम है, अतः स्पष्ट है– 16 मार्च, 2010 ई. को **'पाण्डिचेरी'** में चन्द्रदर्शन बिल्कुल नहीं होगा अर्थात् यहां चन्द्रदर्शन दूसरे दिन (17 मार्च, 2010 ई. को) होगा।

उदाहरण (2)– संवत् 2067 वि. की श्रावण शुक्ल द्वितीया, बुधवार (11 अगस्त, 2010 ई.) को कारगिल (काश्मीर) में चन्द्रदर्शन ज्ञात करना है ?

(ध्यान दें– प्रतिपदाक्षय होने से यहां चन्द्रदर्शनसाधनार्थ उदयव्यापिनी द्वितीया-तिथि वाला दिन ही लिया जा रहा है।)

+34°	31′	(कारगिल के अक्षांश)
$19^{घं}$	$19^{मि.}$	[11 अगस्त, 2010 ई. को सूर्यास्त (I.S.T.)]
20°.5		(11 अगस्त, 2010 ई. को सूर्यास्तकालीन चन्द्र–सूर्यान्तरांश)
– 4°.3		(11 अगस्त, 2010 ई. को सूर्यास्तकालीन चन्द्रशरांश)

'चन्द्र–लोप–दर्शनसाधन कोष्ठक' से–

11 अगस्त को +34° 31′ अक्षांश पर **'क'** गुणक +0.57 और **'ख'** गुणक + 0.81 प्राप्त हुए।

उपरोक्त निर्देशानुसार–

$$+0.57 \times 20^{\circ}.5 = +11^{\circ}.7$$

$$+0.81 \times (-4^{\circ}.3) = -3^{\circ}.5$$

इन दोनों के गुणनफलों का चिह्नानुसार योग (**चन्द्रोन्नतांश**) = 8°.2

यहां यह 'चन्द्रोन्नतांश' 12° से कम है, अतः स्पष्ट है– **कारगिल** (काश्मीर) में चन्द्रदर्शन 11 अगस्त को न होकर 12 अगस्त, 2010 ई. को होगा।

चन्द्रलोप–निर्णय

अमा से पहली तिथि चतुर्दशी के दिन प्रातः सूर्योदयकालिक **'चन्द्र–सूर्यान्तरांश'** और **'चन्द्रशर'** ज्ञात कर, इन्हें **'चन्द्रलोप–दर्शनसाधन कोष्ठक'** से प्राप्त क्रमशः **'क'** और **'ख'** गुणकों से गुणा करें। इनके गुणनफलों का चन्द्रदर्शनसाधन–प्रक्रिया में निर्दिष्ट विधि से जोड़–घटाव कीजिए। इससे प्राप्त अंश (चन्द्रोन्नतांश) यदि 12° से अधिक हों तो **चन्द्रलोप** दूसरे दिन, अन्यथा उसी दिन होगा।

मंगल–बुध और शनि का लोप–दर्शन

जैसा कि पहले भी बतलाया जा चुका है– पंचताराग्रहों में गुरु और शुक्र के **'लोप–दर्शन'** का हमारे व्रत–पर्वों एवम् विवाहादि मुहूर्त्तों के सन्दर्भ में भारी महत्त्व है। शेष मंगल, बुध, शनि ग्रहों के लोप–दर्शन का इस विषय में महत्त्व नगण्य सा है। इसीलिए **वेंकटेश केतकर** आदि आधुनिक नक्षत्रविदों ने गुरु–शुक्र के 'लोप–दर्शन' के निर्णय में यथार्थता लाने के लिए भरसक परिश्रम किया है। उन्होंने मं., बु., श. की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया। इनके 'लोप–दर्शन' के निर्धारण में उन्होंने सूक्ष्मता की पर्याप्त उपेक्षा की है।

गुरु–शुक्र के यथार्थ **'लोप–दर्शन'** के निर्धारण की प्रक्रिया विस्तृत एवम् श्रमसाध्य है, जो चन्द्रग्रहण–साधनप्रक्रिया से भी कठिन एवम् अधिक कालापेक्षी है। इसका नितांत सरलीकृतरूप हम आगे चलकर बतलाएंगे। इससे पूर्व मं. बु. श. की लोप–दर्शनकालसाधन की हमारे **सिद्धान्त, करण** ग्रन्थों में निर्दिष्ट प्रक्रिया का, जो आसन्नमान से ही परिणाम देती है, यहां निर्देश करेंगे।

यह हम पहले लिख चुके हैं कि– सूर्य के पूर्वापर में कुछ अंशों तक फैले सौर–आभामण्डल में प्रविष्ट हतप्रभ ग्रह दृष्टिग्राह्य नहीं रहता, वह वहां **'लुप्त'** रहता है। इस आभामण्डल से बाहर निकल आने पर ही वह पुनः **'दृश्य'** हो पाता है। लेकिन इन ग्रहों (मं., बु., श.) का सूर्य से लोप–दर्शन का निर्णायक यह अन्तर

अंशात्मक नहीं है। आचार्यों ने इसे कालांशों में निर्धारित किया है। एक कालांश चार मिनट का है। हमारे नक्षत्रविदों ने मंगल के कालांश 15 (= 60 मिनट), बुध के 11 (= 44 मिनट) और शनि के 13 (=52 मिनट) निर्धारित किए हैं।[*] उनका यह कहना है कि– ग्रह (मं., बु., श.) के उदयास्तकाल और सूर्य के उदयास्तकाल का अन्तर यदि ग्रह के कालांश–मिनटों से अधिक है, तभी वह दृष्टिग्राह्य (दृश्य) हुआ करता है, अन्यथा वह लुप्त रहता है। **उदाहरणार्थ–** मंगल के कालांशमिनट 60 हैं। इसका अर्थ है– मंगल के उदयकाल एवम् सूर्य के उदयकाल में अथवा मंगल के अस्तकाल एवम् सूर्य के अस्तकाल में अंतर यदि 60 मिनट से अधिक होगा, तभी मंगल आकाश में प्रातः, सायं या रात्रि में दृश्य होगा, अन्यथा वह लुप्त रहेगा।⊕

स्पष्ट है– इस कालांशपद्धति अनुसार मं., बु. और श. के लोप–दर्शन के निर्णयार्थ इनके (इन ग्रहों के) दैनिक उदयास्तकाल हमें ज्ञात होने चाहिएं, जिससे यह जाना जा सके कि– ग्रह के उदयास्तकाल का सूर्य के उदयास्तकाल से कालांश–मिनटतुल्य अन्तर किस दिन घटित होता है ? लेकिन भारत के अधिकतर पंचांगों में सूर्य–चन्द्र के अलावा अन्य किसी भी ग्रह का दैनिक उदयास्तकाल नहीं दिया रहता, क्योंकि पंचांगकार इसे निरुपयोगी सा समझते हैं। मं., बु., श. के दैनिक उदयास्तकाल के ज्ञान के बिना इनके लोप–दर्शन का दिन केवल आसन्नमान से ही जाना जा सकता है, जिसे जानने का प्रकार यह है–

जिस दिन ग्रह की सूर्य से दूरी कालांशतुल्य अंशों के बराबर हो जाती है, उस दिन वह ग्रह लुप्त या दृश्य हो जाता है (अर्थात् यदि वह लुप्त है तो उस दिन दृश्य तथा यदि दृश्य है तो वह उस दिन लुप्त हो जाएगा)।

स्पष्टता के लिए उदाहरण लेते हैं– 22 सितम्बर, 2008 ई. को शनि का सूर्य से अन्तर 15° (शनि के स्वकालांशतुल्य अंशों के बराबर) घटित हो रहा है **(देखें–** श्रीमार्त्तण्ड पंचांग, सं. 2065 वि., पृष्ठ 157)। अतः पहले से लुप्त चला आ रहा शनि इस दिन दृश्य हो जाएगा। शनि के दर्शन की यह तारीख आसन्नमान से है। मं., बु., श. के लोप–दर्शनकाल के निर्णय के लिए अनेक पंचांगकार और दैवज्ञ इसी आसन्नमान का प्रयोग करते हैं।

ध्यान रहे– ग्रह के कालांशमिनटों के अनुसार ग्रह एवम् सूर्य के उदयास्तकालों के अन्तर से निर्णीत ग्रह के लोप–दर्शन का दिन एवम् इस आसन्नमानपद्धति से निर्णीत दिन–ये दोनों काफी स्थूल हैं। इनमें परस्पर अन्तर तो रहता ही है। ये दोनों ग्रह के वास्तविक लोप–दर्शन से अक्सर मेल नहीं खाते।

गणक को यहां यह भी जान लेना चाहिए कि– उपरोक्त कालांशपद्धति को **'स्थूल कालांशपद्धति'** की संज्ञा सिद्धांतज्ञों ने दी है। ग्रहों के इन उपरि निर्दिष्ट कालांशों (कालांशमिनटों) को **स्थूल, स्थिर, मध्यम** या **अस्पष्ट** कालांश कहा गया है। केवल इनसे शून्य अक्षांशीय स्थलों पर एवम् शून्य क्रान्ति वाले ग्रहों के लोप–दर्शन का ही दिन स्थूलरूपेण ज्ञात होता है। स्थान(अक्षांश)भेद तथा ग्रह की तात्कालिक क्रान्ति की भिन्नता के कारण ग्रह का यथार्थ **लोप–दर्शनकाल** स्थिर कालांशों द्वारा तो बिल्कुल नहीं जाना जा सकता। **वेंकटेश केतकर** ने अपनी **'ग्रहगणित'** में इन स्थिर (मध्यम) कालांशों को अलग–अलग अक्षांशों एवम्

---

[*] ये कालांश वेंकटेशकृत *'केतकीग्रहगणित'* के अनुसार हैं। *'ग्रहलाघवादि'* अन्य करणग्रन्थों में कथित कालांशों से ये कुछ अंतरित हैं। केतकर ने अपनी *'ज्योतिर्गणित'* में तो मं. बु. श. के कालांश क्रमशः 17, 13 और 15 लिखे हैं, जो *'ग्रहलाघव'* के ही हैं।

⊕ ग्रह किस दिशा में दृश्य या लुप्त होगा और ग्रह का लोप एवम् दर्शन कब, किस दिन होगा ?, इसका सामान्य ज्ञानप्रकार इस तरह है– सूर्य से अधिक गति वाले बुध एवम् शुक्र ग्रह वक्री हों तो वे सायं पश्चिम में लुप्त होकर कुछ दिनों बाद प्रातः पूर्व में दृश्य होते हैं। मार्ग गति से ये ग्रह इससे विपरीत प्रातः पूर्व में लुप्त और सायं पश्चिम में दृश्य होते हैं। शेष मंगल, गुरु और शनि तो हमेशा सायं पश्चिम में लुप्त होकर प्रातः पूर्व में दृश्य हुआ करते हैं।

पंचांग में दिए गए दैनिक स्पष्ट ग्रह देखिए– जो दृश्य ग्रह प्रतिदिन सूर्य के समीप से समीपतर होता जा रहा है, वह कुछ दिनों बाद लुप्त और जो लुप्त ग्रह प्रतिदिन सूर्य से उत्तरोत्तर दूर हटता जा रहा है, वह कुछ दिनों बाद दृश्य हो जाएगा।

अलग–अलग ग्रहक्रान्ति के आधार पर स्पष्ट कालांशों में बदलने का प्रकार एक त्रिकोणमितीय सूत्र द्वारा बतलाया है, जो इस तरह है :–

$$\text{ग्रह के स्पष्ट लोपदर्शन कालांशमिनट} = \frac{\text{ग्रह के स्थिर कालांशमिनट}}{\text{अक्षांशकोज्या x ग्रहक्रान्तिकोज्या}}$$

सामान्य गणकों के लिए इस सूत्र का प्रयोग कर सकना संभव नहीं है, अत: मैने इस सूत्रानुसार उनकी सुविधा के लिए भिन्न–भिन्न भारतीय अक्षांशों (+8° से +36° अक्षांशों) तथा ग्रहों (मं., बु., श.) की भिन्न–भिन्न क्रान्तियों के लिए स्पष्ट कालांशमिनटों का एक कोष्ठक (स्पष्टकालांश–मिनट कोष्ठक) बना दिया है (देखें पृष्ठ **292**), जिसके प्रयोग से इन ग्रहों के लोप–दर्शन का दिन अपेक्षाकृत कुछ यथार्थता से जाना जा सकता है।

इस कोष्ठक की प्रयोगविधि अत्यन्त सरल है, जो इस प्रकार है :–

लुप्त या दृश्य होने जा रहे अभीष्ट ग्रह (मं. बु. श.) के लोप या दर्शन का लगभग अनुमानित दिन पंचांग से अभीष्ट ग्रह और सूर्य के प्रतिदिन घटते या बढ़ते अंशादि–अन्तर द्वारा जानिए।[⊕] इस अनुमानित दिन की अभीष्ट ग्रहक्रान्ति भी पंचांग से जान लीजिए। **'स्पष्ट कालांश–मिनट कोष्ठक'** में इस क्रान्ति वाले उस ग्रह के आगे स्थानीय अक्षांश के नीचे लिखे मिनट ज्ञात करें। ये उस ग्रह के **'स्पष्ट कालांश–मिनट'** हैं, जो बतलाते हैं कि– यह ग्रह तब लुप्त या दृश्य होगा, जब उसके और सूर्य के उदयास्तकाल का अन्तर इतना **(स्पष्ट कालांशमिनटतुल्य)** होगा।

उदाहरणार्थ, मान लें– किसी दिन मंगल सूर्य से कुछ ही आगे लगभग 15–20 अंश पूर्व में विद्यमान है। स्पष्ट है, वह कुछ ही दिनों बाद सायं पश्चिम में लुप्त होने को है। **मान लें–** इस समय इसकी क्रान्ति 16 अंश उत्तर या दक्षिण है। आप कुरुक्षेत्र (हरि.) में (अक्षांश +30° पर) इसके लुप्त होने का दिन जानना चाहते हैं। **'स्पष्ट कालांश–मिनट कोष्ठक'** देखिए– यहां 16 क्रान्त्यंश में मंगल के आगे अक्षांश +30° के नीचे **स्पष्टकालांश–मिनट 72** लिखे हैं। इसका अभिप्राय है– इन दिनों मंगल कुरुक्षेत्र में तब (उस दिन) लुप्त होगा, जब (जिस दिन) वहां उसके अस्तकाल का सूर्यास्तकाल से अन्तर 01 घं. 12 मि. रह जाएगा।

यद्यपि **'स्थूल कालांशपद्धति'** से **'स्पष्ट कालांशपद्धति'** अपेक्षाकृत कुछ सूक्ष्म परिणाम देती है, लेकिन इससे साधित ग्रह का लोप–दर्शनकाल भी दोषमुक्त नहीं है, क्योंकि इस पद्धति में ग्रह के लोप–दर्शन पर सान्ध्यप्रभा का विचार नहीं किया गया। इसके लिए लुप्त या दृश्य होने जा रहे ग्रह के लोप–दर्शनकालिक उन्नतांश (ग्रह की पूर्वापर क्षितिज से सूर्यास्तोदयकालिक साक्षाद् उन्नति)[*] का विचार नितान्त आवश्यक है। इसके बिना **'स्पष्ट कालांशपद्धति'** से साधित लोप–दर्शन के दिन का भी दृश्य लोप–दर्शन से 4–5 दिनों किंवा कई बार तो इससे भी अधिक दिनों का अन्तर सम्भव है। लोप–दर्शन में **'उन्नतांशपद्धति'** के प्रयोग का आविष्कार **वेंकटेश केतकर** ने किया है, लेकिन उन्होंने भी इसका प्रयोग केवल गुरु–शुक्र के लोप–दर्शनकाल के निर्णय हेतु ही किया है, मं. बु. श. के लोप–दर्शनार्थ नहीं। कारण स्पष्ट है– गुरु–शुक्र के लोप–दर्शन का काल मुहूर्त्तादि में अपरिहार्यरूप से अपेक्षित रहता है, जबकि मं. बु. श. के लोप–दर्शन का प्रयोग फलितज्योतिष को छोड़कर अन्यत्र पर्याप्त विरल है।

[⊕] *ग्रह कितने दिनों बाद लुप्त या दृश्य होगा, यह अनुमानतः जाना जा सकता है। यहां अनुमान में यदि 6–7 दिन की अशुद्धि भी हो तो भी इस 'स्पष्ट कालांशपद्धति' से ज्ञात ग्रह के लोप–दर्शन के दिन में कोई अन्तर नहीं आएगा– यह उपपत्ति से सिद्ध है।*

[*] *पूर्वापर क्षितिज से ग्रह का दृग्वृत्तीय अन्तर।*

चन्द्रलोप-दर्शनसाधन कोष्ठक

(अमावस्या के बाद प्रथम चन्द्रदर्शन की तारीख जानने के लिए)

शुक्ल प्रतिपदा या द्वितीया की तारीख		अक्षांश + 5°		अक्षांश + 15°		अक्षांश + 25°		अक्षांश + 35°	
		क (गुणक)	ख (गुणक)	क (गुणक)	ख (गुणक)	क (गुणक)	ख (गुणक)	क (गुणक)	ख (गुणक)
सितंबर 23	सितंबर 23	+ 0.89	+0.47	+0.79	+0.61	+0.66	+0.75	+0.53	+0.85
अक्तूबर 3	सितंबर 13	+ 0.89	+0.47	+0.79	+0.61	+0.66	+0.75	+0.53	+0.85
अक्तूबर 13	सितंबर 2	+ 0.90	+0.45	+0.80	+0.59	+0.67	+0.74	+0.53	+0.85
अक्तूबर 23	अगस्त 23	+ 0.91	+0.43	+0.81	+0.58	+0.69	+0.72	+0.54	+0.84
नवम्बर 2	अगस्त 13	+ 0.92	+0.40	+0.83	+0.56	+0.72	+0.70	+0.56	+0.82
नवम्बर 12	अगस्त 2	+ 0.93	+0.35	+0.86	+0.52	+0.75	+0.66	+0.59	+0.80
नवम्बर 22	जुलाई 23	+ 0.95	+0.29	+0.89	+0.47	+0.78	+0.62	+0.63	+0.77
दिसम्बर 2	जुलाई 12	+ 0.97	+0.24	+0.91	+0.42	+0.81	+0.58	+0.68	+0.73
दिसम्बर 12	जुलाई 2	+ 0.98	+0.16	+0.93	+0.35	+0.85	+0.53	+0.73	+0.68
दिसम्बर 22	जून 21	+ 1.00	+0.09	+0.96	+0.27	+0.89	+0.46	+0.78	+0.62
जनवरी 1	जून 11	+ 1.00	+0.02	+0.98	+0.19	+0.92	+0.39	+0.83	+0.56
जनवरी 11	मई 31	+ 1.00	−0.05	+0.99	+0.12	+0.95	+0.31	+0.87	+0.49
जनवरी 21	मई 21	+ 0.99	−0.12	+1.00	+0.06	+0.97	+0.24	+0.90	+0.42
जनवरी 31	मई 11	+ 0.98	−0.18	+1.00	00	0.98	+0.17	+0.93	+0.36
फरवरी 10	अप्रैल 30	+ 0.97	−0.22	+1.00	−0.05	+0.99	+0.12	+0.95	+0.31
फरवरी 19	अप्रैल 20	+ 0.97	−0.26	+1.00	−0.09	+1. 00	+0.08	+0.97	+0.26
मार्च 1	अप्रैल 10	+ 0.96	−0.29	+0.99	−0.12	+1.00	+0.05	+0.97	+0.23
मार्च 11	मार्च 31	+ 0.95	−0.31	+0.99	−0.14	+1.00	+0.03	+0.97	+0.21
मार्च 21	मार्च 21	+ 0.95	−0.31	+0.99	−0.14	+1.00	+0.01	+0.98	+0.19

क = सूर्यचन्द्रान्तर गुणक।

ख = चन्द्रशर गुणक।

स्पष्ट कालांश–मिनट कोष्ठक

(मंगल–बुध–शनि के लिए)

क्रान्ति (+ या −)	ग्रह ↓	अक्षांश (उत्तर या दक्षिण)														
		8°	10°	12°	14°	16°	18°	20°	22°	24°	26°	28°	30°	32°	34°	36°
		मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.	मि.
0°	मंगल	61	61	61	62	62	63	64	65	66	67	68	69	71	72	74
	बुध	44	44	45	45	46	46	47	47	48	49	50	51	52	53	55
	शनि	53	53	53	54	54	55	55	56	57	58	59	60	61	63	64
4°	मंगल	61	61	61	62	63	63	64	65	66	67	68	69	71	73	74
	बुध	44	44	45	45	46	46	47	48	48	49	50	51	52	53	55
	शनि	53	53	53	54	54	55	55	56	57	58	59	60	61	63	64
8°	मंगल	61	62	62	62	63	64	64	65	66	67	69	70	72	73	75
	बुध	45	45	45	46	46	47	47	48	49	49	50	51	52	54	55
	शनि	53	53	54	54	55	55	56	57	58	58	59	61	62	63	65
12°	मंगल	62	62	63	63	64	65	65	66	67	67	69	71	72	74	76
	बुध	45	46	46	46	47	47	48	49	49	50	51	52	53	54	56
	शनि	54	54	54	55	55	56	57	57	58	59	60	61	63	64	66
16°	मंगल	63	63	64	64	65	66	66	67	68	69	71	72	74	75	77
	बुध	46	46	47	47	48	48	49	49	50	51	52	53	54	56	57
	शनि	55	55	55	56	56	57	58	58	59	60	61	62	64	65	67
20°	मंगल	64	65	65	66	66	67	68	69	70	71	72	74	75	77	79
	बुध	47	48	48	48	49	49	50	50	51	52	53	54	55	56	58
	शनि	56	56	57	57	58	58	59	60	61	61	63	64	65	67	68
24°	मंगल	66	67	67	68	68	69	70	71	72	73	74	76	78	79	81
	बुध	49	49	49	50	50	51	51	52	53	54	55	56	57	58	60
	शनि	58	58	58	59	59	60	61	61	62	63	65	66	67	69	70
28°	मंगल	69	69	69	70	71	72	72	73	74	76	77	78	80	82	84
	बुध	50	51	51	51	52	53	53	54	55	55	56	58	59	60	62
	शनि	59	60	60	61	61	62	63	63	64	65	67	68	69	71	73
31°	बुध	52	52	53	53	53	54	55	55	56	57	58	59	61	62	63

गुरु–शुक्र के लोप–दर्शन का निर्णय

(नितान्त सरलीकृत)

[अब हम विवाहादि सभी संस्कारों, गृहारम्भादि सभी मुहूर्त्तों तथा व्रत–पर्वादि समस्त धार्मिक अनुष्ठानों के काल के प्रमुख नियन्ता गुरु एवम् शुक्र के लोप–दर्शनकाल का निर्णयप्रकार बतलाएंगे।]

ग्रहों के **लोप–दर्शन** के क्षेत्र में गुरु–शुक्र के लोप–दर्शन का महत्त्व अद्वितीय है। इन दोनों (देव और दैत्यगुरुओं) के लोप–दर्शन को परम सूक्ष्मतापूर्वक साधनार्थ आधुनिक विद्वान् नक्षत्रविद **वेंकटेश केतकर** ने भगीरथ-प्रयत्न किया है, जिसके फलस्वरूप इन ग्रहों के लोप–दर्शन का काल सूक्ष्मता में अन्य प्राचीन एवम् नवीन **सिद्धांत–करण–ग्रन्थों** से कहीं आगे है। इसका श्रेय उनकी अपनी आविष्कृत **'उन्नतांश पद्धति'** को जाता है।

अपने **'ज्योतिर्गणित'** ग्रन्थ में गुरु–शुक्र के लोप–दर्शनसाधन की जो प्रक्रिया इन्होंने दी है, वह आश्चर्यजनकरूप से वेधसिद्ध परिणाम ज़रूर देती है, लेकिन यह चन्द्रग्रहण–गणितप्रक्रिया से भी अधिक विस्तृत एवम् श्रमसाध्य है। लगभग सभी भारतीय पंचांगकार, जो सूक्ष्मता को महत्त्व देते हैं, प्रतिवर्ष इसी विस्तृत प्रक्रिया से गुरु–शुक्र के लोप–दर्शनकाल का निर्णय लगभग शताब्दी से करते चले आ रहे हैं। विगत 5–6 दशाब्दियों से इस लम्बी प्रक्रिया को करते हुए मुझे विगत 2–3 वर्षों से यह आभास हो रहा था कि– इस विस्तृत प्रक्रिया को परमलघु रूप दिया जा सकता है। इस प्रक्रिया को यथासम्भव लघुतम रूप देने के दृढ निश्चय से मैं विगत 2–3 मास से निरन्तर गणनामग्न रहा। परिणामस्वरूप, गुरु–शुक्र के उदयास्त–कालसाधन में जो लाघव ला पाया हूँ, उसे यहां आपके समक्ष रखने जा रहा हूँ। आप देखेंगे– लाघव के साथ–साथ इस प्रक्रिया में सरलता का भी पूर्ण ध्यान रखा गया है। कोई भी व्यक्ति (यहां तक कि, ज्योतिष एवम् पंचांगगणित से सर्वथा अनभिज्ञ व्यक्ति भी) वस्तुतः बिना गणित किए ही मेरी इस पद्धति से 3–4 सेकण्ड में ही यह जान सकता है कि– अमुक वर्ष में गुरु या शुक्र कब, किस तारीख को लुप्त (अस्त) या दृश्य (उदित) होगा ? **ध्यान रहे–** गुरु–शुक्र के लोप–दर्शन के ज्ञान की यह विधि मूलतः **वेंकटेश केतकर** की ही है। मैंने तो **केतकर** की इस प्रक्रिया को खगोलीय उपपत्त्या आत्मसात् कर इस बालबोधशैली में उपस्थापितमात्र किया है, लेकिन इसे इस रूप में लाने के लिए मुझे भारी गणना करनी पड़ी है।

यहां आगे तीन कोष्ठक **[कोष्ठक (1), (2), (3)]** दिए गए हैं। इन कोष्ठकों से सन् 2001 से 2050 ई. तक के वर्षों में गुरु–शुक्र के लोप–दर्शन की तारीख भारत के किसी भी स्थल (अक्षाश) के लिए ऐसे जानी जा सकती है* :–

यहां गुरु के लोप–दर्शन के लिए **'कोष्ठक (1)'** है। शुक्र के पश्चिमलोप एवम् पूर्वदर्शन के लिए **'कोष्ठक (2)'** तथा इसके पूर्वलोप एवम् पश्चिमदर्शन के लिए **'कोष्ठक (3)'** है।

इन कोष्ठकों के पहले कॉलम में **'ईस्वी सन्'** और दूसरे कॉलम में **'सूर्ययुतितारीख'** दी गई है। **अभीष्ट ईस्वी सन्** की **सूर्ययुतितारीख** उठाएं। अब अभीष्ट ग्रह (गुरु या शुक्र) के अभीष्ट लोप–दर्शन, पश्चिमलोप–पूर्वदर्शन अथवा पूर्वलोप–पश्चिमदर्शन शीर्षक के अन्तर्गत अभीष्ट ईस्वी सन् के आगे और अभीष्ट अक्षांश के नीचे दी गई ऋण (–), धन (+) चिह्न वाली दिनसंख्या को उठाकर उसे **सूर्ययुतितारीख** में से चिह्नानुसार घटाने या जोड़ने पर ग्रह के लोप–दर्शन, पश्चिमलोप–पूर्वदर्शन या पूर्वलोप–पश्चिमदर्शन की तारीख ज्ञात हो जाएगी।

स्पष्टता के लिए आगे दिए जा रहे उदाहरण देखिए–

उदाहरण (1)– ईस्वी सन् 2005 में अक्षांश +25° पर **गुरु के लोप–दर्शन** की तारीखें ज्ञात करें ?

'कोष्ठक (1)' में ईस्वी सन् 2005 के आगे **'सूर्ययुतितारीख'** 23 अक्तूबर है। इसी कोष्ठक में **'गुरु**

---

* *ये कोष्ठक मेरे आगामी प्रकाशन **'ग्रहोदयास्त–निर्णय'** से उद्धृत हैं। इस पुस्तक में तो ईस्वी सन् 3000 तक की गुरु–शुक्र के लोप–दर्शन की तारीखें निर्दिष्ट हैं।*

(लोप)' शीर्षक के नीचे इसी सन् के आगे +25° अक्षांश में दिन –15 लिखे हैं। इन्हें चिह्नानुसार 23 अक्तूबर में से घटाने पर इस वर्ष इस (+25°) अक्षांश पर 8 अक्तूबर **'गुरु के लोप'** की तारीख मिली। इसी **'कोष्ठक (1)'** में इसी सन् के आगे **'गुरु (दर्शन)'** शीर्षक के नीचे +25° अक्षांश में दिन +11 मिले। इन्हें चिह्नानुसार **'सूर्ययुतितारीख'** 23 अक्तूबर में जोड़ने पर इस वर्ष इस (+25°) अक्षांश पर 3 नवम्बर **'गुरुदर्शन'** की तारीख मिली।

उदाहरण (2)– ईस्वी सन् 2006 में अक्षांश +35° पर **शुक्र के पश्चिमलोप** और **पूर्वदर्शन** की तारीखें ज्ञात करें ?

'कोष्ठक (2)' में ईस्वी सन् 2006 के आगे **'सूर्ययुतितारीख'** 14 जनवरी है। इसी कोष्ठक में **'शुक्र (पश्चिमलोप)'** शीर्षक के नीचे इसी सन् के आगे +35° अक्षांश में दिन –3 और **'शुक्र (पूर्वदर्शन)'** शीर्षक के नीचे दिन +3 लिखे हैं। इन्हें 'सूर्ययुतितारीख' 14 जनवरी में क्रमशः चिह्नानुसार घटाने और जोड़ने पर **शुक्र के पश्चिमलोप** की तारीख 11 जनवरी और इसके **पूर्वदर्शन** की तारीख 17 जनवरी प्राप्त हुई।

उदाहरण (3)– ईस्वी सन् 2006 में ही अक्षांश +35° पर **शुक्र के पूर्वलोप** और **पश्चिमदर्शन** की तारीखें ज्ञात करें ?

'कोष्ठक (3)' में ईस्वी सन् 2006 के आगे **'सूर्ययुतितारीख'** 28 अक्तूबर है। इसी कोष्ठक में **'शुक्र (पूर्वलोप)'** शीर्षक के नीचे इसी सन् के आगे +35° अक्षांश में दिन –23 और **'शुक्र (पश्चिमदर्शन)'** शीर्षक के नीचे दिन +33 मिले। इन्हें 'सूर्ययुतितारीख' 28 अक्तूबर में क्रमशः चिह्नानुसार घटाने और जोड़ने पर **शुक्र के पूर्वलोप** की तारीख 5 अक्तूबर और इसके **पश्चिमदर्शन** की तारीख 30 नवम्बर प्राप्त हुई।

ध्यान दीजिए– यदि किसी कोष्ठक में किसी ईस्वी सन् के आगे **'सूर्ययुतितारीख'** नहीं दी गई है तो समझना चाहिए कि– इस वर्ष ग्रह (गुरु–शुक्र) का लोप–दर्शन नहीं होगा। **जैसे– 'कोष्ठक (1)'** देखिए– ई. सन् 2008 में 'सूर्ययुतितारीख' कोष्ठक में नहीं लिखी है। इसका अर्थ है– गुरु इस वर्ष न लुप्त होगा और न ही उदित। **अपि च– 'कोष्ठक (2)'** देखिए– सन् 2016 ई. में यहां 'सूर्ययुतितारीख' नहीं दर्शाई गई है। इसका अर्थ है– इस वर्ष शुक्र का पश्चिमलोप और पूर्वदर्शन नहीं होगा। इसी तरह **'कोष्ठक (3)'** देखिए– यहां सन् 2020 ई. में 'सूर्ययुतितारीख' का निर्देश नहीं है, अतः इस वर्ष शुक्र का पूर्वलोप एवम् पश्चिमदर्शन नहीं होगा।

नोट– मेरी इस परम लाघव वाली प्रक्रिया से प्राप्त गुरु–शुक्र लोप–दर्शन की तारीख में **ज्योतिर्गणितागत** तारीख से कभी–कभार एक तारीख का अन्तर संभव है। ग्रहों के लोप–दर्शन में ऐसा अन्तर उपेक्ष्य है। **'ज्योतिर्गणित'** कार ने तो अपनी गणितप्रक्रिया से प्राप्त लोप–दर्शन की तिथि में 2–3 दिन की स्थूलता (अन्तर) को भी उपेक्ष्य लिखा है। उन्होंने एवम् अन्य करण ग्रन्थकारों ने किसी भी ग्रह के लोप–दर्शन की तिथि को **'इदमित्त्थम्'** बतला पाना असंभव माना है।

ग्रह के लोप–दर्शन का समय ?

जब ग्रह के लोप–दर्शन के दिन को भी प्रतिज्ञापूर्वक घोषित कर पाना असंभव है, तब यह जानने का प्रयास कि–ग्रह कितने बजकर कितने मिनट पर लुप्त या दृश्य होगा– तर्कसंगत नहीं है। यह सैद्धांतिक रूप से असंगत भी है। मेरा विचार है– पूर्व में लुप्त या दृश्य होने वाले ग्रह का लोप–दर्शनकाल सूर्योदयकाल और पश्चिम में लुप्त या दृश्य होने वाले ग्रह का लोप–दर्शनकाल सूर्यास्तकाल माना जाए, क्योंकि ग्रह के प्रथमलोप एवम् प्रथमदर्शन की ये घटनाएं प्रातः (सूर्योदय) एवम् सायं (सूर्यास्त) के समय ही सर्वप्रथम दृष्टिगोचर होती हैं।

कोष्ठक-1

ई. सन्	सूर्ययुति तारीख	गुरु (लोप)				गुरु (दर्शन)			
		अक्षांश +5°	अक्षांश +15°	अक्षांश +25°	अक्षांश +35°	अक्षांश +5°	अक्षांश +15°	अक्षांश +25°	अक्षांश +35°
		दिन	दिन	दिन	दिन	दिन	दिन	दिन	दिन
2001	14 जून	− 11	− 11	− 11	− 12	+ 11	+ 11	+ 12	+ 13
2002	19 जुलाई	11	11	12	14	11	11	11	11
2003	22 अगस्त	11	12	13	16	12	11	11	11
2004	22 सितंबर	11	13	14	18	12	11	11	11
2005	23 अक्तूबर	12	13	15	18	11	11	11	11
2006	21 नवम्बर	11	12	14	17	11	11	11	12
2007	23 दिसम्बर	11	11	12	14	11	12	13	14
2008	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2009	24 जनवरी	11	11	12	13	12	13	15	18
2010	28 फरवरी	11	11	11	12	13	15	17	22
2011	6 अप्रैल	11	11	11	11	13	14	17	22
2012	14 मई	11	11	11	12	11	12	14	16
2013	19 जून	11	11	12	13	11	11	12	13
2014	24 जुलाई	11	11	12	14	11	11	11	11
2015	27 अगस्त	11	12	14	16	12	11	11	11
2016	26 सितम्बर	12	13	15	18	12	11	11	11
2017	27 अक्तूबर	11	13	14	18	11	11	11	11
2018	25 नवम्बर	11	12	13	16	11	11	11	12
2019	27 दिसम्बर	11	11	12	14	11	12	13	14
2020	— —	— — —	—	—	—	—	—	—	—
2021	29 जनवरी	11	11	12	13	12	13	15	19
2022	6 मार्च	11	11	11	11	13	15	17	23
2023	11 अप्रैल	11	11	11	11	12	14	17	20
2024	18 मई	11	11	11	12	11	12	14	16
2025	23 जून	11	11	12	13	11	11	12	13
2026	29 जुलाई	11	12	13	15	11	11	11	11
2027	31 अगस्त	11	12	14	16	12	11	11	11
2028	1 अक्तूबर	12	13	15	18	12	11	11	11
2029	31 अक्तूबर	11	13	14	18	11	11	11	11
2030	30 नवम्बर	11	12	13	16	11	11	11	12
2031	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2032	1 जनवरी	11	11	12	13	11	12	13	15
2033	2 फरवरी	11	11	11	12	12	14	16	20
2034	11 मार्च	11	11	11	11	13	15	18	23
2035	16 अप्रैल	11	11	11	11	12	14	17	20
2036	23 मई	11	11	11	12	11	12	13	15
2037	29 जून	11	11	12	13	11	11	11	12
2038	3 अगस्त	11	12	13	15	11	11	11	11
2039	5 सितम्बर	11	12	14	16	12	11	11	11
2040	5 अक्तूबर	12	13	15	18	12	11	11	12
2041	4 नवम्बर	11	13	14	18	11	11	11	11
2042	4 दिसम्बर	11	12	13	15	11	11	12	13
2043	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2044	5 जनवरी	11	11	12	13	11	12	13	16
2045	7 फरवरी	11	11	11	12	12	14	16	20
2046	16 मार्च	11	11	11	11	13	15	18	23
2047	22 अप्रैल	11	11	11	11	12	13	16	19
2048	28 मई	11	11	11	12	11	12	13	15
2049	4 जुलाई	11	11	12	13	11	11	11	12
2050	7 अगस्त	− 11	− 12	− 13	− 15	+ 11	+ 11	+ 11	+ 11

कोष्ठक–2

ई. सन्	सूर्ययुति तारीख	शुक्र (पश्चिमलोप)				शुक्र (पूर्वदर्शन)			
		अक्षांश +5°	अक्षांश +15°	अक्षांश +25°	अक्षांश +35°	अक्षांश +5°	अक्षांश +15°	अक्षांश +25°	अक्षांश +35°
		दिन	दिन	दिन	दिन	दिन	दिन	दिन	दिन
2001	30 मार्च	− 6	− 5	− 4	− 3	+ 2	+ 1	0	0
2002	1 नवम्बर	6	7	9	11	3	4	+ 4	+ 5
2003	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2004	9 जून	4	4	4	5	4	4	4	5
2005	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2006	14 जनवरी	4	3	3	3	3	3	3	3
2007	18 अगस्त	6	8	10	13	3	3	4	5
2008	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2009	28 मार्च	6	5	4	3	2	1	0	0
2010	29 अक्तूबर	6	7	9	12	3	4	4	5
2011	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2012	6 जून	4	4	4	4	4	4	4	5
2013	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2014	12 जनवरी	4	3	3	3	3	3	3	3
2015	15 अगस्त	6	7	9	12	3	3	4	5
2016	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2017	25 मार्च	6	5	4	3	2	1	0	0
2018	27 अक्तूबर	6	7	9	12	3	4	4	5
2019	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2020	4 जून	4	4	4	4	4	4	4	5
2021	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2022	9 जनवरी	4	3	3	3	3	3	3	3
2023	13 अगस्त	6	7	9	12	3	4	4	5
2024	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2025	23 मार्च	6	5	4	3	2	1	0	0
2026	24 अक्तूबर	6	8	10	13	3	4	4	5
2027	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2028	1 जून	4	4	4	4	4	4	4	5
2029	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2030	7 जनवरी	4	3	3	3	3	3	3	3
2031	11 अगस्त	6	7	9	11	3	4	4	5
2032	—	—	—	—	—	—	—	—	—
2033	20 मार्च	6	5	4	3	2	1	0	0
2034	22 अक्तूबर	6	8	10	13	3	3	4	5
